लघुशब्देन्दुशेखरः

'वैकुण्ठी'-हिन्दीटीकासमलङ्कृत

(संज्ञाप्रकरणतः [illegible])

।। श्रीः ।।

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला
२९६

नागेशभट्टविरचितः

लघुशब्देन्दुशेखरः

'वैकुण्ठी'-हिन्दीटीकासमलङ्कृत

(सञ्ज्ञाप्रकरणतः अव्ययीभावान्तपर्यन्तम्)

व्याख्याकारः—
संस्कृतवाचस्पति
पं० वैकुण्ठनाथ शास्त्री
व्याकरणसाहित्यन्यायाचार्यः

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

प्रकाशक

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)

के० ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन

पो० बा० नं० ११२९, वाराणसी २२१००१

दूरभाष : ३३३४३१

प्रथम संस्करण १९९४ ई०

मूल्य ३५०–००

अन्य प्राप्तिस्थान

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

३८ यू. ए., बंगलो रोड, जवाहरनगर

पो० बा० नं० २११३

दिल्ली ११०००७

दूरभाष : २३६३९१

*

प्रमुख वितरक

चौखम्बा विद्याभवन

चौक (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे)

पो० बा० नं० १०६९, वाराणसी २२१००१

दूरभाष : ३२०४०४

मुद्रक

फूल प्रिण्टर्स

वाराणसी

THE
CHAUKHAMBA SURBHARATI GRANTHAMALA
296

LAGHUŚABDENDUŚEKHARAḤ

OF

NĀGEŚA BHAṬṬA

Edited With

'Vaikuṇṭhī' Hindi Commentary

By

Sanskrit-vachaspati

Vaikuntha Nath Shastri

CHAUKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN
VARANASI 221001

CHAUKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN
(*Oriental Publishers & Distributors*)
K. 37/117, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1129
VARANASI 221001
Telephone : 333431

First Edition
1994

Also can be had of
CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
38 U. A. Bungalow Road, Jawaharnagar
Post Box No. 2113
DELHI 110007
Telephone : 3956391

*

Sole Distributors
CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
CHOWK (Behind The Benares State Bank Building)
Post Box No. 1069
VARANASI 221001
Telephone : 320404

समर्पणम्

स्वर्गस्थिताय दिव्याय चन्द्रशेखरशास्त्रिणे ।
ज्येष्ठभ्रात्रे च गुरवे कृतिरेषा निवेद्यते ॥
विज्ञवैकुण्ठनाथेन छात्राणामुपकारिणी ।
शब्देन्दुशेखरव्याख्या कृता लोके विराजताम् ॥

वैकुण्ठनाथ शास्त्री

भूमिका

पाणिनि की 'अष्टाध्यायी' संस्कृत के व्याकरण का आधारभूत ग्रन्थ है। आज से करीब पच्चीस सौ वर्ष पूर्व तक्षशिला में लिखा गया यह ग्रन्थ संसार की सभी भाषाओं के व्याकरण ग्रन्थों में प्राचीनतम है तथा वैज्ञानिकता की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ है। यह तत्कालीन सूत्रशैली में लिखा गया है। सूत्रशैली गागर में सागर भरने का काम तो करती है, पर सामान्य पाठक के लिए विषय दुरूह हो जाता है। अतः सूत्रों की व्याख्या, टीका, भाष्य आदि आवश्यक हो जाते हैं। इसीलिए पतञ्जलि ने ईसा से करीब १५० वर्ष पूर्व 'महाभाष्य' लिखा और इसके बाद 'काशिका' आयी। इन दोनों ग्रन्थों के सहारे 'अष्टाध्यायी' के सूत्रों को समझने, पढ़ने और पढ़ाने की परम्परा सोलहवीं शताब्दी तक चलती रही। पर पाणिनि के सूत्रों की दुरूहता पूर्णतः दूर नहीं हो पायी।

सत्रहवीं शताब्दी में भट्टोजि दीक्षित ने इसे दूर करने के लिए 'सिद्धान्तकौमुदी' एवं 'मनोरमा' की रचना की। पर 'सिद्धान्तकौमुदी' ने अनेक नये प्रश्न खड़े कर दिये। इन प्रश्नों के समाधान के लिए सत्रहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी के बीच अनेक गन्थ तथा उन पर टीकाएँ लिखी गयीं। इनमें भट्टोजि दीक्षित के पौत्र हर दीक्षित कृत 'शब्दरत्न' एवं उनके शिष्य नागेश भट्ट कृत 'बृहच्छब्देन्दुशेखर' (अप्राप्य), 'लघुशब्देन्दुशेखर', 'परिभाषेन्दुशेखर' एवं 'मञ्जूषा' प्रमुख ग्रन्थ हैं। टीकाकारों में भैरव मिश्र का नाम अग्रणी है। मौखिक रूप से परिष्कार शैली से इन व्याकरण के ग्रन्थों के विवेचन की परम्परा उन्नीसवीं शताब्दी में बालशास्त्री ने आरम्भ की।

अब न केवल व्याकरण के अध्यापन की यह परम्परा ही क्षीण हो गई है, अपितु संस्कृत भाषा, विशेषरूप से संस्कृत व्याकरण के गम्भीर अध्ययन-अध्यापन का तीव्र गति से ह्रास हो रहा है। यह असम्भव नहीं लगता कि निकट अथवा दूर भविष्य में संस्कृत व्याकरण के इन महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का ज्ञान ही लुप्त हो जाय। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए मैंने 'लघुशब्देन्दुशेखर' की यह हिन्दी टीका लिखी है। आशा करता हूँ कि इस टीका से 'लघुशब्देन्दुशेखर' को समझने तथा संस्कृत व्याकरण के मार्मिक प्रश्नों के समाधान में सहायता मिलेगी।

मैंने यह पुस्तक तथा 'परिभाषेन्दुशेखर' की संस्कृत टीका अनेक वर्षों पूर्व लिखी थी। ऐसे ग्रन्थों का प्रकाशन अब अत्यन्त कठिन हो गया है। इसलिए प्रकाशक खोजने और प्रकाशन की सम्पूर्ण व्यवस्था करने में पर्याप्त समय लग गया। इन सबको जुटाने में मेरे ज्येष्ठ पुत्र डा० कैलासनाथ शर्मा (सेवा-निवृत्त

प्रोफेसर, समाजशास्त्र, आई० आई० टी० कानपुर ने और विशेष रूप से कनिष्ठ पुत्र नरेन्द्र शर्मा, एडवोकेट ने अथक प्रयास किया। प्रकाशन की व्यवस्था देखने और प्रूफ पढ़ने आदि में मेरे शिष्य डा० जटाशंकर दीक्षित और डा० शिवबालक द्विवेदी एवं प्रकाशक कैलाशनाथ त्रिपाठी ने योगदान दिया। अनेक संकटों से आक्रान्त होते हुए भी कैलाशनाथ त्रिपाठी ने अन्ततोगत्वा यह पुस्तक प्रकाशित कर ही दी। हो सकता है कि इस पुस्तक में अनेक अशुद्धियाँ रह गई हों। विज्ञ पाठकों से निवेदन है कि वे इनका यथावश्यक सुधार कर लें।

मौनी अमावस्या
माघकृष्ण, सं० २०५०
(१० फरवरी, १९९४)

वैकुण्ठनाथ शास्त्री
९/७६, आर्यनगर
कानपुर २०८००२

अनुक्रमणिका

॥ श्री गुरुश्शरणम् ॥

लघुशब्देन्दुशेखरः

आचार्य श्रीवैकुण्ठनाथ शास्त्रिकृत "वैकुण्ठी" हिन्दीटीका समलंकृतः ।

पातञ्जले महाभाष्ये कृतभूरिपरिश्रमः ।
शिवभट्टसुतो धीमान् सतीदेव्यास्तु गर्भजः ॥ १ ॥
याचकानां कल्पतरोररिकक्षहुताशनात् ।
शृङ्गिबेरपुराधीशाद् रामतो लब्धजीविकः ॥ २ ॥
नत्वा फणीशं नागेशस्तनुतेऽर्थं प्रकाशकम् ।
मनोरमोमार्द्धदेहं लघुशब्देन्दुशेखरम् ॥ ३ ॥

अथ 'वैकुण्ठी' टीका

गङ्गां षडस्रनिलयः पितुर्मौलिसङ्गाम्,
उल्लासयन् निजकरेण शिवातनूजः ।
कर्षन् मृणालमिव चन्द्रकलांशुजालम्,
सिद्धिं दिशेत् सपदि मे कृतिषु प्रकामम् ॥ १ ॥

या चन्द्रशेखर, शिरः सुमनः प्रतिष्ठा,
वाणी प्रसादमधुरा सरला गभीरा ।
शङ्काशतं तटरुहनिव पातयन्ती,
गङ्गेव सा मममतिं विमलीकरोतु ॥ २ ॥

विद्वत्कण्ठीरवाकुण्ठकण्ठोद्यत्सरलाक्षरा ।
"वैकुण्ठी" तन्यते व्याख्या हिन्द्यां शब्देन्दुशेखरे ॥ ३ ॥

पतञ्जलि द्वारा निर्मित महाभाष्य में अधिक परिश्रम करने वाले, बुद्धिमान् शिवभट्ट के पुत्र तथा सीता देवी के गर्भ से उत्पन्न, याचकों के लिये कल्पवृक्ष

के समान तथा शत्रु रूपी शुष्क तृण के लिये अग्नि की भाँति शृंगबेरपुर के अधीश्वर राम से जीविका पाने वाले नागेश फणीश को प्रणाम करके अर्थ प्रकाशन में समर्थ, मनोरमा के अर्ध भाग का खण्डन करने वाले अथवा अर्ध भाग को बढ़ाने वाले लघुशब्देन्दुशेखर का प्रकाशन करते हैं। शंकर के पक्ष में मनोहर उमा ही है अर्थ देह जिनका, लघु शब्द के समान चन्द्र है शिरोभूषण जिनका।

"महाभाष्य के कथन से ही व्याकरण भाष्य का ग्रहण हो जाता फिर 'पातञ्जले' विशेषण व्यर्थ है"। यह शंका करने की आवश्यकता नहीं क्योंकि महापुरूषों का नामोच्चारण भी मंगल के लिये होता है अथवा चकार के बिना भी उसका अर्थ ज्ञात होता है इसलिये पातञ्जल योग दर्शन में और महाभाष्य में भूरिश्रम करने वाले नागेश ने योगशास्त्र की वृत्ति भी लिखी है और अच सन्धि में "शब्दज्ञानुपाती वस्त्र शून्योविकल्प:" तात्पर्य यह है कि इस ग्रन्थ में भाष्यानुकूल विषय का ही प्रतिपादन है। भूरिपरिश्रम से कोई बुद्धिहीन न समझ ले इसलिये 'धीमान्' विशेषण दिया है। जिसके पिता साक्षात् शिवस्वरूप और माता सतीरूपा हो उसके पवित्र और योग्य होने में किसी प्रकार का सन्देह नहीं। जीविका के अभाव से कार्य निष्पन्न होना कठिन होता है इसको दूर करने के लिये 'रामतो लब्ध जीविक:' कहा। राम के कहने से "उनका अन्न दूषित नहीं है" यह व्यङ्ग्य-प्रतीति होती है रमा के साधारण होने से द्रव्य के अभाव में वृत्ति का उच्छेद न हो जाय इसलिये शृङ्गिबेर पुराधीशात् कहा। शृङ्गबेरपुर इस समय गंगातट पर प्रयाग जिले में स्थित है। राम के कृपणत्व दोष को दूर करने के लिये 'याचकानां कल्पतरो:' कहा। राजा के भीरु होने से राज्य परिवर्तन न हो जाय इसलिये अरिकक्षहुताशनात् कहा।

यहाँ प्रथम श्लोक में 'नागेश' और द्वितीय श्लोक में 'राम' के साभिप्राय विशेषण होने से परिकर अलंकार है जिसका लक्षण सम्मट ने लिखा है विशेषणैर्यत्साकूतैरुक्तं परिकरस्तुस:। फिर परिकर अलङ्कार से सर्वसाधन सम्पन्नत्व रूप वस्तु व्यङ्ग्य है। व्यङ्ग्य के प्रधान होने से यह उत्तम काव्य है।

सदीपके लघुशब्देन्दुशेखरे—

ग्रन्थसमाप्तिग्रन्थप्रचारादिप्रतिबन्धकदुरितप्रशमाय समुचितऋषित्रयनमस्काररूपं मंगलमाचरन् शिष्यशिक्षायै व्याख्यातृश्रोतृणामनुषङ्गतो मंगलाय च निबध्नाति—मुनित्रयमिति। कारकविभक्तेर्बलवत्त्वाद् द्वितीया। परिभाव्येति। तच्छब्दस्य बुद्धिस्थपरामर्शकत्वात प्राचामुक्तीस्तिरस्कृत्येत्यर्थ:, मुनित्रयोक्तीर्विचार्येत्यर्थो वा। 'परिभावस्तिरस्क्रिया' इति कोशात्तिरस्कारार्थकस्य धातोर्विचारार्थकत्वेऽपि न बाधकम्। धातूनामनेकार्थत्वात्। अत एव 'परो भुवोऽवज्ञाने' (३।३।५५) इति सङ्गच्छते।

एतेन स्वग्रन्थस्य प्राचीनग्रन्थैरगतार्थता समूलत्वञ्च ध्वनितम् । भाविनोऽपि बुद्धया विषयीकरणादियमिति निर्देशः । सिद्धान्तप्रकाशकत्वे-नातिदुरूहग्रन्थान्तरेभ्यः सिद्धान्तज्ञाने जायमानस्य क्लेशरूपसन्तापस्य शामकत्वेन च कौमुदीसाद्दश्यम् । अनेन वैयाकरणसिद्धान्ता विषयाः, तज्ज्ञानं प्रयोजनं तज्जिज्ञासुरधिकारीत्यादि सूचितम् ॥

ग्रन्थ की समाप्ति तथा ग्रन्थ के प्रचार में समुपस्थित विघ्नों के नाश के लिए योग्य (व्याकरण के निर्माण के कर्ता होने से) तीनों ऋषियों को नमस्कार रूप मंगल को करते हुए तथा शिष्यों की शिक्षा के लिए अर्थात शिष्य भी इस परम्परा को समझें इसलिए व्याख्याता तथा श्रोताओं के अनायास मंगल के लिए ग्रन्थ में लिखते हैं। व्याख्यातृश्रोध्त्तणाम् में "आनङ्ऋतोद्वन्द्वे" से आनङ् तो नहीं होता है क्योंकि पूर्वपद तथा उत्तरपद विद्या सम्बन्धी अथवा योनि सम्बन्धी होने चाहिए । प्रकृत श्रोतृ शब्द विद्या सम्बन्धी नहीं है । "मुनित्रयमिति" यहाँ कारक विभक्ति के बलवती होने से द्वितीया चतुर्थी को बाध कर होती है । यहाँ विभक्ति शब्द के स्त्रीलिङ्ग होने के कारण बलवती त्वात् लिखना उचित था यह शंका उचित नहीं है क्योंकि स्त्रीत्व की अविवक्षा को कुक्कुटाण्डवत बलवत् शब्द से त्व प्रत्यय करने से सिद्ध हो जायेगा इसी से पृथिव्यागन्धवत्वं लक्षणं इत्यादि प्रयोग भी सिद्ध होते है अब यहाँ यह शंका होती है कि कृ धातु के फलरूप अर्थ में अन्वय की विवक्षा में द्वितीया की प्राप्ति होती है और नमः पदार्थ में अन्वय की विवक्षा में चतुर्थी की प्राप्ति होती है । तब दोनों की एक साथ प्राप्ति न होने से 'कारक विभक्तेः' इत्यादि कथन असंगत है । इस शंका का समाधान यह है कि नमः शब्द निपात होने से द्योतक है द्योतक वाचक के पास में विषयता में उभय प्रयोज्यत्व रहता है । 'काश्यां हरयेनमः' में काशी में चतुर्थी वारण के लिए "नमः पद प्रयोज्य विषयता निरूपित विषयता प्रयोजकत्वेन तात्पर्य विषयी भूता चतुर्थी भवति" यह नमः स्वस्ति का अर्थ स्वीकार करना होगा प्रकृत में 'नमः पद प्रयोज्य विषयता विशेष्यताख्या विषयता तन्निरूपित विषयता प्रकारताख्या विषयता तत्प्रयोजकत्वेन तात्पर्य विषयी भूत मुनित्रय है" अर्थात् कृ धात्वर्थ फल में भी अन्वय विवक्षा में द्वितीया एवं चतुर्थी की प्राप्ति है "परिभाव्येति" । तत् शब्द के बुद्धिरूप के परामर्शक होने से प्राचीनों की उक्ति को तिरस्कार करके अर्थ है मुनित्रय की उक्ति को विचार कर यह भी अर्थ है अर्थात बुद्धि विषयता वच्छेदकत्वोपलक्षितधर्मा वच्छिन्नमें तत् शब्द की शक्ति है (बुद्धि हम लोगों की उसके विषय में घटपटादि विषय में रही विषयता तदवच्छेदकत्वोपलक्षित धर्म घटत्वादि तदवच्छिन्न घटादि) अर्थात बुद्धि में जो कुछ आ जाये उन सबको तत् शब्द कहता है। अनादरः इत्यादि कोश से तिरस्कार अर्थ वाली धातु का विचार अर्थ मानने में भी कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि धातु अनेक अर्थ वाली होती है। अनेकार्थक होने से "परोभुवोऽवज्ञाने भी

संगत होता है तात्पर्य यह है कि परिपूर्वक भू धातु का तिरस्कार ही अर्थ होता तो 'अवज्ञाने' देने की क्या आवश्यकता थी। "कुर्द खुर्द गुर्द क्रीडायामेव का एवकार भी अनेकार्थ होने में प्रमाण है। इससे अपने ग्रन्थ की प्राचीन ग्रन्थों से अगतार्थता तथा समूलत्व व्यंग्य होता है। इदमस्तु सन्निकृष्टे इत्यादि के आधार पर इदं शब्द का प्रयोग समीप में होता है तो फिर यहाँ इयं निर्देश किस प्रकार से किया, यह शंका नहीं करनी चाहिए क्योंकि भावी का बुद्धि से विषय करने से निर्देश ठीक है।

सिद्धान्त प्रकाशक होने से अत्यन्त कठिन अन्य ग्रन्थों से सिद्धान्त ज्ञान में उत्पन्न क्लेश रूप सन्ताप के शमन करने से कौमुदी का सादृश्य है। जिस प्रकार से चन्द्रिका अपने प्रकाश से घटपदादि का प्रदर्शन करती है और शीतलता से शान्ति प्रदान करती है उसी प्रकार से यह कौमुदी है। यहाँ रामकत्वेन पाठ उचित है क्योंकि 'नोदात्तोप' से वृत्ति का निषेध हो जायेगा अथवा स्वार्थ में अण् प्रत्यय करके 'शामकत्वेन' भी हो सकता है।

ग्रन्थ के आदि में विषय, प्रयोजन, सम्बन्ध, अधिकारी इन चार अनुबन्धों को दिखलाना आवश्यक होता है 'ग्रन्थाध्ययनानुकूल प्रवृत्ति प्रयोजक ज्ञान विषयत्वम्' यह अनुबन्ध का सामान्य लक्षण है (ग्रन्थ के पढ़ने की जनक प्रवृत्ति का प्रयोजक ज्ञान का जो विषय हो) यहाँ ज्ञान तीन प्रकार का होता है–यह मेरे लिए इष्ट है, इसको मैं कर सकता हूँ, इसके करने में कोई आपत्ति नहीं होगी।

ज्ञानत्रय में किसी न किसी के विषय चारों हो जाते हैं। नागेश भी अपने ग्रन्थ में उनको दिखलाते है। यहाँ वैयाकरण सिद्धान्त विषय है, उनका ज्ञान प्रयोजन है, उनका जिज्ञासु अधिकारी है प्रतिपाद्य प्रतिपादक भाव सम्बन्ध है। वस्तुतः ज्ञान ही प्रवृत्ति का प्रयोजक होता है इसलिए वैयाकरण सिद्धान्त ज्ञान विषय है और रक्षोहागम इत्यादि भाष्योक्ति प्रयोजन ही प्रयोजन है केवल जिज्ञासु अधिकारी नहीं है क्योंकि चांडाल आदि भी अधिकारी हो सकता है इसलिए काव्यकोश प्रारम्भिक व्याकरण पढ़ा हुआ व्युत्पन्न अधिकारी है।

सदीपके लघुशब्देन्दुशेखरे—

अइउण् (मा० सू० १) एषां क्रमबोधकत्वेऽपि 'आदि' रन्त्येन' (१/१/७१) इत्यनेनैकवाक्यतया वृत्तिपरिच्छेदकत्वेन संज्ञासूत्रत्वम्। क्रमस्य सञ्ज्ञाद्वारेवोपयोगात्। एकावाक्यता चादिरकारादिरन्त्येनेता तत्सदृशेन णकारादिना सहोच्चार्यमाण आद्यन्ताक्षिप्तावां सञ्ज्ञेति। 'स्वौजस्' (४/१/२) इत्यादीनामप्येतद्वैकवाक्यतया सुबादिसञ्ज्ञासूत्रत्वं स्वादिविधायकत्वञ्चेति बोद्ध्यम्। एषु संहिताया अविवया न संहिताकार्यम्। अनुकरणत्वेन सौत्रत्वाच्च वर्णेभ्यो न विभक्त्युत्पत्तिः। कारप्रत्ययोऽपि न बाहुलकात्।

संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च।
अतिदेशोऽधिकारश्च षड्विधं सूत्र लक्षणम्॥

इन छह प्रकार के सूत्रों में अ इ उ ण् इत्यादि का अन्तर्भाव किसमें होता है इसको स्पष्ट करने के लिए लिखते हैं। अ इ उ ण्॥ इन सूत्रों को क्रमबोधक होने पर भी आदिरन्त्येन के साथ एक वाक्यता होने से शक्ति के नियामक होने के कारण संज्ञा सूत्रत्व है (यद्यपि साक्षात् क्रम विषयक बोध जनकत्व इन सूत्रों में नहीं है तथापि क्रम से ज्ञान होने पर इनको प्रत्याहार पद से युक्त शास्त्र से जन्यअर्थ बोध में उपयोगी है) क्योंकि क्रम का संज्ञा द्वारा ही उपयोग होता है और एक वाक्यता इस बात से है—आदि अर्थात् अकारादि, अन्त्य इत् के सदृश णकारादि के साथ उच्चार्यमाण आद्यन्त से आक्षिप्तों की संज्ञा है। स्वौजस् इत्यादि की भी इनके साथ एक वाक्यता होने से सुबादि संज्ञा सूत्रत्व और स्वादि विधायकत्व है। संहिता की अविवक्षा करने से 'अ इ उ ण्' इत्यादि में 'आद्गुणः' से गुण आदि सन्धि कार्य नहीं होते हैं। अनुकरण होने से सौत्र मानने से अ इ इत्यादि वर्णों से विभक्ति की उत्पत्ति नहीं होती है। यहाँ चकार हेतु में है जिस कारण से सौत्रत्व है उसी से अनुकरणत्व भी है तात्पर्य यह है कि अनुकार्य, अनुकरण में अभेद विवक्षा होने से अनुकार्य निरूपित अनुकरण में शक्ति नहीं होती है। शक्ति के अभाव से प्रातिपदिक संज्ञा के अभाव में विभक्ति की उत्पत्ति नहीं होती है। 'वर्णात्कारः' से कार प्रत्यय भी नहीं होता है क्योंकि उसमें रोगाख्यायाम् से बहुल ग्रहण की अनुवृत्ति होती है।

यत्तु 'उपजीव्यविरोधात् सन्धिर्न। तथा हि अजादिसञ्ज्ञाग्रहकाले 'आद्गुणः' (६/१/८७) इत्यादीनामनिष्पत्त्या तदप्रवृत्तावविकृतरूपाकारादिषु गृहीताजादिपदशक्तिः पश्चादच्प्रत्याहारे ज्ञाते उपेन्द्र इवात्रापि तत्प्रवृत्तौ विरुद्ध्येत। न हि सन्धिकार्ये कृतेऽविकृतरूपश्रवणं भवति' इति। तन्न। पुनरच्पदस्यार्थान्तरे शक्त्यग्रहेण तद्विरोधाभावात्। न च सन्धौ सन्देहः। व्याख्यानतो निर्णयसम्भवात्।

'इकोयणचि' में ङ्मुट की आशंका करके सौत्रत्वात् समाधान से वारण किया वही समाधान यहाँ भी उचित था अथवा संहिता की अविवक्षा से ङ्मुट नहीं होता है यह समाधान ही वहाँ देना था। दो प्रकार का समाधान द्विविधा में डाल देता है। आपका कहना सत्य है परन्तु इकोयणचि में संहिता की अविवक्षा करने पर दो सूत्र होने का भय था यहाँ तो अत्वावच्छिन्नसाधु इत्यादि रीति से अनेक सूत्र मानने वाली कोई आपत्ति नहीं है।

किसी का कथन है कि उपजीव्य विरोध होने से सन्धि कार्य नहीं होता है क्योंकि विकाररहित यकारादि में अजादि पद की शक्ति ग्रहण की गयी अपना उपजीव्य

अविकृतत्व विधायक आद् गुणः इत्यादि की प्रवृत्ति के प्रति निमित्त नहीं हो सकती है। उसी का उपपादन करते हैं। अजादि संज्ञा के ज्ञान के समय आद्गुणः इत्यादि की उत्पत्ति के अभाव से उनकी प्रवृत्ति के न होने पर अविकृत अकारादि में ग्रहण की गयी अजादि पद की शक्ति तत्पश्चात् अच् प्रत्याहार के ज्ञान होने पर उपेन्द्र की तरह यहाँ भी उसकी प्रवृत्ति होने से विरुद्ध हो जायेगा क्योंकि सन्धि कार्य करने पर अविकृत रूप का श्रवण होना कठिन है। परन्तु यह उनका कथन उचित नहीं क्योंकि फिर भी अच् पद की अन्य अर्थ में शक्ति ज्ञान के अभाव से विरोध का अभाव है। 'सन्धि करने से सन्देह हो जायेगा' यह शंका भी ठीक नहीं है क्योंकि व्याख्यान से निर्णय हो जायेगा।

ननु चतुर्दशसूत्र्यामक्षरसमाम्नाय इतिव्यहारानुपपत्तिराम्नायसमाम्नायशब्दयोर्वेदे एव प्रसिद्धेरित्यत आह—माहेश्वराणीति। महेश्वरादागतानीत्यर्थः। महेश्वरप्रसादलब्धानीति फलितम्। एवञ्चैवमानुपूर्वीका श्रुतिरेवैषा। तत्प्रसादात्पाणिनिना लब्धा। श्रुतिमूलकत्वादस्यैव वेदाङ्गत्वम् प्रमाणम्—

येनाक्षरसमाम्नायमधिगम्य महेश्वरात्।
कृत्स्नं व्याकरणं प्रोक्तम्........' (पा० शि० ५७)

इति शिक्षावचनम्। 'लण्सूत्रे णकारविषयाचार्यप्रवृत्तिर्ज्ञापयति—व्याख्यानत इति' इत्यादावाचार्यपदेन महेश्वरः। अनुबन्धाश्च महेश्वरकृता एवेत्यनुपदं स्फुटीभविष्यति। 'ञमङणनम्' (मा० सू० ७) इत्यत्र मकारप्रत्याख्यानपरं भाष्यं तु किमदृष्टार्थमेव तदुच्चारणमुत दृष्टार्थमपीत्येवं विचारपरम्। सर्वत्र प्रत्याख्यानमेवम्परमेव। अन्यथाऽङ्गानामपि पारायणे धर्मश्रवणेन तत्र तत्र पाणिनिन्यासप्रत्याख्यानस्याप्यसङ्गतिः स्यात्। तदुक्तम् 'इको यणचि' (६/१/७७) इति सूत्रे—

'सामर्थ्ययोगान्नहि किञ्चिदत्र पश्यामि शास्त्रे यदनर्थकं स्यात्' इति।

किञ्चिद् दृष्टादृष्टार्थवत्, किञ्चिच्छुद्धादृष्टार्थवत्, सर्वथाऽनर्थकं न किञ्चिदिति तदर्थः। वृद्धिसूत्रस्थे–'वर्णेनाप्यनर्थकेन न भवितव्यम्' इति भाष्यग्रन्थेऽनर्थकत्वं बोध्यार्थकत्वं बोध्यार्थराहित्यरूपमिति न निष्प्रयोजनवरूपानर्थक्येन तत्र तत्र प्रत्याख्यानपरभाष्याङ्गतिः। अत एव 'सोऽयमक्षरसमाम्नायः पुष्पितः फलितश्चन्द्रतारकवत् प्रतिमण्डितो ब्रह्मराशिः' इति भाष्यमुपादायोक्तं भर्तृहरिणा—'यथैवेदमव्युच्छिन्नं चन्द्रतारकादि एवमस्याक्षरसमाम्नायस्य न कश्चिद् आधुनिकः कर्त्ताऽस्ति एवमेव वेदपारम्पर्येण

स्मर्यमाणः' इति । आधुनिक शरीरी । पुष्पितत्वं तन्मूलकशब्दशास्त्रद्वारेण । शब्दप्रयोगेण च फलितत्वम् । उक्तञ्चैतच्चतुर्दशसूत्रव्याख्यायां नन्दिकेश्वरकृत-काशिकायाम्—

'नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्च (१४) वारम् ।
उद्धर्त्तुकामः सनकादिसिद्धानेतद्विमर्शे शिवसूत्रजालम् ॥
अत्र सर्वत्र सूत्रेषु अन्त्यं वर्णचतुर्दशम् ।
धात्वर्थं समुपादिष्टं पाणिन्यादीष्टसिद्धये ॥' इति ।

अब यह यहाँ शंका करते हैं कि आम्नाय समाम्नाय शब्द का प्रयोग वेद में ही होता है तब चौदह सूत्रों में अक्षर समाम्मनाय का व्यवहार करना उचित प्रतीत नहीं होता है इसके उत्तर में माहेश्वराणि कहा अर्थात महेश्वर से आगत तथा उनके प्रसाद से लब्ध है। अर्थात यह आनु पूर्वी श्रुति ही है। शंकर की कृपा से पाणिनि को प्राप्त है श्रुति मूल होने से पाणिनीय व्याकरण ही वेद का अंग है। पाणिनीय व्याकरण से पूर्व क्या वेद अंगहीन था ? यह शंका नहीं करनी चाहिए क्योंकि इसमें लौकिक, वैदिक होने से प्रशंसापरक है अथवा एव को अपि के अर्थ में मानने से कोई आपत्ति नहीं रहती है। इसमें प्रमाण देते हैं—येनाक्षर इत्यादि शिक्षा वचन। जिस पाणिनि ने महेश्वर से अक्षर समाम्नाय को प्राप्त कर सम्पूर्ण व्याकरण को कहा।

लण् सूत्र में णकार विषय की आचार प्रवृत्ति ज्ञापन करती है व्याख्यानत इत्यादि। यहाँ आचार पद से महेश्वर का ही ज्ञान है अनुबन्ध महेश्वर कृत ही है— यह शीघ्र ही स्पष्ट हो जायेगा।

ञ म ङ: ण न म् में मकार प्रत्याख्यान भाष्य का तात्पर्य यह है कि उसका उच्चारण अदृष्ट के लिए ही है अथवा दृष्ट के लिये भी है। सभी जगह प्रत्याख्यान इसी प्रकार का है 'नहीं' तो अंगों के पारायण में धर्म के श्रवण होने से यत्र तत्र पाणिनि न्यास से प्रत्याख्यान की भी असंगति हो जायेगी जैसा कि 'इकोयणचि' सूत्र में कहा है सामर्थ्य के योग से कुछ भी अनर्थक इस शास्त्र में हो--ऐसा मैं नहीं देखता हूँ कुछ दृष्टार्थक अदृष्टार्थक है कुछ शुद्ध अदृष्ट अर्थ के लिए ही है सर्वथा अनर्थक कुछ भी नहीं है।

वृद्धि संज्ञा विधायक सूत्र के भाष्य में लिखा है। "एक वर्ण भी अनर्थक नहीं होना चाहिए। यहाँ अनर्थकत्व बोध्य अर्थ से रहित नहीं ग्रहण करना, क्योंकि प्रयोजन के अभाव से अनर्थक होने से अनेक स्थलों में प्रत्याख्यान परक भाष्य की असंगति हो जायेगी। इसी से वह अक्षर समाम्नाय पुष्प युक्त फल से समन्वित चन्द्रमा तथा नक्षत्रों की तरह मण्डित ब्रह्मराशि है। इस भाष्य को लेकर भर्तृहरि ने कहा है कि जैसे यह चन्द्रमा नक्षत्र इत्यादि सर्वदा व्याप्त है उसी प्रकार से इस अक्षर समाम्नाय का भी कोई आधुनिककर्ता नहीं है इसी प्रकार वेद परम्परा से स्मर्यमाण

है। आधुनिकः का अर्थ शरीर धारी है पुष्पित–शब्द शास्त्र के द्वारा है और शब्द के प्रयोग से फलितत्व है। नन्दिकेश्वर कृति काशिका में चौदह सूत्रों की व्याखया में कहा गया है "नृत्य के अन्त में नटराजों के राजा अर्थात शंकर जी ने नौ और पाँच अर्थात चौदह बार डमरू को बजाया। सनकादि सिद्धों की उद्धार कामना वाले शंकर के इस प्रकार के विचार करने पर इन शिव सूत्रों का प्रादुर्भाव हुआ।"

यहाँ सभी सूत्रों में अन्त्य चौदह वर्ण पाणिनि आदि की इष्ट सिद्धि के लिए धात्वर्थ उपदिष्ट है–

धात्वर्थं धातुमूलकशब्दशास्त्रप्रवृत्त्यर्थम्। अत एव 'अनुबन्धकरणार्थञ्च वर्णानामुपदेशः' इत्युक्तं भाष्ये अत्र करणशब्दप्रयोगेणानुबन्धानां सादित्वं सूचितम्। तत्करणञ्चोपदेशकर्तृ कर्तृकमेव प्रत्यासत्तेः। तेन तद्व्यतिरिक्तस्य सर्वस्यानादित्वं सूचितम्। अत्र सनकाद्युद्धरणेच्छयाऽस्य ब्रह्मोपदेशरूपत्वं सूचितम्। तच्च श्रुतित्वाभावे न सङ्गच्छते। 'श्रोतव्यः श्रुतिवाक्येभ्यः' इत्युक्तेः। ऋक्तन्त्रव्याकरणे शाकटायनोऽपि—'इदमक्षरच्छन्दो वर्णशः समनुक्रान्तं यथाऽऽचार्या ऊचुर्ब्रह्मा बृहस्पतये प्रोवाच बृहस्पतिरिन्द्रायेन्द्रो भरद्वाजाय भरद्वाज ऋषिभ्य ऋषयो ब्राह्मणेभ्यस्तं खल्विममक्षरसमाम्नायमित्याचक्षते, न भुक्त्वा न नक्तं प्रब्रूयाद् ब्रह्मराशिः' इति। ब्रह्मराशिरित्यस्य ब्रह्मप्रतिपादको वर्णराशिरित्यर्थः। तत्त्वञ्च नन्दिकेश्वरकृतकाशिकायां स्पष्टम्। अत एव 'वृत्तिसमवायार्थो वर्णानामुपदेशः कर्तव्यः' इति भाष्ये उक्तम्। पाणिनेर्लाघवेन शास्त्रप्रवृत्तिफलको यः समवायो वर्णानां क्रमेण सन्निवेशस्तदर्थं इति तदर्थः। स चाणादिप्रत्याहारद्वारा शास्त्रप्रवृत्त्यर्थः। एवञ्चायमुपदेशः पाणिनेरन्यकृत इति स्पष्टमेवोक्तम्। मन्त्रोपदेश इतिवच्चात्रोपदेशपदप्रयोगः। अत एवास्य ज्ञाने सर्ववेदपारायणजं पुण्यं फलमिति भाष्ये उक्तम्। व्याकरणमुपक्रम्य 'वेदानां वेदः' इति छान्दोग्यश्रुतिरप्येतत्परैवेति दिक्।

धात्वर्थम्! "धातु का अर्थ धातु, मूलक शब्द शास्त्र की प्रवृत्ति के लिए है। इसी से अनुबन्ध करने के लिए वर्णों का उपदेश करना चाहिए" ऐसा भाष्य में कहा है। यहाँ करण शब्द के प्रयोग से अनुवन्धों में सादित्व सूचित होता है। सामीप्य सम्बन्ध से उनका करने वाला उपदेशकर्ता ही है। इससे यह सिद्ध होता है—अनुवन्ध से अतिरिक्त सभी कुछ अनादि है यहाँ सनकादि कहने से इसमें ब्रह्मोपदेश की प्रतीति होती है और वह श्रुति के अभाव में संगत नहीं हो सकता है क्योंकि श्रोतव्यः श्रुतिवाक्येभ्यः (श्रुति वाक्यों से ब्रह्म का श्रवण करना चाहिए) कहा है। ऋकतन्त्र

व्याकरण में शाकटायन ने भी कहा है--यह अक्षरच्छन्द वर्णों की आनुपूर्वी से प्राप्त हुआ है जैसा कि आचार्यों ने कहा है ब्रह्मा ने बृहस्पति से कहा; बृहस्पति ने इन्द्र से, इन्द्र ने भरद्वाज से, भरद्वाज ने ऋषियों से तथा ऋषियों ने ब्राह्मणों से कहा है इसको अक्षर समाम्नाय कहते हैं इसे न तो भोजन करके, न रात्रि में कहना चाहिए क्योंकि यह वेदस्वरूप है। ब्रह्म राशि का अर्थ है--"ब्रह्म प्रतिपादक वर्ण राशि" इसका विशेषत्व नन्दिकेश्वर द्वारा रचित काशिका में स्पष्ट है इसीलिए भाष्य में कहा है--"वृत्ति समवाय के लिए वर्णों का उपदेश करना चाहिए" पाणिनि का लाघव से अर्थात अल्प समय एवं अल्पश्रम के द्वारा शास्त्र में प्रवृत्ति कराने वाला जो समवाय अर्थात वर्णों का क्रम से सन्निवेश, उसके लिए उपदेश है वह अणादि प्रत्याहारों के द्वारा शास्त्र प्रवृत्ति के लिए है इससे यह स्पष्ट है कि वह उपदेश पाणिनि को अन्यकृत ही है। मन्त्रोपदेश की तरह यहाँ उपदेश पद का प्रयोग है इसी से इसके ज्ञान में सभी वेदों के पारायण से उत्पन्न होने वाला पुण्य ही फल है। व्याकरण को प्रारम्भ करके "वेदानांवेदाः" वेदों का जानना यह छान्दोग्य श्रुति की एतत्परक ही है।

तत्प्रयोजनमाह—सञ्ज्ञार्थानीति। एतच्चोपपादितम्। सञ्ज्ञाप्रणयनञ्च लाघवेन शास्त्रप्रवृत्त्यर्थमिति बोध्यम्।

सञ्ज्ञार्थत्वोपपत्तये आह—एषामिति।

अकारश्चेति। तेन रप्रत्याहारसिद्धिः। अनन्त्यत्वात्पृथगुक्तिः। इदं 'तुल्यास्य' (१।१।९) सूत्रस्थ (१) कैयटानुरोधेन।

उसका प्रयोजन कहते हैं--सञ्ज्ञार्थानीति इसका उपपादन पहले हो चुका है। लाघव से शास्त्र में प्रवृत्ति के लिए संज्ञा सूत्रों का निर्माण हुआ है। सञ्ज्ञार्थ की उपपत्ति के लिए कहते हैं एषामिति। अकारश्चेति इससे रप्रत्याहार की सिद्धि होती है। अन्त्य के न होने से इसका पृथक कथन है। यह तुल्यास्य सूत्र में स्थिति कैयट के अनुरोध से है।

परे त्वस्यानुनासिकत्वे 'अतो ऌः' (७।२।२) इति सूत्रे पाणिनि र्लकारं नोच्चारयेत्। प्रत्याहारेणैव निर्वाहात। किञ्चास्येत्सञ्ज्ञकत्वे बहुषु यण्पदघटितसूत्रेष्वर्द्धमात्रालाघवानुरोधेन यप्रत्याहारेणैव व्यवहरेत्।

**किञ्चानुबन्धानामच्प्रत्याहारे ग्रहणाभावे 'आचारादप्रधानत्वाल्लोपश्च बलवत्तरः' इति भाष्योक्तस्य तृतीयहेतोरव्यापकत्वापत्तिः तत्र लोपस्य बलवत्त्वेऽपि हल्प्रत्याहारसिद्धेः प्रागच्पदार्थनिष्पत्त्यभावेन। उपदेशेऽज्' (१।३।२) इत्यस्य वाक्यार्थाभावेन लणित्यकारस्येत्सञ्ज्ञालोपयोरभावेन प्रत्याहारेषु जातिग्रहणपक्षस्यैव भाष्यकृता सिद्धान्तितत्वेन हल्प्रत्याहारे लणित्यकारप्रवेशे 'मामाँस्त्रायस्व' इत्यत्रानुनासिकपक्षेऽनुस्वारा-

पत्तिर्दुर्वारा, 'सोऽति' इत्यादौ सुलोपाद्यापत्तिश्च। अत एव—

'प्रत्याहारेऽनुबन्धानां कथमज्ग्रहणेषु न।'

इत्यनेन प्रत्याहारे वर्णसमाम्नाये य एतेऽक्षु अज्बोधकसूत्रेषु प्रत्याहारार्थाअनुबन्धाः क्रियन्ते तेषामज्ग्रहणेन ग्रहणं कस्मान्नेत्यर्थकेनाच्प्रत्याहारे शंकाकृता, न हल्प्रत्याहारे। भाष्ये च 'अइउण्' (मा० सू० १) इत्यादि सूत्रचतुष्टयोपादानेनैवास्य प्रवृत्तिर्दर्शिता। तत्र प्राधान्यं प्रत्याहारेषु ग्रहणार्थत्वरूपं, हल्षु च तथोपदेशस्तेषाम्, अक्षु तु स्वराणामेव तथोपदेश इति प्राधान्यात् तेषामेव सञ्ज्ञित्वमिति भाष्ये स्पष्टम्। न च हशादिप्रत्याहारे टग्रहणस्यापत्तिरिति वाच्यम्। हकारादिषु पुनः पुनरकारोच्चारणेन उच्चारणार्थवर्णरहितहलां तद्घटितप्रत्याहारे ग्रहणाभावस्य वक्तुं शक्यत्वात्; तद्विषयप्रयोगाणामनभिधानाच्च। तस्मादस्यानुनासिकत्वमप्रामाणिकम्। 'उरण् रपरः' (१।१।५१) इत्यत्र लग्रहणं कर्तव्यमेव। ऋलृवर्णयोः सावर्ण्यवदित्याहुः।

नागेश का कथन है कि यदि लण् सूत्र का अकार अनुनासिक होता तो "अतोल्रान्तस्य" में पाणिनि को लकार उच्चारण करने की आवश्यकता नहीं थी र प्रत्याहार से ही र, ल का ग्रहण हो जाता। अतोल्रान्तस्य सूत्र में लकार के उच्चारण से र प्रत्याहार को अनित्य मानते हैं। इसी से "रदाभ्याम् इत्यादि में लकार का उच्चारण नहीं किया। इस अरूचि से कहते हैं- किञ्च। यदि यह इत् संज्ञक होता तो बहुत से यण् पद घटित सूत्रों में आधी मात्रा के लाघव से य प्रत्याहार से व्यवहार करना उचित था। कार्य सिद्धि के लिये अकार से केवल र प्रत्याहार की सिद्धि करेंगे इस अरुचि से दोषान्तर देते है किञ्च अनुबन्धों का अच् प्रत्याहार में ग्रहण न होने पर आचारादित्यादि में कहा हुआ भाष्य का तीसरा हेतु अव्यापक हो जायेगा। यह आचार है कि तुल्यजाति वालों को तुल्य जाति वालों में ही उपदेश करते है। अचों का हल् में तथा हलों का अच में अप्रधान भी है क्यों कि हल में हल की प्रधानता है। तृतीय हेतु उपपादन करते है आपके लोप के बलवान होने पर भी हल् प्रत्याहार की सिद्धि के पूर्व अच् पदार्थ की निष्पत्ति के अभाव में "उपदेशेऽच" का वाक्यार्थ बोध न होने से लण के अकार की इतसंज्ञा और लोप के न होने से तथा प्रत्याहारों में जाति पक्ष का ही भाष्य कार सिद्धान्त होने से। हल् प्रत्याहार में लण् के अकार के प्रवेश होने से "मामॉस्त्रायस्व" में अनुनासिक पक्ष में अकार को अनुस्वार होने लगेगा और सोऽस्ति इत्यादि में सुलोप भी होने लगेगा। इसी से "प्रत्याहारेऽनुबन्धानाम्" इत्यादि से प्रत्याहार अर्थात वर्ण समाम्नाय में जो ये अचों में अच बोधक सूत्रों में प्रत्याहार के लिए अनुबन्ध किये जाते है उनका अच् के ग्रहण से ग्रहण क्यों नहीं

होता है। इसलिये अच् प्रत्याहार में शंका की, हल् प्रत्याहार में नहीं। और भाष्य में अ इ उ ण् इत्यादि चार सूत्रों के पश्चात् ही इसकी प्रवृत्ति दिखलाई वहां प्राधान्य प्रत्याहार में ग्रहण स्वरूप ही है तथा हलों में उनका उपदेश है। अचों में तो स्वरों का ही उपदेश है उनका ही प्राधान्य है और वे ही संज्ञी है यह भाष्य में स्पष्ट है। हशादि प्रत्याहार में टकार के ग्रहण की आपत्ति नहीं है क्योंकि हकारादि में बार-बार अकार के उच्चारण करने से उच्चारणार्थ वर्णों से रहित हलों का उससे युक्त प्रत्याहार में ग्रहण नहीं होता है ऐसा कह सकते है अथवा उस प्रकार के प्रयोगों का अनभिधान है इसलिए इस अकार का अनुनासिक होना अप्रमाणिक है। ऋ लृ वर्णों के सावर्ण्य के समान "उरण् रपरः" में लकार का ग्रहण करना ही चाहिए।

ननु 'हय' [मा० सू० ५] इत्यादावकारोच्चारणेन तस्य हल्त्व-प्रसङ्गोऽत आह–हकारादिष्विति। 'न पुनरन्तरेणाचं व्यञ्जनस्योच्चारणमपि भवति' इति 'उच्चैरुदात्तः' (१।२।२९) इति सूत्रस्थभाष्यात् 'एषा ह्याचार्यस्य शैली लक्ष्यते, यन्तुल्यजातीयांस्तुल्यजातीयेषूपदिशति अचोऽक्षु हलो हल्षु' इति प्रत्याहारेऽनुबन्धानामित्यत्र भाष्याच्चेति भावः।

"हकारादि में अकार के उच्चारण होने से उसको हल् मानना चाहिए" इसलिए कहते है हकारादिष्विति। उच्चैरुदात्तः सूत्र के भाष्य में लिखा है कि अच् के बिना व्यंजन का उच्चारण ही नहीं होता यह आचार्य की शैली प्रतीत होती है कि तुल्य जाति वालों को तुल्य जाति वालों में ही उपदेश करते है अचों का अच् में और हलों का हल् में यह प्रत्याहारेऽनुबन्धानाम् के भाष्य से प्रतीत होता है।

स्यादेतत्। 'न विभक्तौ' [१।३।४] इत्यादेः सार्थक्याय 'हलन्त्यम्' [१।३।३] इत्यस्योपदेशेऽन्त्यं हल इदित्यर्थस्यावश्यकत्वेन 'हलन्त्यम्' [१।३।३] 'आदिरन्त्येन' [१।१।७१] इत्यनयोः परस्परापेक्षत्वेनाऽन्योन्याश्रयाल्लकारे इत्सञ्ज्ञामबोधयित्वा हलामित्सञ्ज्ञाबोधनं पाणिनेर युक्तम्। न च 'हयवर' [मा० सू० ५] इत्यादेरावृत्या 'शषसर' [मा० सू० १३] इत्यन्तं समुदायमुद्दिश्य 'हल्' [मा० सू० १४] इत्यनेन हल्सञ्ज्ञाऽपि विधेयेति वाच्यम्। दशसूत्र्याऽऽवृत्तौ गौरवात्।

अस्तु अब प्रकृत का अनुशरण करते हैं 'नविभक्तौ' को सार्थक करने के लिए हलन्त्यम् का उपदेश में अन्त्य हल् की इत्संज्ञा हो यह अर्थ मानना आवश्यक होने से हलन्त्यम् और आदिरन्त्येन के परस्पर सापेक्ष होने के कारण अन्योन्याश्रय होता है अतः लकार में इत्संज्ञा बोधन के बिना हलों की इत्संज्ञा करना पाणिनि के लिए कठिन है स्वज्ञप्त्यधीन ज्ञप्तिकत्वम् ही अन्योन्याश्रय है (अर्थात अपने ज्ञान के अधीन ज्ञान वाला) ह य व र ट् इत्यादि की आवृत्ति करके शषसर अन्त समुदाय को उद्देश्य

कर के हल से हल् संज्ञा का भी विधान करेंगे। यह कहना भी उचित नहीं है क्योंकि दस सूत्रों की आवृत्ति करना गौरव होगा।

ननु 'उपदेशे इदन्त्यम्, अच, अनुनासिकः' इति सूत्रत्रयमस्तु, अजित्य-नन्त्यार्थम्, तृतीयेऽजित्यनुवृत्तिसामर्थ्यादच्चेदिवभ्दति तर्ह्यनुनासिक एवेति नियमाश्रयणाद्रु प्रभृतौ न दोषः, योगविभागसामर्थ्याच्चानन्तरस्येति न्यायं वाधित्वा व्यवहितस्यापि तेन नियमः, 'मिदचोन्त्यात्' (१।१।४७) इति ज्ञापकाच्च न विपरीतनियमः, एवञ्च हल्ग्रहणमपि व्यर्थमन्योन्याश्रय-श्च न। न च पाणिनिसूत्रभेदे पारायणादावदृष्टहानिः। तथा च तत्र तत्र भाष्यम्—'अपाणिनीयन्तु भवति'—इति वाच्यम्। कल्प्यमानन्यासस्य लघु-त्वेऽस्यादोषत्वात्। 'सूत्रभेदं तमुपाचरन्ति यत्र तदेवाऽन्यत् सूत्रं क्रियते भूयो वा, यदि तदेवोपसंहृत्य क्रियते नासौ सूत्रभेदः' इति, 'अच उपसर्गात्तः' (७/४/४७) इति सूत्रभाष्यात्। नासौ सूत्रभेद इत्यस्य दोषाय इति शेषः। सति सम्भवे दृष्टद्वारैवाज्ञानाम दृष्टार्थत्वमिति तदाशयः अत एव तत्र तत्र ज्ञापकपसकलभाष्योच्छेदो नेति चेन्न। योगविभागनियमज्ञापकाश्र-यणेऽतिगौरवात्। न हि वर्णाभिव्यक्तिजनककण्ठाद्यभिघातगौरवमेवादर्त्तव्यं, न तु ज्ञानजनकमनोव्यापारगौरवमिति राजाज्ञाऽस्ति। न च सह आ सम-न्तात् एति गच्छतीति सहेता मध्यमो वर्ण इत्यर्थं इति, अतो नान्योन्याश्रय इति वाच्यम्। अन्योन्याश्रयतत्परिहारादीन् वदता भाष्यकारेण 'कटी' [भ्वा० धा० ३२०] 'वी' [भ्वा० धा० १०४८] इत्यत्र प्रश्लिष्टात् 'ईङ् गतौ' [दि० धा० ११४३] इत्यतश्च सह–आङ–पूर्वात् ञभावबोधनात्। किञ्च योगमर्यादय तत उक्तार्थालाभः। आ समन्तादित्यस्यानन्वितार्थत्वं व्यर्थत्वञ्च। रूढौ तु न मानमतः सूत्रावृत्त्या तं परिहरति—हलन्त्यमिति।

अब यहाँ यह शंका करते है कि उपदेशेऽदन्त्यम्, अच्, अनुनासिकः। इस प्रकार तीन सूत्रों के करने से दोष नहीं होगा। अच् अनन्त्य के लिए है। तृतीय में अच् की अनुवृत्ति करने के कारण यदि इत्संज्ञा हो तो अनुनासिक की ही हो इस नियम को स्वीकार करने से रु प्रभृति में अनुनासिक के न होने से उकार की इत्संज्ञा नहीं होती है। योग विभाग करने के कारण अनन्तरस्य नियम को बाधकर व्यवहितका भी उससे नियम होता है और मिदचोऽन्त्यादि ज्ञापक से विपरीत नियम नहीं होता है। यदि अनुनासिक की इत्संज्ञा हो तो अच् की ही हो यह विपरीत नियम का आकार है। उक्त नियम से नकार की इत्संज्ञा न होने से मिदचोन्त्यात् सूत्र व्यर्थ था। इस प्रकार से हल् ग्रहण भी व्यर्थ है और अन्योन्याश्रय भी नहीं है। पाणिनि के सूत्रों में भेद

करने से पारायणादि में अदृष्ट की हानि होगी जैसा कि तत्तत् स्थलों में लिखा है कि अपाणिनीय तो होता है। यह शंका भी ठीक नहीं है क्योंकि कल्पित न्यास में लघुता होने से दोष का अवकाश नहीं है। सूत्र भेद उसको कहते है—उसी को अन्य सूत्र किया जाय अथवा बड़ा किया जाये। यदि उसी को लघु रूप में किया जाये तो सूत्रभेद नहीं होता है। यह अच् उपसर्गान्तः के सूत्र भाष्य में स्पष्ट है। नासौ सूत्रभेदः का तात्पर्य है कि दोष के लिए नहीं होता है। सम्भव होने पर दृष्टि के द्वारा ही अंगों को अदृष्टार्थ मानना चाहिए। इसी से अनेक स्थलों में ज्ञापकपरक सम्पूर्ण भाष्य का उच्छेद भी नहीं होता है इसका उत्तर करते है—उक्त न्यास में योग विभाग, नियम और ज्ञापक के आश्रयण में अत्यन्त गौरव है। वर्णों की अभिव्यक्ति का कारण कण्ठतालु के अभिघात रूपी गौरव का ही आदर नहीं करना चाहिए। ज्ञान जनक मनो व्यापार रूप गौरव नहीं है ऐसी राजा की आज्ञा नहीं है अर्थात् ज्ञान जनक मनो व्यापार रूप गौरव ही गौरव है। मह आसमन्तात् इत्यादि रीति से सहेता मध्यमो वर्ण अर्थ करने से अन्योआश्रय नहीं होगा यह कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि अन्योन्याश्रय के परिहार कहते हुए भगवान भाष्य कार ने कटी, वी में प्रश्लिष्ट ई से और ईङ्गतौ से सह और आङ् पूर्वक से तृच् नहीं होता है। योग से उक्त अर्थ का लाभ होना भी कठिन है आसमन्तात् के अर्थ का अन्वय भी नहीं है और व्यर्थ भी है रूढ़ि मानने में कोई प्रमाण नहीं है इसलिए सूत्र की आवृत्ति से अन्योन्याश्रय दोष का परिहार करते है। हलन्त्यमिति।

भाष्येऽप्यन्योन्याश्रयमाशङ्क्य 'हलन्त्यमित्सञ्ज्ञं भवति लकारश्चेद्भवतीति वक्तव्यम्' इत्युक्त्वा 'एकशेषनिर्देशाद्वा सिद्धम्—हल् च हल् च हल्, हलन्त्यमित' इत्युक्तम्। तस्यायं भावः—कृतैकशेषेण हल्पदेन सम्बन्धसामान्यषष्ठया समासोऽन्त्यशब्दस्य च द्वन्द्वान्ते श्रूयमाणस्यैवोभयत्रान्वयः। एवञ्च हल्सूत्रान्त्यं हल्रूपान्त्यं चेति बोधः। अन्त्ये 'राहोः शिरः' इतिवत् षष्ठीति। अत्रोच्चारयितुरेकशेषनिर्देशो बोद्धुस्त्वावृत्त्या बोधः। हसमीपेलकार इत हल्रूपान्त्यञ्चेति कैयटोक्तव्याख्यायां तु हल् इत्सञ्ज्ञं भवति हलन्त्यञ्चेदिति वदेदित्यूह्यम्।

भाष्य में "अन्योन्याश्रय" की आशंका करके "हलन्त्य मित्सञ्ज्ञम् भवति" अन्त्य हल् इत्सञ्ज्ञक होता है, लकार भी इत्सञ्ज्ञक होता है ऐसा कहना चाहिए" यह कहकर अथवा एक शेष निर्देश से भी कार्य सिद्ध होगा "हल् च हल् च हल् हलन्त्यमित्" कहा है। उसका तात्पर्य यह है कि एक शेष करने के पश्चात् हल् पद् से सम्बन्ध सामान्य में षष्ठी मानकर समास करना और अन्त्य शब्द का द्वन्द्वान्ते इत्यादि न्याय से उभयत्न अन्वय करना। इस प्रकार से हल् सूत्र का अन्त्य और हल् रूप अन्त्य यह बोध होगा। हल् रूप अन्त्य में राहोः शिरः की तरह षष्ठी समझना। तात्पर्य यह है कि जो राहु है वही

शिर है फिर षष्ठी किस प्रकार से होती है। वहाँ व्यपदेशिवद्भाव से षष्ठी भाष्यकार ने की है उसी प्रकार यहाँ भी करना चाहिए। यहाँ उच्चारण करने वाले को एक शेष निर्देश है और बोद्धा को आवृत्ति से बोध होता है। ह के समीप लकार की इत्संज्ञा होती है हल् रूप अन्त्य भी इत्सञ्ज्ञक होता है इस कैयट व्याख्या में तो हल् इत्सञ्ज्ञक हो हलन्त्य भी इत् हो—कहना चाहिए था।

नन्वेवमपि 'न विभक्तौ' (१/३/४) इति विभक्तिपदबोध्यसुप्तिङ्बोधो 'हलन्त्यम्' (१/३/३) इति वाक्यार्थबोधोत्तरं, तद्बोधश्चापवादवाक्यार्थबोधोत्तरमित्यन्योन्याश्रयस्तदवस्थ एवेति चेत्। न, अपवादवाक्यार्थबोधात्पूर्वं पदपदार्थोपस्थितावुत्सर्गवाक्यार्थबोधे प्रतिबन्धकाभावात्। न ह्यभावज्ञाने प्रतियोगिज्ञानस्येव प्रतियोगिज्ञानेऽभावज्ञानस्य कारणता कस्यापि सम्मता। प्रतियोगिज्ञानं विना निषेधवाक्यार्थासम्भवाच्च।

फिर भी 'न विभक्तौ' में विभक्ति पद से प्रतीत होने वाले सुप् और तिङ् का बोध हलन्त्यम् के वाक्यार्थ बोध के पश्चात् होगा और हलन्त्यम् बोध अपवाद (न विभक्तौ) के वाक्यार्थ बोध के उत्तर में होगा। इस प्रकार से अन्योन्याश्रय वैसा ही बना है। इस शंका का निराकरण करते हुए कहते हैं कि अपवाद के वाक्यार्थ बोध से पूर्व पद् और पदार्थोऽपस्थिति होने पर उत्सर्ग शास्त्र के वाक्यार्थ बोध में कोई प्रतिबन्धक नहीं है। अभाव ज्ञान में प्रतियोगी के ज्ञान की अपेक्षा होने पर प्रतियोगी ज्ञान में अभाव ज्ञान की कारणता किसी को भी सम्मत् नहीं है और प्रतियोगि ज्ञान के बिना निषेध शास्त्र का वाक्यार्थ होना भी सम्भव नहीं है यद्यपि अभावपदार्थः इत्यादि में प्रतियोगिज्ञान की आवश्यकता नहीं है तो भी प्रकृत में आवश्यकता है।

'पूर्वं ह्यपवादा अभिनिविशन्ते पश्चादुत्सर्गाः' इत्यस्य त्वयं भावः—लक्ष्यैकचक्षुष्कः उद्देश्यतावच्छेदकावच्छिन्ने सर्वत्रोत्सर्गकृतसंस्कारबुद्धावुत्सर्गापवादयोर्विषयव्यवस्थानापत्त्या भुक्तवन्तं प्रति 'मा भुक्था' इति वाक्यस्येवापवादशास्त्रवैयर्थ्यापत्त्या चापवादशास्त्रपर्यालोचनेन तद्विषयलक्ष्यसंस्कारं निर्णीय तदविषयं तत्तल्लक्ष्यं तत्तद्विषयवाक्योपप्लवद्वारोत्सर्गेण संस्करोति, अन्यथा विकल्पापत्तिरिति। यद्यपि 'भुक्तवन्तं प्रति' इति न्यायो लुगादिना जातनिवृत्तेर्व्यभिचरितस्तथापि तत्राप्यनुत्पत्तिरेवेति न दोषः, न्यायानङ्गीकारेऽपि विकल्पापत्तेः सत्त्वाच्च। 'अभिनिविशन्ते' इत्यस्य बुद्ध्यारूढा भवन्तीत्यर्थः। लक्ष्यैकचक्षुष्कस्तु यत्तच्छास्त्रपर्यालोचनं विनापि अपवादविषयं परित्यज्योत्सर्गेण लक्ष्यसंस्कारञ्जानीते, तस्यापि शास्त्रप्रक्रियास्मरणपूर्वकप्रयोगे एव धर्मोत्पत्तेः। तदुक्तम्—'प्रकल्प्य चापवादविषयं तत उत्सर्गः प्रवर्तते' इति। प्रकल्प्य—परित्यज्य।

"पहले अपवाद बुद्धि में आते हैं तत्पश्चात् उत्सर्ग" इस परिभाषा का अर्थ इस प्रकार है—लक्षण (सूत्र) को दृष्टि में रखकर कार्य करने वाले को सर्वत्र उद्देश्यता वच्छेदक से मुक्त (सूत्र जिसको निमित्त मानकर लगता है) उत्सर्ग शास्त्र की बुद्धि होने पर उत्सर्ग और अपवाद की विषय व्यवस्था न होने से, "भोजन कर लेने पर भोजन न करो" की तरह अपवाद-शास्त्र के व्यर्थ होने से, अपवादशास्त्र के देखने से, अपवादशास्त्र के विषयभूत लक्ष्य संस्कार का निर्णय करके उसके विषय से रहित उन-उन लक्ष्यों को उन-उन विषय वाले अपने वाक्यों की आपत्ति करके उत्सर्ग से संस्कृत (सिद्ध) होते हैं। यद्यपि भुक्तवन्तम् न्याय लुक् स्थल में व्यभिचरित है क्योंकि लुक् जात की ही निवृत्ति करता है। तो भी लुगादिस्थल में अनुत्पत्ति मानने से कोई दोष नहीं है और न्याय के न मानने पर विकल्प की आपत्ति तो है। अभिनिविशन्ते का अर्थ बुद्धि में आरूढ़ (आना) होना है। लक्ष्यनिष्ठ दृष्टि वाले जो शास्त्र को देखे बिना भी अपवाद विषय को छोड़कर उत्सर्ग से लक्ष्य संस्कार को जानते हैं उनको भी शास्त्र प्रक्रिया के स्मरण का प्रयोग करने पर भी धर्म की उत्पत्ति होती है। कहा भी है प्रकल्प्य-इत्यादि अर्थात् अपवाद विषय को छोड़कर उत्सर्ग प्रवृत होता है प्रकल्प का अर्थ छोड़कर है।

यत्तु प्रकल्प्य चेत्यास्यायमर्थः—यथा 'न सम्प्रसारणे' [६ । १ । ३७] इति वचनात् परस्य यणः पूर्वं सम्प्रसारणं पूर्वस्य तु तन्निमित्तः प्रतिषेधः इति अभ्यस्तसञ्ज्ञासूत्रे कैयटः। तन्न 'न सम्प्रसारणे' [६ । १ । ३७] इति सूत्रस्थभाष्यविरोधात्। तत्र हि 'एतदेव ज्ञापयति परस्य न पूर्वस्येति। यद्वा 'सम्प्रसारणाश्रयस्य प्रतिषेध' इत्याद्युक्तम्। न हि न्यायेन सिद्धे एवमुक्तिरुचिता। तस्माद् न्यायस्य मदुक्त एव विषय इति बोद्ध्यम्। यदपि 'अपवादवाक्यार्थं विना नोत्सर्गवाक्यार्थं इति तदर्थः' इति। तदपि न। उक्तयुक्तेः। 'न विभक्तौ तुस्माः' (१ । ३ । ४) इति शास्त्रे तुस्पदार्थज्ञान-मात्रेण पादीनामेव तद्विषयत्वाभावबुद्ध्या तेषु हलन्त्यसूत्रप्रवृत्या सुप्तिङ्-रूपविभक्तिपदार्थज्ञानं सुलभमिति दिक्। अत्राप्युपदेश इति सम्बद्ध्यते। तद्बललभ्यमर्थमाह—सूत्रे इति।

किसी के मत से प्रकल्प्य का अर्थ 'यह है' जैसे न सम्प्रसारणे सूत्र से परयण् को पहले सम्प्रसारण होता है और पूर्व को तन्निमित्त प्रतिषेध होता है ऐसा अभ्यस्त संज्ञा करने वाले सूत्र में कैयट ने कहा है। वह ठीक नहीं है क्योंकि न सम्प्रसारणे सूत्र के भाष्य से विरोध होता है वहाँ लिखा है कि यह सूत्र के भाष्य से विरोध होता है वहाँ लिखा है कि यह सूत्र ही ज्ञापन करता है कि ही (परयण) को ही, पूर्व को नहीं अथवा सम्प्रसारण का प्रतिषेध है। न्याय से सिद्ध होने पर इस प्रकार का कथन उचित नहीं था इससे न्याय का विषय मेरे कथनानुसार ही है जो कि कहा है कि

अपवाद वाक्यार्थ के बिना उत्सर्ग का वाक्यार्थ बोध ही नहीं होता है। पूर्वोक्त युक्ति के आधार से वह भी ठीक नहीं है। ''न विभक्तौ तुस्माः'' शास्त्र में तवर्ग सकार और मकार रूपी पदार्थ के ज्ञान मात्र से पादि में ही उसके विषय की अभाव बुद्धि से उनमें हलन्त्यम् सूत्र की प्रवृत्ति होने से सुप्तिङ् रूप विभक्ति पदार्थ ज्ञान सरलता से हो सकता है यहाँ फी उपदेश का सम्बन्ध है उसके बल से प्राप्त अर्थ को कहते हैं सूत्रे इति।

आदिरन्त्येन (१/१/७१)। आदिरिति किम् ? अन्त्यशब्देन पूर्वेषामाक्षेपादिगादिप्रत्याहारेऽकारादिग्रहणं मा भूदिति। एवमादिशब्देन परेषामाक्षेपादिणादिप्रत्याहारेषु ञादीनां ग्रहणं मा भूदित्यन्त्येनेति। आदिः अन्त्येन इत्युभयोपादाने तु न दोषः। अयमादिरन्त्यो वेत्युक्तेऽवशिष्टमपि किञ्चिदस्तीति नियमेन प्रतीतेः। परस्मिन् सति यस्मात्पूर्वो नास्ति स आदिः पूर्वस्मिन् सति यस्मात्परो नास्ति सोऽन्त्य इति अकारादिग्रहणे इकारणकारादीनामाद्यन्तत्वस्यैवानापत्तेः। अत्राद्यन्ताभ्यामवयवत्वेन बोधकाभ्यां स्वघटितः समुदाय आक्षिप्तः सञ्ज्ञी। तस्य चैकत्र लक्ष्ये प्रयोगाभावात्प्रत्येकं सञ्ज्ञित्वम्। अन्त्यस्य तु न तत्कार्यम्। तस्येत्संञ्ज्ञालोपाभ्यामपहारात्। एतत्फलितकथनमेव भाष्ये मूले च–स्वस्य च रूपस्य इति। स्वमित्यनुवृत्तिपरत्वेन व्याख्यानं तु हेयमेव। अनुवृत्तौ फलाभावात्। इतेति किम् ? 'ञमङणनम्' [मा० सू० ७] इति णकारादिभिः प्रत्याहारो मा भूदिति। सहग्रहणाच्च समुदाय एव सञ्ज्ञेति समुदायादेव 'इकः' इत्यादौ विभक्त्युत्पत्तिर्निर्दिमात्रात्। न चान्त्यस्येत्सञ्ज्ञालोपाभ्यामपहारात् 'आदिरन्त्येन' [१/१/८१] इत्यसङ्गतम्। सूत्रेष्वित्सञ्ज्ञायामपि इगादिशब्देषु तदभावात्। अन्त्येनेत्यस्येदन्त्यसदृशेनेत्यर्थात्, व्यक्तिपक्षे एवमेवौचित्यात्, सादृश्यमूलिकैव चात्र तत्त्वप्रत्यभिज्ञेत्याहुः। 'अचिश्नुधातु' [६/४/७७) इति सूत्रे इण इत्येव सिद्धे य्वोरिति निर्देशादिण् परेणैवेति 'लण्' [मा० सू० ६] सूत्रे भाष्ये स्पष्टम्।

आदिरन्त्येन। आदि ग्रहण के अभाव में अन्त्य शब्द से पूर्व का आक्षेप होने के कारण इक् आदि प्रत्याहार में अकारादि का ग्रहण हो जाता इसी प्रकार आदि शब्द से पर के आक्षेप से इणादि प्रत्याहार में ञ आदि का ग्रहण न हो इसलिए अन्त्येन भी कहना चाहिए। आदि और अन्त्य दोनों के ग्रहण से दोष नहीं है। यह आदि है। यह अन्त्य है ऐसा कहने पर कुछ अवशिष्ट भी है ऐसी प्रतीति नियम से होती है। पर होते हुए जिससे पूर्व नहीं है वह आदि है, पूर्व होने पर जिससे पर नहीं है वह अन्त्य है। आदि से अकार और अन्त्य से ञ आदि ग्रहण से इकार में आदित्व और

णकार में अन्त्यत्व ही नहीं होता यहाँ आदि अन्त्य का परिष्कार इस प्रकार से है समुदाय विशिष्टत्वम्, आदित्वम् वैशिष्टत्वम् स्वघटकत्व स्वघटकावधिकपूर्वत्व स्वघटकावधिकोत्तरोत्व भाववत्व सम्बन्ध–एवं समुदाय विशिष्टत्वम् अन्त्यत्वम् वैशिष्ट्य स्वघटकत्व स्वघटका वधिकोत्तरत्वस्वघटकावधिकापूर्वत्वा भाववत्वम् सम्बन्धेन्।

जैसे इक् में इकार आदि है वह इक् समुदाय में है इक् के अन्तर्गत उकार से पूर्व भी है और इक प्रत्याहार उपस्थित किसी वर्ण से भी उत्तर नहीं है। इसी प्रकार अन्त्य किसी से पूर्व नहीं होता है। यहाँ अवयव रूप से बोधक आद्यन्त्य शब्दों से आक्षिप्त समुदाय सञ्ज्ञी है उस समुदाय का एक साथ किसी लक्ष्य में प्रयोग न होने से प्रत्येक ही संज्ञा वाला है तात्पर्य यह है कि इक् के इ उ इत्यादि सभी वर्णों का लक्ष्य एक साथ मिलना असम्भव है। इसलिते इ उ इत्यादि सभी इक् है अन्त्य की इत्संज्ञा और लोप से अपहार होने के कारण उसको कार्य नहीं होता है इसी का फलितार्थ भाष्य और मूल में लिखा है। स्वस्य च रूपस्येति। स्वं रूपम् से स्व की अनुवृत्ति करके स्वस्य इत्यादि व्याख्यान तो हेय है अर्थात् मानने योग्य नहीं है क्योंकि अनुवृत्ति में फल का अभाव है। ञ म ङ ण न् के णकारादि से प्रत्याहार न लिया जाय इसीलिये इता कहा है। यह इत् नहीं है। सह ग्रहण करने से इगादि समुदाय की ही संज्ञा होती है और इकः में समुदाय से ही विभक्ति की उत्पत्ति होती है केवल आदि से नहीं होती है। अन्त्य की इत्संज्ञा और लोप से अपहार होने से आदिरन्त्येन कहना संगत नहीं है। सूत्रों में इत्संज्ञा होने पर भी इगादि शब्दों में इत्संज्ञा का अभाव है। अन्त्येन का अन्त्य इत् के सदृश अर्थ है। व्यक्ति पक्ष में यही उचित है। यह सादृश्यमूलिका तत्व प्रत्यभिज्ञा है।

अचिश्नुधातु सूत्र में इणा से ही कार्य चल जाता य्वोः के निर्देश से इण् प्रत्याहार पर णकार से ही लिया जाता है। यह लण् सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है।

हलन्त्यम् (१/३/३)। अत्र पदद्वयं, समासेऽन्त्यशब्दस्य पूर्वनिपातापत्तेः (४) कर्मधारययोग्यपदानां समासाभावस्य सूत्रकारशैलीसिद्धत्वाच्च। यद्यपि सर्वोऽपि हल् तं तं समुदायं प्रत्यन्त्यो भवति तथाप्यन्त्यपदोपदेशपदाभ्यां प्रत्यासत्या (१) ऽज्ञातस्वस्वरूपज्ञापकोच्चारणविषयसमुदाय प्रत्यन्त्य इह गृह्यते। अत एव मकारेत्सञ्ज्ञापरित्राणार्थस्स्थमोरुकारश्चरितार्थः। समुदायोपदेश एव सर्वत्र ऋषितात्पर्येणावयवानां नान्तरीयकतया तेषामज्ञातस्व स्वरूपज्ञापकत्वाभावात्। उपदेशेऽन्त्य इति। तत्र विद्यमानमन्त्यमित्यर्थः। तेन 'अइउण्' (मा० सू० १) इत्यादौ णादीनां हल्प्रत्याहारसिद्ध्युत्तरं तत्सिद्धिः। अन्यत्र त्वन्तरङ्गत्वात्प्राय उच्चारणेनाभिव्यक्तस्य तदव्यवधानेनैवेत्सञ्ज्ञा। पदार्थोपस्थितिरनुबन्धविनिर्मुक्तस्यैव। 'उप-

देशोत्तरकाला इत्सञ्ज्ञा' इति 'नाज्झलौ' (१/१/१०) इति सूत्रभाष्यात्। 'घुट्' इत्यादौ सानुबन्धाद्विभक्तिस्तु तेनैवानुबन्धविनिर्मुक्तोपस्थितेस्तस्यैवार्थवत्त्वात्सुलभा; इत्सञ्ज्ञाकार्यं तु यत्र सञ्ज्ञा तत्राऽऽनर्थक्यात् तदुपस्थाप्य एव। स्पष्टश्चेदं 'तित्स्वरितम्' (६/१/८५) इत्यत्र कैयटे। वैयाकरणे चित्स्वरस्तु न। तस्येच्चकारसदृशत्वे तत्त्वाभावात्। विभक्त्यादिञ्ज्ञापि सूत्रान्तर्गतानामेवेति तत्रैव 'न विभक्तौ' (१/३/४) इत्यादीनां प्रवृत्तिः। अत एव 'इदम् इश्' (५/३/३) इत्यादाविण्त्वात्सवर्णग्रहणं प्राप्तयमप्रत्यय इत्यनेन निषिद्धयते इति भाष्योक्तं सङ्गच्छते। यत्तु 'अनेकाल्' (१/१/५५) सूत्रे 'इशि शिद्ग्रहणाभावेऽपि शित्करणादेव सर्वादेशत्वम्' इति भाष्ये उक्त, तस्येत्सञ्ज्ञकशकरणाद् (२) भूतपूर्वानेकाल्त्वमादाय सर्वादेशत्वमित्यर्थ इति न तद्विरोधः।

हलन्त्यम्। यहाँ दो पद हैं क्योंकि समास में अन्त्य शब्द का पूर्व निपात होने लगेगा और कर्मधारय के योगपदो का समास न करना सूत्रकार की शली है। इसका तात्पर्य यह है कि जहाँ समास तथा उसके अभाव में कोई अन्तर न हो वहाँ समास नहीं करते हैं। 'निपात् एकाच्' में समास में एकाच् और समास के अभाव में एकोच् यह विशेषता है।

यद्यपि सभी हल उस-उस समुदाय के प्रति अन्त्य होते हैं तो भी अन्त्य पद और उपदेश पद से सामीप्य सम्बन्ध से अज्ञात जो अपना स्वरूप उसका बोधक जो उच्चारण तद् विषय समुदाय के प्रति अन्त्य का ग्रहण यहाँ लेते हैं। इसी से मकार की इत्संज्ञा के अभाव के लिए थम्र प्रत्यय का उकार चरितार्थ है सर्वत्र समुदाय के उपदेश में ही ऋषि तात्पर्य होने से अवयवों का तो निश्चित होने से अवयवों में अज्ञात स्वस्थ रूप ज्ञापकत्व का अभाव है। उपदेशऽन्त्य इति। उसमें विद्यमान जो अन्त्य यह अर्थ है इससे अ इ उ ण् इत्यादि में णकारादि की हल् प्रत्याहार की सिद्धि के पश्चात् इत्संज्ञा होती है। अन्यत्र अन्तरंग होने से उच्चारण से अभिव्यक्ति की उसके अव्यवधान से इत्संज्ञा होती है क्योंकि पदार्थोपस्थिति अनुबन्ध से रहित की ही होती है जैसा कि "नाज्झलौ" सूत्र के भाष्य में लिखा है कि उपदेश के पश्चात् इत्संज्ञा। घुट् इत्यादि में अनुबन्ध विशिष्ट से विभक्ति की उत्पत्ति सुलभ है क्योंकि उससे ही अनुबन्ध से मुक्त पदार्थोपस्थिति होने से अर्थवान भी है अर्थात् अर्थवान की प्रातिपदिक संज्ञा होती है और प्रातिपदिक से ही विभक्ति आती है। इत्संज्ञा कार्य तो जहाँ संज्ञा है वहाँ आनर्थक्य होने से उपस्थाप्य में ही होती है यह तित्स्वरितम् के कैयट में स्पष्ट है वैयाकरण में चित्स्वर तो नहीं होता है क्योंकि वह इत् चकार के सदृश्य है पर इत् नहीं है। विभक्ति आदि संज्ञा भी सूत्रान्तरर्गतों की ही होती है। वहीं न विभक्तौ आदि की प्रवृत्ति होती है इसी से

इदम् इश इत्यादि में अण् होने से प्राप्त सवर्ण संज्ञा का अप्रत्यय से निषेध होता है यह भाष्योक्ति भी संगति होता है जो कि अनेकाल् सूत्र में इश में शिद् ग्रहण के अभाव में भी शित् करण से ही सर्वादेश है। ऐसा भाष्य में कहा है उसका अर्थ है इत्सञ्ज्ञक् शकार के करने से भूतपूर्व अनेकाल् मानकर सर्वादेश होता है इस प्रकार से उससे विरोध नहीं है।

अत्र केचित—अनुबन्धा अनैकान्ताः अनवयवाः। यो ह्येकान्तः स कदाचित्तत्रोपलभ्यत एव अयन्तु न तथा, तदर्थभूते (१) विधेये कदाऽप्यदर्शनात्। 'हलन्त्यम्' (१।३।३) इत्यत्रान्त्यशब्दः (२) परसमीपबोधकः, 'चुटू' (१।३।७) इत्यादावादिशब्दः पूर्वसमीपबोधकः, 'अनेकाल् शित्' (१।१।५५) इत्यादौ समीपे सामीप्यमूलकावयवत्वारोपेण बहुव्रीहिः। स्पष्टचचेदं उपदेशेऽज्' (१।३।२) इति सूत्रे भाष्ये 'मपर्यन्तस्य' (७।२।९१) इति सूत्रे कैयटे च। तेन डाणलादौ इशादौ च न दोषः। अत एव 'उपदेशेऽच्' (१।३।२) इति सूत्रे उपदेशग्रहणं चरितार्थम्। तद्धि 'अभ्रू आँ अटितः' इत्यादौ 'आदितश्च' (७।२।१६) इतीटप्रतिषेधाभावाय। अनेकान्तत्वे हि तत्याप्तिरित्याहुः।

यहाँ किसी कथन है कि अनुबन्ध अनेकान्त अनुवयव होते है जो एकान्त अवयव होता है वह कभी तो वहाँ मिलता ही है। यह उस प्रकार का नहीं है क्योंकि विधेय में इसका कभी भी दर्शन नहीं होता है। हलन्त्यम् में अन्त्य शब्द पर होते हुए समीप का बोधक है। चुटू: इत्यादि में आदि शब्द पूर्व होते हुए समीप का बोधक है। अनेकाल् शित् इत्यादि में शित् में समीप में सामीप्य मूलक अवयव का आरोप करने से बहुव्रीहिः समास है यह उपदेशेऽज् सूत्र के भाष्य में और मपर्यन्तस्य सूत्र के कैयट में स्पष्ट है। इससे डाणल् आदि में और इश् आदि में दोष नहीं है इसी से उपदेशेऽच् सूत्र में उपदेश ग्रहण भी चरितार्थ है उपदेश ग्रहण का फल है कि अभ्रआँ अटितः इत्यादि में इट् के निषेध का अभाव। अनेकान्त मानने पर ही उसकी प्राप्ति है।

यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है "अनुबन्धा बोधकानवयवाः बोधक घटकत्वेनोपलब्धि विषयत्वे सति बोध्यघटकत्वेनोपलब्धि विषयत्वा भावात्।"

अनुबन्ध बोधक के अवयव नहीं होते है क्योंकि बोधक सूत्र के मध्य में तो उपलब्धि होती है परन्तु लक्ष्य के मध्य में उपलब्धि नहीं होती है। उक्त हेतु आनङ के आकार में व्यभिचरित है क्योंकि नकार की उपलब्धि लक्ष्य में नहीं होती है और वह अनुबन्ध नहीं है। तथा चक्रकापत्ति दोष भी है। हेतु साध्य में तब जाये जबकि तस्यलोपः से लोप हो। लोप इत्संज्ञा होने से होगा। हलन्त्यम् से इति संज्ञा उसके वाक्यार्थ होने पर होगी। वाक्यार्थ अन्त्यादि शब्द में लक्षणा होने पर होगा। लक्षणा

अनवयवत्व होने पर होगी। अनवयवत्व हेतु के साधन में जाने पर सिद्ध होगा

(३) परे तु-एकान्ता एव (४) शास्त्र तत्रापलम्भादन्यत्रानुपलम्भाच्च। अनवयवो हि काकादिरेकजातीयसम्बन्धेन गृहवृक्षादिषूपलभ्यते, नैवमयम्। किञ्चानवयवत्वे ण-श-क प्रत्ययादौ णादेरित्त्वानापत्तिः। प्रत्ययादित्वाभावात्। एवमन्त्यत्वाभादिशादेः शस्येत्वानापत्तिः। उक्तार्थलाक्षणिकत्वे तु लक्षणैव दोषः। किञ्च दध्नचश्र्चकारवैयर्थ्यापत्त्याऽवयवत्वमेव न्याय्यम्। अत एव 'वुञ्छण्कठच् (४/२/८०) इतिसूत्रविहितके णित्त्वप्रयुक्तवृद्धिर्न। 'तस्य लोपः' (१/३/१) इति भाष्ये 'एकान्तत्वमेव न्याय्यम्' इत्युक्तेश्र्च। उपदेशेऽन्' (१।३।२) इति सूत्रे उपदेशग्रहणन्तु स्पष्टार्थमेवेत्याहुः। सर्वत्रानुबन्धसहितनिर्देशे विधौ 'गुप्तिन्दिभ्यः' (३।१।५) इत्यादौ (१) नकारेत्संज्ञकः सो भवतीत्यादिक्रमेण बोधः। अनुवादे 'सन्यतः' (७।४।७९) इत्यादौ च नकारेत्सञ्ज्ञके सशब्दे परे इत्यादिक्रमेण बोधः। स्पष्टञ्चेदं निष्ठासञ्ज्ञासूत्रे भाष्ये। अत एव 'आटश्र्च' (६।१।९०) इत्यादेर्नासङ्गतिः (२)। अन्यथा यत्राऽऽट् सूत्रे तत्र नाच्परो, नेष्यते च तत्र वृद्धिः यत्र प्रयोगे इष्यते वृद्धिस्तत्र नाऽऽडिति तदसङ्गतिः स्पष्टैव। अन्त्यङ्किम्। (१) वाचालः। हलिकम्। 'चिरिणोति' इत्यादौ धातोरन्त्यस्य मा भूत्।

इसलिए नागेश कहते है कि एकान्ता एव। अर्थात् अनुबन्ध अवयव होते है शास्त्र में मिलता है अन्यत्र नहीं मिलता।

अनुमान प्रयोग इस प्रकार है अनुबन्धा बोधक अवयव शास्त्र घटक बोधक घटकत्वे नोपलब्धि बिषयत्वेसति शास्त्रघटक बोधकान्थघटकत्वेनोपलब्धि विषयत्वा भावात्।)

अनवयव काक आदि पक्षी एक जातीय सम्बन्ध से (काक प्रतियोगिक गृहानुयोगिक) गृह तथा वृक्ष आदि में मिलता है यह इस प्रकार का नहीं है। और अनवयव मानने पर ण शक प्रत्यय के आदि में णकार आदि में इत्संज्ञा नहीं होगी क्योंकि प्रत्यय के आदि नहीं है। इसी प्रकार से अन्त्य के अभाव में ईश् आदि के शकार की इति संज्ञा नहीं होगी पूर्वोक्त लक्षणा मानने पर तो लक्षणा ही दोष है और दन्धच् का चकार भी व्यर्थ हो जायेगा इसलिये अवयवों मानना ही उचित है इसी से वुञ्छण् कठच् सूत्र से बिहितक प्रत्यय में णित्व प्रयुक्त वृद्धि नहीं होती है। तस्यलोपः सूत्र के भाष्य में एकान्तत्व (अवयव) पक्ष को ही न्याय कहा है। अनवयव मानने पर णित् का अर्थ--णकार का अर्थ है इत् जिसके पास होता है तब क के पास भी णकार होने से ऋष्यकः में वृद्धि होने लगती उपदेशेऽजिति सूत्र में उपदेश ग्रहण तो स्पष्टार्थ तो ही है।

सर्वत्र अनुबन्ध सहित निर्दिष्ट विधि मुप्तिज्किद्भ्यः इत्यादि में नकार इति संज्ञा वाला सकार होता है। इस प्रकार का ही अर्थ करना। अनुवाद 'सन्यतः' इत्यादि में नकार इति संज्ञा वाले सकार के परे इत्यादि बोध होगा यह निष्ठा संज्ञा विधायेक सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है उक्त सिद्धान्त स्वीकार करने से आटश्र्च में कोई दोष नहीं है अर्थात इनकी असंगति नहीं है नहीं तो जहाँ सूत्र में आट् है वहाँ अच् परे नहीं है तथा वहाँ वृद्धि भी इष्ट नहीं है और वहाँ जहाँ प्रयोग में वृद्धि इष्ट है वहाँ आट् नहीं है तब उसकी असंगति स्पष्ट ही थी अन्त्य ग्रहण के अभाव में वाचालः में चकार की इत्संज्ञा हो जाती चिरणोति में धातु के अन्त्य की इत्संज्ञा न हो इसलिए हल् ग्रहण किया है।

आद्योच्चारणमिति। आद्यमुच्चारणमित्यर्थः, भाव घाञात भावः। तच्च प्रत्यासत्त्यैतच्छास्त्रप्रवर्त्तकाचार्याणामेव। आद्यत्वञ्चाज्ञातस्वस्वरूपज्ञापकत्वम्। उपस्याद्यर्थत्वाद्दिशेरुच्चारणक्रियत्वात्। अत एव 'एकाच उपदेशे' (७/२/१०) इति सूत्रे कैयटेनोक्तम्—'इत्सञ्ज्ञाविधावुच्चारणवचन उपदिशिर्गृह्यते' इति, 'आदेच' (६/१/४५) इति सूत्रेऽपि 'येषां स्वरूपज्ञापनायापूर्वमुच्चारणं तेषामेवोपदेशव्यवहारः' इति तत्र सूत्रे भाष्येऽपि 'उद्देशश्च प्रातिपदिकानां नोपदेशः' इति, प्रकृतसूत्रे भाष्येऽपि 'प्रत्यक्षमाख्यानमुपदेशः' इत्युक्तम्। तस्य चोक्त एवार्थः।

आद्योच्चारणमिति। आद्य जो उच्चारण यह अर्थ है। उच्चारण में भाव में घञ् प्रत्यय है और वह आद्योच्चारण सामीप्य सम्बन्ध से व्याकरण शास्त्र के प्रवर्तक आचार्यों का ही है अज्ञात अपने स्वरूप का ज्ञापक ही आद्योच्चारण है क्योंकि 'उप' का आद्य अर्थ है और 'दिश्' का उच्चारण अर्थ है। इसीलिए 'एकाच् उपदेशे' सूत्र में कैयट ने कहा है इत्संज्ञा विधायक सूत्र में उच्चारण वचन उपदिशि का ग्रहण है आदेच सूत्र में भी—जिनके स्वरूप ज्ञान के लिए अपूर्व उच्चारण होता है उनका ही उपदेश व्यवहार होता है। उस सूत्र के भाष्य में भी प्रातिपदिकों को उद्देश्य होता है, उपदेश नहीं होता है। प्रकृत सूत्र के भाष्य में प्रत्यक्ष आख्यान को उपदेश कहा है उसका भी वही अर्थ है।

यहाँ आद्य (नवीन) पक्ष ही भाष्य सम्मत है नवीन पक्ष से स्थानीक अल् प्रतिषेध में कुरूवधपिव का प्रतिषेध कहना चाहिए इस वार्तिक के उपपादन के समय स्थानवद भाव से अंगसंज्ञा और स्वाश्रय (स्वाभाविक) लघूपधत्व है तब लघूपध गुण आदि की प्राप्ति है इत्यादि भाष्य की उक्त से नवीनार्थ ही भाष्य सम्मत प्रतीत होता है। इसी प्रकार जिस निमित्तक विकलता से उपदेश सूत्र की अप्रवृत्ति हुई है उस निमित्त को छोड़कर और सभी निमित्त अतिदेश के भी होते है। इसी से इष्टवद् भाव से अतिदिष्ट (आद्य) भत्व को वर्णाश्रयत्व भिद का अतिदेश होता है सम्पूर्ण अतिदेशों

में यह समान ही है। जिस निमित्त की विकलता से उपदेश शास्त्र की प्रवृत्ति नहीं हुई हो। वह निमित्त में प्रत्यासत्ति न्याय से शास्त्रीय ही लेना।

स्थानिवदित्युक्तेः (२) सम्बन्धिशब्दमहिम्नैवाऽऽदेशलाभे आदेशग्रहणं श्रौतस्थान्यादेशभावस्यैव ग्रहणमितिशङ्कावारणद्वारा 'एरुः' (३।४।८६) इत्यादौ शब्दानित्यत्ववारणाय 'सर्वे सर्वपदादेशाः' इति न्यायेन कल्प्यमानस्य (१) तेस्तुरित्यानुमानिकादेशस्य सङ्ग्रहार्थम्। तेन 'पचतु' इत्यादेः पदत्वसिद्धिरिति भाष्ये स्पष्टम्।

स्थानिवत् कहने से सम्बन्धी शब्द की महिमा से आदेश लाभ हो जाता फिर आदेश ग्रहण करने से यह सिद्ध होना है कि श्रोत स्थान्यादेश का भी ग्रहण होता है। इस शंका की निवृत्ति द्वारा आनुमानिक स्थानान्यादेश देश का भी ग्रहण होता है। अतएव एरुः इत्यादि में शब्द के अनित्यत्व कारण के लिए सर्वेसर्वपदादेशाः इस न्याय से कल्पना किया गया। 'ति' के स्थान में 'तु' आदेश होता है आनुमानिक का भी संग्रह होता है। इससे पचतु इत्यादि की पद संज्ञा होती है।

ननु तोस्तित्वमपि छिन्नपुच्छे शुनि श्वत्वव्यवहारवल्लोकन्यायेनैव सिद्धम्। तदुक्तं—'प्राग्दीव्यतोऽण्' (४।१।८३) इति सूत्रे भाष्ये 'दीव्यतिशब्दैकदेशदीव्यच्छब्दानुकरणमिदम्' इत्युक्त्वा 'किमर्थं विकृतनिर्देशः? (४) एतदेव ज्ञापयत्याचार्यो भवत्येषा परिभाषा 'एकदेशविकृतमनन्यवत्' इति। (३) अत एवात्र विकारोऽशास्त्रीयोऽपि। अत एव श्रायसशब्दादणन्ताद् द्विवचने 'श्रायसौ' इत्यत्र वृद्धौ कृतायां सान्तस्योगित्त्वेनानेन न्यायेनाङ्गतया प्राप्तो नुम् पूर्वसम्बन्धिविधित्वेन 'अचः परस्मिन्' (१।१।५७) इति स्थापिनवत्त्वेन वारितः 'अचः परस्मिन्' (१।१।५७ इति सूत्रे भाष्ये। एतन्न्यायानाश्रयणे त्वङ्गत्वमेव दुर्लभम्। 'अन्तादिवत्' (६।१।८५) सूत्रे भाष्यकैयटयोरपि 'गुडोदकम्' इत्यादावेकादेशे कृते दशकशब्दस्यानेन न्यायेनो (४) दकशब्दत्वमाश्रित्य 'उदकेऽकेवले' [६।२।९६] इति पूर्वपदान्तोदात्तत्वमुक्तम्। शब्दानित्यत्वं तु रेखागवयन्यायेन समाधेयम्। अनन्यवदित्यस्यान्यवन्नेत्यर्थः। तत्रा [१] ऽन्यसादृश्यनिषेधेऽन्यत्वाभावः सुतरामिति चेत्? न, अर्द्धस्यान्यत्वे जतिव्यञ्जकभूयोऽवयवदर्शनाभावेन तौ तित्त्वप्रतीतेर्न्यायेनानुपपादनात्। किं च तिङ्सञ्ज्ञायास्तिबादिसूत्रोपात्त [२] परिच्छिन्नपरिमाणनिष्ठतया परिच्छिन्नपरिमाणार्थवाचकशब्दानां न्यूनेऽधिके वा शास्त्रव्यापारं विनाऽप्रवृत्तेः 'येन विधिः' [१।१।७२] इति

सूत्रेऽङ्गसंज्ञासूत्रे च भाष्ये उक्ततया तदभावात्। न्यूनाधिकत्वञ्च वैरूप्य-स्योपलक्षम्।

अब यहाँ शंका करते हैं कि पुच्छ कटे हुए कुत्ते में जिस प्रकार कुते का व्यवहार लोक में होता है। उसी प्रकार तु में तित्व भी आ जायेगा यह प्राग्दीव्यतोऽण् सूत्र के भाष्य में लिखा है। वहाँ कहा है कि दीव्यति शब्द के एक देश दीव्यत् का अनुकरण ही यह कहकर विकृत निर्देश क्यों किया है तो यह निर्देश है "एक देश विकृत मनन्यवत्" परिभाषा को सापित करता है इस परिभाषा में विकार अशास्त्रीय भी लेते हैं। अशास्त्रीय के लेने से ही अण् प्रत्यान्त श्रायस शब्द से द्विवचन में श्रायसौ में वृद्धि करने के पश्चात् सान्त के उगित् होने से एक देश विकृत न्याय से अंग होने के कारण प्राप्तनुम् पूर्व सम्बन्ध विधि होने से अचः परस्मिन् से स्थानिवद् भाव करके वारण किया है अचः परस्मिन् सूत्र के भाष्य में इस न्याय की सहायता के बिना तो अंग मिलना ही कठिन था सर्व अन्तादिवच्च सूत्र के भाष्य और कैयट में भी गुडोदकम् एकादेश करने पर इस न्याय से दक् को उदक् मानकर उदके केवले से पूर्वपद को अन्तोदान्त स्वीकार किया है इस प्रकार से प्राप्त शब्दानित्यत्व का वारण रेखागवय न्याय से करना चाहिए अनन्यवत् का अर्थ है कि अन्य की तरह नहीं होता है। वहाँ अन्य के सादृश्य निषेध होने पर अनयत्व का न होना तो स्वतः सिद्ध है परन्तु यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि आधे के अन्य होने पर जाति के व्यंजक बहुत से अवयवों के दर्शन के अभाव से तू में तित्व की प्रतीत का न्याय से उपपादन सम्भव नहीं है और तिङ् संज्ञा तिप्तस् इत्यादि सूत्र में उपात्त परिच्छिन परिमाण होने से परिच्छिन्न और परिमाण अर्थ के वाचक शब्द का न्यून या अधिक में शास्त्र व्यापार के बिना प्रवृत्ति नहीं होती है ऐसा मेन विधिः और अंग संज्ञा विधायक सूत्र के भाष्य में कहने से उसका अभाव होगा। पचतु में न्यून या अधिक नहीं है यह शंका नहीं करनी चाहिए क्योंकि न्यूनाधिक वैरुप्य का भी उपलक्षण है।

न च 'तण्डुलान्' इत्यादौ स्थानिवद्भावेन प्रत्ययान्तत्वेऽपि स्वतः प्रत्ययान्तभिन्नत्वात् (३) प्रातिपदिकत्वापत्तिरिति वाच्यम्। अतिदेशस्व-भावेना (४) ऽतिदिश्यमानधर्मविरुद्धस्वाश्रयकार्याभावात्। अत एव 'जहि' इत्यादौ जादेशस्यासिद्धत्वे स्वाश्रयो हेलुंगन, सिद्धत्वासिद्धत्वयोर्विरोधात्। 'असिद्धवत्' (६।४।२२) सूत्रं तु 'शाधि' इत्यादौ स्थानिप्रयुक्तधिभावसम्पा-दनेन चरितार्थम्। न च 'अप्रत्ययः' इत्यस्य पर्युदासत्वे शास्त्रीयकार्याभा-वात्स्थानिवत्त्वं दुर्लभमिति वाच्यम्। 'वेः स्कन्देरनिष्ठायाम्' [८।३।७३] इति षत्वविधायके तिङन्तेषु षत्वाभावायाऽऽवश्यकेन न्याय्येन चानिष्ठाया-मिति पर्युदासेन वृत्त्यादिसम्मतेन पर्युदासलभ्याशास्त्रीयेऽपि शास्त्रतात्प

र्यंविषये शास्त्रीयवदतिदेशबोधनात् । 'विस्कन्न:' इत्यादौ हि निष्ठानत्वस्य नित्यता स्थानिवत्त्वेनैव निष्ठात्वस्य वक्तव्यत्वात् तस्य प्रसज्यप्रतिषेधत्वे तु लक्ष्यानुपारिव्याख्यानादेवोक्तार्थसिद्धिरिति बोद्धयम् ।

अब यहाँ शंका करते है कि तण्डुलान इत्यादि प्रयोगों में स्थानिवत्भाव से प्रत्यान्त होने पर भी स्वाभाविक प्रत्यान्त होने से प्रातिपदिक संज्ञा हो जानी चाहिए। प्रातिपादिक संज्ञा होने से न लोप: से नकार का लोप होने लगेगा इसका उत्तर देते हुए कहते है—अतिदेश का यह स्वभाव है कि अतिदिम्यमान धर्म के विरूद्ध स्वाश्रय कार्य नहीं होता है उक्त नियम स्वीकार करने से ही जहि इत्यादि में जादेश के असिद्ध होने पर भी जकार में स्थिति अदन्त मानकर अतोहक से 'हि:' का लुक नहीं होता है क्योंकि सिद्धतत्व और असिद्धतत्व का विरोध है असिद्धवत् सूत्र व्यर्थ हो जायेगा। यह शंका करना व्यर्थ है क्योंकि शाधि में स्थानी को मानकर 'धि:' करने से चरितार्थ है अब शंका करते हैं कि अप्रत्यय को पर्युदास मानने पर शास्त्रीय कार्य के अभाव में स्थानिवत् भाव होना कठिन है। इसका उत्तर देते है वे: स्कन्देरनिष्ठायाम् षत्व करने वाले इस सूत्र में तिङन्त में षत्व के अभाव में लिये आवश्यक तथा न्यायी होने से वृत्यादि सम्भव अनिष्ठायाम्, इस पर्युदास से प्राप्त अशास्त्रीय में भी शास्त्र तात्पर्य विषय होने पर शास्त्रीय की तरह अतिदेश होता है विस्कन्ना: में नित्य होने से निष्ठा को नत्व पूर्व में होने पर स्थानिवद् भाव से निष्ठात्व आवेगा उसको प्रसज्य प्रतिषेध मानने पर तो लक्ष्यानुसारी व्याख्यान से ही पूर्वोक्त अर्थ की सिद्ध करना।

केचित्तु भाष्ये 'तत्स्थानापन्ने तद्धर्मलाभस्य तत्कार्यस्य च लोकन्यायेनैव सिद्धेरयमतिदेश: स्वं रूपमित्येतच्छास्त्रसत्त्वाद्धन्ते कार्यं वधौ न स्यादिति' इत्युक्तम् । एवञ्च 'स्वं रूपम्' (१।१।६८) इति शास्त्राविषये तेन सिद्धिरिति सूचितम् । एवञ्चाशास्त्रीयस्यापि धर्मस्यातिदेशो भवत्येव । अति प्रसङ्गस्तु लक्ष्यानुसारेण क्वचिल्लोकन्यायानाश्रयणेन परिहरणीयो यदि प्राप्नोति । एवञ्च न कश्चिद्दोष: । 'न पदान्त' (१।१।५८) इति सूत्रे 'ब्राह्मण-कण्डूति:' इत्युदाहरणाच्च क्वचित्तदनाश्रयणम् । तत्र हि कण्डूयते: क्तिचि तत्राल्लोपे तस्य स्थानित्त्वादूबङि (१) यणि वाऽनादिष्टादच: पूर्वत्वे स्थानिद्वार के गृह्यमाणे ऊठ् न स्यादित्याहु: ।

कुछ लोगों का कथन है कि भाष्य में जो किसी के स्थान पर आता है उसमें उसके धर्म का लाभ और कार्य का लाभ लोक न्याय से ही सिद्ध है। यह अतिदेश (स्थानिवत्) एवं रूपम् शास्त्र के रहने पर हन् का कार्य वध में नहीं होगा इस प्रकार

से भाष्य में कहा है इससे यह सिद्ध होता है कि स्वं रूपम् का जहाँ विषय नहीं होता है वहाँ उससे सिद्धि होती है। इस प्रकार से अशास्त्रीय धर्म का अतिदेश भी होगा ही। अति प्रसंग की प्राप्ति होने पर लक्ष्य के अनुसार कहीं लोकन्याय का आश्रयण न करके परिहार करना इस प्रकार से कोई दोष नहीं है। न पदान्त सूत्र में ब्राह्मण कण्डूतिः इस उदाहरण से भी कहीं लोक न्याय का आश्रयण नहीं होता है। भाष्य में कण्डूय् धातु से क्तच् प्रत्यय करने पर अल्लोप के होने पर उसके स्थानिवत् भावं से उवङ् या यण् करने में स्थानी के द्वारा अनादिष्ट अच् से पूर्व ग्रहण करने पर ऊठ नहीं होगा।

अनादिष्ट अच् अशास्त्रीय धर्म है जिसका शास्त्रकार संकेत करते हैं वही शास्त्रीय धर्म है कण्ड्वादि धातु और प्रातिपदिक दोनों ही होते हैं। धातु पक्ष में उवङ् की प्राप्ति है और प्रातिपदिक पक्ष में यण् की प्राप्ति है।

(२) अत एव अर्थवत्सूत्रशेषे 'अप्रत्ययः' इत्यस्य पर्युदासत्वमेवोक्तं भाष्ये। तत्र पक्षे (३) 'काण्डे' इत्यत्र पूर्वान्वतद्भावेन प्रत्ययान्तभिन्नत्वाद् दोषः शङ्कितो न तु स्वाश्रयाप्रत्ययान्तत्वेन। 'क्षियो दीर्घात्' (८।२।४६) इति सूत्रे भाष्येऽपि अतिदिश्यमानधर्मविरुद्धस्वाश्रयकार्याभाव इति स्फुटम्। तत्र हि 'क्षियः' इत्यत्रेयङर्थं प्रकृतिवदतिदेशे स्वाद्यनुत्पत्तिमाशङ्क्य 'एवं तर्हि आतिदेशिकानां स्वाश्रयाणि न निवर्त्तन्ते' इति समाधायाऽतिदिश्यमानधर्म-विरुद्धस्वाश्रयनिवृत्तेराऽवश्यकत्वाभिप्रायेण—'अथाप्येतन्न' इत्याशङ्क्य 'निर्दे-शसामर्थ्याद्विभक्तिः' इत्युक्तम्। 'असिद्धवत्' (६।४।२२) सूत्रे च कैयटे स्फुटमेतत्। यत्तु 'गाङ्कुटादि' (१।२।१) सूत्रे भाष्ये 'सृजिदृशोः' (६।१। ५८) इत्यत्राकितीति पर्युदासात् 'सिसृक्षति' इत्यत्र 'हलन्ताच्च' (१।२। १०) इति कित्त्वातिदेशेऽपि अमागममाशङ्क्य प्रसज्यप्रतिषेधाश्रयणेन समा-हितं, तत्तु वार्त्तिककृदुक्तमुपायान्तरं बोध्यम्। 'अनल्विधौ' इति विधि-ग्रहणात् (१) अलाश्रये विधावित्यर्थात यत्र विधौ शब्दतः स्थानिस्थान्य-वयवा (२) ऽन्यतराल्वृत्तिधर्मवतस्तेन तस्मात्तस्य तस्मिंस्तदादेरित्यादि-प्रकारेण विशेष्यतया विशेषणतया वा अलाश्रयणं तत्र निषेधः। 'व्यूढोर-स्केन' 'द्यौः' 'द्युभ्यां' 'क इष्टः' 'प्रपठ्य' इत्युदाहरणानि। शब्दत इत्युक्ते 'अग्रहीत्' इत्यादौ (३) 'इट ईटि' (८।२।२८) इति सिद्ध्यति। दीर्घ-विधावत्र च इट इति समुदायाश्रयणात्। अन्यथा टस्यानुबन्धत्वादिकारस्यै-वोभयत्राश्रयणमित्यल्विधित्वं स्यात्। अत्र सूत्रे विशेषातिदेशोऽपि। अन्यथा इडादेरपि क्त्वः सत्त्वात् वलादित्वस्य तद्विशेषधर्मत्वात् उपस्थितधर्मैस्त-

द्व्यापकधर्मैश्च विध्याकाङ्क्षापूरणे सति तदतिरिक्तविशेषग्रहणे मानाभाव इत्येतन्न्यायमूलकेन सामान्यातिदेशे (४) विशेषानतिदेशेन सिद्धौ विशेषणतयाऽलाश्रयणे निषेध इत्येतत्प्रतिपादकस्यानल इत्येव सिद्धे कृतस्य विधिग्रहणस्य वैयर्थ्यं स्यात्। हलादिक्ङिन्निमित्तकेत्वप्रतिषेधकात् (५) 'न ल्यपि' (६।४।६९) इति लिङ्गाच्च । अनुबन्धकार्ये त्वनल्विधाविति निषेधो न, अनुबन्धानामनेकान्तत्वात्, एकान्तत्वेऽपि शिद्ग्रहणेन तेषामल्व्यवहाराभावज्ञापनात् । 'नानुबन्धकृतमनेकाल्त्वम्' (प० ६) इति ज्ञापयतीति भाष्ये (१) ऽल्त्वव्यवहाराभावबोधनद्वारेति शेषः। ध्वनितञ्चेदं 'क्ङिति च' (१।१।५) 'गाङ् लिटि' (२।४।४९) 'हलः श्नः' (३।१।८३) इति सूत्रेषु भाष्ये। तत्राऽऽद्ये 'यासुटो ङिद्वचनात् ङिदादेशा ङितो न इति ज्ञाप्यते' इत्युक्तम्। द्वितीये गाङो ङित्त्वस्य सानुबन्धकादेशे इत्कार्याभावज्ञापकतोक्ता, तिबाद्यादेशेषु पित्त्वासिद्ध्या दूषितं च ज्ञापकम्। अन्त्ये शानचः शित्त्वस्य सार्वधातुकादेशेऽनुबन्धास्थानिवत्त्वज्ञापकत्वमुक्तम्, उक्तदूषणैरेव दूषितञ्च। अन्यथाऽनल्विधाविति निषेधेन तत्त्वाप्राप्त्या ज्ञापकत्वासङ्गतिः, तिबाद्यादेशेषु पित्त्वाद्यसिद्धिश्चेति बोद्धयम्।

पर्युदास से लभ्य अशास्त्रीय में भी शास्त्रीय की तरह अतिदेश स्वीकार करने से ही अर्थवत् सूत्र के अन्त में भाष्य में अप्रत्यय को पर्युदास ही माना है वह भाष्य में काण्डे में प्रत्यान्त भिन्नवत पूर्वान्त वद भाव से मानकर दोष की शंका की है स्वाश्रय अप्रत्यान्त मानकर नहीं की है क्षियोदीर्घात् सूत्र में भी अतिदिश्यमान धर्म के विरुद्ध स्वाश्रय कार्य का अभाव ही कहा है काण्डे में गुण करने के पश्चात् ह्रस्वोनपुस्के प्रातिपदिकस्य से ह्रस्व प्राप्ति की आशंका की है परन्तु लक्ष्येलक्षण न्याय से यहाँ ह्रस्व की प्राप्ति न होने से यह शंका उचित नहीं है। तात्पर्य यह है कि एक लक्ष्य में एक बार ही सूत्र की प्रवृत्ति होती है। काण्डे में प्रथम बार ह्रस्व हो चुका है अतः पुनः ह्रस्व नहीं होगा परन्तु यह कथन उचित नहीं है क्योंकि गुण पूर्व पर के स्थान में होता है अतः वह स्वघटक मात्रोद्देश्यक विकार नहीं है। किन्तु विकार से इतर है एकार उससे काण्डे अघटित नहीं है किन्तु घटित ही है। "क्षियोदीर्घात" सूत्र के भाष्य में भी अतिदिश्य मानधर्म के विरुद्ध स्वाश्रय कार्य का अभाव ही स्पष्टतया कहा है वहाँ भाष्य में क्षियः में १ प्रकृतिवत् के अतिदेश होने पर

(१) इयङ् के लिए स्वादिप्रत्ययों की अनुत्पत्ति की आशंका कर कहा है कि अतिदेश से प्राप्त होने वालों के स्वाश्रय कार्य निवृत्त हो जाते हैं। ऐसा समाधान कर अतिदिश्यमान धर्म के विरुद्ध स्वाश्रय की निवृत्ति आवश्यक है। इस अभिप्राय से अथापि इत्यादि से आशंका कर निर्देश सामर्थ्य से विभक्ति होती है इस प्रकार वहाँ

का कथन है कि असिद्धवत् सूत्र के कैयट में भी यह स्पष्ट है जो कि गांङ्टादि सूत्र के भाष्य में सृजिदृशो: इत्यादि अंकित को पर्युदास मानने से सिसृक्षति में हलन्ताच्च से कित्व के अतिदेश मानने पर भी अमागम की आशंका करने से प्रसज्य प्रतिषेध मानकर समाधान किया है वार्तिककार अन्य उपाय है अनल्विधौ विधिग्रहण से अमाश्रय विधि में कार्य स्वीकार करने से जिस विधि में शब्द से स्थानी या स्थानीय के अवयव के अल् में रहने वाले धर्म वाले का तेन तृतीया समास पञ्चमी समास षष्ठी समास सप्तमी समास । (अल: विधि: अल: विधि: अलि विधि अल्विधि:) तदादि को इत्यादि क्रम से विशेष्यरूप से अथवा विशेषण रूप से अल् का आश्रयण हो वहाँ अनल्विधौ से निषेध होता है। शब्दत: स्थानीय कहने से नवीन के अर्थक ग्रहण है अलत्व व्याप्त धर्मा वच्छिन्नत्यादि स्नान्यवयवक कहने से प्राचीन मत संग्रह है धर्म अन्यतर के अल् में वृतिता विवक्षित है तृतीया समास का उदाहरण व्यूठोरस्केन है यहाँ विसर्ग-वृत्त अटत्व राकरणत्व की प्राप्ति थी परन्तु अल् से व्यवधान होने के कारण निषेध होता है पंचमी समास का उदाहरण द्यौ: है यहाँ दिव वृत्ति हलन्तत्व लकार हलऽयादि से मकार का लोप नहीं होता हैं क्योंकि अल से परे सकार का लोप करना है षष्ठी समास का उदाहरण द्युम्यां है यहाँ द्वित्र उत् से वकार को उकार होता है। उकार को स्थानवद् भाव से वकार मानकर लोपोव्योर्बलि से लोप नहीं होता है क्योंकि अल् के स्थान में कार्य करना है सप्तमी समास का उदाहरण क इष्ट: है। यहाँ यज् धातु से क्त प्रत्यय सम्प्रसारण करने से इष्ट: बनता है फिर क के उत्तर स कारुत्व यत्न य लोप करने पर का इष्ट: की सिद्धि होती है अब यहाँ सम्प्रसारण को स्थानिवद् भाव कर यकार के परे "हशि च" से उत्व करने में स्थानिवद् भाव का निषेध हो जाता है क्योंकि अल के पर उत्वादि विधि करनी है यद्यपि रुत्व उत्वगुण अवादेश करने पर यकार के लोप करने से क इष्ट: की सिद्ध हो सकती है परन्तु वकार का लोप विकल्प से होने से पक्ष में कविष्ट: भी होगा और यत्वादि करने से कविष्ट: है। अल् के विशेषण का उदाहरण प्रपद्य है क्योंकि वलादि में वल विशेषण रूप से टहीत है शब्दत: कहने से अटहीत की सिद्ध होती है अर्थात यहाँ ईट् ईटि से सकार का लोप सिद्ध होता है। क्योंकि ग्रहोऽलिटि दीर्घ विधायक सूत्र में तथा ईट ईटि में समुदाय का ही आश्रयण है अन्यथा टकार के अनुबन्ध होने से दीर्घविधायक तथा सकार के लोप विधायक सूत्र में इकार के ही आश्रयण से अल् विधि हो जाती ग्रहो-ऽलिटि सूत्र में इट् को ही स्थानीय माना है इसलिए उस सूत्र की स्थानीयता अलत्व व्याप्त धर्माविच्छिन्न ही है क्योंकि इट् में इकार और टकार दो अल् है इस सूत्र में विशेष्यति देश भी होता है। उसके अभाव में इजदि भी क्त्वा होने पर वलादित्व उसका विशेष धर्म है। उसके होने पर उपस्थित धर्म या उसके व्यापक धर्मों से विधि शास्त्र की आकांक्षा पूर्ति होने पर उससे अतिरिक्त विशेष ग्रहण के ग्रहण में प्रमाण के अभाव से इस न्याय के मूलवाले सामान्य के अतिदेश में विशेष का अतिदेश नहीं होता

है इस परिभाषा से भी कार्य सिद्ध था फिर विशेषण के रूप में भी अल् के आश्रयण में निषेध होता है इस अर्थ को सिद्ध करने वाले विधि ग्रहण का वैयर्थ्य हो जाता है। हलादि कित् दित् निमित्त मानकर इत्व के निषेध करने वाले नल्यापि सूत्र से यह सिद्ध है। अनुबन्ध कार्य में अनल्विधौ यह निषेध नहीं होता है क्योंकि अनुबन्ध अनेकान्त अनवयव होते हैं। अनुबन्धों को अवयव मानने पर भी अनेकाल सूत्र में शित् ग्रहण से उनके अल् व्यवहार का अभाव ही रहता है जो कि भाष्य में शित् ग्रहण नानुबन्धकृत मनेकालत्वम् परिभाषा में ज्ञापक है उसका भी तात्पर्य अलत्व व्यवहार के अभाव को बोध न करके ही उक्त परिभाषा में ज्ञापक समझना चाहिए यह विषय क्ङिति च गाङ् लिटि हलःश्न सूत्रों के भाष्य में स्पष्ट है प्रथम सूत्र के भाष्य में यासुट् के ङित्व से ङिन्त के स्थान में होने वाले आदेशङिन्त नहीं होते हैं ऐसा कहा है। द्वितीय सूत्र के भाष्य में गाङ् के ङित्व से अनुबन्ध विशिष्ट आदेश में इत् कार्य के अभाव का ज्ञापन किया है। तिप् आदि के आदेशों में पित्व को असिद्ध मानकर ज्ञापक को दूषित भी किया है। तृतीय सूत्र के भाष्य में शानच् के शित्व को सार्वधातुक आदेश में अनुबन्ध स्थानीय नहीं होता है। उक्त दोषों से उसको दूषित भी किया है। नहीं तो अनल्विधौ निषेध से ही उन धर्मों की अप्राप्ति से ज्ञापक ही असंगत थे और तित् आदि के आदेशों में पित्व आदि की असिद्ध थी।

अचः पर (१।१।५७) आदेशग्रहणमनुवर्त्तते, तदनुरोधात् 'अचः' इति स्थानषष्ठी। 'परस्मिन्' इत्यादेशविशेषणं, तदाह–परनिमित्त इत्यादि। (२) अच एवादेश इत्यर्थः। तेन—

(१) मरुतमाचष्टे 'मारयति' इत्यादौ वृद्धिः। अत्र सूत्रे—

(१) प्रयोगे योऽच् तत्स्थानिक इत्यर्थः; (२) न तु सूत्रे स्थानित्वे नोपात्ताच्स्थानिक इत्यर्थस्तेन णिलोपादेरनेन स्थानिवत्त्वं सिद्ध्यति। अत एव चङ्परनिर्ह्रासे ण्यन्तात् णिचि 'अवीवदत्' इत्यादिसिद्धयर्थो निषेधः सार्थकः। अच इति किम् ? (३) आगत्य, मलोपस्य स्थानिवत्त्वात् 'ह्रस्वस्य' (६।१.७१) इति तुग्न स्यात्। परस्मिन्निति किम् ? (४) युवजानिः। निङः स्थानिवत्त्वेन यलोपो न स्यादिति। पूर्वविधाविति किम् ? नैधेयः। निपूर्वाद्धाञः किप्रत्यये आतो लोपे तस्य स्थानिवद्भावान् (५) त्र्यच्त्वव्यपदेशविरोधात्स्वाश्रयद्वयच्त्वनिवृत्तौ ढगनापत्तेरिति दिक्।

अत्र स्थानिनि सति यद्भवति, तदादेशेऽपि भवति, स्थानिनि (१) यन्न भवति तदादेशेऽपि नेति भावाभावयोरुभयोरप्यतिदेशः। तत्र भावोदाहरणं 'निगाल्यते' इति, अन्त्योदाहरणं 'ण्टयति' इत्यादि। स्थानिमित्तकं

भवत्यादेशनिमित्तकं नेति च तदर्थः। लघूपधत्वसम्पादनद्वारा लोपनिमित्तिका वृद्धिरित्याहुः।

अचः परस्मिन्स्थानित्रत् सूत्र से आदेश की अनुवृत्त होती है उसके अनुरोध से अचः यह स्थान षष्ठी है। परस्मिन् आदेश का विशेषण है इसलिये कहते है परनिमित्त इत्यादि पर को निमित्त मानकर अच् के स्थान में हुआ आदेश स्थानीय की तरह होता है स्नानिभूत अच् से पूर्व दृष्टि होने पर अच् के स्थान में ही आदेश हो इससे मझतमाघष्टे विग्रह में सिद्ध मारयति इत्यादि में वृद्धि होती है उक्त प्रयोग में लट्ट के लोप होने से केवल लोप अच् स्थानिक नहीं है इस सूत्र में प्रयोग में जो अच् स्थानिम् यह अर्थ है सूत्र में स्थानित्वेन उपान्त अच् स्थानिक यह अर्थ नहीं है इसणिलोपादिक् स्थानिवत् भाव भी इसी से होता है। इसीलिये चङ् परक निर्हास उपधालोप में ज्यन्त से ङिच के परे अवीवदत् इत्यादि की सिद्धि के लिये निषेध सार्थक होता है अन्यथाः णिलोपकेस्थानिवत् भाव की प्राप्ति के अभाव में निषेध की कोई आवश्यकता नहीं थी। अचः न कहने पर आगत्य में मलोप के स्थानिवत् भावहोने पर ह्रस्वस्व से तुक् नहीं होता परस्मिन् न कहने पर युवजानिः में दोष था निङ् के स्थानिवत् भाव होने से मलोप नहीं होता परन्तु निङ़ पर निमित्तक नहीं है अतः स्थानिवत् भाव से आकार नहीं आता है और निङ़् को मानकर मलोप हो जाता है पूर्व विधौ का फल नैद्यंयः ही तिङ् पूर्वक धाञ् धातु से कि प्रत्यय करने पर आकार के लोप होने पर उसके स्थानिवत् भाव से तीन अच् होने से (निङ़् की इकार धातु का आकार और कि प्रत्यय की इकार द्वयचत्व की निवृत्ति होने से द्विचा ढक से नही होता। स्थानी के रहने पर जो कार्य होता है वह आदेश के रहने पर भी होता है "स्थानी के रहते जो कार्य नहीं होता वहाँ आदेश में भी नहीं होता" अर्थात यह सूत्र भाव और अभाव दोनों का अतिदेश करता है भावातिदेश का उदाहरण निगालते है यहाँ णि को मानकर लत्व होता है। आभावाति देश का उदाहरण पटयति है। यहाँ पटु के उकार रहने पर वृद्धि नहीं होती है तो उसके लोप करने पर भी नहीं होती तात्पर्य यह है कि स्यानिनिमित्तक कार्य होता है और आदेश को निमित्त मानकर होने वाला कार्य नहीं होता लघूपध (अघुपध) होने से वृद्धि लोप निमित्तक है। स्थानी के रहने पर इत्यादि अर्थ मानने पर देवपते से द्विव करने पर दयू सिद्ध नहीं होगा क्योंकि वकार ऊठ होने पर अभादेश होता है स्थानी की सत्ता में अयादेश नहीं होता था तो लोप करने पर भी नहीं होना चाहिए। आदेशे स्थानिवृत्त धर्म सम्भावनायाम् यद भवति तद्भवति यत्र न भवति तत्र भवति (आदेश में स्थानी के रहने वाले धर्म की सम्भावना में जो कार्य होता है वही और को नहीं होता है वह नहीं हो प्रकृतिणित्व की सम्भावना करने पर भी क्विप को निमित्त मानकर ऊठ हो ही गया है अतः अमादेश हो जायेगा उक्त अर्थ में ऐषोगमयत् में दोष आता है अर्थात

एतददौः से सुलोप होने लगेगा इसका उत्तर देते हुए कहते है स्थानिनिवृत्ति आदेशोग-जातइति सम्भावनायाम् यद्भवति तद्भवति यत्भवति तत्भवति ऐसा अर्थ मानने पर कोई दोष नहीं है प्रकृति में स्थानीय इण् की निवृत्ति नहीं हुई है और आदेशगम् भी नहीं हुआ है ऐसी अवस्था में सुलोप की प्राप्त नहीं है।

स्थानिभूतादच इति। सूत्रे श्रवणाव्याख्यानाच्च तस्यैव पूर्वत्वेऽव-धित्वमिति भावः। 'पूर्वविधौ' इत्यस्य पूर्वसम्बन्धिन्येव शास्त्रविधेये कर्त्तव्ये इत्यर्थः। तेन पूर्वपरयोर्विधौ न। तेन (२) 'आरतुः' इत्यादौ 'ऋच्छत्यताम्' (७।४।११) इति गुणस्य सवर्णदीर्घे न स्थानिवत्त्वम्। वस्तुतोऽत्र पूर्वविधि-शब्दे तन्त्रम्। एकस्योक्तोऽर्थः, द्वितीये भावे किः। सम्बन्धसामान्यषष्ठयन्त-पूर्वशब्देन समासः। विधिर्भावः पूर्वसम्बन्धिभावे तत्स्थितौ स्थानिवदित्यर्थः। अत एव 'ऐनेयः' इत्यादौ 'यस्येति च' (६।४।१४८) इति लोपे तस्य स्था-निवत्त्वात्सन्नियोगशिष्टन्यायप्राप्तनिवृत्तिप्रतिबन्धेन नकारस्थितिः। 'न पदान्त' (१।१।५८) सूत्रे पञ्चेन्द्राण्यां देवता अस्य 'पञ्चेन्द्रः' इति 'लुकि न स्थानिवत्' इत्यस्योदाहरणं दत्तं भाष्ये। अन्यथा तत्र पूर्वत्वेन दृष्टस्य सम्बन्धिनः कस्यचिद्विधेयस्याभावात्स्थानिवत्त्वाप्राप्तिरेवेति तदसङ्गतिः स्पष्टैव। प्रकृतसूत्रेऽपि भाष्ये 'कर्मसाधनस्य विधिशब्दस्योपादाने न सर्व-मिष्टं सङ्गृहीतमिति भावसाधनो विज्ञास्यते पूर्वस्य विधानं प्रति पूर्वस्य भावं प्रति स्थानिवत्' इत्युक्तम्। तत्र भावसाधन इत्यस्य (१) तोऽपीत्यर्थः। पूर्वत्पञ्च व्यवहिताव्यवहितसाधारणम्, अव्यवहितग्रहणे मानाभावात्, निषेधाच्च। तेन 'पटयति' इति सिद्धम्। प्रकृते च द्वित्वनिषेधे स्थानि-वत्त्वप्राप्तिः।

स्थानिभूतादच इति। सूत्र में सुनने से और व्याख्यान से अच् ही पूर्वत्व में अवधि है "पूर्वविधौ" का अर्थ यह है कि पूर्वसम्बन्धी शास्त्र विधेय करने में यह अर्थ है इससे पूर्वपद विधि भी स्थानिवत् भाव नहीं होता है इससे आरतुः इत्यादि में सवर्ण — दीर्घ करने में ऋच्छत्यृताम् से विहित गुण का स्थानिवत् भाव नहीं होता है। वास्तव में यहाँ पूर्वविधि शब्द में तन्त्र है (एक बार उच्चारण अनेकार्थ की प्राप्ति को तन्त्र कहते हैं) एकार का तो पूर्वोक्त ही अर्थ है द्वितीय विधि में भाव में कि प्रत्यय है। सम्बन्ध सामान्य में षष्ठयन्त पूर्व शब्द से समास है (पूर्वस्य विधिः) विधि का अर्थ भाव है अर्थात पूर्व सम्बन्धी भाव में (सत्ता में) अर्थात उसकी स्थिति में स्थानिदत् भाव होता है उक्तार्थ स्वीकार करने से ही ऐनेयः इत्यादि में 'यस्येति च' से इकार लोप करने पर उसके स्थानिवत् भाव से नकार की निवृत्ति नहीं होती है। येनी में तकार को नकार

और ङीप् साथ-साथ ही होते हैं इकार के लोप होने पर सन्नियोग शिष्ट न्याय से नकार की भी निवृत्ति पायी थी उक्तार्थ के स्वीकार करने से ही "न पदान्त" सूत्र में लुक्नस्थानिवत् का प्रच्चेन्द्राण्यो देवतायस्य विग्रह में सिद्ध पंचेन्द्रः उदाहरण दिया है। अन्यथा उक्त उदाहरण में पूर्व से दृष्टि सम्बन्धी के स्थान में कुछ भी विधेय नहीं है तवस्थानिवत् भाव के अभाव में निषेध व्यर्थ था अतः भाष्य की असंगति भी स्पष्ट ही है प्रकृति सूत्र के भाष्य में लिखा है कि "कर्मसाधन विधि शब्द के उपादान से सभी इष्ट स्थलों का संग्रह नहीं होता है इसलिए भाव साधन भी स्वीकार करने में अर्थात पूर्व के लिए विधान के प्रति पूर्व के भाव के सत्ता के प्रति स्थानिवत् भाव हो।" "भाष्य में भाव साधन का अर्थ भाव साधन भी है" अर्थात कर्मसाधन और भावसाधन दोनों ही है। व्यवहित और अव्यवहित दोनों ही पूर्व से लेना। क्योंकि अव्यवहित ग्रहण करने में कोई प्रमाण नहीं है और स्वर में निषेध करने से भी अव्यवहित का ग्रहण होता है। चिकीर्षिका में लिति च से आद्युदान्त करने में अलोप का स्थानिवत् भाव नहीं होता है क्योंकि न पदान्त से स्वर करने में निषेध हो जाता है। उक्त उदाहरण में व्यवहित को ही कार्य करना है। क्योंकि सकार का व्यवधान है। इससे पटयति की सिद्ध होती है। क्योंकि स्थानिङ्कार के रहते वृद्धि नहीं होती थी तो लोप करने पर भी नहीं होती है। प्रकृत सुध्युपास्यः में द्वित्व के निषेध करने में स्थानिवत् भाव की प्राप्ति थी।

न पदान्त (१।१।५८)। अत्र द्विर्वचनसवर्णादिग्रहणं वतिघटिता (२) ऽन्यातिदेशानां त्रिपाद्यामपि प्रवृत्तिबोधनार्थम्। तेन 'रामः' इत्यादौ विसर्गादिसिद्धिः। अत्र विधिशब्दो (३) भावसाधनः। पदान्तेत्यत्रान्तशब्दश्चरमावयववाची। कर्मषष्ठया समासः। तेन 'एषो यन् हसति' इत्यादौ 'एतत्तदोः' (६।१।३२) इति सुलोपो न। इणः शतरि 'यन्' इति रूपम्। तत्र यणः स्थानिवत्त्वात्। उत्वे च न स्थानिवत् अनेन निषेधात्। स्पष्टञ्चेदं भाष्ये इति भाष्यप्रदीपोद्द्योते निरूपितम्। अत्र पदेऽन्त इति सप्तमीसमासो भाष्ये उक्तः, तेन प्रत्यासत्त्या पदे परतः चरमावयवे कार्ये कर्त्तव्ये (१) परपदस्थाजादेशस्यैवानेन स्थानिवत्त्वनिषेध इति (२) वेतस्वान् इत्यादौ न दोषः न चैवमपि 'पूर्वत्रासिद्धीये न स्थानिवत्' (का० वा०) इति निषेधोऽत्र दुर्वारः। पदेऽन्त इत्यर्थेन तत्र स्थानिवत्त्वनिषेधव्यावृत्तिपरभाष्यप्रामाण्येन पूर्वत्रासिद्धे इत्यत्र। (३) पदचरमावयवविधायकातिरिक्तस्यैव त्रैपादिकस्य ग्रहणात्। अत एव (१) महिष्मान् इत्यत्र जश्त्वं अ सूत्रे जश्पदेन। (२) 'झलां जश् झशि' (८।४।५३) इत्यस्यैव ग्रहणम्,

चरसक्तिहितस्यैव ग्रहणौचित्यात्। कार्यकालपक्षेऽपि त्रिपाद्यामन्तरङ्गपरिभाषा न प्रवर्त्तते इति वक्ष्यते इति न तयाऽस्य सिद्धिः। 'गोचा' इत्यादौ 'गतिकारकोपपदानाम्' (प०) इत्यस्यानित्यत्वेन सुबुत्पत्त्यनन्तरमेव समासः। 'उत्तरपदत्वे च' (का० वा०) इति प्रत्ययलक्षणप्रतिषेधश्च प्रत्यासत्त्योत्तरपदस्य कार्यित्वे एवेति न दोषः। पदे इति (३) पदत्वयोग्योपलक्षणं वा। अत्रेदं भाष्यमपि मानम्। अत्र पदचरमावयवादि (४) साधकः (५) प्रतिबन्धकश्च स्थानिवद्भावो निषिद्ध्यते; विनिगमनाविरहात्। एतत्सूत्रभाष्य 'कमेर्णिङ्' (३।१।३०) इत्यादिसूत्रभाष्यैः 'पूर्वत्रासिद्धे न स्थानिवत्' इत्यवष्टभ्य वरेयलोपस्वर (१) दीर्घग्रहणवर्जं द्विर्वचनादि प्रत्याख्यातमिति लभ्यते। निषेध इति। द्विर्वचनग्रहणात् 'पूर्वत्रासिद्धे' इति निषेधाद्वेति भावः। दकार इति। स्थानत आन्तर्यादिति भावः।

न पदन्ति। इस सूत्र में द्विर्वचन तथा सवर्णादिग्रहण से ज्ञापित होता है कि वतिघटित अतिदेश त्रिपादी में भी प्रवृत्त होते है ज्ञापन से स्वांश में चरितार्थ कठिन था। अतः पूर्वोक्त ज्ञापन ही उचित है यदि त्रिपादी में अतिदेश की प्रवृत्ति न होती हो तो द्विर्वचनाकि में निषेध करने की क्या आवश्यकता थी यहाँ विधि शब्द में भाव में विप्रत्यय है वास्तव में कर्म साधन मानने में भी कर्मधारय में समास स्वीकार करने से पदचरभावयवादि विधेय करने पर ऐसा अर्थ मानने में कोई दोष नहीं है (पदान्त रचासौ विधिः इत्यादि) पदान्त में अन्त शब्द चरमा (अन्तिम) अवयव को कहता है। कर्म षष्ठी से समास करने पर कार्य सिद्ध होता है उक्तार्थ स्वीकार करने से एषोयन् हसति में एतन्तदोः से सुलोप नहीं होता है इण् धातु से शत् प्रत्यय करने पर मन् की सिद्ध होती है। यहाँ यण् को स्थानिवत् भाव करने से इकार के आने से सुलोप नहीं होता है और उत्व करने में स्थानिवत् भाव नहीं होता है। क्योंकि 'न पदान्त' से निषेध हो जाता है लोप करने में निषेध नहीं होता है विधेय जो लोप (अभाव) है वह अवयव नहीं है यह सभी भाष्य में स्पष्ट है।

यहाँ पदे अन्तः यह सप्तमी समास भाष्य में कहा है इससे प्रत्यासन्ति (सामीप्य) से पद से परे चरमावयव कार्य के करने से पर पद स्थिति अजादेश का भी यह स्थानिवत् भाव का निषेध करता है इससे वेतस्वान् इत्यादि में दोष नहीं है। अर्थात् रुत्व नहीं होता है अतएव प्रत्यौषिषन् देवदत्तः में पर रुप के स्थानिवत् भाव होने से जुस् नहीं होता है। क्योंकि उस स्थानिवत् भाव का यह निषेध भी नहीं करता है सन् के अकार अन्तः देश के अकार के साथ पर रूप होता है। अब यहाँ पूर्वत्रासिद्धीयेन स्थानिवत् से निषेध हो जायेगा यह शंका भी उचित नहीं है पदेअन्तः इस अर्थ से वहाँ स्थानिवत् भाव की निषेध व्यावृत्ति परक भाष्य के प्रभाष्य से पूर्वत्रासिद्धे

में पद के चरमावयव के विधायक कार्य से अतिरिक्त ही त्रैपादिक लेना चाहिए। उक्तार्थ स्वीकार करने से महिष्मान् में जश्त्व नहीं होता है। सूत्र में जश् पद से झलां जश् झशि का ग्रहण करना उचित है। क्योंकि चर के सन्नहित का ही ग्रहण ठीक है कार्य काल पक्ष में भी त्रिपादी में अन्तरंग परिभाषा की प्रवृत्ति नहीं होती है यह कहेंगे इसलिये उस परिभाषा से भी कार्य सिद्ध नहीं हो सकती है। गोचाइत्यादि में गतिकारकोपपदानाम् परिभाषा के अनित्य होने से सुबुत्पत्ति के पश्चात् ही समास होता है अतः अलोप्य के स्थानवित् भाव का निषेध होता है अन्यथा अवादेश हो जाता। 'उत्तरपदत्वे च' से जो प्रत्यय लक्षण का प्रतिषेध होता है। वह उत्तर पद को कार्य करने में ही होता है। अतः कोई दोष नहीं है। अथवा पदे को पदत्व योग्य का उपलक्षण मानेंगे (पद संज्ञा प्रयोजक प्रत्यय निष्ठ विधेयता निरूपितोद्देश्यता वच्छेदक धर्मत्वम् पदत्वम् योग्यत्वम्) पद संज्ञा की प्रयोजक प्रत्यय सुप् और तिङ उनमें रही विधेयता जो उद्देश्य हो अर्थात सुप्तिङ प्रत्यय आने की जिसमें योग्यता हो। यहाँ पद चरमावयवादि का साधक तथा प्रतिबंधक स्थानिवत् भाव का निषेध होता है क्योंकि किसी एक के ग्रहण करने में विनिगमक (युक्त) नहीं है वह चार प्रकार का है परम्परया पदचरमावयव का साधक, साक्षात् पद चरमावयव का प्रतिबन्ध परमावयव परम्परा से वहां दूसरे को छोड़कर तीनों का निषेध का यह करता है इस सूत्र के भाष्य से तथा कर्मेणिङ्। सूत्र के भाष्य से यह सिद्ध होता है पूर्वत्रासिद्धे न स्थानिवत् को स्वीकार कर वरेपलोप स्वर दीर्घ को छोड़कर द्विर्वचनादि ग्रहण का भाष्य में प्रत्याख्यान किया है। निषेधइति द्विर्वचन ग्रहण से अथवा पूर्वत्रासिद्धे से निषेध जानना। दकार इति, स्थानकृत आन्तर्य से धकार को दकार होता है।

अदर्शनम् (१।१।६०)। स्थाने इति वर्त्तते, प्रसङ्गे सतीति तदर्थः, तदाह–प्रसक्तस्य इति। शास्त्रतोऽर्थतो वेतिः भावः। अत्र दृशिर्ज्ञान-सामान्ये। तत्र ज्ञानस्यावर्जनीयत्वेन तत्सामग्रयन्तर्गता उच्चारणकृता (२) सत्ता निषिद्ध्यते। तत्र प्रत्ययलोपे शास्त्रतोऽर्थतश्च प्रसक्तोच्चारणस्य लोपविधानेन तस्य तस्मिन् विषये (३) ऽनुत्पत्तेरेवान्वाख्यानं प्रत्ययलक्षणा-र्थमिति बोद्ध्यम्। अर्थस्यैषा सञ्ज्ञा व्याख्यानात्। यत्तु 'प्रसक्तस्येति किं ग्रामे तिष्ठतोत्यादौ 'ल्यब्लोपे' इति पञ्चम्यापत्तेः। अस्ति चात्र ल्यपो-ऽदर्शनम्। शास्त्रतोऽर्थतश्च न तत्प्रसक्तिरिति न दोषः' इति, तन्न, तेन प्रत्यासत्त्या ल्यबन्तार्थकर्माधिकरणयोरेव पञ्चमीविधानेन तस्यात्राप्राप्तेः। तत्त्वे तु अस्त्येवार्थतो ल्यबन्तस्य प्रसक्तिः। तस्मात् (१) त्रपु इत्यत्र क्विपोऽदर्शनसत्त्वेन प्रत्ययलक्षणेन तुगापत्तिर्दोषः। कृत्प्रत्ययेन प्रकृत्याक्षेपस्तु

न। अत्रैव प्रकृतिं विनाऽतिदेशतः प्रत्ययज्ञानसत्त्वेन व्यभिचारात्तदाक्षेपासम्भवात्।

अदर्शनम् यहाँ स्थानी की अनुवृत्ति होती है। उसका अर्थ प्रसंग है इसी से प्रसक्त कहा। वह प्रसक्त शास्त्र या अर्थ से अभीष्ट है यहाँ दृश धातु ज्ञान सामान्य में है। वहाँ ज्ञान का वर्णन होना कठिन है अतः उसकी सामग्री के अन्तर्गत उच्चारण की सत्ता का निषेध समझना वास्तव में उच्चारण का अभाव ही अदर्शनम् पद का अर्थ है। क्योंकि सत्ता तो अवर्जनीय है वहाँ प्रत्यय के लोप में शास्त्र से और अर्थ से प्रसक्त उच्चारण का लोप करने से उसकी उस विषय में अनुत्पत्ति का ही अनुवादख्यान प्रत्यय लक्षण के लिए है। व्याख्यान से यह संज्ञा अर्थ की ही होती है। जो कि कहा है कि प्रसक्तस्य के ग्रहण न करने पर ग्रामे तिष्ठति इत्यादि में ल्यब्लोपे से पंचमी हो जायेगी। क्योंकि यहाँ ल्यप् का अदर्शन है अर्थात यहाँ ल्यप् नहीं दीखता है। परन्तु वहाँ शास्त्र से और अर्थ से उसकी प्रसक्ति नहीं है। अतः पंचमी की प्राप्ति नहीं है। परन्तु उनका कथन उचित प्रतीति नहीं होता है क्योंकि वहाँ प्रत्यासत्ति न्याय से ल्यबन्तार्थ कर्म और अधिकरण में ही पंचमी करता है अतः उनकी प्राप्ति नहीं है यदि विचार किया जाये तो वहाँ अर्थ से ल्यबन्त की प्रसक्ति है। इसलिए त्रप में क्विप् के अदर्शन से प्रत्ययलक्षण से तुक् होने लगेगा। कृतप्रत्यय से प्रकृति का आक्षेप तो नहीं होगा। क्योंकि यहाँ ही प्रकृत के बिना अतिदेश से प्रत्यय ज्ञान होने से व्यभिचार के कारण आक्षेप सम्भव नहीं है।

इति पक्षे इति। (२) विनिगमनाविरहादिति भावः। द्वित्वस्य त्रैणादिकत्वात्तत्र न यणो बहिरङ्गासिद्धत्वम्। अत एव 'दद्ध्यत्र' इति भाष्ये उदाहृतम्। धकारयकारयोरिति। तेन विसर्गादिद्वित्वेनाऽऽधिक्येऽपि न क्षतिः। द्विधमिति। द्विधत्वं प्रक्रियायां बोध्यम्। 'एकस्या आकृतेश्चरितः प्रयोगो न। द्वितीयस्यास्तृतीयस्याश्च भविष्यति' इति 'कृञ्चानुप्रयुज्यते' (३।१।४०) इति सूत्रभाष्योक्तन्यायेनकस्य द्वित्वे परस्य तदभावोऽनुचित इति न वाच्यम्, सार्थकानेकविषये तन्न्यायाङ्गीकारात; यत्रान्याकृतिकरणे भिन्नार्थत्वसम्भावना (४) तद्विषयत्वाच्च। 'हलो यमाम् (८।४।६४) इति लोपे द्वित्वाभावे चैकधमेव रूपम्।

इतिपक्षे इति। विनिगमना के अभाव में यणः यह पंचमम्यन्त तथा षष्ठत्यन्त दोनों ही है। किसी एक पक्ष को सिद्ध करने वाली युक्त का नाम विनिगमना है) द्वित्व के त्रैपादिक होने से बहिरंग परिभाषा से यण् असिद्ध नहीं होता है। असिद्ध न होने से ही भाष्य में दध्यत्र उदाहरण दिया है। धकारयकारयोरिति। इससे विसर्ग आदि को द्वित्व करने अधिक रूप होने पर भी कोई आपत्ति नहीं है। द्विधमिति। दो धकारों

की प्रक्रिया में समझना 'कृच्चानुप्रयुज्यते' सूत्र के भाष्य में एकस्या इत्यादि परिभाषा से 'एक आकृति में चरितार्थ प्रयोग द्वितीय के लिए नहीं होता है' एक को द्वित्व करने पर के लिए उसका अभाव अनुचित है यह कहना भी उचित नहीं है। क्योंकि सार्थक अनेक के विषय में उस न्याय को स्वीकार किया है। और अन्य आकृति करने में अर्थ में भेद की सम्भावना हो वही उसका विषय है 'हलो यमाम्' से लोप करने पर एक सा ही रूप होता है।

नादिन्या (८।४।४८) 'यरोऽनुनासिके' (८।४।४५) इत्यतो यर इति वर्त्तते। पुत्रशब्दस्येत्यवयवषष्ठी 'आदिनीशब्दे परे' इति च प्राधान्याद् यर एव विशेषणम्। सूत्रे आदिनीति ङ्यन्तानुकरणं लुप्तसप्तमीकम्। अत एव 'तत्परे च' (का० वा०) इत्यस्याऽऽदिनीशब्दो यस्मात्परस्तत्र परे इत्यर्थं हरदत्तो व्याख्यत्। अद्धातौ माधवोऽप्येवमेव। इदृशाक्रोशस्य स्त्रीष्वेव दर्शनाच्च। आक्रोशो निन्दा तदाह—पुत्रादिनि इति। तादृशाक्रोशस्य स्त्रीष्वेव दर्शनादाह—पुत्रहति इति। 'अनचि च' (८।४।४७) इति सिद्धे पुत्रस्य क्तान्ते चेद्धतजग्धयोरेव, आक्रोशे एवेति नियमार्थमिदम्।

नादिन्या 'यरोऽनुनासिके'। से यरः की अनुवृत्ति होती है पुत्रशब्दस्य यह षष्ठी अवयव में है और आदिनीशब्दे परे वह प्राधान्य से यर का ही विशेषण है सूत्र में आदिनी यह ङ्यन्त का अनुकरण है और इसकी सप्तमी का लुक् हो गया है। लुप्त सप्तमी के होने से ही 'तत्परे च' का आदिनी शब्द जिससे परे है उसके परे यह अर्थ हरदत्त ने कहा। अद धातु में माधौ ने भी ऐसा ही कहा है। और इस प्रकार का कोसना (पुत्र के खाने वाली है) प्रायः स्त्रियों में ही देखा जाता है। इससे कहते हैं पुत्र हतिइति। 'अनचि च' से द्वित्व सिद्ध था नियमार्थ है नियमाकार पुत्र को क्तान्त के परे हो तो हत् और जाधि के ही परे हो और कोसने में ही हो।

संयुक्तेषु इति। 'त्रिप्रभृतिषु' (८।४।५०) इति सूत्रे वर्णानां सजातीयानामेव ग्रहणं; परस्परसाहचर्यात्। न च तथाऽचः सम्भवति। अत एव (१) 'अचो रहाभ्याम्' (८।४।४६) इति सार्थकम्। निर्धारणे सप्तमी, 'अच' इत्यनुवर्त्तते, त्रिप्रभृतिसंयुक्तवर्णमध्येऽचः परस्य यरो द्वे वा न स्त इत्यर्थः। तेन 'इन्द्रः राष्ट्रम्' इत्यत्र नकारषकारयोः प्राप्तद्वित्वस्यैव निषेधविकल्पः। 'अनचि च' (८।४।४७) 'सर्वत्रशाकल्यस्य' (८।४।५१) इत्येव सिद्धे इदं सूत्रद्वयं विकल्पस्य मतभेदप्राप्तव्यवस्थाबोधनार्थमिति बोध्यम्। 'यरोऽनुनासिके' (८।४।४५) इत्यतो वेत्यनुवृत्त्या 'अनचि' (८।४।४७) इत्येव सिद्धे तु सूत्रत्रयमपि तथेति बोद्ध्यम्।

संयुक्तेषुइति । 'त्रिप्रभृतिषु' सूत्र में परस्पर के साहचर्य से सजातीय (हल्) वर्णों का ही ग्रहण है। सजातीय अच् नहीं हो सकता है। इसी से अचोरहाभ्याम् भी सार्थक है। यह सप्तमी निर्धारण में है अच की अनुवृत्त होती है तीन आदि संयुक्त वर्णों के मध्य में अच् से परे यर को विकल्प से द्वित्व नहीं होता है। उक्तार्थ से इन्द्रः राष्ट्रम में नकार और षकार को प्राप्त द्वित्व का ही विकल्प से निषेध है। 'अनचि च' तथा सर्वत्रशाकल्यस्यं इनसे ही कार्य सिद्ध था यह दोनों सूत्र विकल्प के मतभेद से प्राप्त व्यवस्था करने के लिए है। 'यरोऽनुनासिके' से ना की अनुवृत्ति करने पर अनचि च से ही कार्य सिद्ध होने पर तो तीनों सूत्र ही व्यवस्था के लिए है।

अचो र (८।४।४६) अच इति श्रुतत्वाद्व्याख्यानाच्च रहाभ्यां सम्बध्यते। 'तस्मादित्युत्तरस्य' (१ १।६७) इत्येतल्लभ्यमाह–अचः पराभ्याम् इति।

वा यमि इति। 'झयो हः' (८।४।६२) इत्यतोऽन्यतरस्यामित्यनुवृत्तेरिति भावः। दीर्घादाचार्याणाम्' [८।४।५२] इत्युत्तरम्' 'अनुस्वारस्य ययि' [८।४।५८] 'वा पदान्तस्य' [८।३।५९] 'तोलि' [८।४।६०] 'उदः स्थाः' [८।४।६१] 'झयो हो' [८।४।६२] 'शश्छोऽटि' [८।४।६३] इति षट्सूत्रीपाठोत्तरं 'झलां जश् झशि' [८।४।५३] 'अभ्यासे चर्च' [८।४।५४] 'खरि च' [८।४।५५] 'वाऽवसाने' [८।४।५६] 'अणोऽप्रगृह्यस्य' [८।४ ५७] इति पञ्चसूत्र्याः पाठ इति [२] भाष्यसम्मताष्टाध्यायीपाठे तु 'वैकल्पिकत्वं लण्' [मा० सू० ६] सूत्रे भाष्ये।

आदित्य इति। आदित्यशब्दा(३)च्छेषार्थण्वान्ताद्देवतार्थे ण्यः। 'यस्येति च' [६।०।१४८] इत्यल्लोपेऽनेन यलोपः। 'आपत्यस्य' [६।४। १५१] इति तु न। आपत्यत्वाभावात्। हल इति किम्? शय्या। यमामिति किम्? आध्नोंत्। यमीति किम्? रामाभ्याम्।

अचोर। अचः यह पद श्रुत तथा व्याख्यान से रहाम्याम् से सम्बन्ध करता है। तस्मादित्युत्तरस्य के सहयोग से प्राप्त अर्थ कहते हैं। अचः पराभ्याम् इति। वायमि इति। झयो हः से अन्यतरस्याम् की अनुवृत्ति से उक्त वा का अर्थ सिद्ध होता है। "दीर्घादाचार्याणाम्"। आगे अनुस्वासस्य ययि इत्यादि छः सूत्र के पाठ के आगे झलां जश् झशि भाष्य सम्मत पंचसूत्रीय मानने पर तो वाऽवसाने से वा की अनुवृत्ति जानना यह विकल्प से द्वित्वकरता है यह विषय लण् सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है। 'आदित्य इति'। शेष अर्थ में ण्यन्त आदित्य शब्द से देवता अर्थ में ण्यः प्रत्यय होता है। यस्येति च से अकार लोप करने पर 'हलोयमाम्' से यकार का लोप होता है। आपत्यस्च से

तो लोप नहीं होता है। क्योंकि आपत्यत्व नहीं होता है देवतार्थक है। हल ग्रहण न करने पर आर्ध्नोत् में धकार का लोप होने लगता यमि न करने पर रामाभ्याम् में य का यकार का लोप होने लगता।

एचोऽय [६।१।७८] । 'इ्चोऽचि यणयवायाव:' 'अवावौ यि प्रत्यये' इति सूत्रयितुमुचितमित्याहुः । यथासङ्ख्यसूत्रलब्धमर्थमाह—क्रमाद् इति । उदात्तादिगुणयुक्तानामन्यगुणकव्यावृतिस्तु स्थानेऽन्तरतमपरिभाषया बोद्ध्या । एतदेवाभिप्रेत्य यथासङ्ख्यसूत्रे भाष्ये प्रकृतसूत्रे स्थानेऽन्तरतम'— [१।१।५०] सूत्रेण व्यवस्थोक्ता—(१)'संवृतावर्णस्य संवृतावर्णोविवृतावर्णस्य विवृतावर्ण' इति एतद्भाष्यप्रामाण्येन एओ इत्यनयोरकारांशे सवृतत्वम्; इतरांशे विवृतक्तत्वं, तदुपरागाच्च न संवृतत्वस्य पृथग् ग्रहणम् । ऐओ इत्यनयोस्त्वकारांशेऽपि विवृतत्वमेवेति बोध्यम् ।

ह "इचोऽचि यणयवायाव:" अवावौ यि प्रत्यये इस प्रकार के सूत्र इकोयणचि एचोयवायाव: वान्तोयि प्रत्यय के स्थान में करना उचित था यथा संख्यसूत्र के सहयोग से प्राप्त अर्थ को कहते हैं। क्रमाद्इति। उदान्तादि गुण वालों से अन्य गुण वालों की निवृत्ति तो स्थानेन्तरतम् परिभाषा से जानना। यह बात समझकर ही यथासंख्य सूत्र के भाष्य में प्रकृतसूत्र में (एचोयवाया: स्थानेन्तरतम्) सूत्र से व्यवस्था की है। संवृत वर्ण को संवृतवर्ण और विवृतवर्ण को विवृतवर्ण हो इत्यादि प्रकार से इस भाष्य के प्रामाण्य से ऐ औ के अकारांश में संवृत और अन्य अंश में विवृततर जानना चाहिए। उसके उपराग से संवृत का अलग ग्रहण नहीं है। ऐ औ के भी अकारांश में विवृतत्व ही है।

तस्य लो (१।३।९) । 'उपदेशेऽज्' (१।३।२) इत्यत इदित्यनुवृत्त्या विभक्तिविपरिणामेन च सिद्धौ 'तस्य' ग्रहणं सर्वलोपार्थम् । तेन जिटुडूनामन्त्यस्य लोपो न । 'नाऽनर्थके' (प) इति परिभाषा तु भाष्ये प्रत्याख्यातैवेति दिक् । न भवति इति । फलाभावादिति भाव: ।

उपदेशेऽच् से इत् के अनुवृत्ति तथा विभक्ति के विपरिणाम से कार्य सिद्ध हो जाता फिर तस्य का ग्रहण सब लोप के लिए है। इससे जिटुडू में अन्त्य का लोप नहीं होता। नाऽनर्थ के परिभाषा से तो कार्य सिद्ध सम्भव नहीं है क्योंकि भाष्य में उसका प्रत्याख्यान कर दिया है न भवति इति। उच्चारण के कारण जब लोप नहीं होता है तो फल के अभाव से इत्संज्ञा भी नहीं होती है।

वान्तो (६।१।७९) । 'येन विधि:' (१।१।७२) इत्यस्यापवादभूतया (२) 'तस्मान्नुडचि' (६।३।७४) ईत्याद्यर्थमावश्यिकया—(१) वाचनिक्या

'यस्मिन्विधिस्तदादावल्ग्रहणे (५०) इति वार्त्तिककृदुक्त-(२) परिभाषया लब्धमर्थमाह—यकारादाविति । ओदौतोरित । 'ओदौतोरिति वक्तव्यम्' इति वार्त्तिकमूलाद्व्याख्यानादिति भावः । 'पूर्वसूत्रे वान्तौ प्रतितयोरेव स्थानित्वनिर्णयात्' इति 'स्थानेऽन्तरतम्' (१।१।५०) सूत्रस्थ—केयटावक्तं तु न युक्तम् । वान्तज्ञानाय सूत्रपर्यालोचनस्याऽऽवश्यत्वेऽपि तद्वाक्यार्थपर्यालोचने मानाभावात् । 'यथासंख्य' [१।३।१०] सूत्रसहकारेण [३] बोधोत्तरं तयोस्तत्त्वनिर्णयात्ः । अन्तरतमपरिभाषया निर्वाहे तु लक्ष्यपर्यालोचनकाले तन्निर्णयः । अत एव 'पूर्वसूत्रे स्थानिविशेषलाभो यथासंख्यसम्बन्धनात्, इह तु निमित्ताभावात्तल्लाभाभावः' इति षष्ठे [४] प्रकृतसूत्रे कैयटः । गव्यमिति । भत्वाद्वलोपो न । यीति किम् ? गोभ्याम् । प्रत्यये किम् ? गोयानम् ।

वान्तोयेन विधिः की अपवाद रूप तथा 'तस्मान्नुऽचि' के लिये आवश्यक वाचनि की यस्मिन्विधि इत्यादि परिभाषा से प्राप्त अर्थ को कहते हैं यकारादाविति । यहाँ किसी का कथन है कि यान्त प्रत्यय का मिलना ही सम्भव नहीं है अतः स्वयं यादि प्रत्यय अर्थ हो जायेगा परन्तु यह उनका कहना उचित नहीं है क्योंकि यस्यापत्यय इः ऐः अरि यरिः गोयरिः गव्यरिः यहाँ वान्त प्रत्यय सम्भव है क्योंकि इकार प्रत्यय है उसके स्थान में जो यण् हुआ है वह यान्त है । भाष्य में—वचन रुप से पढ़ी हैं ज्ञापक भी इसमें नल्यपि है उक्त सूत्र प्रदाय में इत्व का निषेध करता है । उक्त परिभाषा के अभाव में ईत्व विधायक घुमास्था सूत्र का हलादि कान्त अर्थ होने पर ईत्व की प्राप्ति के अभाव में निषेध व्यर्थ था अतः व्यर्थ होकर उक्त परिभाषा में ज्ञापक है । परिभाषा का अर्थ इस प्रकार का है (अल् मात्र वृत्ति विषयता प्रयोज के सप्तम्यन्ते विशेषणता प्रयोजके यो विधिः स तदादौवोध्यः) वान्तो यि में णि प्रत्यय में विशेषण है तथा अल् को ही कहते है और सप्तम्यन्त भी है यि अल् मात्र वृत्ति विषयता का प्रयोजक सप्तम्यन्त तथा विशेषण है अतः तदादि विधि होने से यहाँ प्रत्यय अर्थ सम्पन्न होता है । ओ दौ दोरिति । औदोदोरिति वक्तव्यम् इति वार्तिक के आधार से उक्त अर्थ होता है पूर्व सूत्र एचो यवायावः में वान्त आदेशो के प्रति ओ औ को ही स्थानी का निर्णय किया है । इस प्रकार का स्थानेन्तरतम् सूत्र में कैयट का कथन उचित प्रतीति नहीं होता है । क्योंकि वान्त ज्ञान के लिये सूत्र की पर्यालोचना की आवश्यकता होने पर भी उसके वाक्यार्थ की पर्यालोचना करना व्यर्थ है उसमें कोई प्रमाण भी नहीं है । यथा सम्भव सूत्र के सहयोग से बोध के पश्चात् ही अव्आव् का तत्व निर्णय ही अन्तरतम् परिभाषा से निर्वाह होने पर तो लक्ष्य के विचार करने पर उसका निर्णय होगा इसी से पूर्व सूत्र (एचो) में स्थानी विशेष का लाभ यथा संख्य सम्बन्ध से ही

होता है प्रकृत इस सूत्र में तो निमित्त के न होने से उसका लाभ होना कठिन है। ऐसा कैयट ने छठे अध्याय के प्रकृत सूत्र में कहा है गव्यमिति। भा संज्ञा होने से वकार का लोप नहीं होता है। क्योंकि वह पदान्त में होता है णि के न कहने पर गोम्याम् में भी भवादेश होने लगेगा प्रत्यय ग्रहण न करने पर गोयानम् में भी अवादेश हो जायेगा।

ननु 'गव्यूतिः' इत्यत्र वस्य 'हलि सर्वेषाम्' (८।३।२२) इति (१) 'लोपः शाकल्यस्य' (८।३।१९) इति वा लोपः स्यादत आह—वान्त इत्यत्रेति। न च विशेषविहितेन कार्यित्वेत लोपे वस्य निमित्तत्वबाध इति वाच्यम्। निमित्तत्वान्प्रकान्ते विषये (२) कार्यित्वस्य चारितार्थ्यात्। तक्रकौण्डिन्यन्यायश्चानवकाशविषयो (३)विधेयविषयश्चेति स्पष्टं 'तद्धितेष्वचाम्' (७।२।११७) इति सूत्रे यङ्विधायके च भाष्ये। अन्त्ये 'उत्तरयोर्विग्रहेण विशेषासम्पत्ययान्नित्यग्रहणानर्थक्यं, क्रियासमभिहारे च नैतेभ्यो यङा भवितव्यम्' इति भाष्ये चेन विशेषासम्प्रत्यादित्यनुकृष्यते। अन्यथा तक्रकौण्डिन्यन्यायेन सिद्धे विशेषःसम्प्रत्ययादित्यनुकर्षकचकारवैयर्थ्यापत्तिः। निरूपयिष्यते चेदं यङन्ते। तस्य च वार्त्तिकेऽनुवृत्त्या यूतौ श्रूयमाणवकारान्त आदेश इत्यर्थः। सूत्रे तु न फलं, गव्यादौ भत्वेन वान्तस्य पदत्वाभावात्; लव्ये स्वत एव तदभावात् लोपाप्राप्तेः। गोशब्दादिभ्यः क्यजादावपि 'नः क्ये' (१।४।१५) इति नियमेन पूर्वस्य पदत्वाभावात्। एवं तर्हि वार्तिके एव प्रश्लेष उचित इत्याशयेनाह—छकाराद्वेति। 'लोपो व्योः' (६।१।६६) इति सूत्रे वकारप्रत्याख्यानं तु लौकिकोदाहरणाभावेन तदर्थतया बोद्धयम्। अत एव 'इको गुण' (१।१।३) इति सूत्रे 'अतो ल्रान्तस्य' (७।२।२) इत्यत्र लुप्तनिर्दिष्टो वकार इत्युक्तं भाष्ये। शास्त्रीयसौत्रप्रयोगार्थं तदिति तदाशय। न चैवं 'विष्णवे' इत्यादौ 'तस्य लोपः' (१।३।९) इति दुर्वारं, गव्यूतावुच्चारणस्य चारितार्थ्यादिति वाच्यम्। 'गवि च युक्ते' (का वा०) इत्यादिनिर्देशैर्वारणात्।

व्यूतिः में हलि सर्वेणाम् या लोपः शाकल्यस्य से वकार का लोप हो जाना चाहिए इसका उत्तर देते हुए कहते हैं। वान्त इत्यत्रेति। अर्थात वृवात्तरक के वकार का लोप कर देते हैं। अतः वान्त ही रहता है लोप नहीं होता है। अब यहाँ शंका करते हैं कि वकार (वल्) को निमित्त मानकर वकार का ही लोप करना है। तब वकार ही कार्यी है और वही निमित्त है। तब विशेष विहित कार्यित्व से लोप में वकार की

निमित्तता का वाध हो जाना चाहिए परन्तु यह शंका ठीक नहीं है। क्योंकि जहाँ वकार को निमित्तता नहीं है अर्थात् वल् में अन्य वर्णों को है। उस स्थान में लोपरूप-कार्य चरितार्थ है। तक्रकौडिन्यन्याय तो अनवकाश विषय में तथा विधेयविषय में प्रवृत्ति होता है। यह विषय तद्धितेष्वचाम् इति सूत्र में तथा यङ विधायक सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है यङ् विधायक भाष्य में लिखा है कि उत्तर के दोनों सूत्रों में नित्यमकौटिल्ये-गतौ, लुपसद्, विग्रह से विशेष अर्थ का ज्ञान नहीं होता है अर्थात यङ से ही होता है। फिर नित्य ही यङ् होगा। नित्य ग्रहण करने की कोई आवश्यकता नहीं है और क्रिया समभिहार में इन धातुओं से यङ् सम्भव नहीं है। इस भाष्य में चकार से विशेषः सम्प्रत्प्रयात् का अनुकर्षण होता है नहीं तो तक्रकौडिन्यन्याय से ही कार्य सिद्ध था विशेषा इत्यपि अनुकर्ष के लिए चकार व्यर्थ था इस विषय का निरूपण यङ्त में करेंगे उसी व् वान्त की अनुवृत्ति वार्तिक में होने से यूति के परे श्रूयमाण वकारान्त आदेश होता है। अर्थात उसका लोप नहीं होता है—ऐसा अर्थ सम्पन्न होता है वस्तुतः प्रश्लेष का सूत्र में कोई फल नहीं है। क्योंकि गत्यम् में भसंज्ञा होने से वान्त में पदत्व का अभाव है। लब्यम् में स्वयं दीपदत्व का अभाव है। अतः लोप की प्राप्ति नहीं है। गो शब्द से क्यच् प्रत्यय करने पर नः स्ये के नियम नान्त की ही पद संज्ञा होगी अतः लोप की प्राप्ति नहीं है। इसलिए वार्तिक में प्रश्लेष करना आवश्यक है। इस अरुचि से छकाराद्वेति। अर्थात वकार का प्रश्लेष वार्तिक में ही आवश्यक है लोपोव्योः सूत्र में वकार का प्रत्याख्यान तो लैविक उदाहरण में न होने से ही समझना इसीलिए इको गुणः सूत्र में अतो ल्वान्तस्य में वकार लुप्त निर्दिष्ट ही ऐसा भाष्य में लिखा है। शास्त्रीय सौत्र प्रयोग के लिए उसका होना आवश्यक है। यहाँ शंका करते हैं कि विष्णवे इत्यादि में वकार का तस्यलोपः से लोप हो जाना चाहिए क्योंकि वकार का उच्चारण तो गव्यूतिः में चरितार्थ है। इसका उत्तर देते हुए कहते हैं। 'गवि चउक्ते' इत्यादि निर्देश से वकार का लोप नहीं होता है।

परे तु सा पूर्वपक्ष्युक्तिरिति न वकारप्रश्लेषो लोपेनोचितः। किञ्च छन्दसि सर्वविधीनां व्यवस्थितत्वान्न वलोपप्रसक्तिस्तन्त्रत्ये गव्यूतौ। अध्वपरिमाणेऽपि सञ्ज्ञाशब्दोऽयम्, तत्र (१) सञ्ज्ञात्वभङ्गापत्तेर्न वलोपः। यथा 'रघुनाथ' इति सञ्ज्ञाशब्दे नित्यस्यापि णत्वस्याभावः, सर्वनामशब्दे णत्वाऽऽशङ्का तु तस्य सञ्ज्ञिविशेषे आधुनिकविनियोगात् शास्त्रानुसारि-शब्दस्यैव विनियोग उचित इत्यभिप्रायेण। निरूपितञ्चैतत्सर्वादिसूत्रे भाष्यप्रदीपोद्द्योते इत्याहुः। निरूपयिष्यते चेदं 'पूर्वपदात्सञ्ज्ञायाम्' (८।४।३) इति सूत्रे।

यहाँ नागेश का कथन है कि यह उक्ति पूर्व पक्ष की है। क्योंकि वकार का प्रश्लेष

लोप से उचित नहीं है। वेद में सभी विधि व्यवस्थित होने से वैदिक गत्यूति में वकार के लोप की प्राप्ति ही नहीं है। मार्ग के परिमाण (लोक) में भी संज्ञा शब्द होने से संज्ञा भंग के भय से वकार का लोप नहीं होता है। जैसे रघुनाथ शब्द में नित्य थी णत्व नहीं होता है। सर्वनाम शब्द में णत्व की आशंका का तात्पर्य यह है कि उसकी सञ्ज्ञि विशेष में आधुनिक विनियोग होने से शास्त्रानुसारी शब्द का ही विनियोग उचित है। यह सर्वाधिसूत्र के भाष्य में प्रदीप उद्योत में स्पष्ट है। यह मैं पूर्वपदात्संज्ञायाम् सूत्र में निरूपण करूँगा।

(२)धातोस्त (६।१।८०)। धातोरित्यस्याभावे (३) प्रातिपदिकमात्रविषयो नियमः स्यात्, तथा च 'गव्यम्' इत्यत्र न स्यात्; 'ओयते' इत्यत्र च स्यात्। तदभावे सामान्यतो नियमापादनन्तु योगविभागैवकारवैयर्थ्यापत्तेरयुक्तम्। 'तन्निमित्तस्य चेद्धातोरेवे'ति नियमे बाभ्रव्यासिद्धेस्तद्वारणाय एवकारः। लव्यमित्यादि। अत्र गुणवृद्ध्योर्यण्ण्यन्निमित्तकत्वेनैचो यादिप्रत्ययनिमित्तकता। तन्निमित्तस्येति किमिति। सूत्रमेव किमर्थमिति प्रश्नः। ओयत इति। वेञः कर्मणि लटि यकि यजादित्वात्सम्प्रसारणे 'अकृत्सार्व' (७।४।२५) इति दीर्घे आङा सहाऽऽद्गुणः। 'न धातुलोप' (१।१।४) सूत्रभाष्यरीत्या बहिर्भूतधातूपसर्गकार्यस्य बहिरङ्गत्वाद्वान्तादेशे गुणोऽसिद्ध (१) इत्यरुचेराह—औयतेति। तस्मादेव कर्मणि लङि आडागमे वृद्धिः पूर्ववत्।

धातोस्त उक्त सूत्र में धातु ग्रहण न करने पर केवल प्रातिपदिक विषय का नियम होगा अर्थात प्रातिपदिक के ओकार को यदि वान्तादेश हो तो यादि प्रत्यय निमित्तक को ही हो उक्त नियम में गव्यम् में अवादेश नहीं होगा क्योंकि 'गो' में ओकार स्वाभाविक है। यादि प्रत्यय निमित्तक नहीं है और ओयते में अवादेश होने लगेगा। धातु ग्रहण के अभाव में सामान्य रूप से (धातु प्रातिपदिकादि) नियम करना तो उचित नहीं है। क्योंकि योग विभाग तथा एवकार व्यर्थ हो जायेगा। यादि प्रत्यय निमित्तक को हो तो धातु को ही हो ऐसा नियम मानने पर बाभ्रव्यम् की सिद्ध नहीं होगी अर्थात् अवादेश नहीं होगा। लव्यमित्यादि। यहाँ गुणवृद्ध यत् और ण्यत् निमित्तक होने से एच् में यादि प्रत्यय निमित्तकता है। 'तन्निमित्तस्येतिकिमिति'। इसका आशय है कि सम्पूर्ण सूत्र करने की क्या आवश्यकता है। ओयत इति। वेञ्धातु से कर्म में लट् यक् करने पर यजादि होने से वकार को उकार सम्प्रसारण तथा अकृत्सार्व धातुकयोः से दीर्घ आङ् के साथ आदि गुणः से गुण करने पर उक्त रूप की सिद्धि होती है। 'न धातुलोपः' सूत्र के भाष्य की रीति से बहिभूत धातूपसर्ग कार्य को बहिरंग मानने से वान्तादेश करने में गुण असिद्ध हो जायेगा तब ओयते में दोष नहीं है। इस अरुचि से

औयत में दूषण दिया। वास्तव में तो नाजानन्तर्ये से निषेध हो जायेगा। बहिरंग परिभाषा का निषेध हो जायेगा। अरुचि व्यर्थ है। वेञ् धातु से कर्म में लुङ आङ्गम तथा वृद्धि करने पर उक्तरूप की सिद्ध है।

क्षय्यज (६।१।८१) क्षि क्षये, जि जये, इत्यनयोरेव। ग्रहणं न तु क्षीष् हिंसायाम्, क्षै क्षये, इत्यनयोर्व्याख्यानात्। अत एव 'क्षिज्योरेवैच:' इति भाष्ये उक्तम्।

तस्मै प्रेति। क्रयार्थे वस्तुनि क्रय्य इति निपात्यते इत्यर्थो, व्याख्यानाद् गुणभूतस्यापि तदा परामर्श: क्रयार्थत्वञ्च फलोपधानरूपं तदर्थे इति विशेषणात्, तदाह—क्रेतार इति। योग्यतामात्रग्रहणे त्वव्यावर्तकं तत्स्यादिति भाव:। केचित्तु स्वीयं धान्यादि दत्वा यत्र तन्मूल्यग्रहणं, तत्र धन्यं क्रय्यम्। यत्र तु स्वयं द्रव्यं दत्वा परकीयधान्यादिग्रहणं तत्र धान्यं क्रेयम्। (२) द्रव्ये तु न क्रय्यत्वं नापि क्रेयत्वं; किन्तु धान्यादेरेव, शक्ति स्वभावात्, भाष्य स्वरसो ऽप्येवमेवेत्याहु:।

क्षय्यज। इस सूत्र में क्षि क्षये, जि जये, का ही ग्रहण है क्षीष् हिंसायाम् क्षै, जै क्षेय का ग्रहण नहीं है। इसमें व्याख्यान ही प्रमाण है इसी से भाष्य में क्षिज्योरेवैच: क्षि और जि को ही ऐच् को कहा है। तस्मैइति। खरीदने वाली वस्तु में क्रय्य यह निपातन होता है। व्याख्यान का गुण भूत का भी तत् से परामर्श होता है। तात्पर्य है कि सर्वनाम् प्रधान को ही परामर्श नहीं करते है परन्तु विशेषणीभूत प्रकृति को भी करते हैं। तदर्थ इस विशेषण से क्रयार्थ फलोपधान रूप लेना अतएव लिखा है क्रेतार इति। योग्यता मात्र के ग्रहण करने पर तो वह विशेषण अव्यवर्तक हो जाता किसी की व्यावृत्ति करना ही विशेषण का कार्य है। किसी का कथन है कि अपने धान्यादि देकर जहाँ उसके मूल्य का ग्रहण होता है। वहाँ धान्य क्रय्य है और जहाँ स्वयं रुपया देकर दूसरे के धान्यादि लेते हैं वहाँ क्रेय है। द्रव्य में तो क्रय्यत्व या क्रेयत्व व्यवहार नहीं होता है किन्तु शक्ति के स्वभाव से धान्यादि में ही उस प्रकार का व्यवहार होता है भाष्य का भी तात्पर्य इसमें ही प्रतीति होता है। वास्तव में तो द्रव्य में भी उसी प्रकार का व्यवहार होता है। बाजार में रेजगारी पैसा आदि की बिक्री होती ह।

लोप शा (८।३।१९)। 'भोभगोअघोअपूर्वस्य' इति आशीति चानुवर्त्तते। तत्र ओकारान्तेषु 'ओतो गार्ग्यस्य' (८।३।२०) इति बाधकमित्याशयेनाह—अवर्णपूर्वयोरिति। व्योरित्यनुवृत्तवपि वर्णसमाम्नाये यकारस्य प्राक्पाठात्तत्क्रमेणाह—यवयोरिति। 'स तस्मा आचष्ट' इत्यादिभाष्यप्रयोगादत्र रोरित्यस्यासम्बन्ध:। इदं सूत्रं लघुप्रयत्ने न (३) शाकटायनमते

तयोर्विधानेन शाकल्यमते तदभावात् । अवर्णेति किम् ? गौर्यत्र । पदान्तयोः किम् ? हरये ।

लोपशा । भोभगो सूत्र से अपूर्वस्य और असि की अनुवृत्ति आती है वहाँ ओकारान्त में "ओतोगार्ग्यस्य" बाधक है इस आशय से कहते हैं । अवर्ण पूर्वयोरिति । व्योः की अनुवृत्त होने पर भी वर्णसमाम्नाय (ह य व र ट्) में यकार का प्रथम पाठ होने से उसी क्रम से करते हैं । ययवोरिति । स तस्मा आचष्ट इस भाष्य प्रयोग से यहाँ रु का सम्बन्ध नहीं है । उक्त स्थल में आयादेश होकर यकार का लोप हो रहा है । यह सूत्र लघु प्रयत्न में प्रवृत्त नहीं होता है । शाकटायन के मत में उनका विधान है अतः शाकल्य के मत में उनका अभाव है । अवर्ण के ग्रहण के अभाव में गत्तैर्यत्र में दोष होता है । पदान्त के अभाव में हर में ये दोप आ जाता ।

अशि किम् ? वृक्षं वेतीति वृक्षवीः, क्विप्, तमाचष्टे इति ण्यन्ताद्विच् । वृक्षव् करोति । क्विपि तूठ् स्यात । विज्निमित्तको 'लोपो व्योः' (६।१।६६) इति लोपस्तु न, णिलोपटिलोपयोः स्थानिवत्त्वात्, प्रातिपदिकाण्णिजुत्पत्त्या पदत्वाभावेन परपदस्थाजादेशाभावेन च लोपस्य पदचरमावयवत्वाभावेन च 'न पदान्त' (१।१।५८) इति निषेधाप्रवृत्तेः । (१)एतेन 'वनिमित्तको वलोपोऽत्र दुर्वार' इत्यपास्तम् । किञ्च स्थानिवत्त्वनिषेधं विनाऽस्य पदान्तत्वासिद्धयाऽत्र निषेधाप्रवृत्तिः । स्थानिवत्त्वनिषेधज्ञाने पदान्तत्वज्ञानं, तन्निर्णये च स्थानिवत्त्वाभावज्ञानमित्यन्योन्याश्रयस्तत्राप्रवृत्तौ मानम् । इदञ्च 'न पदान्त' (१।१।५८) सूत्रे भाष्ये स्पष्टम् ।

न च पदसञ्ज्ञायां टिलोपस्य स्थानिवत्त्वाद्वस्य पदान्तत्वमेव नास्तीत्यशीति व्यर्थमिति वाच्यम्, 'पूर्वत्रासिद्धीये' इति निषेधात् । साक्षात् पदत्वाद्द्वारकपरम्परया वा पूर्वत्रासिद्धीयप्रापकस्य वत्प्रतिबन्धकस्य वाऽतिदेशस्य तेन (२) निषेधादिति केचित् ।

अशि के अभाव में विच् प्रत्यान्त वृक्षव् करोति में वकार का लोप हो जाता क्विप् प्रत्यय करने से तो ऊठ हो जाता । विच् को विभक्ति मानकर लोपो व्योः से लोप तो नहीं होता है क्योंकि णि् लोप तथा टि लोप का स्थानिवत् भाव हो जाता है यदि प्रातिपदिक से णिच् स्वीकार करे तो पदत्व के अभाव से और पर पदस्थ अजादेश के अभाव से और लोप अभाव पद का अन्तावयव भी नहीं होता है । अतः न पदान्त से स्थानिवत् भाव का निषेध नहीं हो सकता है । उक्त कथन से व निमित्तक व लोप यहाँ अश्वय होगा । यह कथन भी निरस्त है और स्थानिवत्व निषेध के बिना इसको पदान्तत्व की असिद्ध होने से यहाँ निषेध की प्रवृत्ति नहीं होगी । स्थानिवत्व

नहीं होता है और भू का होता है। यह ही 'अस्तेर्भूः' से ज्ञात होता है विद्यमान की निवृत्ति नहीं होती है अर्थात् अस् स्थान में भू नहीं होता है। क्योंकि उक्त अर्थ मानने पर शव्द अनित्य हो जायेंगे। किन्तु प्रसक्त बुद्धि की निबृत्ति होती है। प्रकृत में सकार बुद्धि की प्रसक्ति वर्तमान में नहीं है, तो होने वाली का ग्रहण करते है। इसमें सकार का उच्चारण ही प्रमाण है। उक्त अर्थ मानने से प्रथम प्रवृत्ति में ही सुट् की निवृत्ति हो जाती है द्वितीय बार उसकी प्रवृत्ति नहीं होती है यह भाष्य में स्पष्ट है। उसकी निवृत्ति का कारण आम् का न रहना ही है। उक्त सूत्र में साम् को स्थानी कहने से स्थानिवद्भाव से साम् ही आवेगा आम् नहीं। उक्त रीति से स्थानिवद्भाव की प्रसक्ति नहीं है उस प्रसक्ति को ही ससुट्क निर्देश बतलाता है इसी से 'प्रत्ययोत्तारपदयोस्य' सूत्र के भाष्य में उदाहरण भूत अतित्वाकम् में आकम् और नुट् का अभाव सिद्ध होता है। अर्थात् आकम् होता है और नुट् नहीं होता है। आम् में ही आहार्य साम के आरोप से आदेश होता है। आदेश में आम् न होने से नुट् नहीं होता है। यह कहना भी उचित नहीं है कि जहाँ साम् भावी हो वहाँ आकम् हो क्योंकि भावी साम् मिलना अत्यन्त कठिन है। साम के अशास्त्रीय होने से अतिदेश से उसका लाभ भी नहीं हो सकता है। इसलिए भाष्य विरुद्ध कल्पना उचित नहीं है। ह्रस्वादि वाले आकम् का विधान तो नहीं किया। अन्त्यलोप पक्ष में एत्व निवृत्ति करके अकार के चरितार्थ होने से पर रूप होने पर युष्माकम् इत्यादि की सिद्धि नहीं होती।

द्विवचनैकवचनशब्दयोरर्थपरतया व्याख्याने फलं दर्शयति-द्वयेकत्वेति। द्वित्वैकत्व (५) विशिष्टावाचिनी इत्यर्थः। समासार्थो–मुख्यविशेष्यम्। अन्यसङ्ख्यः–युष्मदाद्यर्थगतसंख्येतरसंख्या (६) युक्तश्चेदित्यर्थ। स्त इति। अर्थपरत्वाश्रयणादिति भावः। एते इति कर्तृपदम्, युवावाविति कर्मपदम्, एवं त्वमावित्यपि। पूर्वविप्रतिषेधत इति। विप्रतिषेधे पूर्वं इति, सुप्सुपेति समासः। अत एव 'प्रत्ययोत्तरपदयोश्च' (७।२।९८) इतिसूत्र-भाष्ये 'त्वमौ' (७।२।९७) इतिसूत्रे 'शेषे' इत्यनुवर्त्य सुजस्ङेङस्व्यतिरिक्त-विभक्तावेताविति व्याख्यातम्। त्वमौ न चेति। अर्थपरत्वाश्रयणादेवेति भावः। इति विग्रहे इति। एवं विग्रहे यादृग्रूपाणि तानि वक्ष्यन्ते इति शेषः। अतित्वाकमिति। अत्र यथाऽऽकम्नुडभावौ, तथा उक्तम्।

द्विवचन और एक वचन शब्द परक है इसका फल दिखलाते है। द्वयेकेत्वेति। द्वित्व विशिष्ट तथा एकत्व विशिष्ट अर्थ को कहने वाले यह अर्थ है। समासार्थ–अर्थात् मुख्य विशेष्य अन्य संख्य युष्मद् अस्मद् के अर्थ में रहने वाली संख्या से इतर संख्या से युक्त हो। स्तइति। अर्थ परत्व स्वीकार करने से ऐतेइति। यह कर्तृपद है। युवावौ

यह कर्म पद है इसी प्रकार 'त्वमौ' को भी समझना पूर्व विप्रतिषेध इति । विप्रतिषेधे पूर्वः इस विग्रह में सुप्सुपा से समास होता है इसी से 'प्रत्ययोत्तरपदयोश्च' सूत्र के भाष्य में 'त्वयौ' सूत्र में शेषे की अनुवृत्ति कर सु, जस, ङेङस से अतिरिक्त विभक्ति परे यह आदेश होते है । ऐसी व्याख्या की । त्वमौ न चेति । अर्थपरत्व मानने से ही । इति विग्रहे इति । इस विग्रह में जैसे रूप होंगे वैसे कहेंगे यह इसका शेष है । अतित्वाकमिति । जिस प्रकार से आकम होता हैं तथा नुट् का अभाव होता है वह पूर्व में कह चुके है ।

पदस्य (८।१।१६) । 'अपदान्तस्य मूर्द्धन्यः' (८।३।५५) इत्यतः प्रागयमधिकारः । तत्फलन्तु 'राजानौ' इत्यादौ नलोपाभावः । इयं कचित्स्थानषष्ठी, कचिदवयवषष्ठी । 'हो ढः' (८।२।३१) इत्यादावाद्या, 'मादुपधाया' (८।२।९) इत्यादावन्त्या । तेन 'वृक्षवन्तौ' इत्यादौ वत्वसिद्धिः । अन्यथा मत्वन्तपदाभावान्न स्यात् । अत एव 'नलोपः' (८।२।७) इति सूत्रेऽन्तग्रहणं चरितार्थमिति स्पष्टं भाष्ये । 'न्रः सङ्ख्यायाः' इत्यत्र नलोपाभावस्तु 'झलाञ्जश् झशि' (८।४।५३) इत्यत्र जश्त्वाभाववद् बोद्धयः ।

पदस्य । 'अपदान्तस्य मूर्द्धन्यः' से पूर्व इसका अधिकार है । राजानौ इत्यादि में न लोप का न होना ही उसका फल है । यह कहीं स्थान षष्ठी है तो कहीं अवयव षष्ठी है । 'होढः' में स्थान षष्ठी है क्योंकि ढकार हकार के स्थान में होता है । ''मादुपधाया'' में अवयव षष्ठी है इसीसे वृक्षवन्तौ में वत्व की सिद्धि होती है अन्यथा मत्वन्त पद के अभाव में वत्व नहीं होता, इसीसे 'न लोपः' सूत्र में अन्तग्रहण चरितार्थ है । यह भाष्य में स्पष्ट है । 'नॄ संख्यायाः' में न लोप का अभाव तो झलाञ्जश् झशि' में जश्त्वाभाव की तरह समझना ।

पदात् (८।१।१७) । 'कुत्सने च सुपि' (८।१।६९) इत्यतः प्रागयमधिकारः । 'अनुदात्तं सर्वम्' (८।१।१८) इत्यादिपदत्रयमापादसमाप्तेः । सर्वग्रहणन्तु 'तिङ्ङतिङः' (८।१।२८) इत्यादौ सर्वानुदात्तत्वस्य विनिगमनाविरहाल्लाभेऽपि स्पष्टतया तल्लाभार्थमित्याकरे स्पष्टम् । 'आदेः परस्य' (१।१।५४) 'अलोऽन्त्यस्य' (१।१।५२) इत्यनयोस्तु न प्राप्तिः, पदस्येत्यस्य 'अनुदात्त' 'तिङ्' इत्यादिश्रुतप्रथमान्तानुरोधेन प्रथमया विपरिणामेन स्थानषष्ठ्यभावात् । तत्र पादशब्देन ऋक्पादः, श्लोकपादश्चाविशेषाद् गृह्यते । अपादादिशब्देन पादान्तपादमध्यस्थवद् । छन्दोहीनवाक्यस्थस्यापि ग्रहणं, 'ग्रामे कम्बलो मे 'स्वम्' इति भाष्यात् ।

पदात् । 'कुत्सने च सुपि' से पूर्व इसका अधिकार है । 'अनुदात्तं सर्वम्' इत्यादि

तीनों पदों का पाद समाप्त पर्यन्त अधिकार है। सर्वग्रहणता "तिङ्ङतिङः" इत्यादि में विनिगमना विरह से सर्वानुदात्त लाभ होने पर भी स्पष्ट रूप सबके लाभ के लिए है। ऐसा भाष्य में स्पष्ट है। 'आदेः परस्य' और 'अलोऽन्त्यस्य' की तो प्राप्ति नहीं है। पदस्य की अनुदात्तं' 'तिङ्' इत्यादि में श्रूयमाण प्रथमान्त के अनुरोध से प्रथमा से विपरिणाम करने से स्थान षष्ठी का अभाव है। पाद शब्द से ऋक्पाद तथा श्लोक पाद दोनों का ही ग्रहण है। अपादादि शब्द से पादान्त तथा पाद मध्यस्थ की तरह छन्दोहीन वाक्यस्थ का भी ग्रहण करना चाहिए। इसमें ग्रामे कम्बलो में स्वम् यह भाष्य प्रयोग ही प्रमाण है।

षष्ठ्यादीति । सर्वस्य पदस्येत्युभयाधिकारसामर्थ्यादिदं लभ्यते इत्यन्यत्र विस्तरः। तौ चानुदात्ताविति । अनुदात्तत्वगुणविशिष्टयोर्विधानादिति भावः।

उक्तविषयोरिति । पदात्परयोपादादौ स्थितयोरित्यर्थः। द्वितीयायां त्वामयोरपवादत्वादाह—षष्ठीचतुर्थ्येकेति ।

विभक्तिक्रमलब्धद्वितीयादिक्रमेणोदाहरति—श्रीश इति । दत्तादित्यनेन चतुर्थ्यन्तत्वं स्फुटीकृतम् । संवेद्योऽस्मानिति । नन्वत्र सन्ध्यभाव नवाक्षरत्वेनानुष्टुप्पादत्वानापत्तिः। सन्धौ तु उभयत आश्रयणेऽन्तादिवत्त्वाभावेन कथमादेशप्राप्तिरिति चेत् ? न, संवेद्यो इत्येकादेशविशिष्टस्य पूर्वान्तवत्त्वेन पदत्वात्, स्मानित्यस्य चैकदेशविकृतन्यायेन द्वितीयान्ता (१) स्मच्छब्दत्वेन तत्प्राप्तिरित्याशयात् । सन्धिश्चान्तरङ्गत्वादादेशात्पूर्वमेव । (२) आदेशे सति 'नः कृष्णः सर्वदाऽवतु' इति पादादित्वापत्त्यो (३) पजीव्यविरोधाच्चाऽऽदेश इत्यन्ये । उभयत आश्रयणेऽपि तस्य स्वीकार इति इणधातौ निरूपयिष्याम इति (४) परे ।

षष्ठ्यादीति । सर्वस्य तथा पदस्य इन दोनों के अधिकार से ही यह प्राप्त होता है। तौ चानुदात्ताविति । क्योंकि अनुदात्त गुण वालों का विधान है।

उक्तविषयोरिति । पदस्य परे और अपादादिमे स्थिति अर्थ है। द्वितीया में त्वा, म के अपवाद होने से कहते हैं—षष्ठीचतुर्थ्येकेति । विभक्ति क्रम से प्राप्त द्वितीयादि क्रम से उदाहरण देते हैं—श्री श इति । दत्तादि चतुर्थ्यन्त स्पष्ट किया है। संवेद्योऽस्मानिति । अब यहाँ पर शंका करते हैं कि सन्धि के अभाव में नौ अक्षर होने से अनुष्टुप का पाद् नहीं होगा। सन्धि होने से दोनों के आश्रयण अन्तादि वत्त्व की प्राप्ति न होने से आदेश की प्राप्ति किस प्रकार से है। उत्तर एकादेश विशिष्ट संवेद्यो को पूर्वान्तवद्भाव से पदत्व होने से और एकदेशविकृतन्याय से स्थानी को द्वितीयान्त

असम (शब्द स्वीकार करने से आदेश प्राप्ति है। अन्तरंग होने से सन्धि आदेश से पूर्व ही होती है। आदेश करने पर 'नः कृष्णः सर्वदाऽवतु' ऐसी योजना में पादादित्व होने से उपजीव्य विरोध होने से आदेश नहीं होता है। ऐसा किसी का मत है। उभयतः आश्रयण मे उसका स्वीकार होता है— यह इण् धातु में निरूपण करेंगे।

ननूक्तरीत्या षष्ठयाद्यन्तानामेवाऽदेशा भविष्यन्ति, किं स्थग्रहणेन ? अत आह–स्थेति। अहानौ स्थशब्द इति भावः। युष्मत्पुत्र इति। युवयोर्युष्माकं वा पुत्र इत्यर्थः। यद्यपि वृत्तौ सङ्ख्याविशेषानवगम इति भाष्ये स्पष्टं तथापि सम्बोद्धयत्वेनैवानेकव्यक्त्यवगतिनं तु तुद्वित्वादेर्भानं, नाप्येकत्वस्येति त्वमौ न कृतौ। विग्रहे तु संङ्ख्याविशेषभानात् द्विवचनादि भवत्येव। तस्य लुक्यपि प्रत्ययलक्षणेन द्विवचनाद्यन्तत्वम्। अत एव 'वध्वोरगारं वध्वगारम्' इति प्रगृह्यसञ्ज्ञासूत्रे भाष्ये प्रयुक्तम्। वचनद्वयविषयसूत्रप्रत्युदाहरणलाभाय 'इति त्वत्पुत्रः' इति न प्रत्युदाहृतम्।

उक्त रीति से षष्ठयन्तों को ही आदेश होंगे। फिर स्थग्रहण की क्या आवश्यकता है उत्तर देते हैं—स्थेति। यहाँ अदानि में स्थ शब्द है। युष्मत्पुत्र इति। युवयोर्युष्माकं वा पुत्रः। अर्थात् द्विवचन या वहुबचन से ही विग्रह करना। यद्यपि वृत्ति में संख्या विशेष का ज्ञान नहीं है ऐसा भाष्य में स्पष्ट है तो भी सम्बोद्धय होने से अनेक व्यक्तियों का ज्ञान होता है। द्वित्वादि का भान् ही होता है और एकत्व का नहीं होता है। इसीसे त्वम् नहीं किये विग्रह में तो संख्या विशेष के भान से द्विवचनादि होंगे ही। उसके लुक होने पर भी प्रत्यय लक्षण होने से द्विवचनादि अन्तत्व है इसीसे 'वध्वोरगारं वध्वगारम्' यह प्रयोग प्रगृह्यसंज्ञा सूत्र के भाष्य में प्रयुक्त है। द्विवचन तथा बहुबचन विषय वाले सूत्रों के प्रत्युदाहरण लाभ के लिये ही त्वत्पुत्रः यह प्रत्युदाहरण नहीं दिया।

समानवाक्ये इति। निमित्तनिमित्तिनोरेकवाक्यस्थत्वे इत्यर्थकं 'समानवाक्ये' इति प्रकृत्य विधेया इत्यर्थः। निघातो नामानुदात्तः। एकतिङ्ङिति बहुव्रीहिः, एकङिन्तघटितमित्यर्थः। तेन 'पचति' इत्ये (५) तन्मात्रस्य न वाक्यत्वम्। इदं स्वशास्त्रकार्योपयोगि एकवाक्यत्वलक्षणम्। तेन 'पश्य मृगो धावति' इत्यादौ लौकिकैकवाक्यत्ववत्यपि नाव्याप्तिः। समर्थसूत्रे भाष्ये स्पष्टमेतत्। अत एव 'तिङ्ङतिङः' (८।१।२८) इत्यत्रैतदाश्रित्य अतिङ' इति प्रत्याख्यातं भाष्ये। लौकिकवाक्यत्वञ्च—

सुप्तिङन्तचयो वाक्यं क्रिया वा कारकान्विता (अ० को० १।६।२)

इत्यमरेणोक्तोम् । वाशब्दश्चेदर्थे । कारकान्तिक्रिया चेद्, बोद्धयेति शेषः। तेन निरर्थकशब्दसमुदायव्यावृत्तिः । सुप् च तिङन्तञ्च सुप्तिङन्ते, सुब्विशिष्टं तिङन्तं, तेषामेकशेषः। तेन कारकान्वितक्रियाबोधकसुबन्तचय-तिङन्तचय-सुप्तिङन्तचयानां त्रयाणामपि वाक्यत्वलाभः। तत्र सुबन्तचयो-देवदत्तेन शयितव्यम् । द्वितीयं पचति भवतीत्यादि । तृतीयं चैत्रः पचती-त्यादि ।

* (एतत्समानार्थकमेव 'तिङ्ङतिङः' (८।१।२८) इति सूत्रे 'अतिङ' इति वदत्सूत्रकारभिप्रेतं वाक्यलक्षणम् 'अख्यातं सविशेषणं वाक्यम्' इति समर्थसूत्र भाष्ये उक्तम् । तत्राऽख्यातपदेन क्रियाप्रधानं लक्ष्यते। तेन 'त्वया शयितव्यम्' इत्यादेः सङ्ग्रहः । सविशेषणमित्यस्य साक्षात् परम्परया वा यद्विशेषणं, तत्सहितेत्यर्थः । तेन 'नद्यास्तिष्ठति कूले' इत्यादौ नद्यादेः समानवाक्यस्थत्वसिद्धिः । सविशेषणत्वेन विभागे साकाङ्क्षत्वं लब्धम् । एतदेवैकोद्देश्यकैकविधेयकत्वरूपैकार्थत्वगर्भमेकवाक्यत्वलक्षणं बोध्यम्। 'अर्थै-क्यादेकं वाक्यं साकाङ्क्षं चेद्विभागे स्यात्' (जै० सू०) इति जैमिन्युक्तेः। अनेन च 'ब्रूहि ब्रूहि' इत्यस्यासङ्ग्रहो, विशेषणानुपादानेन सविशेषणत्वा-भावात् । वाक्यत्वफलं त्वत्र प्रश्नोत्तरे 'अनन्त्यस्यापि प्रश्नाख्यानयोः' (८। २।१०५) इत्यनेन वाक्यस्य टेः प्लुतसिद्धिः अतः स्वशास्त्रपरिभाषितं लक्षणम् 'एकतिङ् वाक्यम्' इत्युक्तम् । अत एव एतदुदाहरणं 'ब्रूहि ब्रूहि' इत्येव भाष्ये दत्तम् । यत्तु-अत्रोदाहरणं देवदत्तेति विशेषणं पूरणीयमिति; तन्न, पूर्वलक्षणेनैव सिद्धेः, द्विः प्रयोगस्य भाष्ये व्यर्थत्वापत्तेश्च । यद्यपि पदद्वित्वेऽवान्तरपदत्वमप्यस्ति, तथापि 'एकातिङ् इत्यस्य एकानुपूर्वीकैक-तिङन्तवदित्यर्थ इति न प्रकृते दोष इत्यलम् ।

समानवाक्येइति। निमित्त और निमित्ती दोनों एक वाक्य में स्थिति होने चाहिये अर्थवाला समान वाक्ये को लेकर आदेश करने चाहिए। निघात का अर्थ है। अनुदात्त। एकतिङ्ति बहुव्रीहि है। एक तिङ्त से युक्त यह इसका अर्थ है इससे केवल 'पचति' वाक्य नही है यह लक्षण अपने शस्त्र के कार्य में उपयोगी है। इससे 'पश्य मृगो धावति' इत्यादि लौकिक एक वाक्यत्व में अति व्याप्ति नही है। यह समर्थ सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है इसी से उक्त लक्षण स्वीकार 'तङ्ङतिङः' के अतिङ ग्रहण का भाष्य में प्रत्याख्यान किया है। लौकिक वाक्य का लक्षण इस प्रकार है—

सुप् तिङन्त चयो वाक्यं क्रिया का कारकान्विता। यह अनाकार ने कहा।

वाशब्दचेत् के अर्थ में है। कारक से अन्वित क्रिया हो। बोद्धया इसका शेष है। इससे निरर्थक शब्द समुदाय की व्यावृत्ति होती है। सुप् च तिङन्तञ्च सुप तिङन्ते, अथवा सुब्विशिष्टं तिङतं सुप्तिङ्त्तं, उनदोनों का एक शेष है। इससे कारक से अन्वित क्रिया बोधक सुबन्त समुदाय, तिङन्त समुदाय और सुप् तिङन्त समुदाय इन तीनों को वाक्यत्वसिद्ध होती है। सुक्त समुदाय का देवदत्तेन शमितव्यम्। तिङत्त समुदाय का पचति भवति। तृतीय का चैत्रःपचति उदाहरण है।

इसके समान अर्थ वाला ही 'तिङङतिङः' सूत्र में 'अतिङ' के ग्रहण से सूत्रकार को अभीष्ट वाक्यलक्षण 'आख्यातं सविशेषणं वाक्यं' है। ऐसा समर्थ सूत्र भाष्य में कहा है। वहाँ आख्यात शब्द से क्रिया प्रधान का ग्रहण लक्षणा से है। इससे 'त्वया-शमितव्यम्' संग्रह होता है। तिङ न होने पर भी शयन क्रिया का प्राधान्य है सविशेषणं से साक्षात् या परम्परा से जो विशेषण हो उसके सहित अर्थ है। इससे 'नद्यातिष्ठति कूले' इत्यादि में नदी आदि की समान वाक्य में स्थिति सिद्ध हुई। सविशेषणं से विभागे साकांक्षत्व प्राप्त होता है। इसी को एकोद्देश्यक एक विधेयक एक कार्यत्व गर्भ, एक वाक्यत्व का लक्षण जानना। क्योंकि ऐसा ही जैमिन का सूत्र है। 'अर्थैक्यादेकं वाक्यं साकांक्षम् चेद्विभागे' इससे बहुव्रीहि का भी संग्रह होता है। विशेषण के उपादान न होने से सविशेषत्व का अभाव है। वाक्यत्व का फल प्रश्नोत्तर में 'अनन्त्यस्यापि प्रश्ना-ख्यानयोः' से वाक्य की टि को प्लुत सिद्ध होता है इसी से अपने शास्त्र का कहा लक्षण 'एकतिङ वाक्यं' है। इससे ही इसका उदाहरण 'ब्रूहि ब्रूहि' ही भाष्य में दिया। किसी का कथन है कि इस उदाहरण में देवदत्ता विशेषण की पूर्ति करनी चाहिए, वह उनका कथन ठीक नहीं है। पूर्व लक्षण से ही सिद्ध था ब्रूहि का दो प्रयोग व्यर्थ था यद्यपि पद के द्वित्व में अवान्तर पदत्व भी है तो भी 'एकतिङ' का एकानुपूर्वी वाला एक तिङन्त वाला अर्थ करने से प्रकृति में कोई दोष नहीं है।

ओदनं पचेत्यादि। (१) समर्थपरिभाषा त्वत्र न प्रवर्त्तते, एकार्थीभावविषये एव (२) तत्प्रवृत्तेरिति भावः। एते वांनावादय इति। इदञ्च 'सपूर्वायाः' (८।१।२६) इत्यत्र भाष्ये स्पष्टम्।

न च वा (८।१।२४) चादयः समुच्चयविकल्पाद्भुतखेदावधारणार्थाः तेषामन्यतमेन योगे इत्यर्थः। ननु तृतीयानिर्देशेनैव सिद्धे युक्तग्रहणं व्यर्थमत आह–युक्तग्रहणादिति। साक्षादिति। युष्मदस्मदर्थगतसमुच्चयादिद्योतकत्वे इत्यर्थः। परम्परेति। स्वार्थाश्रयान्वय्यन्वयित्वादिरूपेत्यर्थः।

ओदनं पचेत्यादि। समर्थ परिभाषा की यहाँ प्रवृत्ति नहीं होती है। क्योंकि एकार्थीभाव के विषय में ही उस परिभाषा की प्रवृत्ति होती है। एते वांनावादय इति। यह 'सपूर्वायाः' के भाष्य में स्पष्ट है।

न च वा। चारियों का क्रम से समुच्चय, विकल्प अद्भुत, खेद तथ्य अवधारण अर्थ है। "उनमें किसी का योग होने पर" यह अर्थ है। तृतीया निर्देश से कार्य सिद्ध था, फिर 'युक्त ग्रहण व्यर्थ है उत्तर देते हैं— मुक्तग्रहणादिति। साक्षादिति। युष्मद या अस्मद् के अर्थ में रहने वाले समुच्चय के द्योतक होने पर यह अर्थ होता है। परम्परेति। अपने अर्थ के आश्रय के अन्वय वाले का जो अन्वय वाला हो।

चेतसेति। 'अनालोचनार्थैः' इत्येव पर्युदासेन सिद्धे 'पश्यार्थैः' इत्येतद् (३) इन्द्रियजन्यसकलज्ञानसङ्ग्रहार्थमिति भावः। परम्परेति। स्वान्विता-न्वयित्वादिरूपेत्यर्थः। तदुक्तं भाष्ये 'पश्यार्थैश्च प्रतिषेधः' 'समानवाक्ये' इति प्रकृत्य वक्तव्यः। इतरथा हि यत्रैव पश्यार्थानां युष्मदस्मदी साधनं, तत्र प्रतिषेधः स्यात् ग्रामस्त्वां सम्प्रेक्ष्यगत इति। इह न स्यात्ग्रामस्तव स्वं सम्प्रेक्ष्य गतः' इति। समानवाक्ये इति करणेन समानवाक्ये पश्यार्थै-र्युक्ते युक्तयुक्ते च युष्मदाद्यर्थे आदेशप्रतिषेध इति कैयटः। एवञ्च 'न चवा' (८।१।२४) इति सूत्रे युक्तग्रहणं स्पष्टार्थमेव। तद्भावेऽपि प्रकृत-सूत्रस्येव तस्यापि साक्षात्सम्बन्धे एव प्रवृत्तिः स्यात्। समानवाक्ये इत्येतत्-सम्बन्धात्तु अस्य युक्तयुक्तेऽपि प्रवृत्तिरित्यन्यत्। अत एव 'देवदत्तस्य पुत्राद् यज्ञदत्तः पृथक्' इत्यादौ देवदत्तशब्दान्न पञ्चमीत्याहुः। भक्तस्तवेति। 'इह तव' इत्यस्य रूपेण सम्बन्धो, न तु साक्षाद्धयायतिनेति भावः।

चेतसेति। 'अनालोचनार्थैः' इतने पर्युदास से ही सिद्ध था 'परयार्थैः यह इन्द्रिय से जन्य सम्पूर्ण ज्ञान के संग्रह के लिए है। परम्परेति। अपने अन्वित का अन्वय वाला यह अर्थ है। भाष्य में भी कहा है 'परमार्थैश्च प्रतिषेधः' सभान वाक्येइति प्रकृत्य-वक्तव्य :। पश्यार्थैः से प्रतिषेध समान वाक्य में कहना चाहिए नही तो जहां भी पश्यार्थकों के कारण युष्मद् अस्मद् होगे वहाँ प्रतिषेध होने लगेगा। जैसे 'ग्रामस्त्वाँ संप्रेक्ष्य गतः' वाक्य में होगा। ग्रामस्तव स्वं संप्रेक्ष्य गतः में नही होगा। समानवाक्ये कहने से समान वाक्य में पश्यार्थक धातुओं से योग वाले और उनसे भी योग वाले युष्मद् अस्मद को आदेश प्रतिषेध होता है ऐसा कैयट का मत है। अब 'न च व' सूत्र में युक्त ग्रहण स्पटार्थ ही है। युक्त ग्रहण के अभाव में भी 'पश्यार्थैः' की तरह उसकी भी साक्षात् सम्बन्ध में ही प्रवृत्ति होगी। समान वाक्ये के सम्बन्ध से यह सूत्र मुक्त-मुक्त में लगता है। यह दूसरी बात है इसी से 'देवदत्तास्य पुत्राद् यज्ञदत्तः पृथक' इत्यादि में देवदत्त शब्द से पञ्चमी नहीं होती है। भक्तस्तवेति। यह तब रूप से सम्बन्ध है। साक्षात द्वयधातु से नहीं है।

सपूर्वा (८।१।२६)। सहशब्दा विद्यमानवाची। अवधेरपि सम्बन्धि-

त्वेन विवक्षायां (१) षष्ठ्यर्थेऽन्यपदार्थे 'अनेकम्' (२।२।२४) इति समासो, वोपसर्जनस्य' (६।३।८२) इति सः, तदाह—विद्यमानपूर्वादिति । प्रत्यय-ग्रहणे तदन्तग्रहणमित्याह—प्रथमान्तादिति । ननु 'एते वांनावादयः' (का० वा०) इत्येनैव विकल्पसिद्धे किमेतेनेत्यत आह—आन्वादेशेऽपीति । अत्र नेति निवृत्तं, तदाह—आदेशा वेति । तेनेति । भक्तत्वेनेत्यर्थः । प्रक्रान्तार्थत्वान्न यच्छब्दोपादानापेक्षेति भावः । स्पष्टञ्चेदं सप्तमोल्लासे काव्यप्रकाशादौ । अत्र 'हरिस्त्वाम्' इत्येकमुदाहरणम् । 'स माम्' इत्यपरम् । त्रायते इत्यस्य च मध्यमणिन्यायेन तन्त्रेणोभयत्रान्वयः तेन स इत्यस्यापि समानवाक्यस्थ-त्वेन विद्यमानपूर्वत्वं बोद्धव्यम् ।

सपूर्वा । सह शब्द विद्यमान वाची है अवधि को भी सम्बन्धित्व से विवक्षा में षष्ठ्यर्थ अन्य पदार्थ मानने पर 'अनेकम्' से समास होता है । 'वोपसर्जनस्य' से सह का सादेश होता है । यह सब जानकर ही लिखा है—विद्यमान पूर्वादिति । प्रत्यय के ग्रहण में तदन्त का ग्रहण होता है इसलिए लिखा है—प्रथमान्तादिति । 'एते वांनावादयः' से विकल्प सिद्ध है फिर इसकी क्या आवश्यकता है इसलिए कहते हैं अन्वादेशेऽपीति । यहाँ नकार की निवृत्ति है- इसलिए लिखा है आदेशावेति । तेनेति । भक्तत्व होने से प्रक्रान्त होने से यद् शब्द के उपादान की अपेक्षा नहीं है क्योंकि प्रक्रान्त, प्रसिद्ध तथा अनुभूतार्थक तच्छब्द यच्छब्द की अपेक्षा नहीं करता है यह काव्य प्रकाश के सप्तम् उल्लास में लिखा है । यहाँ 'हरिस्त्वाम' यह एक उदाहरण है । 'समाम्' यह दूसरा है । त्रायते का मध्यमणिन्याय से तन्त्र मान कर दोनों में अन्वय है । इससे स के समान वाक्य स्थिति होने से विद्यमान पूर्वत्व है ।

सोऽऽमन्त्रितम् (२।३।४८) । सम्बोधने च' (३।२।१२५) इत्यतः सम्बोधने इति वर्त्तते । 'सौ' इत्यनेन प्रथमा परामृश्यते । आमन्त्रणमाम-न्त्रितमिति महासञ्ज्ञा(२)बलात्तदन्तविधिरित्याह—तदन्तमिति । अत एव है हे भो इत्यादीनामपि संज्ञासिद्धिः । अन्यथा 'अन्तरङ्गानपि' (प० भा० ५२) इति न्यायेन पूर्वं विभक्तिलुकि प्रथमाया अभावेन 'नखनिर्भिन्नः' इत्यत्रेसभाववदत्र संज्ञा न स्यात् । यद्यप्येषां सम्बोधने शक्तेः प्रातिपदि-कार्थसूत्रेणैव प्रथमा, तथापि सम्बोधनविषयप्रथमासत्त्वान्न दोष । एतदर्थमेव 'प्रथमा' इत्यनुवर्तमाने सेति पदम् ।

साऽऽमन्त्रितम् । 'सम्बोधने च' से सम्बोधने की अनुवृत्ति होती है 'सा' से प्रथमा का परामर्श होता है । आमन्त्रण, आमन्त्रित इस महासंज्ञा के बल से तदन्त विधि होती है- इसी से लिखा है । तदन्तमिति । इसी से है हे भो इनकी भी संज्ञा सिद्ध

होती है। नहीं तो 'अन्तरङ्गानपि' न्याय से पहले विभक्ति का लुक् होने पर प्रथमा के अभाव से 'नखनिर्भिन्नः में 'भिस्' लुक् होने से जैसे ऐस् नहीं होती है उसी प्रकार यहाँ संज्ञा नहीं होती। यद्यपि इनकी सम्बोधन में शक्ति होने से प्रातिपदिकार्थ सूत्र से प्रथमा सिद्ध है तो भी सम्बोधन के विषय में प्रथमा होने से दोष नहीं है। इसीलिये सा पद है।

अन्ये तु 'सम्बोधने च' (३।२।१२५) इत्यस्य तत्र वर्तमानादित्यर्थे अन्यत्रेवात्रापि 'सम्बोधने च' इत्येव प्रथमा प्रातिपदिकोक्तत्वस्याव्यावर्त्तकत्वेन विभक्त्यप्रतिबन्धकत्वात्, तिङ्कृत्तद्धितसमासैः' इति परिगणनाच्च। सेति विधेयसमर्पिकाया अनुवाद्यत्वाय स्पष्टार्थमित्याहुः।

अन्य का कथन है 'सम्बोधने च' का सम्बोधन में वर्तमान अर्थ करने से अन्य स्थल की तरह यहाँ भी 'सम्बोधने च' से ही प्रथमा है। प्रातिपदिक से उक्त होना किसी का व्यावर्तक नहीं होता है, इसलिए विभक्ति में भी प्रतिबन्धक नहीं हो सकता है। 'तिङ्कृत्तद्धितसमासैः' यह चार स्थल उक्त के परिगणित है। सा तो विधेय भूत प्रथमा के अनुवाद के लिए स्पस्टार्थ है।

अविद्यमानवदिति। 'गोतो णित्' (७।१।९०) इतिवत् (१) सिद्धे वत्करणमतिदिश्यमानविरुद्धस्वाश्रयस्यापि लाभार्थम्। तेन 'आमभो देवदत्त' इत्यादौ 'आम एकान्तरमामन्त्रितमनन्तिके' (८।१।५५) इति एकान्तरत्वप्रयुक्तामन्त्रितनिघातनिषेधसिद्धिरिति स्पष्टं भाष्ये। न चात्र 'नामन्त्रिते समानाधिकरणे' (८।१।७३) इत्यनेन निषेधादविद्यमानवत्त्वमेव नेति वाच्यम्, अस्य सम्बोधनमात्रद्योतकत्वेन विशेष्यवचनत्वाभावात्, देवदत्तस्यैव विशेष्यत्वाच्च।

अविद्यमानवदिति। 'गोतो णित्' की तरह ही कार्य सिद्ध था, फिर वत् करने से अतिदिश्य मान से विरुद्ध स्वाश्रय कार्य के लाभ के लिए है। अन्यत्र स्वाश्रय कार्य का ग्रहण नहीं होता है। इससे आम्भो देवदत्त' इत्यादि में 'आम एकान्तरमामन्त्रित-मनन्तिके' एक भो का व्यवधान मानकर देवदत्त को आमन्त्रितनिघात का निषेध सिद्ध हुआ। यहाँ 'आमन्त्रिते समानाधिकरणे' से निपेध होने अभिमानबद्भाव ही नहीं है। सम्बोधन मात्र का द्योतक होने से यह कोई विशेष बंधन नहीं है और देवदत्त ही विशेष्य है।

इहेति। 'अग्ने तव' 'देवास्मान्' इत्यत्रादेशाः, 'अग्ने नय' इत्यत्र तिङ्ङतिङः' (८।१।२८) इति निघातः, 'अग्ने इन्द्र' इत्यत्र 'आमन्त्रितस्य च' (६।१।१९८) इति निघात इति विवेकः। अत्र पूर्वमित्यनेन परस्याऽ-

ऽक्षेपात् पूर्वं परस्य कार्येऽविद्यमानवदित्यर्थः । तेन 'देवास्मान्' इत्यत्र देवेत्यस्याऽऽमन्त्रिताद्युदात्तत्वं भवत्येव । पूर्वं किम् ? पाहि देव । अत्राऽऽमन्त्रितनिघातो भवत्येव ।

इहेति । 'अग्ने तव' 'देवास्मान्' में आदेश 'अग्ने नय' में 'तिङङतिङ' से निघात, 'अग्नेइन्द्र' में आमन्त्रितस्य से निघात नहीं होता है। यहाँ पूर्व से पर का आक्षेप होने से पहले पर के कार्य में अविद्यमानवत् होता है। इससे 'देवास्मान्' में देव को षाष्ठ (छठें अध्याय का) आमन्त्रित आद्युदात्त होता ही। पूर्वग्रहण का फल है कि कि पाहिदेव में आष्टमिक आमन्त्रित निघात होता है।

प्राचीनमिति । एवमेव 'लक्ष्मीपते तेऽङ्घ्रियुगं स्मरामि' इत्यादिसिद्धिः । (२) नृसिंहाश्रम ते ख्यातिः इत्यादौ 'गेये केन विनीतौ वाम्' इत्यादाविव विभक्त्यन्तप्रतिरूपकनिपाताङ्गीकारेणादोषः । अयं समाधिः प्रकृतेऽपि, 'नः' इत्यस्य विभक्तिप्रतिरूपकत्वात् । अन्यार्थन्तु मूलोक्तकल्पनावश्यकत्वम्, तदाह—एवमिति । सर्वेषां निघातइति । अस्य प्राप्त इति शेषः । तत्र यमुने सरस्वतीत्यनोर्बाधकाभावाद्भवति । शुतुद्रीत्यस्य तु न, पादादिस्थत्वात् ।

एतेन 'आदिभ्यः' 'सर्वेषाम्' इति बहुवचनमसङ्गतमित्यपास्तम् ।

प्राचीनमिति । इस तरह 'लक्ष्मीपतेतेऽङ्घ्रियुगं स्मरामि' इत्यादि की सिद्ध होती है। 'नृसिंहाश्रम ते ख्यातिः' इत्यादि में 'गेये केन विनीतौ वाम्' की तरह विभक्त्न्तप्रतिरूपकनिपात स्वीकार करने से दोष नहीं है। अर्थात् उक्त दोनों स्थानों में क्रमशः ते तथा वाम् निपात है। आदेश नहीं है। यह समाधान प्रकृति में भी समझना। 'नः' भी विभक्ति प्रतिरूपक निपात है। जैसा कि लिखा है—एवमिति। सर्वेषाँ निघात इति। इसको प्राप्त था यह इसका शेष है। वहाँ यमुना, सरस्वती में बाधक न होने से होती है। पाद के आदि में स्थिति होने से शुतुद्री में नहीं होता है। इससे 'आदिभ्यः' सर्वेषाम् में बहुवचन असंगत है। यह कहना व्यर्थ है।

अग्ने तेजस्विन्निति । अनुदात्तं सर्वमित्यनयोः सम्बन्धानहेत्वेन निवृत्त्या तत्साहचर्येणापादादावित्यस्याप्यविद्यमानवत्सूत्रे निवृत्तिरिति भावः । आमन्त्रिते किम् ? (१) देव करोषि । सामान्यवचनं किम् ? 'अघ्न्ये देवि सरस्वति इडे काव्ये' इत्यादौ पर्यायेषु परेषु निषेधो मा भूत् । सामानाधिकरण्यञ्चैकार्थविशेष्यकबोधजनकत्वमेव, न तु प्रवृत्तिनिमित्तभेदगर्भमिति दिक् ।

अग्ने तेजस्विन्निति : अनुदात्तं सर्वमि दोनों के सम्बन्ध योग्य न होने से निवृत्ति होने से उनके साहचर्य से अपदादौ की थी। अविघ्नशानवत् सूत्र में निवृत्त की है। आमन्त्रिते अभाव में देव करोषि में दोष था। सामान्य वचन के अभाव में अघ्न्ये देवि सरस्वति इडे काव्ये' इत्यादि में पर्यायों के परे निषेध होने लगता। सामानाधिकरण्य तो एकार्थ विशेष्यक बोध जनकत्व ही लेना। (एक अर्थ को विशेष्य मानकर जहाँ बोध होता हो) प्रवृत्ति निमित्त भेद वाला नहीं है। प्रवृत्ति निमित्त का अर्थ सकृत्या वच्छेदक है।

सुपादिति। शोभनौ पादावस्येति बहुव्रीहिः। 'संङ्ख्यासुपूर्वस्य' (५।४।१४०) इत्यकारलोपः समासान्तः।

अञ्चेः सुपीति। निपातने साहचर्यादिति भावः।

अनिदिताम्। (६।४।२४) (२) इत्संज्ञेकार (३) वद्भिन्नाना-मित्यर्थः। अङ्गस्येत्यधिकारः।

सुपादिति। शोभनौ पादौ अस्य इस विग्रह में बहुव्रीहि समास है। 'संङ्खया-सुपूर्वस्य' से समासान्त अकार का लोप होता है।

अञ्चेः सुपीति। निपातनों से साहचर्य होने से उक्त अर्थ का लाभ है।

अनिदितान्। इत्संज्ञक इकार यालों से भिन्नों को अर्थ है। अंगस्य का अधिकार है।

अञ्चतेर्भस्येति। 'अल्लोपोऽनः' (६।४।१३४) इतिवद् अस्यापि प्रत्यञ्चमञ्चति तेन (१) 'प्रत्यक्चा' इत्यादौ पूर्वाकारे न प्रवृत्तिः। अच इत्यञ्चतेर्लुप्तनस्य ग्रहणम् (२) व्याख्यानात्। अस्य किम्? प्रत्यञ्चौ। लुप्तनस्येति किम्। पूजायां प्रत्यञ्चा।

अञ्चतेर्भस्येति। 'अल्लोपोऽनः' की तरह इसकी भी प्रत्यञ्चमञ्चति विग्रह निदपन्न तृतीयान्त 'प्रत्यक्चा' में पूर्व आकार में प्रवृत्ति नहीं होती है। अर्थात यकार में विद्यमान जो अच् का आकार है। अचः से लुप्त नकार वाली अञ्चति का ग्रहण है। इसमें व्याख्यान ही शरण है। अकार का लोप न कर ब लोप करने से न लोप विवक्षित है। भ के अभाव में प्रत्यञ्चौ में अकार का होने लगता। लुप्तनस्य के अभाव में पूजा में प्रत्यञ्चा में अकार का लोप होने लगता।

चौ (६।३।१३८)। नेदं वर्णग्रहणं व्याख्यानात्, तदाह—लुप्तेत्यादि। अण इति। 'कर्तृचः' इत्यादीनामनभिधानमिति भावः। एवञ्चाण्ग्रहण-मुत्तरत्र 'सम्प्रसारणस्य' (६।३।१३९) इत्यत्र 'तृतीयः' इत्येतद्व्यावृत्त्यर्थमा-वश्यकमिहापसम्बद्धयते, न त्वत्रास्य व्यावर्त्यमस्ति इत्याकरे स्पष्टम्।

अक्तेति । तत्परिभाषाऽभावे तु 'चौ (३) प्रत्यङ्गस्य प्रतिषेधो वक्तव्यः' इति वचनमेव भाष्योक्तं शरणम् ।

चौ । यह वर्ग ग्रहण नहीं है (च वर्ग) इसमें व्याख्यान ही शरण है । अतएव लिखा है--लुप्तेत्यादि । अणइति । कर्त्तच इत्यादि प्रयोगों का अनभिधान है । इस तरह अण्ग्रहण आगे 'सम्प्रसारणस्य' तथा 'तृतीयः' इत्यादि की व्यावृत्ति के लिए है, उसका सम्बन्ध यहाँ भी हो जाता है । यहाँ उसका कोई व्यावर्त्य नहीं है । ऐसा भाष्य में स्पष्ट है ।

अक्तेति । उस परिभाषा के अभाव में तो 'चौ' प्रत्यगस्य प्रतिषेधो वक्तव्यः' यह भाष्योक्ति वचन ही शरण है । प्रत्यंग (अन्तरंग) ।

विष्वग्दे (६।३।९२) । चात् 'आ सर्वनाम्नः' (६।३।९१) इत्यतः सर्वनाम्नः इत्याकृष्यते । (४) सामर्थ्यादुपसर्जने प्रवृत्तिः । अप्रत्यये इति पाठेऽविद्यमानः प्रत्ययः, क्विबादिरित्यर्थः । वप्रत्यये इति पाठेऽप्यकारस्याविवक्षितत्वात् (५) स एवार्थः । अद्र्यादेशसघ्र्यादेशावन्तोदात्तौ निपातनादिति स्पष्टं भाष्ये ।

विष्वग्दे । चकार से 'आ सर्वनाम्नः' में सर्वनाम्नः का अपकर्ष होता है । सूत्रारम्भ करने के कारण उपसर्जन में भी प्रवृत्ति होती है । अप्रत्यय पाठ में अविधमान प्रत्यय अर्थात् क्विप् आदि जानना । व प्रत्यये पाठ में भी अकार के अविवक्षित होने से क्विबादि ही अर्थ है अद्रतथा सध्र दोनों ही आदेश निपातन से अन्तोदान्त है ।

अदसो (१।१।१२) 'असेः' इतीकार उच्चारणार्थः । अदस इत्यवयवषष्ठी । सग्रहणं तत्स्थानिकौकाररेफयोरप्युपलक्षणम् । तेन 'अदस्यति' 'अदोऽत्र' 'अदः' इत्यादौ न दोषः । दादिति किम् ? अमुयोरित्यत्रान्त्यस्य मा भूदिति । समाहारद्वन्द्व इति । इदमर्वाचामनुरोधेन । (१) वस्तुतोऽयुक्तमेतत् । उ स् ऊ स् इति द्वन्द्वे सुलोपे घ्यन्तत्वाद्ध्रस्वस्य पूर्वनिपाते नपुंसकह्रस्वसवर्णदीर्घयोः प्राप्तयोर्दीर्घस्य शब्दान्तरप्राप्त्याऽनित्यत्वेन नित्यत्वाद्, अपरनिमित्तकत्वेनान्तरङ्गत्वाच्च ह्रस्वत्वे ततः सवर्णदीर्घे ऊ इतिरूपासिद्धेः । अत एव 'उकालः' (१।२।२७) इत्यत्र उकाल इति न कृतम् । तस्माद् 'दिव उत्' (६।१।१३१) 'ऋत उत्' (६।१।१११) इति च तपरत्वेन भाव्यमानोकारस्य सवर्णग्राहकत्वात्सिद्धमिति बोद्धयम् ।

अदसो । असेः में इकार उच्चारण के लिए है । अदसः यह अवयव षष्ठी है । सकार का ग्रहण उसके स्थान में होने वाले औकार और रेफ का भी उपलक्षण है ।

इससे अदस्य. अदोऽत्र तथा अदः आदि में दोष नहीं है। दात् का फल है, अमुयोः में अन्त्य को न होना। समाहार द्वन्द्व इति। यह कथन प्राचीनों के अनुरोध से है। वास्तविक में यह युक्त नहीं है। क्योंकि उस् ऊम् इस द्वन्द्व में सुलोप करने पर नंपुसक ह्रस्व और सवर्ण दीर्घ की प्राप्ति होने पर दीर्घ, शब्दान्तर को प्राप्त होने से अनित्य है नित्य होने से तथा पर निमित्तक न होने से एवं अन्तरंग होने से ह्रस्व करने पर तदन्तर सवर्ण दीर्घ करने पर उ इस रूप की सिद्ध नहीं होगी। इसी से 'ऊकालः' में ऊकार नही किया इसलिए 'दिवउत' तथा 'ऋतउत' के तपर करण से ज्ञापित उकार 'भाव्यमानोकारस्य ग्रहणान्त' परिभाषा से ही कार्य सिद्ध होगी।

'ष्यङः सम्प्रसारणम्' (६।१।१३) इति सूत्रे भाष्ये 'अनन्त्यविकारेऽन्त्यसदेशस्य' (प० भ० ६५) इति परिभाषा पठिता। अन्त्यसदेशा (२) नन्त्यसदेशयोरेकप्रयोगे युगपत् प्राप्ताव (३) न्त्यसदेशस्यैवेति तदर्थः। अनन्त्यविकार (४) इति च लिङ्गम्। तामर्थतः पठति—अन्त्यबाधे इति। अन्त्यस्य बाधे कार्याप्राप्तौ, अर्थादनेकानन्त्यस्य प्राप्तावित्यर्थः। अन्यथा 'णो नः' (६।१।६५) इत्यादि 'नेता' इत्यादावेव स्यात्, न तु 'नमति' इत्यादाविति भाष्ये स्पष्टम्। 'अल्लोपोऽनः' (६।४।१३४) 'अचः' (६।४।१३८) 'सान्त' (६।४।१०) इत्यादावनेकक्लिष्टकल्पनापेक्षयेय न्याय्या।

सूत्र के भाष्य में 'अनन्त्य विकारे द्वऽन्त्यसदेशस्य परिभाषा है। कहीं पर अन्त्यसदेश तथा अनन्त्यसदेश दोनों के एक प्रयोग में एक साथ प्राप्त होने पर अन्त्य के समीपवाले को ही कार्य करना चाहिए, यह परिभाषा का अर्थ है इसमें अनन्त्य विकारे लिग है। उसको अर्थ से पढ़ते है—अन्त्यबाधे इति। अनन्त्य को बाध होने पर अर्थात् कार्य की प्राप्ति न होने पर अर्थ है उक्त अर्थ न करने पर 'णो नः' से नकार 'नेता' में हो तथा नमति में नहीं हो यह भाष्य में स्पष्ट है। इसका तात्पर्य है कि केवल एक अन्त्य होने पर ही परिभाषा की प्रवृत्ति नहीं होती है, किन्तु अनेक होने पर भी होती है। नेता में केवल इकार ही है परन्तु नमति में मकार और अकार दो है। 'अल्लोपोऽनः' 'अचः' 'सान्त' इत्यादि स्थलों में अनेक क्लिष्ट कल्पनाओं की अपेक्षा परिभाषा को मानना ही उचित है।

किञ्च भसंज्ञायां कार्यकालपक्षाश्रयणमशक्यं परत्वेन पदसंज्ञाबाधकत्वा- (१) नुपपत्तेः। 'राज्ञः' इत्यादौ नलोपस्यासिद्धत्वात्पूर्वम् 'अल्लोपोऽनः' (६।४।१३४) इति लोपे पश्चात्प्राप्तनलोपैकवाक्यतापन्नपदत्वस्यैतदेकवाक्यतापन्नभत्वेन बाधायोगान्न (२) लोपापत्तेश्च। तस्मादाकडारस्थसञ्ज्ञासु यथोद्देशाश्रयणमेवावश्यकमिति 'यजादिस्वादिपरो योऽन्' इत्यर्थस्य न तत्र लाभः।

'ष्यङः सम्प्रसारणम्' (६।१।१३) इति सूत्रस्थ–'कार्यकालं सञ्ज्ञापरिभाषं, भस्येत्युपस्थितमिदं भवति यचि भमिति। तत्र यजादिपरतयाऽनकारं विशेषयिष्यामः। 'अनाऽकारम्' इति भाष्यन्त्वे (३) कदेश्युक्तिः, यजादिप्रत्ययस्या (४) ङ्गांशे उत्थिताकांक्षतया तेनास्यो विशेषणायोगाच्च। अत एव सर्व–फलानामन्यथासिद्धिं प्रदर्श्यापि 'तस्माद् यान्येतस्याः परिभाषायाः प्रयो–जनानि तदर्थमेषः कर्त्तव्या' इति उपसंहृतं भाष्ये इति भावः।

और दूसरी बात यह है कि भसंज्ञा में कार्यकाल पक्ष का आश्रयण कठिन है, क्योंकि पर होने से पद संज्ञा की बाधक होती है। यह सिद्ध नहीं होगा। तब राज्ञः इत्यादि में न लोप को असिद्ध कर पहले 'अल्लोपोऽनः' से लोप करने पर पीछे न लोप के साथ एक वाक्यता को प्राप्त पद संज्ञा का 'अल्लोपोऽनः' से एक वाक्यता पन्न भ संज्ञा से बाध न होने से न लोप होने लगेगा। इससे आकडारस्थ संज्ञाओं में यथोद्दे-श्य पक्ष का आश्रयण ही आवश्यक है। तब 'राजादि स्वादिपरो योऽन्' इस अर्थ का वहाँ लाभ नहीं हो सकता है। 'ष्यङः सम्प्रसारणम्' सूत्र के भाष्य में जो लिखा है कि कार्यकाल संज्ञा परिभाषा पक्ष में भाष्य की उपस्थिति यचि भमि में होती है। वहाँ यजादि पर तथा अनकार को विशेष्य करेगे। (यजादि प्रत्यय है परे जिससे ऐसा जो अन्) अन् का विशेष्य अकार मानेंगे (अन् का जो आकार) यह भाष्य एक देशी है। क्योंकि यजादि प्रत्यय की अंगांश में आकांक्षा उपस्थित होने से यजादि प्रत्यय अन् का विशेषण नहीं हो सकता है। इसी से सब फलों की अन्यथा सिद्ध दिखाकर भी 'तस्माद्' इत्यादि से भाष्य में उपसंहार किया है। (जो इस परिभाषा के प्रयोजन हो उनके लिए यह परिभाषा करनी चाहिए)।

अन्त्यसदेशस्येति। अन्त्येन समानो देशो यस्येत्यर्थः। तत्त्वञ्चान्त्य-वर्णतद्वर्णयोरि (१) तराव्यवधाने भवति। 'चलीक्लृप्यते' इत्यादौ ऋका-रान्तर्गतरेफस्योत्तराज्भागेन व्यवधानान्नान्त्यसदेशत्वसम्भव इति न तत्रैत-त्परिभाषाप्रवृत्तिः। अत एव 'न सम्प्रसारणे' (६।१।३७) इत्युदाहरणी-भूतस्य 'विद्धः' इत्यादेर्नानया सिद्धिः। अत एव 'न सम्प्रारणे' (६।१।३७) इति सूत्रं सार्थकम्। 'नैतस्याः परिभाषायाः प्रयोजनानि' इति तत्सूत्रस्थ-भाष्यस्य त्वयमर्थः–एतत्सूत्रसाध्यानि 'विद्धः' इत्यादीन्युदाहरणानि नैतस्याः परिभाषाया भवन्तीति। अन्त्यसदेशत्वाभावादिति च तद्भावः।

अन्त्यसदेशस्येति। अन्त्य से समान है देश जिसका यह अर्थ है। वह वर्ण और समीपस्थ वर्ण में अन्य के व्यवधान न होने पर ही होता है।

'चलीक्लृप्यते' इत्यादि में ऋकार के अन्तर्गत रेफ का उत्तर के अच् भाग से

व्यवधान होने से अन्त्यसदेश नहीं है, इसी से इस परिभाषा की प्रवृति उसमें नहीं होती है। इसी से 'न सम्प्रसारणे' के विद्धः उदाहरण इस परिभाषा से सिद्ध नहीं है। इसी से न सम्प्रसारणे सूत्र भी सार्थक है 'नैनस्याः' इत्यादि भाष्य का तो यह अर्थ है, कि इस सूत्र से सिद्ध होने वाले विन्न इत्यादि उदाहरण इस परिभाषा के नही है। अन्त्यसदेश का न होना ही इसमें कारण है। अन्त्यधकार के समीप अकार है बकार नहीं है।

परस्यैवेति। द्रशब्दस्यैवेत्यर्थः। अः सेरिति। अत्र अकारेण आकारस्यापि ग्रहणं तेन 'अमूदृक्' इत्यादिसिद्धिः। तत्र हि 'आ सर्वनाम्नः' (६।३।९१) इति पूर्वपदान्तस्यात्वम्। त्यदाद्यत्वेति। त्यदादीनामत्वविषय इत्यर्थः पक्षे इति। अत्र तन्त्रेणार्थद्वयेऽपि सूत्रतात्पर्यम्। तत्र लक्ष्यानुरोधाद्व्यवस्था। अत्र प्रमाणमुपन्यस्यति—उक्तश्चेति। लत्ववदिति। 'चलीक्लृप्यते' इत्यत्र यथा लत्वं रीगृकारयोर्भवति तथेत्यर्थः। अत्र 'अमुदयङ् इति रूपवादिमतं (२) न्याययुतं, लत्वे उक्तरीत्यैतन्न्यायाप्रवृत्तावपि अत्रैतदप्रवृत्तौ मानाभावात्। अतएव भाष्ये 'अदसोऽनोस्त्रेः' इतिवार्त्तिकप्रत्याख्यानाय 'अथवा अः सेः' इति पक्षमुक्त्वा 'यद्येवम् 'अमुमुयङ्' इति न सिद्ध्यति, 'अदद्र्यङ्' इति प्राप्नोति, 'अदमुयङ्' इति भवितव्यम् अनन्त्यविकारे इति' इत्युक्तम्। अत्र 'इति प्राप्नोति' इत्युक्त्या तत्रासम्मतिरुक्ता। 'इति भवितव्यम्' इत्यनेन पृथक् मुत्वमिति पक्षे सम्मत्यभावो दर्शितः। 'इति भवितव्यम्' इत्युक्त्या च तत्र शब्देऽप्रयुक्तत्वं सूचितमित्याहुः।

परस्यैवेति। द्रशब्द का ही । अः सेरिति। यहाँ अकार से आकार का भी ग्रहण है, इसी 'अमूदृक' की सिद्ध होती है, क्योंकि उक्त प्रयोग में 'आसर्वनाम्नः' से पूर्वपद अदस् शब्द में आत्व होता है त्यदाद्यत्वेति। अर्थात् 'त्यदादीनामः' के विषय में ही प्रवृत्ति होती है। पक्षेइति। यहाँ तन्त्र से दोनों अर्थो से सूत्र का तात्पर्य है। वहाँ लक्ष्य के अनुसार ही व्यवस्था है। इसमें प्रमाण देते है– लत्ववदिति। 'चलीक्लृप्यते' में जैसे रीक् और लृकार दोनों को ही लत्व होता है। यहाँ 'अमुदयङ्' रूप सिद्ध करने वाले का मत ही न्याय से उचित है। इसी से भाष्य में 'अदसोऽनोस्त्रेः' इस वार्तिक के प्रत्याख्यान के लिए अथवा अः सेः इस पक्ष को कह कर यदि ऐसा है तो 'अमुमयङ्' की सिद्ध नहीं होगी। 'अदद्रयङ्' प्राप्त होगा, अनत्यविकोर से 'अदमुयङ्' होना चाहिये यह लिखा है। यहाँ प्राप्नोति कहने से उसमें अपनी असम्मति कही है 'इति भवितव्यम् से पृथक मुत्वम् इस पक्ष में सम्मति का अभाव प्रदर्शन किया है। 'इति भवितव्यम्' कहने से उस शब्द में अप्रयुक्तत्व दोष स्पष्ट किया है।

विष्वग्देवयोः किमिति। चस्याप्युपलक्षणमिदम्। ननूत्तरपदाधिकारादञ्चुरूपे उत्तरपदे इत्यर्थाद् 'विष्वगञ्चनम्' इत्यादेर्व्यावृत्तौ व्यर्थमप्रत्ययग्रहणमत आह—अप्रत्ययेति। तेनेति। अन्यथा 'अतः कृ: (८।४।४६) इत्यत्र 'नित्यं समासे' (८।३।४५) इत्यतोऽनुवृत्तसमासग्रहणेनोत्तरपदाक्षेपेऽपि कृधातुरूपे उत्तरपदे इत्यर्थापत्तौ 'अयस्कृद्' इत्यादावेव स्यादिति भावः।

विष्वग्देवयोः किमिति। यह चकार की भी उपलक्षण है। उत्तर पद के अधिकार होने से अञ्चुरूप उत्तर पद के परे अर्थ होने से 'विषगञ्चनम्' इत्यादि के व्यावृत्ति सिद्ध थी फिर अप्रत्यय ग्रहण व्यर्थ है,। इस शंका का उत्तर देते है–अप्रत्ययेति। तेनेति। नहीं तो 'अतः कृ' सूत्र में 'नित्यं समासे' से अनुवृत्ति से प्राप्त समास ग्रहण से उत्तर पद का आक्षेप होने पर भी कृ धातु रूप उत्तर पद के परे अर्थ होने पर 'अपस्कृद्' इत्यादि में होता।

उद् ईत् (६।४।१३९)। अत्र 'अचः' (६।४।१३८) इत्यनुवर्त्तते।

समः स (६।३।९३)। 'समो मिङ्' 'इति' 'सम इक्' इति वा न कृतं, परिभाषाज्ञावकृत (?) गौरवापत्तेः।

उद् ईत्। यहाँ अच् की अनुवृत्ति है। समः स। 'समोमिङ्' अथवा 'सम इक्' ऐसान्यास तो नहीं किया। क्योंकि उन दोनों न्यासों में परिभाषा की आवश्यकता होने से ज्ञान गौरव होता।

(२) तिरसस्ति (६।३।९४)। 'अलोपे' इत्यत्र शकन्ध्वादित्वात्पररूपेणाकारः प्रश्लिष्यते। अस्य अलोपो लोपाभावे यस्मिन्नञ्चतावित्यर्थस्तदाह—अलुप्ताकारेति। तिरश्चेति। श्चुत्वेऽल्लोपस्य स्थानिवत्त्वं तु न, पूर्वत्रासिद्धीये तन्निषेधात्।

तिरसस्ति। 'अलोपे' में शकन्ध्वादि से पर रूप मानकर अकार का प्रश्लेष करते हैं उस अलोप का लोप का अभाव है जिस अञ्चति के परे यह अर्थ है वही कहते हैं—अलुप्ता कारेति। तिरश्चति। श्चुत्व करने में अकार के लोप का स्थानिवद्भाव तो नही होता है; क्योंकि पूर्वत्रा सिद्धीये से निषेध हो जाता है।

पूजार्थस्येति। पूजारूपार्थस्य गम्यत्वे इत्यर्थः। अत एवाव्याकुलं गच्छतीत्यर्थके 'अञ्चितं गच्छति' इत्यादौ नलोपो नः। अव्याकुलगमनेन च पूजा गम्यते, न त्वञ्चतेरेव सोऽर्थ इति स्पष्टम् 'अञ्चोऽनपादाने' (८।२।४८) इति सूत्रे भाष्यकैयटयोः। 'प्राचः' इत्यादि चिरन्तनादिरूढस्येति बोद्धयम्। एतेन 'अञ्चतेर्गतौ' इति नियमेनैव सिद्धौ 'नाञ्चेः पूजायाम्' (६।४।३०) इति व्यर्थमित्यपास्तम्।

पूजार्थस्येति। पूजारूप अर्थ की प्रतीति होने पर अर्थ करना इसी से 'अव्याकुल जाता है' इस अर्थ में 'अञ्चितं गच्छति' इत्यादि प्रयोगों में न लोप नहीं होता है। क्योंकि अव्याकुल गमन से पूजा की प्रतीत होती है। केवल अञ्चति का ही पूजा अर्थ नहीं है यह 'अग्योऽनपादाने' सूत्र के भाष्य एवं कैयट में स्पष्ट है। 'प्रायः' इत्यादि तो चिरन्तन अर्थ में रूढ़ है। उक्त व्यवस्था करने से 'अञ्चतेर्गतौ' इस नियम से सिद्ध था फिर 'नाञ्चेः पूजायाम्' सूत्र व्यर्थ है। यह उनका कथन ही व्यर्थ है।

नलोपाभाव इति। (१) ओपधत्वबोधनद्वारेत्यर्थः। स्पष्टञ्चेदं 'परेश्च घ' (८।२।२२) इति सूत्रे भाष्ये। अपिना चसमवधाने 'चोः कुः' (८।२।३०) इति बोद्धयम्। इति कुत्वाभावो, निरुपपदात् क्विन् इति च निपात्यते इति बोद्धयम्। 'सङि' इति वचनाद्वा कुत्वाभावः। षत्वं, स्कोरितीति। सलोपे षत्वस्यासिद्धत्वात्सलोपे कृते षत्वम्। व्रश्चेः क्विपि 'ग्रहिज्या' (६।१।१६) इति सम्प्रसारणे पूर्वत्वे श्चुत्वस्यासिद्धत्वात्सलोपः। सुवृट्स्विति। चर्त्वस्यासिद्धत्वाद् 'ङः सि' (८।३।२९) इति वा धुट्। निपात्यन्ते इति। अतिप्रत्ययान्ता इति शेषः। तत्र पृषद्बृहतोर्गुणाभावश्च, गमेर्जगादेशश्च, महेः कर्मणि प्रत्ययश्च, निपातनात्। शतृवदिति। प्रत्ययग्रहणपरिभाषया शतृप्रत्ययान्तवदित्यर्थः। 'शतुरनुमः' (६।१।१७३) इति सूत्रे 'बृहन्महतोरुपसंख्यानम्' इति तु पृषदादिव्यावृत्तये नियमार्थमिति बोद्धयम्।

न लोपाभाव इति। अकार उपधा में है, यह भी समझना यह विषय 'परेश्च घ' सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है। अपि के चकार समवधान में 'चोः कुः' से कुत्व का अभाव और निरुपपद से क्विन् का निपातन भी जानना अथवा 'सङि' कहने से कुत्व नहीं होता है। षत्वं, स्कोरितीति। सकार को लोप करने में सत्व के असिद्ध होने से सलोप करने पर षत्व होता है वृश्च क्विप् करने पर 'ग्रहिज्या' से सम्प्रसारण और पूर्व रूप करने पर, श्चुत्व के असिद्ध होने से सकार का लोप होता है। सुवृट्स्विति। चर्त्व के असिद्ध होने से 'ङःसि' से विकल्प से धुट् होता है। निपात्यन्ते इति। अतिप्रत्यय वाले यह इसका शेष है। वहाँ पृषद् और वृहत को गुण का अभाव भी गम को जगादेश और मह को कर्म में प्रत्यय भी निपातन से सिद्ध है। शतृवदिति। प्रत्यय ग्रहण परिभाषा से शतृ प्रत्ययान्तवत् अर्थ है। 'शतुरनुमः' सूत्र में 'वृहन्महतोरूपसंख्यानम्' से पृषदादि व्यावृत्त के लिए नियमार्थ है।

अत्वसन्त (६।४।१४)। चस्त्वर्थे। अतु इति लुप्तषष्ठीकं पृथक् पदम्। अधातोरिति असन्तस्यैव विशेषणं (२) तुशब्दात्। तदाह—धातुभिन्नेति। अत एव 'उगिदचाम्' (७।१।७०) इति सूत्रे गोमत्यतेरप्रत्यये

गोमानिति प्रयोगो भाष्ये सङ्गच्छते । अङ्गविशेषणतयाऽर्थसिद्धतदन्तविधेरेवानुवादकमन्तग्रहणम् । परमिति । वचनसामर्थ्यादुपधापदासम्बन्धेन चारितार्थ्यादित्यभिमानः । अयमभ्युच्चय इत्याह–नित्यमिति । कृताकृतप्रसङ्गित्वमात्रेणेत्यर्थः । सामर्थ्यादिति । वाक्यार्थबोधकाले विरोधाभावेनोपधासम्बन्धे कृते सामर्थ्यात्पूर्वं दीर्घप्रवृत्तिरेव कल्प्यते इति भावः । धीमानिति । न चै(३)कानुबन्धकपरिभाषया मतुपोऽग्रहणम्, सूत्रं तु सर्वादिपठितेऽनुनासिकोकारविशिष्टे भवतुशब्दे चरितार्थमिति वाच्यं पकारादेः समुदायानुबन्धत्वेऽप्यतोर्व्यनुबन्धकत्वाभावात् । अवयवानां नान्तरीयकतया समुदायोपदेशे एव ऋषितात्पर्यमित्यर्थस्य 'आदेच उपदेशे' (६।१।४५) इतिसूत्रस्थभाष्यसम्मतत्वेन यदुपदेशप्रयुक्ता यस्येत्संज्ञा तस्य तदनुबन्धताया एव स्वीकारात् । न चोकारलोपेऽत्वन्तत्वस्याप्यभावः, उकारस्याश्रयणेन तदंशे भूतपूर्वगतिस्वीकारात् । एतेन तदाश्रयणे अतुबन्तेमेतत् नात्वन्तमित्यपास्तम्, तदाश्रयणाभावात् । तस्मादनुनासिकोकारविशिष्टो य उपदेशे अत् तदन्तस्य प्रयोगस्थस्य दीर्घ इति सूत्रार्थ इति न दोषः ।

अत्वसन्त । चकार तु के अर्थ में है । अतु लुप्त षष्ठीक पृथक पद है । अधातुतो तु शब्द के बल से असन्त का ही विशेषण है । जैसा कि लिखा है—धातुभिन्ने ति । इत् से "उगिदचाम्" सूत्र में गोमत्यत् से अप्रत्यय करने पर गोमान् प्रयोग भी भाष्य का संगत होता है । अंग के विशेषण होने से स्वतः सिद्ध तदन्त विधि का अनुवादक ही अन्तग्रहण है परमिति । वचन सामर्थ्य में उपधा पद के असम्बद्ध से चरितार्थ है । यह अभिमान मात्र हैं । परम यह अभ्युच्चय है—नित्यमिति । करने पर और न करने से प्राप्ति होने से । सामर्थ्याति । वाक्यार्थ बोध के समय विरोध के न होने से उपधा के सम्बन्ध करने पर सामर्थ्य के कारण पहले दीर्घ की प्रवृत्ति की कल्पना करते हैं । धीमानिति । एक अनुबन्ध वाले के ग्रहण में दो अनुबन्ध वालों का ग्रहण नहीं होता है, इस परिभाषा के बल से इस सूत्र में मतुप का ग्रहण नहीं होना चाहिये । सूत्र तो सर्वादिगण में पठित अनुनासिक उकार वाले भवतु शब्द में चरितार्थ है, यह शंका उचित नहीं है । क्योंकि पकार समुदाय का अनुबन्ध है अतु का नहीं है । इसलिए अतु दो अनुबन्ध वाली नहीं है । अवयवों का नान्तरीयक (आवश्यक) होने से समुदाय की उपदेश में ही ऋषि का तात्पर्य है ऐसा अर्थ 'आदेच उपदेशे' सूत्र के भाष्य सम्मत होने से जिसके उपदेश को लेकर जिसकी इत्संज्ञा हुई है वह उसी अनु- बन्ध से माना जाता है । उकार के लोप होने पर अत्वन्त भी नहीं है । यह कहना उचित नहीं है क्योंकि उकार के आश्रयण से उकारांश में भूतपूर्वगति के स्वीकार

करने से दोष नहीं है। उक्त विषय को स्पष्ट करने से भूतपूर्वगति के स्वीकार करने से अनुबन्त ही होगा, अत्वन्त नहीं होगा यह कथन भी परास्त हो गया। उसका आश्रयण नहीं है। अब अनुनासिक उकार विशिष्ट जो उपदेश में अत्तदन्त जो प्रयोग में स्थित है। उसको दीर्घ होता है इस अर्थ से कोई दोष नहीं है।

नियमार्थमिति। धातोश्चेदुगित्कार्यं तर्हि नलोपिनोऽञ्चतेरेवेति नियम इति भावः। तेन 'उखास्रत् ब्राह्मणी' इत्यादौ नुम्ङीपौ न। न्यायप्राप्ताल्लोपाकरणपूर्वकं नलोपकरणस्य विवक्षार्थत्वमित्याशयः। यद्यपि अञ्चतेश्चेन्नलोपिन एवेति नियमेऽप्यञ्चतिग्रहणं चरितार्थं, तथापि भाष्यप्रामाण्येन सामान्यापेक्ष उक्तनियमो युक्त इति बोद्धयम्।

नन्वत्र धातुत्वात्कथं नुम्, अत आह—अधातोरिति। न चौपदेशिकधातुविषयक एव नियमोऽस्तु, किमनेनेति वाच्यम्, औपदेशिकत्वानन्तर्भावेण सामान्यापेक्षनियमज्ञापनार्थत्वात्। तत्फलं 'पर्णध्वद्' इत्यादाविव 'गोमान्' इत्यादिनामधातौ 'उगितश्च' (४/१/६) इतिङीबभाव इति दिक्। क्यच्पक्षेऽल्लोपो न स्थानिवत् क्वौ लुप्तत्वात्। अत्राऽऽचारक्विव् अर्वाचीनमतेन। वस्तुतो (हलन्तेभ्यस्तदभाव इति 'ह्रस्वनद्यापः' (७/१/५४) इत्यत्र भाष्ये स्पष्टम्।

नियमार्थमिति। धातु को यदि उगित् कार्य हो तो नकार लोप वाली अञ्चति को ही हो, यह नियम है उक्त नियम स्वीकार करने से 'उखास्रत ब्राह्मणी' इत्यादि प्रयोगों में उगित मानकर नुम् और ङीप नहीं होते हैं। न्याय से प्राप्त अकार लोप के न करने से और न लोप के करने से उक्तार्थ का लाभ होता है। यद्यपि 'अञ्चति को हो तो न लोप वाली की ही दो' नियम में भी अञ्चति ग्रहण चरितार्थ है। तो भी भाष्य के प्रामाण्य से सामान्यापेक्ष उक्त नियम ही ठीक है।

यहाँ धातु होने से नुम् कैसे होता है, उत्तर देते है अधातोरिति। अब यहाँ शंका करते है कि औपदेशिक धातुविषयक ही नियम स्वीकार करो इसकी क्या आवश्यकता है। औपदेशिक का अन्तरभाव न कर सामान्यापेक्ष नियम ज्ञापन के लिए है। इसी से 'पर्णध्वत्' की तरह 'गोमान्' इत्यादि नाम धातुओं में भी 'उगितश्च' से ङीप नहीं होती है। क्यच् के पक्ष में अल्लोप को स्थानिवत् भाव नहीं होता है। क्विप् के परे लोप होने से 'क्वौलुप्तम्' से निषेध हो जाता है। यहाँ अर्वाचीन (दीक्षित) के मत से आचार क्विप् नहीं होता है यह 'ह्रस्वनद्यापः' सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है।

उभे अभ्य (६/१/५)। लक्ष्यानुसारेण (२) गर्गदण्डनन्यायादत्र समुदाये वाक्यसमाप्तिरित्याह—उभे समुदिते इति। द्वे इत्यनुवृत्त्यैव सिद्धे उभेग्रहणं

स्पष्टार्थम् । यत्तु उभेग्रहणसामर्थ्यात्सहभावोपसर्जनद्वित्वविशिष्टार्थकं, तेन समुदिते इत्यर्थलाभ इति; तन्न, अशब्दार्थत्वात् शब्दाधिक्यादर्थाधिक्यस्य बहुशो भाष्यकृतोपहसितत्वाच्च । ध्वनितञ्चेदं 'तदसति प्रयोजने उभेग्रहणं सहार्थं विज्ञास्यते' इति ग्रन्थेन भाष्ये । अत एव सूत्रशेषे भाष्य गर्गदण्डन-न्यायेनैतदर्थसिद्धिमाश्रित्य 'सहग्रहणं कर्त्तव्यम्' इति वार्त्तिकं प्रत्याख्यातम् । तुल्यन्यायात्तदर्थकत्वेन पराभिमतमुभेग्रहणञ्च प्रत्याख्यातमेवेति सुधियो विभावयन्तु । तत्र त्र्यादिशब्दाना (३) मेकापायेऽप्रवृत्तेः 'ऐत्संन्' इत्यादा-वभ्यासलोपे कार्यकालपक्षे न सञ्ज्ञेति न जुस् । एकादेशात्पूर्वमाव्यन्नादिषू-पदेशिवद्वचनेवान्तरङ्गत्वादन्तादेशेऽपि 'सर्वे सर्वपदादेशाः' इति न्यायेन स्था-निवद्भावात् झित्वेन जुसापत्तिः । किञ्चैकादेशे जुसोऽपवादभावाप्रवृत्तौ एका-देशे जुसापत्तिः । यथोद्देशे पूर्वं समुदाये प्रवृत्तसञ्ज्ञायाः स्थानिवद्भावेना-भ्यासलोपे सत्त्वेऽपि पञ्चमीसमासेनैकादेशस्य स्थानिवत्त्वान्न तत्प्रवृत्तिः । अत एव 'प्रत्यैषिषन्' इत्यादौ न दोष इत्यलम् ।

उभे अभ्य । लक्ष्य के अनुसार गर्ग दण्डनन्याय से यहाँ समुदाय में वाक्य समाप्ति है गर्गों पर सौ रुपया दण्ड होना चाहिए कथन से प्रत्येक पर दण्ड नहीं होता है, किन्तु समुदाय पर ही सिर्फ सौ रुपया दण्ड होता है (जहाँ उद्देश्यतावच्छेदक पर्याप्त्यनुयोगितावच्छेदक धर्म ही विधेयता वच्छेदक पर्याप्त अनुयोगितावच्छेक होता है) वहाँ उक्त न्याय की प्रवृत्ति होती है प्रकृति में द्वित्व धर्म ही उस प्रकार है अतः न्याय की प्रवृत्ति उचित है । उभे समुदिते इति । द्वे की अनुवृत्ति में ही कार्य सिद्ध था उभे का ग्रहण स्पष्टार्थ है किसी का कथन है कि उभे ग्रहण सहभाव उपसर्जन द्वित्व विशिष्ट अर्थ का बोधक है इसी से समुदिते का लाभ होता है । परन्तु यह ठीक नहीं है क्योंकि किसी शब्द का यह अर्थ नहीं है शब्द के अधिक होने से अर्थ भी अधिक होता है इसकी अनेक स्थानों में भाष्यकार ने हँसी की है भाष्य में कहा है कि 'तदसतिइत्यादि' प्रयोजन के अभाव में उभे ग्रहण सहार्थ समझा जायेगा । इसी से सूत्र के अन्त में भाष्य में गर्ग-दण्डन न्याय से इस अर्थ को सिद्धकर 'सहग्रहणं' कर्त्तव्यम्' वार्तिक का प्रत्याख्यान किया है तुल्य न्याय से अभ्य सम्मत उस अर्थ वाले उभे ग्रहण का प्रत्याख्यान भी विद्वानों को समझना चाहिये । द्वि त्रि आदि शब्दों की 'एक' के अभाव में प्रवृत्ति नहीं होती है । इसी से 'ऐत्संन' में अभ्यास के लोप होने पर कार्यकाल पक्ष में अभ्यास संज्ञा न होने से जुस् नहीं होता है । एकादेश से पूर्व आयन इत्यादि में उपदेशिवद् वचन से अन्तरंग अन्तादेश होने पर भी 'सर्वे सर्वपदादेशाः' न्याय से स्थानिवद् भाव से झि मानकर जुस् होने लगेगा । और भी एकादेश करने पर जुस् अपवाद का विषय हो ही

गया है तब 'प्रकल्प्य' अपवाद विषय को छोड़कर उत्सर्ग की प्रवृत्ति होती है इस न्याय से, पहले 'झोन्तः की प्रवृत्ति नहीं होगी तब एकादेश करने पर जुस् होने लगेगा। यथोद्देश पक्ष में पहले समुदाय में होने वाली संज्ञा का अभ्यास लोप होने पर भी स्थानिवद् भाव से है तो भी पंचमी समास से एकादेश को स्थानिवत् भाव करने से जुस् नहीं होता है। इसी से 'प्रत्यैषिषन' में जुस् नहीं होता है।

नाभ्यस्ता (७।१।७८)। बहुयोगव्यवच्छिन्नोपि नुम् इहानुवर्त्तते सामर्थ्यात्। तदाह—नुम्नेति। दाञः शतरि शपः श्लौ 'श्लौ' (६।१।१०) इति द्वित्वेऽभ्यासह्रस्वत्वे 'श्नाभ्यस्तयोः' (६।४।११२) इत्यालोपे 'ददत्' इति।

त्यदादिषु (३।२।६०)। आलोचनमिह ज्ञानमात्रम्।

नाभ्यस्ता। बहुत से सूत्रों से व्यवहित होने पर भी सामर्थ्य से नुम् की यहाँ अनुवृत्ति होती है। जैसा कि वृत्ति में लिखा है-नुम्नेति। दाञः से शत् प्रत्यय और शप् करने पर शप् का श्लु होने पर 'श्लौ' से द्वित्व फिर अभ्यास को ह्रस्व करने पर 'श्नाभ्यस्तयोः' से अकार लोप करने पर 'ददत्' सिद्ध होता है।

त्यदादिषु। यहाँ आलोचन से ज्ञानमात्र का ग्रहण है अर्थात् केवल चाक्षिषु ज्ञान मात्र का ग्रहण नही है।

आस (६।३।९१)। 'दृग्दृश्वतुषु' (६।३।८९) इति सूत्रमनुवर्त्तते। षत्वापवादत्वादिति। 'कुः क्विन्यतः' इति न्यासेन दृष्ट इत्यध्याहारेण च बहुव्रीहिफले सिद्धे प्रत्ययग्रहणेनान्यपदार्थांशे वीप्सागर्भबहुव्रीहिणा लब्धं तादृशादिक्विन्नन्तविषये लक्षणमचरितार्थमिति भावः। खकार इति। अघोषमहाप्राणशकारतुल्यत्वादिति भावः। कैयटेति। 'क्विन्प्रत्ययस्य' [८।२।६२] इति सूत्रस्थेत्यादिः। असिद्धत्वादिति। यद्यपि जश्त्वापवादोऽपि कुत्वं, तथापि शस्थानिकजश्त्वस्यैव, [१] न तु स्वस्थानिकस्यापीति भावः। वस्तुत इदं चिन्त्यम्, प्रत्ययग्रहणस्य बहुव्रीहिमात्रफलकताया एव भाष्यकृतोक्तेः। तस्माद्घृक्-अञ्चु-युजुक्रुङ्षु अस्य चारितार्थ्येन जश्त्वषत्वापवादता न युक्तेति। तदेतद् 'मते' इति वदता सूचितमिति दिक्।

आस। 'दृग्दृश्वतुषु' से सूत्र की अनुवृत्ति होती है। षत्वापवादिति। 'कुः क्विन्यतः' न्याय से और दृष्टे के अध्याहार से बहुव्रीहि समास सिद्ध ही था फिर प्रत्यय ग्रहण से अन्य पदार्थ के अंश में वीप्सागर्भ बहुव्रीहि से प्राप्त तादृश आदि खकारइति। अघोष महाप्राण वाले सकार से तुल्य होने से कैयटेति। 'क्विन्प्रत्यस्य' इस सूत्र में स्थिति इसका आदि भाग हैं असिद्धत्वादिति। यद्यपि कुत्व जश्त्व का भी अपवाद है तो

भी शकार के स्थान में होने वाले जश्त्व का अपवाद है खकार स्थानिक जश्त्व का नहीं है। वास्तव में यह विचारणीय है, क्योंकि प्रत्यय ग्रहण का बहुव्रीहि मात्र ही फल भाष्यकार ने कहा है इससे द्धृक्, अञ्चु, युजि, क्रुङ्षु आदि में चरितार्थ होने से जश्त्व, षत्व का अपवाद मानना उचित नहीं है। यह सब 'मते' कहने से स्पष्ट होता है।

नगिति। षडगकाः प्राग्वत्। नङ्भ्यामिति। 'मस्जिनशोः' [७/१/६०] इति नुम् तु न, धातुप्रत्यये तद्विधानात्।

स्पृशोऽनु [३/२/५८]। अनुदके किम्? [२] उदकस्पर्शः। अन्तोदात्तत्वमिति। नित्वादाद्युदात्तत्वं प्राप्तम्। कुत्वस्य जश्त्वं प्रत्यसिद्धत्वादाह–कुत्वात्पूर्वमिति।

नगिति। षडगक पूर्ववत् जानना। नङ्भ्यामिति। 'मस्जिनशोः' से नुम् तो नहीं होता है, क्योंकि धातु से विहित प्रत्यय के परे ही उसकी प्रवृत्ति होती है।

स्पृशोऽनु। अनुदक ग्रहण के अभाव में उदक स्पर्शः में सूत्र की प्रवृत्ति होने लगती।

अन्तोदात्तत्वमिति। नित् होने से आद्युदात्त प्राप्त था। जश्त्व के प्रति कुत्व के असिद्ध होने से कहते है कुत्वात्पूर्वमिति।

वोरु [८/२/७६] 'सिपि धातोः' [८/२/७४] इत्यतो धातोरिति वर्त्तते, तच्च वाभ्यां [१] विशेष्यते। पिपठिषतेः क्विपि अतो लोपे प्रातिपदिकत्वात्सौ हल्ङ्यादिलोपे प्रत्ययलक्षणेन पदान्तत्वाद्रुः। रुत्वेऽल्लोपो न स्थानिवत्। पूर्वत्रासिद्धे [२] तन्निषेधात्।

वोरु॥ 'सिपि धातोः' से धातु की अनुवृत्ति होती है वह धातु ग्रहण रकार वकार से विशेषित होता है अर्थात धातु विशेषण तथा रकार वकार विशेष्य है। पिपठि से क्विप् प्रत्यय करने पर अकार के लोप के पश्चात् प्रातिपदिक संज्ञा करने पर आने वाले सु का हलङ्यादि लोप होता है, फिर प्रत्ययलक्षण से पदान्त मानकर रु होता है। रु करने में अकार लोप को स्थानिवत् भाव नहीं होता है क्यों कि पूर्वत्रासिद्धीय से निषेध हो जाता है।

नुम्वि (८।३।५८)। 'इण्कोः' (३।८।५७) इति वर्त्तते। व्यवधानेऽप्राप्तेरिदम्। अयमप्यधिकारः। अत एव 'निस्स्व' इत्यत्र धातोः सस्य नानेन षत्वम्। व्यवायशब्दस्य प्रत्येकं सम्बन्धो व्याख्यानात्। तदाह–प्रत्येकमिति। अपिनाऽव्यवधानेऽपि। नुम्स्थानिकेति। प्रकृतसूत्रस्थं हयवरट्सूत्रस्थञ्च भाष्यमत्र मानम्। त्रप्स्वेति च इति। सपादसप्ताध्यायीस्थकार्यप्रवृत्तियोग्य-

तायां त्रिपादीस्थस्याप्रवृत्तेर्हल्ङ्यादिलोपोत्तरं विविश्स् इत्यवस्थायां षत्वस्यासिद्धत्वात्संयोगान्तलोपे ष इत्यर्थः । कलोप इति । पदान्तसंयोगादिलोपस्य संयोगान्तलोपापवादत्वादिति भावः ।

नुम्वि । 'इण्कोः' की अनुवृति होती है । व्यवधान में प्राप्त न होने से सूत्रारम्भ किया । यह भी अधिकार है । इसी से 'निस्स्व' में धातु के सकार को इससे षत्व नही होता है । क्योंकि वह सकार आदेश या प्रत्यय अवयव नहीं है । व्यवाय शब्द का व्याख्यान से प्रत्येक में सम्बन्ध है । जैसा कि कहा है—प्रत्येक मिति । अपि से अव्यवधान में भी होता है । नुमस्थानिकेति प्रकृत सूत्र का तथा हयवरट् सूत्र का भाष्य में ही प्रमाण है । व्रश्चेति ष इति । सपादसप्ताध्यामीस्थ कार्य की अनुवृत्ति की योग्यता होने पर त्रिपीदीस्थ कार्य की प्रवृत्ति नहीं होती है । इसलिए हल्ङ्यादि लोप के बाद विविश्स् इस अवस्था में षत्व के असिद्ध होने से संयोगान्त लोप करने पर षकार होता । है । कलोपइति । पदान्त संयोगादि लोप संयोगान्त लोप का अपवाद होता है ।

तडिति । तक्ष्णोतेः क्विम् । ण्यन्ताभ्यामिति । णिलोपस्य स्थानिवत्त्वात् 'तक्स्थाता' इत्यादौ संयोगादिलोपाप्राप्तेः 'काष्ठशगेव नास्ति' कुतः काष्ठशक्स्थाता' इति 'परेश्च घाङ्कयो' (८।२।२२) इतिसूत्रस्थ भाष्येण न विरोधः । तत्र झल्परसंयोगादिलोपमाशङ्क्य तथोक्तम् । तस्य दोष इति । 'क्वौ लुप्तम्' इति तु न सार्वत्रिकमिति भाव इत्यन्यत्र विस्तरः ।

तडिति । तक्ष् धातु से क्विप् है । ण्यन्ताभ्यामिति । णि लोप के असिद्ध होने से 'तक्स्थाता' इत्यादि में संयोगादि लोप की प्राप्ति नहीं है । इसी से 'काण्ठशगेव नास्ति कुतः काष्ठशक्स्थाता' 'परेश्च घाङ्कयों' इस सूत्र के भाष्य से विरोध नहीं है । कहीं झल् परे संयोगादि लोप की आशंका करके कहा है । तस्यदोषइति । 'क्वौ लुप्तम' सार्वत्रिक नही है ।

कुत्वस्यासिद्धत्वादिति । पिपच् स् इत्यवस्थायाङ्कुत्वस्यासिद्धत्वात् तदभावे 'स्कोः' (८।२।२९) इत्यस्याप्राप्तेः संयोगान्तलोपे इति भावः । दिधगिति । 'दादेः' (८।२।३२) इति घः । 'एकाचः' (८।२।३७) इति भष्भावः ।

कुत्वस्यासिद्धत्वादिति । पिपच् स् इस अवस्था में कुत्व के असिद्ध होने से उसके अभाव में "स्कोः" की प्राप्ति न होने से संयोगान्त लोप होता है । दिधगिति । 'दादेः से घ होता है । 'एकाचः' से भष् भाव होता है ।

विद्वानिति । विदेः शतुर्वसावदादित्वाच्छपो लुकि शतुर्ङित्वाद् गुणा-

भावे उगित्त्वान्नुमि 'सान्त' (६।४।१०) इति दीर्घे संयोगान्तलोपे तस्यासिद्धत्वान्नलोपो न ।

विद्वानिति । विद् से शतृ को वसा देश करने पर अदादि होने से शप् का लुक् होता है । शत् के ङित होने से गुण नहीं होता है । उगित् होने से नुम् करने पर 'सान्त' से दीर्घ होने पर संयोगान्त लोप होता है । उसके असिद्ध होने से न लोप नहीं होता है ।

वसोः (६।४।१३१) । प्रत्ययग्रहणे तदन्तग्रहणं, 'भस्य (६।४।१२९) इत्यधिकारः, तदाह–वस्वन्तस्येत्यादि । न च विदेः शतुर्वसोरेकानुबन्धकत्वात्तस्यैव ग्रहणं स्यात् न लिडादेशक्वसोरिति वाच्यम्, वसुसादेशेन तस्यापि द्व्यनुबन्धकत्वादिति भाष्ये स्पष्टम् । विदुष इति । सम्प्रसारणपूर्वत्वस्य 'षत्वतुकोः' (६/१/८६) इत्यसिद्धत्वे तु न, पदान्तपदाद्योरेकादेशस्यैव (१) तेनासिद्धत्वात् ।

वसोः ।। प्रत्यय के ग्रहण में तदत्त का ग्रहण होता है, भस्य का अधिकार है । तदाहवस्वन्तस्येत्यादि । अब यहाँ शंका करते है कि विद् धातु से शतृ को वसु करने पर एकानुबन्ध परिभाषा से उसी का ग्रहण होगा, दो अनुबन्ध होने से लिट् के स्थान होने पर क्वसु का ग्रहण नहीं होना चाहिए । वसुस आदेश होने से वह भी दो अनुबन्ध वाला है । यह भाष्य में स्पष्ट है । विदुषइति । सम्प्रसारण पूर्वरूप 'षत्वतुकोः' से षत्व करने में असिद्ध नहीं होते है । क्योंकि पदान्त और पदादि का ही एकादेश असिद्ध होता है । अतएव वृक्षेच्छत्रम् से श्छेचेति में ह्रस्व मानकर नित्य तुक नहीं होता है किन्तु पदान्ताद्धे से विकल्प से ही होता है ।

गतिबुद्धि सूत्र में प्राचीन तथा नवीनो का मतभेद है। प्राचीनों का कहना है कि कर्त्त संज्ञा कर्म संज्ञा से पर है अन्तरंग है। और उपजीव्य है क्योंकि कर्तृ संज्ञा के बिना कर्मसज्ञा का होना कठिन है मनोरमा में लिखा भी है परत्वादन्तरंगत्वादि उपजीव्यतयापिच प्रयोज्यस्यासिद्ध कर्तृत्वं गत्यादेर्विधितोदिता। यदि कर्मसंज्ञा विधायक सूत्र में कर्तृपद को स्वतन्त्र का उपलक्षण मानने पर भी परतया अन्तरंग होने से कर्तृसंज्ञा हो जाती—इसलिये कर्मसंज्ञा करने के लिये गतिबुद्धि सूत्र है। नवीनो का कथन है कि यद्यपि कर्तृसंज्ञा परतया अन्तरंग है। तथापि प्रधानव्यापाराश्रित होने से कर्मसंज्ञा बलवती है कहा भी है कि प्रधानानुरोधिकार्यसर्वतोबलवत्। इस सिद्धान्त ('कर्त्तुः') से कर्म संज्ञा सिद्ध होने पर पाचयत ओदनं देवदत्तेन में देवदत्त की कर्मसंज्ञा न हो इसलिए गति बुद्धि सूत्र नियमार्थ है। नियमाकार इस प्रकार है। णिजर्थ व्यापार प्रयोज्य फलाश्रयस्य कर्म संज्ञाचेदर्तहिं गत्यादीनामेव। उक्त नियम से पाचयत के योग में कर्मसंज्ञा नहीं होती है। व्यापार मात्र वाले पचि की अपेक्षा व्यापार तथा फल अर्थ वाले पचि के ऐक्य होने से पाचयतदेवदत्तम् यज्ञदत्त की तरह पाचयत ओदनं देवदत्तेन यज्ञदत्तः में कर्मसंज्ञा होनी चाहिये। यह कथन उचित नहीं है क्योंकि अर्थ के भेद से शब्द में भी भिन्नता है। कालादि से भिन्न कर्म अन्वय न होने वाले अर्थ वाले का ग्रहण करना अब यहाँ शंका करते हैं कि केचित भाष्य से धातु मात्र से काल कर्म वाले अर्थ में वृतिता ही दिखलाई है। अथवा जो कर्म हो या न हो उसमें अकर्मकोंका बोध है और उक्त कर्म कहीं भी नहीं होता है। इस भाष्योक्ति पक्षान्तर से उसके सामर्थ्य से व्यभिचार द्रव्य कर्म से रहित अर्थ का बोध होता है। इस प्रकार मासादि के प्रयोग होने पर भी उस अवस्था में ही अकर्मकता जानना। इससे इस सूत्र में नचकेचित्इति इस प्रतीक को लेकर कालादि की अविवक्षा में उससे अकर्मकत्व की सम्भावना है। यह आशंका कर इस शास्त्र में अत्यन्त अविद्यमान कर्म वालो का ही अकर्मकपद से ग्रहण है। अन्यथा पचादि धातुओं में अविवक्षित कर्म में लकार होने लगेंगे। इस प्रकार का कैयट का कथन अस्त व्यस्त है। यदि अति प्रसंग हो तो अनभिधान से वारण करना।

नियन्त्रिति। नियन्तृकर्तृकण्यन्तप्रकृतिभूतस्येत्यर्थः। प्रापणार्थवहेर्गत्यर्थत्वाभावेऽपि 'ग्रामं प्राप्तः' इत्यादौ तत्प्राप्तेर्गतिं विनाऽसम्भवादा-

(४)क्षिप्तगत्याऽपि (५)गत्यर्थत्वमित्यभिमानेन वार्तिकारम्भः । 'सुखं प्राप्तः' इत्यादौ न तदाक्षेपः, तत्र कर्तरि क्त आदिकर्मणि बोद्ध्यः । अत एव ग्रामं प्रापयति देवदत्तेनेत्येवेति ध्वनितं 'न गति' (१।३।१५) इति, 'न वा' (१।१।४४) इति सूत्रे च भाष्ये । नयतेस्तु 'या प्रापणे' इत्यादेरिव गत्युपसर्जनं प्रापणं वाच्यमिति तस्य गत्यर्थत्वमेवेति बोद्ध्यम् । (१)अदि-खाद्योरिति । प्रत्यवसानार्थत्वात्प्राप्तिः । प्रत्यवसान भक्षणम् । भक्षयति बलीवर्दानिति । हिंसाङ्गे भक्षणे भक्षेर्वृत्तिः । परकीयसस्यभक्षणे परो हिंसितो भवतीति तत्स्वामिनोऽत्र हिंसा द्रष्टव्या ।

नियन्त्रित । नियन्तृ कर्तृक अर्थात् ण्यन्त का प्रकृतिभूत प्रापणरूप अर्थ में विद्यमान वह यद्यपि गत्यर्थ के अभाव में भी ग्रामं प्राप्तः इत्यादि स्थल में गति के बिना ग्राम की प्राप्ति असम्भव होने से आक्षिप्त गति से भी गत्यर्थत्व समझना चाहिये । इसलिए उक्त वार्तिक का आरम्भ है । सुखं प्राप्तः में सुखसमवाय सम्बन्ध से आत्मा में रहता है अतः यहाँ समवाय सम्बन्ध है । धनं प्राप्त में स्वस्वामि भाव है इसलिए प्राप्त सम्बन्ध मात्र रूप लेना । केवल संयोग रूपा ही न लेना । अतएव गंगा प्राप्तः में संयोग रूप प्राप्त की प्रतीत होने से 'गत्यर्थकर्मक' से कर्ता में क्त होता है । सुखं प्राप्तः में समवाय सम्बन्ध से गति का आक्षेप न होने से 'आदिकर्मण' से क्त प्रत्यय होता है । इसी से ग्रामं प्रापयति देवदत्तेन ही होता है । यह बिषय 'न गति' 'न वा' सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है । णीयप्रापणे तो यापप्रापणे की तरह गतिउपसर्जन प्रापण मानने से गत्यर्थत्व है ।

आदिखाद्योरिति । प्रत्यव सानार्थनक (भक्षण) होने से गतिबुद्धि से प्राप्त है । भक्षयति बली वर्दानिति । भक्ष धातु हिसांग भक्षण में है । दूसरे के धान खाने से वह धन का स्वामी हिंसित होता है । इसलिए उसके स्वामी की हिंसा जानना ।

जल्पयतीति । पुत्रो धर्मं जल्पति–तद्बोधकवाक्यानि कथयति, देवदत्तो जल्पयति धर्मं पुत्रमित्यर्थः । शब्दाययतीति । शब्दं करोतीत्यर्थे 'शब्दवैर' (३।१।१७) इत्यादिक्यङन्ताण्णिच् । परे तु शब्दक्रियाणामित्यर्थे ह्वाययति-शब्दाययतिक्रन्दयतीनां प्रतिषेध उक्तो भाष्ये, न तु शब्दकर्मकाणामिति पक्षे । एवञ्च तत्र पक्षे भाष्ये शब्दाययतौ प्रतिषेधानुक्त्याऽकर्मकशब्दायति-सत्त्वे न मानम् । शब्दस्य धात्वर्थसंङ्गृहीतत्वेऽपि बहिर्भूतपुत्रादिकर्मणो-ऽभावे मानाभावाद् ह्वयताविवेति चिन्त्योऽयं निषेध इत्याहुः ।

जल्पयतीति । पुत्र धर्म को कहता है अर्थात् धर्म के बोधक वाक्यों को कहता है । देवदत्त पुत्र से धर्म को कहलवाता है । शब्दाययतीति । शब्दं करोति के अर्थ में 'शब्दवैर' इत्यादि से क्यङन्त से णिच् होता है । यहाँ नागेश का कथन इस प्रकार

से है—शब्द क्रिया वालों के अर्थ में "ह्वाययतिशब्दाययतिक्रन्दयतीनांवक्तव्यः" भाष्य में कहा है। शब्द कर्मकाणाम् प्रतिषेध नहीं कहा है। इससे शब्दायत के प्रतिषेध के न कहने से अकर्मक शब्दायत के होने में कोई प्रमाण नहीं है। शब्द के धात्वर्थ संगृहीत होने पर भी (अकर्मक बहिर्भूत के पुत्रादि कर्म के अभाव में कोई प्रमाण न होने से ह्वयायत की तरह कहना उचित नहीं है इसलिए उक्तग्रन्थ विचारणीय है।

येषामिति। अयं भावः—गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थशब्दकर्माकर्मकाणामणि कर्ता स णौ' (१।४।५२) इति सूत्रं (२)नियमस्य सजातीयापेक्षत्वात्सकर्मकाणाञ्चेदेषामेवेतिनियमपरम्। एवं सिद्धेऽकर्मकग्रहणे सामर्थ्याद्देशकालादिभिन्नकर्माभाववतोऽकर्मकग्रहणेन ग्रहणार्थम्। तच्च सामान्यापेक्षं ज्ञापकम्। शास्त्रेऽकर्मकपदेन ईदृशानामेव ग्रहणमिति। तेन 'मासमास्वते' इत्यादौ भावे लो भवति। न त्विति। तदविवक्षा हि द्वेधा—तदन्वययोग्यधात्वर्थत्यागात्, सत्येव तस्मिन्नर्थे तत्र सम्बन्धित्वेनान्वयविवक्षणाद्वेति भावः इदं कैयटानुरोधेन।

येषामिति। इसका यह भाव है। गति बुद्धि सूत्र नियम के सजातीय होने के कारण सकर्यकाणाच्चेदयेषामेवेति (गत्यादीनाम्) नियम होगा। तब अकर्मक ग्रहण व्यर्थ होकर देश और काल से भिन्न कर्म के अभाव वाले धातु अकर्मक से ग्रहण होते है। वह ज्ञापक भी सामान्यापेक्ष है क्योंकि शास्त्र में अकर्मक पद से इसी प्रकार के विहित होते है इस नियम से 'मासमास्यते' इत्यादि में भाव में लकार होता है। न त्विति। उसकी अविवक्षा दो प्रकार से होती है। उसके अन्वय योग धात्वर्थ के त्याग से उस अर्थ के होने पर भी सम्बन्धित्वेन अन्वय विवक्षा करने से यह कैयट के अनुसार है।

(१)परे त्वविवक्षितकर्मणामप्यकर्मकपदेन ग्रहणम्। क्तादीनामविवक्षितकर्मकेभ्यः 'कृतपूर्वी कटम्' इत्यादौ भाष्यकृता कैयटेन चाङ्गीकारात्। लुनातेर्निवृत्तप्रेषणाण्णिचि 'लावयति केदारं देवदत्तः' इत्यादौ केदारस्य कर्मद्वितीयान्तस्य 'णेरणौ' (१।३।६१) इत्यत्र कैयटेन प्रयोगाच्च। न चात्रार्थान्तरे वृत्त्याऽकर्मत्त्वं, न त्वविवक्षयेति वाच्यम्। सत्त्वप्रत्यभिज्ञयाऽर्थान्तरत्वाभावात्। तदुदाहरणं तु स्यदन्ते इत्याद्यर्थकं 'नदी बहति' इत्याद्याकरे स्पष्टम्। 'अधीगर्थ' (२।३।५२) इति सूत्रे कर्मणः शेषत्वविवक्षयाऽकर्मकत्वे 'मातुः स्मर्यते' इत्यत्र भावे लस्य भाष्ये उदाहृतत्वाच्च।

यहाँ नागेश का मत इस प्रकार से है अकर्मक पद से अविवक्षित कर्म वालों का ग्रहण है। अविवक्षित कर्म वालों से क्त प्रत्यय आदि की स्वीकृति कृतपूर्वी कटं इत्यादि

में भाष्यकार तथा कैयट ने कही है प्रेषणा से रहित लुञ्धातु से णिच् करने पर 'लावयति केदारं देवदत्तः' इत्यादि में द्वितीयान्त केदार का प्रयोग 'णेरणौ' सूत्र में कैयट ने किया है। उक्त स्थल में अर्थान्तर में वृत्ति होने से अकर्मत्व है—अविवक्षा से नहीं है यह किसी का कथन ठीक नहीं है। तत्वप्रत्यभिज्ञा से (अर्थात् उसी अर्थ में वृत्ति होने से) अर्थान्तर का अभाव है। अर्थान्तर में वृत्ति का उदाहरण तो स्यदन्ते के अर्थ वाला नदी बहति है। 'अधीगर्थ' सूत्र में कर्म की शेषत्वविवक्षा से अकर्मत्व मानने हर 'मातुः स्मर्यते' में भाव में लकार का उदाहरण भाष्य में कहा है।

यत्तु प्रकृतसूत्रे भाष्ये 'कालकर्मणामुपसङ्ख्यानं कर्त्तव्यम्। न कर्त्तव्यम्। न च केचित्कालभावाध्वभिरकर्मकाः, त एवं विज्ञास्यामः–कश्चिद्येऽकर्मका इति' इत्युक्तम्। कश्चिदित्यस्य कालादेः कर्मसञ्ज्ञाप्रयोजकव्याप्त्यादिरहितेऽर्थे इत्यर्थः। तस्यायं भावः–उक्तरीत्याऽकर्मकपदसामर्थ्यादत्र शास्त्रेऽकर्मकपदस्यावस्थान्तरे कर्मरहिताः इत्यर्थ इति। तादृशत्वश्च सर्वथा द्रव्यकर्माभावात्तदविवक्षणाद्वेत्युभयविधमपि कृतपूर्वीत्यादिभाष्याद्ग्राह्यं, विनिगम नाविरहाश्च। अत एवाकर्मकाधिकारे श्रुदृश्यादिभ्य आत्मनेपदविधानं सङ्गच्छते। अकर्मकशब्दे च धातुरेवान्यपदार्थः। (१) अर्थभेदेन च शब्दभेदः। कर्मत्वेन कालाद्यतिरिक्तकर्मानिन्वय्यर्थकत्वश्च। तत्त्वमिति बोद्धयम्। 'न च केचित्' इति भाष्येण धातुमात्रस्य कालकर्मकार्थवृत्तित्वमिति दर्शितम्। यद्वा 'यत्कर्म भवति न च भवति तेनाकर्मकाणां, न चैतत्कर्म कचिदपि न भवति' इति भाष्योक्तपक्षान्तरेण तत्सामर्थ्याद् व्यभिचारिद्रव्यकर्मरहितेत्यर्थो बोधितः। एवञ्च मासादिप्रयोगेऽपि तद्वस्थायामेवाकर्मकत्वं बोद्ध्यम्। एतेनात्र सूत्रे 'न च केचित्' इति प्रतीकमुपादाय 'कालादेरविवक्षया तैरकमकत्वसम्भवोऽस्त्येव' इत्याशङ्क्य 'अत्यन्ताविद्यमानकर्मकाणामेवात्र शास्त्रेऽकर्मकपदेन ग्रहणम्, अन्यथा पचादीनामविवक्षितकर्मत्वे लादयः स्युः' इति कैयटेनोक्तं, तत्परास्तम्। अतिप्रसङ्गस्त्वनभिधानाद्वारणीय इति वदन्ति।

उक्त सूत्र के भाष्य में 'कालकर्मणामुपसंख्यानं कर्त्तव्यम्' कहा। फिर न करना चाहिये। कोई काल भाव अध्वा से अकर्मक नहीं है, उसका इस प्रकार से विचार करेंगे। कहीं जो अकर्मक हो। क्वचिद् का अर्थ यह है, कालादि को कर्म संज्ञा की प्रयोजक व्याप्ति से रहित अर्थ में हो उसका भाव यह है कि उक्त रीति अकर्मक पद के ग्रहण करने से इस व्याकरण शास्त्र में अकर्मक पद का अर्थ है अवस्थान्तर में कर्म से रहित होना अर्थ है। उस प्रकार का द्रव्य कर्म के अभाव से अथवा उसकी अविवक्षा

से यह दोनों ही कृतपूर्वी के भाष्य से लेने चाहिये, एक के ग्रहण में कोई विनिमयक भी नही है। इसी से अकर्मक के अधिकार में श्रुदृश्यादि से आत्मने पद का विधान भी संगत होता है। अकर्मक शब्द में अन्य पदार्थ धातु ही हैं। आनुपूर्वी के एक होने से एक शब्द का स्वीकार करना ठीक नही है क्योंकि अर्थ के भेद से शब्द में भी भिन्नता होती है।

कर्मत्व से—काल से अतिरिक्त जिसका अन्वय न हो—यह जानना चाहिये। कोई कहते हैं कि भाष्य में सम्पूर्ण धातुओं में कालरूपी कर्म के अर्थ में जिसकी वृत्ति हो—अथवा जो कर्म होता है और नही भी होता है इससे अकर्मकाणाम् कहा हैं यह कर्म कहीं भी नहीं होता—इस भाष्य में कहे हुए अन्य पक्ष की सामर्थ्य से अकर्मक का व्यभिचार द्रव्य से रहित यह अर्थ जानना चाहिते इसी प्रकार मासादि के प्रयोग में भी उसी अवस्था में अकर्मकत्व समझना चाहिये। पूर्वोक्त कथन से इस सूत्र में 'न च केचित' इस प्रतीक को लेकर कालादि की अविवक्षा करने से उनसे भी अकर्मकत्व सम्भव है—ऐसी आशंका करके उत्तर देते हैं कि इस शास्त्र में सर्वथा अविद्यमान कर्म वाली धातु भी अकर्मक पद से गृहीत है नही तो पचादि धातुओं में भी अविवक्षित कर्म होने पर लकारादि होने लगेंगे। यह कैयट का मत निरस्त हो जाता है। कहीं अति प्रसंग आने पर तो अनभिधान द्वारा ही वारण करना चाहिये।

हृक्रोरन्य (१।४।५३) तत्राभ्यवपूर्वस्य हरतेर्भक्षणार्थत्वाद्विकारार्थ-करोतेश्चाकर्मकत्वात्प्राप्ते, अर्थान्तरे चाप्राप्ते उभयत्र विभाषेयम्।

(२) (अभिवादिदृ)। हेतुमण्ण्यन्तस्याभिवादेः (३) दृशिप्रकृतिक-ण्यन्तस्य चेत्यर्थः।

अधिशीङ् (१।४।४६)। आधार इत्यनुवर्त्तते। तस्यैव कर्मत्वशक्ति-मत्ताऽनेन बोध्यते।

हृकोरन्य। अभि अवपूर्वक हृकोभक्षणार्थक होने से और विकारार्थक कृ को अकर्मक होने से प्राप्त था। अर्थान्तर में अप्राप्त होने से दोनों स्थानों में विभाषा है।

अभिवादिह। हेतु में ण्यन्त अभिवाद से और दृशिप्रकृति वाले ण्यन्त का।

अधिशीङ्। यहाँ आधार की अनुवृत्त है उस आधार को यह सूत्र कर्मत्वशक्ति वाला बतलाता है।

अभिनिविश (१।४।४७)। (१) व्याख्यानाद् 'अभिनि' इति द्वन्द्वे तत्पूर्वो विशिति समासः। अभिनिवेशः—आग्रहः। सन्मार्गविषयकाऽऽग्रह-वानित्यर्थः। व्यवस्थितेति। 'परिक्रयण' (१।४।४४) इत्यतोऽन्यतरस्या-ङ्ग्रहणानुवृत्तेरस्य (२) वैकल्पिकत्वम्। (३) अतिप्रसङ्गस्त्वनभिधाना-द्वारणीयः। एतच्च 'एष्वर्थेष्वभिनिविष्टानाम्' इति प्रतीके समर्थसूत्रे कैयटे।

परे त्वेतद्भाष्यप्रयोगाद् (४) 'अभिनिविश्' इत्यानुपूर्व्या अविकृताया यत्र श्रवणं तत्रैवैतत्सूत्रप्रवृत्तिः, अन्यतरस्याङ्ग्रहणानुवृत्तौ व्यवस्थितविभाषाश्रयणे च न मानमित्याहुः ।

अभिनिविश । व्याख्यान से संघात का ग्रहण होता है । यहाँ व्याख्यान इस प्रकार से है—अल्पाच होने से निः का पूर्वनिपात करता था अभि का पूर्वनिपात करना ही है । अभिनि के द्वन्द्व करने पर वे जिसके पूर्व में हो ऐसा विश यह समास है अभिनिवेश का अर्थ आग्रह है । अभिनिवेशते सन्मार्गम् का अर्थ है—सन्मार्ग विषय का आग्रह वाला । तीनो के पूर्व में होने पर ही कर्मसंज्ञा होगी अतएव निविशते यदि शूक शिखापदे में केवल निः के होने से कर्मसंज्ञा नहीं होती है । व्यवस्थितेति । "परिक्रमणे" से अन्य तरस्यामि की अनुवृत्ति होने से यह विकल्प से कर्मसंज्ञा करता है । अतिप्रसंग आने पर अनभिधान की शरण ले लेना । व्यवस्थित विभाषा का विषय देवत्राता इत्यादि परिगणित है इसलिए 'एष्वर्थेष्वभिनिविष्टानाम्' इस भाष्य के प्रयोग से जहाँ अविकृत आनुपूर्वी हो वहाँ कर्मसंज्ञा होती है ।

उक्त भाष्य प्रयोग में सत्व से विकृत है और पापेभिनिवेशा में गुण से विकृत है इसलिए कर्मसंज्ञा नहीं होती है । उक्त सिद्धान्त से अन्यतरस्याम् ग्रहण की अनुवृत्ति तथा व्यवस्थित विभाषा मानने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

उपानु (१।४।४८) । अलुग्विकरणत्वाद् भ्वादेरेव ग्रहणमित्याह—वसतेरिति । भाष्ये 'अश्यर्थस्य न' इत्युक्तम् । 'मशकार्थो धूमः' इतिवदशिनिवृत्त्यर्थस्येति तदर्थः, तत्फलितमाह-अभुक्त्यर्थस्य नेति । 'उपोष्य रजनीमेकाम्' इत्यादौ 'कालाध्वनोः' (२।३।५) इति द्वितीया । 'ग्रामे उपवसति' इत्यत्र 'ग्रामे वसन् त्रिरात्रमुपवसति' इत्यर्थ इतीदं न कार्यमिति भाष्ये स्पष्टम् ।

उपानु ।। विकिरण (शप्) शप् के लुक् न होने से भ्वादिगण की ही वस लेना इसलिये वसतेः लिखा है । भाष्य में 'अश्यर्थस्य न' (अश भोजने) कहा है । 'मशकार्थोधूमः' का अर्थ मच्छर की निवृत्ति के लिये धुंआ होता है । उसी तरह यहाँ भोजन निवृत्ति अर्थ जानना कहा भी है—अभुक्त्यर्थनेति । 'उपोष्य रजनीमेकाम्' एक रात्रि का उपवास कर में कालाध्वनोः से द्वितीया है ('ग्रामे उपवसति' में ग्राम में निवास करता हुआ तीन रात्रि का उपवास करता है । इस प्रकार से उक्त वार्तिक की कोई आवश्यकता नहीं है ।

उपपदविभक्तिमाह—उभेति । उपपदविभक्तीनां सम्बन्धोऽर्थः । विशिष्यानुक्तेः 'षष्ठ्यपवादत्वाच्च । उभसर्वयोस्तसाविति विग्रहः । उभांशे उभयशब्दनिष्ठं प्रकृतित्वमुभशब्दे आरोप्य तत्प्रकृतिकत्वं षष्ठ्यर्थः । उभय-

शब्दसर्वशब्दप्रकृतिकतसन्तयोगे इत्यर्थः । आम्रेडिन्तान्तेष्विति । कृतद्विर्वचने-ष्वित्यर्थः । धिक् कृष्णेति । (१) धिगर्थो निन्दा । कृष्णाभक्तसम्बन्धिनी निन्देत्यर्थः । उपर्यादीनां समीपोर्ध्वदेशादिवृत्तित्वमर्थः । अभितः परित इत्यत्र 'पर्यभिभ्यां च' (५।३।६) इति तसिल् । तत्राद्यस्योभयत इत्यर्थोऽन्त्यस्य सर्वत इत्यर्थ इति 'पर्यभिभ्याञ्च' (५।३।६) इत्यत्र भाष्ये ।

उपपद विभक्तियों को कहते हैं—उभेति । उपपद विभक्तियों का अर्थ सम्बन्ध है । क्योंकि षष्ठी का अपवाद है तथा विशेष कुछ कहा नहीं है । उभसर्वयोस्तसौ यह विग्रह है । उभांश में उभय शब्द में वृत्ति प्रकृति का उभ् शब्द में आरोप कर तत्प्रकृति-कत्व ही षष्ठी का अर्थ है । अर्थात् उभय प्रकृति वाला उभय शब्द सर्व शब्द प्रकृति वाले तसन्त के योग में द्वितीया होती है । आम्रेडिन्तान्तेष्विति । द्विर्वचन द्वित्व करने पर अर्थ है । क्योंकि आम्रेडित संज्ञा द्वित्व करने पर ही होती है । धिक् कृष्णेति । धिक् का अर्थ निन्दा है । कृष्ण के अभक्त की निन्दा अर्थात् अभक्त सम्बन्धिनी निन्दा । खेदजनक व्यापार का नाम निन्दा है । समीप उर्ध्वादि देश में रहना ही उपर्यादियों का अर्थ है । अभितः परितः में 'पर्यभिभ्यां च' से तसिल् प्रत्यय है । (प्रथमा अभितः) का अर्थ उभयतः है परितः का सर्वतः अर्थ है यह उक्त सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है ।

(२) अन्तराऽन्तरेण (२।३।४) ॥ अन्तरेणेत्यटाबन्तसाहचर्यादन्त-रेत्यटाबन्तम्, अन्तरेत्यतृतीयान्तसाहचर्यादन्तरेणेत्यतृतीयान्तम् । साहचर्यं-साहृश्यम् । 'तद्यथा अस्य गोद्वितीयेनार्थ इति गौरेवानीयते नाश्वो न गर्दभः' इति दृष्टान्तपरभाष्येण सदृशानामेव प्रयोगे सहायतेत्यर्थस्य प्रतिपादनात् । तेन 'किमनयोरन्तरेण ज्ञातेन' इति (३)सिद्धम् । अन्तरेण-विशेषणेत्यर्थः । एवञ्चैतयोरव्यययोरेव ग्रहणम् । यद्वा अन्तराशब्दस्य प्रथमैकवचना-न्तस्यानभिधानाद् 'अन्तरा इत्यानुपूर्वीकमव्ययमेव प्रयोगेषु दृश्यते इति तत्साहचर्यादन्तरेणेत्यप्यव्ययमेव । तदुक्तं भाष्ये 'अन्तराशब्दोऽयमदृष्टा-पचारो निपात एवेति' इति बोद्धयम् । अवधित्वरूपः सम्बन्धो मध्यत्वान्वयी मध्यार्थान्तराशब्दयोगे द्वितीयार्थः । तस्यैव (१) सम्बन्धत्वेन बोधे षष्ठी । हर्यादिपदात्तु न द्वितीया, 'उपपदविभक्तेः' (प०भा०) इति न्यायेन तत्र प्रथमाया एव प्राप्तेः । (२)युक्तग्रहणन्तु स्पष्टार्थम् ।

अन्तराऽन्तरेण । यहाँ मुक्ते में दोनो का अन्वय होने से द्वन्द्व समास होता है इसलिये अन्तरा के योग में और अन्तरेण के योग में विभक्ति होती है । अन्तरेण अटा-बन्त के साहचर्य से अन्तरा भी अटाबन्त ही लेते है । अन्तरा तृतीयान्त से भिन्न

के साहचर्य से अन्तरेण भी अतृतीयान्त गृहीत होता है। साहचर्य सादृश्य को कहते हैं जैसे इस द्वितीय बैल से अर्थ है इस कथन के पश्चात् बैल ही लाते है घोड़ा या गधा नही लाते हैं उक्त दृष्टान्त से सदृश के प्रयोग में ही सहायता होती है। इससे 'किमनयो स्तेण ज्ञातेन' भी सिद्ध होता है। अर्थात् अव्यय अन्तरेण के योग में द्वितीया की अप्राप्ति में अमयो: में षष्ठी सिद्ध होती हैं। यहाँ अन्तरेण का विशेष है। इससे यह सिद्ध है कि अन्तरा, अन्तरेण अव्यय ही गृहीत होते है अथवा प्रथमा के एकवचनान्त अन्तरा शब्द के अनभिधान से अन्तरा अव्यय ही प्रयोग में मिलता है उसके साहचर्य से अन्तरेण भी अव्यय लेना। भाष्य में भी कहा है कि अन्तराव्यभिचार से रहित निपात ही है। अवधिस्वरूप सम्बन्ध मध्यत्व में अन्वय होने वाला मध्यार्थ वाले अन्तराशब्द के योग में यहाँ द्वितीया का अर्थ है। उसको ही सम्बन्धत्व विवक्षा में षष्ठी होती है। ह्यर्यादि पद से द्वितीया नहीं होती है क्योंकि उपपद विभक्ति से कारक विभक्ति बलवती होने से प्रथमा ही होती है। युक्त ग्रहण तो स्पष्टार्थ है।

अधिकृत्येति। 'बिभाषा कृञि' (१।४।९८) इत्यन्तमिति बोद्धयम्। महासञ्ज्ञाकरणन्त्वन्वर्थत्वाय। कर्म–क्रियां प्रोक्तवन्तः कर्मप्रवचनीयाः। बाहुलकात् कर्तरि भूते अनीयः। तेन सम्प्रति (३)क्रियां न द्योतयन्ति किन्तु क्रियानिरूपितं सम्बन्धविशेषं (४)द्योतयन्ति। कचित्सम्बन्धविशेषा-द्योतकेऽपि वचनसामर्थ्यात्संज्ञा, यथा–'अधिपरी अनर्थकौ' सुः पूजायाम्' इति च। (५) निपातसञ्ज्ञासमावेशस्त्वस्या अप्युक्तः।

अधिकृत्येति। 'विभाषा कृञि' के अन्त तक मध संज्ञा का करना अनवर्थ ज्ञान के लिए है। कर्मप्रवचनीयाः का अर्थ है क्रिया को कहने वाले (कर्म–क्रियां प्रोक्तवन्तः) इस विग्रह में बाहुलक मानने से कर्ता में भूतकाल में अनीयत् प्रत्यय है। भूत में मानने का फल है कि इस समय क्रिया विशेष के द्योतक न होने पर क्रियानिरूपित विशेष सम्बन्ध के द्योतक होते है। कहीं सम्बन्ध विशेष के द्योतक न होने पर भी सूत्र के आरम्भ करने के कारण संज्ञा होती है। जैसे अधपरी अनर्थकौ सुः पूजायाम्' निपात संज्ञा का समावेश कर्मप्रवचनीय से संज्ञा के लिये भी कहा है। 'प्रागीश्वरान्निपाता' सूत्र का अधिरीश्वरे' तक निपातसंज्ञक होते हुये गति आदि संज्ञक होते है। उक्त व्याख्यान से कर्मप्रवचनीयों की अव्यय संज्ञा सिद्ध होती है।

लक्षणे इति। तत्सम्बन्धे लक्ष्यलक्षणभावरूपेऽनुना द्योत्ये इत्यर्थः। अपवाद इति। (६) तद्द्योत्यसम्बन्धस्य क्रियान्वयात्तयोः प्राप्तिः। तेन प्रकृते 'गतिर्गतौ' (८।१।७०) इति निघातो न। द्वितीयार्थो लक्ष्यलक्षणभावः सम्बन्धो, हेतुश्च अनुना द्योत्यते। लक्षणत्वञ्च ज्ञानजनकज्ञानविषयत्वम्। (७)जपज्ञानेनं हि कालविशेषविशिष्टा वृष्टिर्ज्ञाप्यते। जपाभिन्नहेतुज्ञानजन्य-

ज्ञानविषयो वर्षणमिति बोध इत्याह–हेतुभूतेति। पराऽपीति। (१) कर्मप्रवचनीयसञ्ज्ञावकाशो हेतुत्वाविवक्षयां, हेतुतृतीयावकाशो 'धनेन कुलम्, इति, प्रकृते च हेतुत्वविवक्षायां परत्वात्तृतीयाप्राप्तिरिति भावः। पुनःसञ्ज्ञेति। 'लक्षणेत्थंभूत' (१।४।९०) इत्येव सिद्धे पुनःसञ्ज्ञाकरणबोधितपुनर्द्वितीयाविधानसामर्थ्यादित्यर्थः। एतेन सञ्ज्ञाया विजातीयत्वाद्विभक्तिबाधः कर्तुमशक्य इति परास्तम् (२) स्पष्टञ्चेदं भाष्ये।

लक्षणे इति। लक्ष्य लक्षण भाव सम्बन्ध अनु से द्योत्य होने पर कर्मप्रवचनीय संज्ञा होती है। अपवाद इति। उससे प्रतीत होने वाले सम्बन्ध का क्रिया में अन्वय होने से गति संज्ञा तथा उपसर्ग संज्ञा की प्राप्ति है। कर्मप्रवचनीय संज्ञा के अपवाद होने से प्रकृति प्रयोग में 'गतिर्गतौ' से निघात (अनुदात्त) नहीं होता है। द्वितीया का अर्थ लक्ष्य लक्षण भाव सम्बन्ध है। और अनु से हेतु द्योत्य है। ज्ञान जनक ज्ञानविषयत्वम् (ज्ञान का जनक जो ज्ञान उसका जो विषम हो) लक्षण का लक्षण है। ज्ञान जन्य ज्ञान विषयत्वम् लक्ष्य का लक्षण है। जप के ज्ञान से कालविशेष में होने वाली वृष्टि जानी जाती है। कदावृष्टिरभूत् (वर्षा कब हुई) प्रश्न करने पर जप मनु प्रावर्षत (जप करने पर वर्षा हुई) यह उत्तर भी संगत होता है इससे जप के समय के ज्ञान के द्वारा उसके उत्तर काल में वृष्टि का ज्ञान होता है। वृष्टि के ज्ञान का जनक जो जप ज्ञान उसका विषय जप है। इसलिये जप लक्षण है। जप ज्ञान से जन्य जो वृष्टि ज्ञान उसका विषय वर्षा है। इसलिए वर्षा लक्ष्य है। जप से अभिन्न हेतु अर्थात जप रूप हेतु के ज्ञान से जन्य ज्ञान का विषय वर्षा है। जैसा कि कौमुदी में लिखा है। हेतु भूतेति। पराऽपीति। लक्षणेत्थम् से विहित कर्मप्रवचनीय संज्ञा का अवकाश हेतुत्व की अविवक्षा में है। हेतु तृतीया का अवकाश 'धनेन् कुलम्' में है। उक्त प्रयोग में हेतुत्व की विवक्षा में पर होने से तृतीया की प्राप्ति थी। उसका बाध यह करती है। पुनः संज्ञेति। 'लक्षणेत्थम् भूत' से सिद्ध था फिर संज्ञा करने से बोधित द्वितीया विभक्ति के विधान करने से यह अर्थ करना। उक्त अर्थ करने से विभक्ति तथा संज्ञा के विजातीय होने से बाध होना कठिन है, कहने वाले परास्त है। यह विषय भाष्य में स्पष्ट है। गदाधर भट्टाचार्य का मत है कि लक्षण शब्द हेतु परक होने से हेतुत्व ही द्वितीया का अर्थ है। विशेष व्युत्पत्ति वाद के द्वितीया कारक में देखिये।

तृतीयार्थे (१।४।८५) तृतीयाशब्देन तन्निमित्तशब्दः 'सहयुक्ते' (२।३।१९) इत्यत्रोपात्तो (३) ऽनन्तरत्वात् सहशब्दो लक्ष्यते। तदर्थे (४) साहित्ये द्योत्ये इत्यर्थः। साहित्यरूपः सम्बन्धोऽनुद्योत्यो द्वितीयार्थस्तदाह–नद्येति। क्त इति। कर्तरीति भावः।

तृतीयार्थे। तृतीया शब्द से तृतीया के निमित्तभूत शब्द सह का ग्रहण है क्योंकि

'सहयुक्ते' में उसका ग्रहण है और वह अनन्तर भी है। 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' 'सहयुक्ते प्रधाने' सूत्र पाठ है। साहित्य रूप उसका अर्थद्योत्य होने पर यह उसका अर्थ है। साहित्य रूप सम्बन्ध अनुका द्योत्य है, वही द्वितीया का अर्थ है कहा भी है— नद्येति। क्तइति। कर्ता में क्त प्रत्यय जानना।

उपोऽधिके च (१।४।८७)। चाद्धीने। सप्तमीति। 'यस्मादधिकम्' (२।३।९) (१) इत्यनेनेति भावः। (२) उपखार्यां द्रोण इति यथा। (३) खार्यपेक्षयाऽधिकत्ववान् द्रोण इत्यर्थः। (४) तेनोभयमस्तीति फलति।

उपोऽधिके च। चकार से हीन अर्थ में भी उक्त सूत्र की प्रवृत्ति होती है। सप्तमीति। (यस्मादधिकम) से होती है। उदाहरण उपपरार्धे हरेर्गुणा है। उदाहरणान्तर उपखार्यां द्रोणः है। खारी की अपेक्षा अधिक वाला द्रोण है। 'खारीद्रोण चतुष्टयम्' अर्थात् चारद्रोण की खारी होती है। भाष्कराचार्य ने लीलावती के आरम्भ में लिखा है द्रोणस्तु खार्याः खलु षोडशांशः (खारी की सोलहवां हिस्सा द्रोण होता है।) उक्त दोनो प्रकार से द्रोण खारी ने न्यून होता है, फिर अधिक कहना उचित नहीं है इस शंका का उत्तर नागेश लिखते हैं कि तेनेति अर्थात् इससे दोनो की सत्ता प्रतीत होती है अर्थात् एक खारी तथा एक द्रोण धान्य है। आधिक्य का उदाहरण 'उपसुरान हरिः' है।

इत्थंभूतः—कश्चित्प्रकारं प्राप्तः, स आख्यायतेऽनेनेति इत्थंभूताख्यानं-प्रकारविशेषनिरूपकम्। भागशब्देनार्शआद्यजन्तेन तत्स्वामी उच्यते। वीप्साया द्विर्वचनविशिष्टवृक्षशब्दबोद्ध्यत्वादाह—विषयभूतेष्विति। वृक्षं प्रतीति। वृक्षप्रकाशेनविद्युद्विद्योतदेशज्ञानात् वृक्षो लक्षणम्। वृक्षं वृक्षमिति। वृक्षस्य व्यापकतासम्बन्धेनान्वयो यद्यपि द्विर्वचनबलादेव, तथापि प्रत्यादि-सत्त्वे सोऽपि तन्निर्णायक इति सम्बन्धपरिच्छेदकत्व बोद्ध्यम्। (५) वृक्षा-दीनां सेचने कर्मत्वेऽपि तत्त्वेनाविवक्षायामनेन द्वितीया। (६) किञ्च यद्यत्र कर्मणि द्वितीया स्यात्तदा प्रतिना सामर्थ्याभावात्प्रतिवृक्षमितिसमा-सानापत्तिः। (७) किञ्च प्रत्यादेः (८) क्रियाविशेषकत्वेऽन्वर्थतया कर्म-प्रवचनीयसञ्ज्ञाया एवानापत्तिः। (९) अत एव भाष्ये 'किमर्थं पुनरिद-मुच्यते ? न चोपसर्गसञ्ज्ञाबाधनार्थं, क्रियायोगाभावात्' इत्युक्त्वा 'द्वितीया-र्थम्' इति सिद्धान्तितम्। (१०) अत एव 'प्रत्यर्थं शब्दनिवेशः' इत्यादाव-र्थस्य निवेशनक्रियानिरूपिताधिकरणत्वेऽपि 'अर्थमर्थं प्रति' इति विग्रहो भाष्ये दर्शितः। वृत्तिविषये प्रतिरेव वीप्साया अपि द्योतक इत्यन्यदित्यास्ताम्। फलान्तरमप्याह—अत्रेति।

इत्थंभूत का अर्थ है किसी प्रकार को प्राप्त हुआ। इत्थंभूताख्यान शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार है 'सः आख्यायतेऽनेनेति' इत्थंभूताख्यानं अर्थात् प्रकार विशेष का निरूपक भाग शब्द में 'अर्शआद्यच्' से करने से भाग वाले का ग्रहण होता है अर्थात् भाग का स्वामी वीप्सा से द्वित्व विशिष्ट वृक्ष के ज्ञान होने से कहते हैं। 'विषयभूतेष्विति'। वृक्षं प्रतीति। वृक्ष के प्रकाशन से बिजली से प्रकाशित देश के ज्ञान से वृक्ष लक्षण है। वृक्षं वृक्षमिति। वृक्षः का व्यापकता सम्बन्ध से अन्वय द्विर्वचन के बल से ही यद्यपि प्रतीति होता है तो भी प्रत्यादि के रहने पर वह प्रत्यादि भी उस सम्बन्ध का निर्णायक है इससे सम्बन्ध का परिच्छेदक जानना। वृक्षं वृक्षं प्रतिसिंचति, इत्यादि में 'कर्मणि द्वितीया' से द्वितीया सिद्धी, सत्व का न होना ही कर्मप्रवचनीय संज्ञा का फल है। इस प्राचीन मत का खण्डन नागेश करते हैं कि वृक्षादियों की सेचन में कर्मत्व होने पर भी कर्मत्वेन अविवक्षा करने पर उक्त सूत्र से द्वितीया होती है। कर्मणि द्वितीया से द्वितीया होने पर अन्य दोष भी हैं अर्थात् प्रति से सामर्थ्य न होने से प्रति वृक्षम् समास भी नहीं होगा। और प्रत्यादि के क्रिया विशेष विषयक तात्पर्य ग्रहकत्व होने पर अन्वर्थता से कर्मप्रवचनीय संज्ञा ही नहीं होगी। क्योंकि कर्मप्रवचनीय का अर्थ है पूर्वक क्रियां प्रोक्तवन्तः अर्थात् पहले जो क्रिया को कह चुके हैं। अर्थात् इस समय क्रिया विशेष के जो द्योतक न हो उसकी ही कर्मप्रवचनीय संज्ञा होती है। यहाँ कर्मप्रवचनीय होने से ही द्वितीया होती है। इसमें भाष्य का भी प्रमाण देते हैं। भाष्य में कहा है किसलिए उक्त सूत्र का निर्माण होता है, उपसर्ग संज्ञा के बाध के लिए भी कहना ठीक नही है। क्योंकि क्रिया के योग के अभाव में उपसर्ग संज्ञा की प्राप्ति नहीं है। अन्त में सिद्धान्त किया कि द्वितीया विभक्ति के विधान के लिए है। इसके द्वितीया विधान से ही 'प्रत्यर्थं शब्द निवेशः' इत्यादि में अर्थं यद्यपि निवेशन क्रिया का अधिकार न होने पर भी 'अर्थमर्थं प्रति' विग्रहभाष्ये में दिखलाया है। अर्थात् उक्त सूत्र से द्वितीया की है वृत्ति के विषय में प्रति ही वीप्सा का द्योतक है यह बात दूसरी है। फलान्तर भी कहते है—अत्रेति। यहाँ नागेश का खण्डन इस प्रकार से है कि यहाँ 'कर्मणि द्वितीया' से ही द्वितीया होती है—क्योंकि उपपद विभक्ति से कारक विभक्ति बलवती होती है, और कर्मत्व की अविवक्षा करना भी ठीक नहीं है क्योकि पद को द्वित्व होता है, बिना विभक्ति के पदसंज्ञा के अभाव में द्वित्व नहीं होगा। प्रतिवृक्षम् में समास नही होगा, यह कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि वाचक अव्ययों से अव्ययीभाव समास होता है।

यदत्रेति। यद्वस्तु मम भागः स्यादित्यर्थः।

कुतोऽधीति। कुत इत्यपादाने पञ्चमी। द्वितीया तु न। कर्मप्रवचनीयद्योत्यसम्बन्धप्रतियोगित्वरूपस्य कर्मप्रवचनीययुक्तत्वस्याभावात्। गतिसञ्ज्ञाबाधादिति। धात्वर्थमात्रद्योतकत्वेन क्रियायोगाद्गतित्वं प्राप्तं, विशेषद्योतकत्वाभावात्त्वनर्थकत्वव्यवहारोऽपीति भावः।

यदत्रेति । जो वस्तु मेरा भाग हो । कुतोऽधीति । कुतः अपादान में पंचमी है, यहाँ द्वितीया नही होती है—क्योंकि कर्मप्रवचनीय युक्त नहीं है, कर्मप्रवचनीय से द्योत्य जो सम्बन्ध उसका प्रतियोगी ही कर्मप्रवचनीय से युक्त होता है । गतिसंज्ञाबाधादिति । धात्वर्थमात्र के द्योतक होने से क्रिया के योग से गतिसंज्ञा की प्राप्ति थी । किसी विशेष द्योतक के न होने से अनर्थकत्व व्यवहार भी होता है ।

सुसिक्तमिति । सेकगतपूज्यत्वद्योतकः सुः । क्रियापूज्यत्वकृते तत्तत्क्रियाकर्त्तुः पूज्यत्वे गम्ये एवैषा सञ्ज्ञा । अत एव (१) सुषिक्तं किं तव' इत्यत्र न ।

अतिक्रमणम्–उचितादधिकानुष्ठानम् । चात् पूजायामित्यनुकृष्यते अतिदेवानिति । देवेभ्योऽधिको देवपूज्य इति वाऽर्थः । द्वितीये 'कुगति' (२।२।१८) इति समासस्याभावस्तु अनभिधानात् । आद्ये तु प्राप्तिरेव न, 'स्वती पूजायामेव' इत्ययुक्तेः ।।

सुसिक्तमिति । सु सेक में रहने वाले पूज्यत्व का द्योतक है । क्रिया के पूज्यत्व के होने पर उन-उन क्रिया के कर्ता के पूज्यत्व की प्रतीति होने पर यह संज्ञा होती है इसीलिए सुषिक्तं किंतवं में नही होती है । यहाँ पूज्यत्व की प्रतीति न होने से कर्मप्रवचनीय संज्ञा के अभाव में उपसर्ग संज्ञा के होने से षत्व होता है ।

उचित से अधिक अनुष्ठान को प्रतिक्रमण कहते है । चकार से पूजायाम् का अनुकर्ष उत्तर सूत्र से होता है । अतिदेवानिति । देवताओं से अधिक अथवा देवों का पूज्य अर्थ है । द्वितीया पूज्य अर्थ में अनभिधान से 'कुगतिप्रादयः' से समास नहीं होता है । प्रथम अधिक अर्थ में तो समास की प्राप्ति ही नही है । क्योंकि 'स्वतीपूजायामेव' पूजा में ही सुअति समास को प्राप्त करते हैं ।

अपिः पदार्थ (१।४।६६) । पदस्य–अप्रयुज्यमानपदान्तरस्य अर्थः–पदार्थः । सर्पिषोऽपीति । अत्र बिन्दुरित्यादेः पदस्यार्थोऽपि द्योत्यः यदुक्तं वृत्तिकृता–'मात्रा बिन्दुः स्तोकमित्यस्यार्थेऽपिर्वर्तते' इति । सम्भावनायां लिङ्ति । 'उपसंवादाशङ्कयोश्च' (३।४।८) इतिसूत्र भाष्ये पठितेन 'उपसंवादाशङ्कयोर्लिङ' इत्यनेन । तश्च लोकसाधारणमित्यपि तत्रैव भाष्ये स्पष्टम् । तत्राऽऽशङ्का–उत्प्रेक्षा । सम्भावनाऽप्युकटकोटिका शङ्कैवेति भावः । कर्मप्रवचनीयत्वात्तद्द्योत्यसम्बन्धमाह-तस्या एवेति । सम्भावनाया एवेत्यर्थः । कर्त्तृदौर्लभ्यमिति षष्ठीतत्पुरुषः । कर्त्तृपदं प्रकृताभिप्रायम् । सर्पिषोऽपिपिबेदित्यादौ कर्मदौर्लभ्येत्यादि बोद्ध्यम् । तत्र बिन्दोस्तद्दौर्लभ्यप्रयुक्तदौर्लभ्य सम्बन्धस्य द्योतोऽपिः । सम्बध्यत इति । स्यात्पदवाच्यक्रियायामपिद्योत्य बिन्दोः कर्तृतया, द्योत्योक्तसम्बन्धेन चान्वयादिति भावः । तदाह–अपि-

शब्दबलेनेत्यादि । एवञ्च सर्पिरवयवबिन्दुदौर्लभ्यप्रयुक्तदौर्लभ्यवती तत्कर्तृका (२) सम्भवनाविषयः सत्तेति बोधः । विशिष्टसत्तायाः सम्भवनाविषयत्व-बोधे दौर्लभ्यस्यापि सम्भावनाविषयत्वमनुभवसिद्धम् ।

अपिः पदार्थ ॥ पद का अर्थात् अप्रयुज्यमान जो पदान्तर उसका अर्थ पदार्थ है । सर्पिषोऽपीति । उक्त स्थल बिन्दु इत्यादि पद का अर्थ अपि से द्योत्य है, इसको वृत्तिकार ने कहा भी है, कि मात्रा बिन्दुः स्तोकम के अर्थ में अपि है । सम्भावनायां लिङिति । 'उपसंवादाशङ्कयोश्च' से लिङ् लकार होता है । यह 'उपसंवादाशङ्क-योश्च' सूत्र के भाष्य में पढ़ा है । यद्यपि वह सूत्र वैदिक प्रकरण का है । तो भी भाष्य-कार ने उक्त वार्तिक को लोकवेद साधारण कहा है । आशङ्का का अर्थ उत्प्रेक्षा है । सम्भावना भी उत्कट कोटि वाली आशङ्का ही है । कर्मप्रवचनीय होने से उसके द्योत्य सम्बन्ध को कहते है । तस्या एवेति । अर्थात् सम्भावना का ही कर्तृदौर्लभ्यम् में षष्ठी तत्पुरुष है । कर्तृपद प्रकृति उदाहरण के लिए कहा है । सर्पिषोऽपि पिबेत् इत्यादि में कर्मदौर्लभ्यम् समझना । वहाँ बिन्दु और उसके दुर्लभता से प्रयुक्त जो दौर्लभ्य सम्बन्ध का द्योतक अपि है । सम्बध्यतेइति । स्यात् पद से वाच्य क्रिया में अपि से द्योत्य बिन्दु का कर्तृत्व से द्योत्य उक्त सम्बन्ध (तद्दौर्लभ्यप्रयुक्तदौर्लभ्य) से अन्वय होता है । कहा भी है । अपि शब्द बलेनेत्यादि । इस प्रकार से सर्पिरवयव बिन्दु दौर्लभ्य प्रयुक्त दौर्लभ्यवती तत्कर्तृका सम्भावना विषय (सत्ता) घृत के अवयव बिन्दु की दुर्लभता से होने वाली दुर्लभता वाली बिन्दुकर्ता वाली सम्भावना की विषय द्वारा यह बोध होता है इससे स्पष्ट है कि तिङन्त में धात्वर्थ विशेष्यक ही बोध होता है । प्रथमान्तार्थ मुख्य विशेष्यक बोध वैयाकरणों के सिद्धान्त के विरुद्ध है । विशिष्ट सत्ता के सम्भावना विषय बोध होने पर दौर्लभ्य का भी सम्भावना की विषयता अनुभव सिद्ध है ।

नन्वेवं कर्मप्रवचनीयद्योत्येऽर्थे सर्पिषोऽन्वयेन तस्य कर्मप्रवचनीययुक्त-त्वाद द्वितीया स्यादत आह—द्वितीया त्विति । न त्वपिनेति । बिन्दुना योगेऽप्यपिद्योत्यसम्बन्धेनानन्वय इत्यर्थः । कर्मप्रवचनीयद्योत्यसम्बन्धप्रति-योगित्वमेव तद्युक्तत्वम्, प्रकृते चापिद्योत्यस्योक्तसम्बन्धस्य विन्दुः प्रतियोगी, न सर्पिरिति भावः । यदा स्पष्टप्रतिपत्तयेऽपिद्योत्यस्यापि बिन्दोः प्रयोग-स्तदापि द्वितीयां बाधित्वोपपदविभक्तेरिति (१) प्रथमैव । तत्र कारक-विभक्तित्वे क्रियाजनकत्वार्थकविभक्तित्वमिति दिक् ।

कर्मप्रवचनीय से द्योत्य अर्थ में सर्पिः का अन्वय होने से उसकी कर्मप्रवचनीय से युक्तता होने से द्वितीया होनी चाहिये । उसका उत्तर लिखते है—द्वितीयात्विति । न त्वपिनेति । सर्पिः का सम्बन्ध बिन्दु से है, अपि से नहीं है, अर्थात् बिन्दु से योग

होने पर भी अपि से द्योत्य सम्बन्ध से अन्वय नही है कर्मप्रवचनीय से द्योत्य जो सम्बन्ध उसका प्रतियोगी होना ही उससे युक्त जानना । सर्पिषोऽपि स्यात् में अपि से द्योत्य सम्बन्ध का बिन्दु प्रतियोगी है । सर्पिः नही है और बिन्दु का प्रयोग भी नही है । सम्बन्ध का एक प्रतियोगी होता है और एक अनुपयोगी । जिसका सम्बन्ध होता है वह प्रतियोगी और जिसमें सम्बन्ध होता है वह अनुपयोगी जानना । जब स्पष्ट ज्ञान के लिए अपि से द्योत्य बिन्दु का प्रयोग करने पर भी द्वितीया नही होगी । किन्तु 'उपपदविभक्तेः' से द्वितीया का बाधकर प्रथमा ही होगी । क्रिया के जनक अर्थ वाली विभक्ति को ही कारक विभक्ति कहते है ।

सञ्ज्ञाफलमाह—अनुपसर्गत्वादिति । अपि स्तुयादिति । पूर्ववल्लिङ् । (२) क्रियाविषयं शक्यत्वादिना सम्भावनमपिद्योत्यम् । प्रकृतेऽवाङ्मनसगोचरं विष्णुमपि स्तुयादिति शक्त्युत्कर्षाविष्करणम् । अत्युक्तिरसम्भाव्यार्थसम्भावनम् । सम्भावनपदस्येदृशार्थकत्वे व्याख्यानमेव शरणम् । विष्णुविषयायाः शक्यत्वसम्भावने चान्यविषया निश्चयेन शक्या कर्तुमिति फलति । शक्त्युत्कर्षमित्यौचित्योत्कर्षादेरप्युपलक्षणम् । 'अपि वेदान्तपारगं हन्यात्' इत्यादौ हननक्रियायां सम्भावनाविषयौचित्योत्कर्षद्योतनात् । सम्भावितौचित्यस्य चानुष्ठानमयुक्तमिति अस्य स्वार्थे तात्पर्याभावो धर्मशास्त्रोक्तः सङ्गच्छते । कामचारः—इच्छया प्रवृत्तिः । स्तुहिः मा वा; यथेष्टं कुर्विति यावत् । 'प्रैषातिसर्ग' (३।३।१६३) इति लिङ् । अपि स्तुयात् वृषलमिति । 'उपसंवाद' (३।४।८) इतिसूत्रपठितवार्तिकेन परेणान्तरङ्गेण च 'गर्हायां लडपि' (३।३।१४२) इति बाधित्वा सम्भावने लिङ् । क्रियागतं गर्ह्यत्वमपिद्योत्यं वृषलपदसमभिव्याहारात् स्तुतेर्गर्ह्यत्वेन तत्कर्तुर्गर्ह्यत्वं फलति । तदेव धिगित्यादिनाऽनूद्यते । अपि सिञ्चेत्यादि । अपिद्वयेन मिलितेन समुच्चयद्योतनात्प्रत्येकं सञ्ज्ञायामुभयत्रापि षत्वाभावः ।

संज्ञा के फल को कहते हैं—अनुपसर्गत्वादिति अपिस्तुयादिति । यहाँ 'उपसंवादाशङ्कयोश्च' से लिङ्ग है । क्रिया का विषय (अपिगिरिंशिरसाभिंदयात्) में शक्यत्वादि से सम्भावना अपि से द्योत्य है । प्रकृति प्रयोग में वाणी तथा मन का भी जो विषय नहीं ऐसे विष्णु की स्तुति करें । इस प्रकार से शक्ति के उत्कर्ष का प्रकट करना ही है । असम्भव अर्थ की सम्भावना ही अत्युक्ति है । सम्भावना का इस प्रकार के अर्थ करने में व्याख्यान ही शरण है । विष्णु विषयक स्तुति के शक्यत्व सम्भावना करने पर शिवादि विषयक स्तुति निश्चय से करने योग्य है । शक्ति का उत्कर्ष औचित्योत्कर्ष का भी उपलक्षण है । "अपि वेदान्तपारगं हन्यात्" इत्यादि में हनन् क्रिया सम्भावना का

विषय औचित्यौत्कर्ष का ही द्योतन करती है। सम्भावित औचित्य का अनुष्ठान अयुक्त है। इसलिए इसका स्वार्थ में तात्पर्य का अभाव धर्म शास्त्रोक्त भी संगत होता है। कामचार का अर्थ है–इच्छा से प्रवृत्ति। स्तुति करो या न करो। अर्थात् जैसा तुमको इष्ट हो, करो। यहाँ लिङ्लकार 'प्रैषातिसर्ग' से है। अपि स्तुयाद् वृषलमिति (चर्मकार की स्तुति करो) 'उपसंवाद' सूत्र में पढ़े वार्तिक से पर और अन्तरंग होने से 'गर्हायां लऽपि' को बाधकर सम्भावना में लिङ् है। क्रिया में रहने वाला गर्हयत्व अपि से द्योत्य है। वृषलपद के समीप होने से स्तुति में धिक् गर्ह्यत्व फलित होता है। उसका ही अनुवाद करता है। अपि सिञ्चदिति। दोनों अपिमिलकर समुच्चय का द्योतन करते हैं, प्रत्येक की कर्मप्रवचनीय संज्ञा होने से पूर्वोक्त दोनों (स्तुयात्) स्थलों में षत्व नहीं होता है। क्योंकि उक्त संज्ञा से उपसर्ग संज्ञा का बाध होता है।

कालाध्वनो (२।३।५)। अत्यन्तसंयोगो–निरन्तरं सम्बन्धः। स च गुणक्रियाद्रव्यैरभावेन च। तेन मासं भोजनाभाव इत्यादेः संग्रहः। गुणादिभिः कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे प्रत्यासत्त्या कालाध्ववृत्तिभ्यां द्वितीयेत्यर्थः। (३) मासमधीत इति। (१) बुद्धिस्थयावदवयवसम्बन्धरूपा व्याप्तिर्द्वितीयार्थः। 'एकादश्यां रात्रौ जागृयात्' इत्यादावधिकरणत्वविवक्षणान्न द्वितीया।

इति द्वितीया ॥

कालाध्वनो। अत्यन्त संयोग ही-निरन्तर सम्बन्ध है। वह सम्बन्ध गुण से, क्रिया से, द्रव्य से और अभाव से जानना। इससे मासम भोजना भाव का भी संग्रह होता है। गुणादि से काले और अध्वा (मार्ग) का अत्यन्त संयोग होने पर प्रत्यासत्य से अर्थात् सामीप्य से काल और अध्वा में रहने वालों से द्वितीया होती है। मासमधीते यद्यपि उक्त प्रयोग में क्रिया के रहने से माससमास्ते की तरह कर्म में द्वितीया सिद्ध है तथापि 'मासंगुडधानाः क्रोशं कुटिला नदी में क्रिया के अभाव में द्वितीया विधान के लिये उक्त सूत्र है। बुद्धि में स्थिति सम्पूर्ण अवयवों के सम्बन्ध रूप व्याप्ति द्वितीया का अर्थ है ('एकादश्यां रात्री जागृयात्'') (एकादशी में रात्रि में जागरण करे) में अधिकरणत्व की विवक्षा करने से द्वितीया नहीं होती है।

'मासमधीते' में मासपद तीस दिन के समुदाय को कहते हैं और दिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक अखण्ड कालपरक है, बुद्धि में स्थिति मास के अवयव दिन रूप अवयवों अध्ययन के सम्बन्ध होने से अर्थात् तीसोदिनों में अध्ययन सम्बन्ध होने पर ही मासमधीते का प्रयोग होता है। 'मासं स्वपिति में घड़ी दो घड़ी दिन में सोने से उक्त प्रयोग नहीं होगा। ॥ इति द्वितीया ॥

स्वतन्त्रः कर्ता (१।४।५४) ॥ कारकाधिकारात् (२) क्रियाजनने (३) स्वतन्त्र इत्यर्थस्तदाह–क्रियायामिति। (४) स्वातन्त्र्यञ्च (५) कर्तृ-

प्रत्ययसमभिव्याहारे प्रधानीभूतधात्वर्थाश्रयत्वम्। 'पक्वस्तण्डुलो देवदत्तेन' इत्यत्र फलस्य प्राधान्येऽपि देवदत्तस्य कर्तृत्वसिद्धये 'कर्तृप्रत्ययसमभिव्याहारे' इति। (६)णिचस्तु वाचकत्वमेव, अतस्तत्र ण्यन्तधातु–तत्प्रकृतिधातु-एतदुभयवाच्यव्यापारयोस्स्वस्वार्थं प्रति प्राधान्याद् 'देवदत्तेन यज्ञदत्तः पाचयति' इत्यादौ (१)प्रयोज्यव्यापाराश्रयस्यापि कर्तृत्वसिद्धिः। द्योतकत्वे तु नैतत् सिध्येत्। 'कारके'(१।४।२३)इतिसूत्रभाष्यात्स्वक्रियाकारकप्रवर्तकत्वं स्वातन्त्र्यमिति लभ्यते, प्रकृतसूत्रभाष्याच्चेति मञ्जूषायां निरूपितम्।

स्वतन्त्रः कर्ता ॥ क्रिया जनने स्वतन्त्र यह अर्थ प्रत्यासन्तिमूलक कारक के अधिकार प्राप्त है। अर्थात् क्रियायाम् का उल्लेख किया। स्वातन्त्र्य पदार्थ का लक्षण करते है कर्तृ प्रत्ययेत्यादि। कर्तृ प्रत्यय के समीप प्रधानीभूत धात्वर्थ का जो आश्रय हो। जैसे देवदत्तः पचति में कर्तृ वाचक प्रत्यय तिप् के समीप प्रधानीभूत धात्वर्थ व्यापार का आश्रमदेवदत्त है। धातु की फलविशिष्ट व्यापार में शक्ति है उसमें व्यापार प्रधान है। पक्क स्तुण्डुलोदेवदत्तेन में कर्म में प्रत्यय होने से फल की प्रधानता होने पर भी देवदत्त को कर्त्तसिद्ध करने के लिये कर्तृ प्रत्ययसमभिहारे का उल्लेख किया है उक्त स्थल में कर्म में प्रत्यय है। 'चैत्रेण मैत्रस्तण्डुलं' 'पाचयति' इत्यादि ण्यन्त स्थल में णिच् के द्योतक होने से विक्लित्यनुकूल व्यापारानुकूल व्यापार पच धातु का वाच्यार्थ होने से प्रयोज्य मैत्र के व्यापार में प्राधान्य के अभाव में मैत्र की कर्तृसंज्ञा नहीं होगी। इसलिये कहते है कि णिच् में वाचकता ही है। इसलिये वहाँ ण्यन्त धातु तथा णि प्रकृतिक धातु इन दोनों के ही व्यापार अपने-अपने विषय में प्रधान होने से देवदत्तेन यज्ञदतः पाचयति में प्रयोज्य व्यापाराश्रय की कर्तृता सिद्ध हुई। णिच् को द्योतक मानने पर सिद्ध नहीं होती। 'कारके' सूत्र के भाष्य से अपनी क्रिया के कारकों का जो प्रवर्तक हो वह स्वतन्त्र है। इस सूत्र के भाष्य से भी उक्तार्थ की सिद्धि होती है। यह मञ्जूषा में देखिये।

प्रकृष्टेति। यद्व्यापाराव्यवधानेन क्रियानिष्पत्तिस्तत्प्रकृष्टम्। (१) तमब्ग्रहणं किमिति। कारकाधिकारात्करणल्युडन्तकरणेतिमहासञ्ज्ञया च साधकत्वे लब्धे साधकग्रहणमेव साधकतमार्थं भविष्यतीति प्रश्नः। (२) गङ्गायामिति। अधिकरणमित्यधिकरणल्युडन्तमहासञ्ज्ञयैव सिद्धे आधारग्रहणसामर्थ्यात्सर्वावयवव्याप्त्या य आधारः सोऽधिकरणमित्यर्थः स्यात्। एवञ्चेदं सूत्रं 'तिलेषु तैलम्' इत्यादावेव प्रवर्तेत। न हि गङ्गा तीरं वा सर्वावयवैर्व्याप्ते। तीरधर्मस्य घोषाधारत्वस्यात्यन्तसामीप्यात्प्रवाहे आरोपोऽत्र बोद्धयः। यदा तु व्यवहितो गङ्गातो घोषः, तदा गङ्गाशब्दस्य तत्तीरे लक्षणा। तमब्ग्रहणेन 'शब्दसामर्थ्यगम्यः प्रकर्षो नाश्रीयते' इति ज्ञाप्यते

इति गौणाधारस्याप्यधिकरणसञ्ज्ञा सिद्ध्यति । एवञ्च गङ्गायां गाव इत्यप्युदाहरणम् । सर्वावयवव्याप्त्यभावेन मुख्याधारत्वाभावात् । गौणमप्याधारत्वादि सप्तम्यादिशक्यमेवेति बोद्ध्यम् । इदं प्रकृतसूत्रे भाष्ये स्पष्टम् ।

प्रकृष्टेति । जिस व्यापार के अव्यवधान से क्रिया की निस्पत्ति हो वहाँ पुरुष है। तमव्ग्रहण किमिति । कारक के अधिकार से तथा करण में ल्युट् प्रत्यान्त करण महासंज्ञा से साधक का लाभ सिद्ध था फिर साधक ग्रहण ही साधकतम् को कहता फिर तम् ग्रहण की क्या आवश्यकता है यह प्रश्न है गङ्गायामिति । अधिकरणम् में अधिकरण यह ल्युडन्त महासंज्ञा से ही आधार का लाभ सिद्ध था फिर आधार ग्रहण के करने से सम्पूर्ण अवयवों में व्याप्त जो आधार उसकी अधिकरण संज्ञा होती है । यह अर्थ अभिव्यक्त होता है । इसलिए यह सूत्र केवल 'तिलेषु तैलम्' में ही सप्तमी करेगा । गङ्गा या उसका तीर सम्पूर्ण अवयवों से व्याप्त नहीं है । तीर धर्म के घोषाधारत्व का अत्यन्त सामीप्य होने से प्रवाह में आरोप होता है । यदि गङ्गा से व्यवधान में घोष है तो गङ्गा शब्द की गङ्गा तीर में लक्षण है । तमब्ग्रहण करने से यह सिद्ध होता है कि शब्द के सामर्थ्य से प्राप्त प्रकर्ष का यहाँ ग्रहण नहीं होता है । इसलिए साधक का साधकतम् अर्थ नहीं होगा । इसलिए गौणाधार (लाक्षणिक) की अधिकरण संज्ञा हो जाती है । इसी प्रकार से गङ्गायां गावः भी उदाहरण है । सम्पूर्ण अवयवों के व्याप्त न होने से मुख्य आधार नहीं है । गौण भी आधार सप्तमी का शक्य ही है यह विषय प्रकृत सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है ।

(१) यदि तु महासञ्ज्ञया तदाक्षेपकरणासमर्थं प्रति आधारादिपदं चरितार्थं, साधकशब्दस्य यद्व्यापारानन्तरमव्यवधानेन फलोत्पादस्तत्र शक्तिः । आधारशब्दस्य चाध्रियते यस्मिन्निति व्युत्पत्त्या कर्तृकर्मणोर्धारणक्रियां

प्रति सर्वावयवव्याप्त्या य आधारस्तत्र शक्तिरित्युच्यते, तदोक्तप्रयोगादिसाधनाय कारकप्रकरणे उद्देश्यवाचके पदे स्वरितत्वप्रतिज्ञया गौणाधारादेर्ग्रहणं वाच्यम् । स्वरितेनाधिकं कार्यमित्यर्थात् । तमपा तु प्रकृते तदभावो बोद्धयते । एवञ्च व्यवधानेन फलोत्पादके करणकत्वोपचारेण तृतीयान्तप्रयोगस्यासाधुत्वबोधनं तमप्फलम् । एतत्तमब्वशादेवान्यत्र स्वरितत्वमिति ज्ञायते इति दिक् । स्पष्टञ्चेदं 'स्वरितेन' (१।३।११) इति सूत्रे भाष्ये ।

यदि महासंज्ञा से उसके आक्षेप करने में जो असमर्थ है उसके लिए आधारादिपद चरितार्थ है साधक शब्द का जिस व्यापार के अनन्तर बिना व्यवधान फल की उत्पत्ति

हो वहाँ शक्ति है। और आधारशब्द की आध्रियते यस्मिन् इस व्युत्पत्ति से करण कर्म की धारण क्रिया के प्रति सम्पूर्ण अवयवों से व्याप्त जो आधार उसमें शक्ति मानने पर गङ्गायां गावः में सिद्धि के लिए उद्देश्य वाचक पद में स्वरितत्व प्रतिज्ञा से गौणाधार का भी ग्रहण करना होगा क्योंकि स्वरित से अधिक कार्य हो यह अर्थ होगा। प्रकृत में तमप् उसके अभाव को कहता है। इस प्रकार व्यवधान से फल के उत्पादक में करणत्व का उपचार करने से तृतीयान्त प्रयोग असाधु होता है यह तमप् का फल है। यह तमप् के कारण ही अन्यस्थल में स्वरितत्व की प्रतीति होती है। यह स्वरितेन सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है।

रामेणेति। (१) कर्तृतृतीयायाः कर्तृत्वादिशक्तिमान्, कर्तृक्रियाभावसम्बन्धश्चार्थः। करणतृतीयाः करणत्वशक्तिमान्, क्रियाकरणभावः सम्बन्धश्चार्थः। तच्छक्तिमत्त्वञ्च व्यापारवत्येव। (२) रामकर्तृकबाणकरणकप्राणवियोगाश्रयो वालीति बोधः।

प्रकृत्यादिभ्य इति। इदं यथायोगं (३) सर्वविभक्त्यपवादः॥

रामेणेति। कर्ता में जो तृतीया है—उसका कर्तृत्वादि शक्तिमान् और क्रिया कारक भाव सम्बन्ध अर्थ है। आदिपद से 'तत्प्रयोजको हेतुश्च' से विहित हेतुत्व शक्ति का ग्रहण भी होता है। और करण में होने वाली तृतीया का करणत्व शक्तिमान् और क्रिया करणभाव सम्बन्ध अर्थ है। उस प्रकार की शक्तिमत्ता व्यापार वाले में ही होती है। रामेणबाणेन हतो वाली का शाब्दबोध इस प्रकार होता है। रामकर्तृक बाणकरणक व्यापारजन्यः यः प्राणवियोगस्तदाश्रयो वाली। (राम कर्ता वाले बाण करण वाले व्यापार से होने वाला जो प्राण वियोग उसका आश्रय वाली है) यहाँ कर्म क्त प्रत्यय है—अतः फल विशेष्य बोध होता है, फलाश्रय वाली है। कर्तृप्रत्यय में व्यापार विशेष्य लाभ होता है।) प्रकृत्यादिभ्यइति। यह सर्वविभक्तियों का अपवाद है, प्रायेणाव-याज्ञिकाः में यद्यपि 'इत्थंभूत लक्षणो' से तृतीया सिद्ध थी तो भी सम्बन्ध की विवक्षा में षष्ठी प्राप्त होती है। उसको बाधने के लिए इसकी आवश्यकता होती है। प्रकृत्याचारुः में षष्ठी की प्राप्ती है गोत्रेण गार्ग्यः में प्रथमा की प्राप्ति है। समेनधावति, में द्वितीया की प्राप्ति है, द्विद्रोणेन धान्यं क्रीणाति में भी द्वितीया प्राप्ति है, पञ्चकेन पशून्क्रीणाति में भी द्वितीया की प्राप्ति है।

(१) दिवः कर्म च (१।४।४३)। चेन सञ्ज्ञयोः समावेशः। तेन दिवः साधकतमस्य शक्तिद्वययोगो बोध्यते। 'अक्षैर्दीव्यते' इत्यत्र (२) तृतीया परत्वात्, (३) कर्मत्वाच्च कर्मत्वप्रयुक्तपरस्मैपदाभावः। अत्र विप्रतिषेधशास्त्रबलात्तृतीयैव शक्तिद्वयबोधिका। (४) यदाऽक्षाणां फलाश्रयत्वसमानाधिकरणकर्मत्वविवक्षा तदा 'अक्षान्दीव्यति' इत्यादि (५) साधु। '(६)

अक्षाणां देविता' इत्यादौ तृतीयातः परत्वात्कृद्योगलक्षणाषष्ठी। (७) मनसा देवः' इत्यादौ (८) हेतुतृतीयान्तेन पचाद्यजन्तदेवशब्दस्य (९) समासः। न च शक्तिद्वयस्वीकारे (१०) उक्त कर्मणि लकारे करणत्वशक्तेरनुक्तत्वेन तृतीयापत्तिरिति वाच्यम्। 'अपादानमुत्तराणि' इत्यस्योदाहरणे 'गां दोग्धि' इत्यादौ तत्र कर्मणि लकारे पञ्चम्यापत्तिवारणायैकद्रव्यगतानेकशक्तिमद्ध्ये एकस्या अभिहितत्वे परस्या अपि तद्वत् प्रकाशेनाक्षतेः। एकैव शक्तिः सञ्ज्ञाद्वयोपयोगिनीति तु चिन्त्यम्। कर्मादिपदानां कर्मत्वादिपदानां कर्मत्वादितत्तच्छक्तिरूपेण बोधकतयातयो (११) र्भेदस्यैवौचित्यादिति मञ्जूषायां विस्तरः।

दिवः कर्म च। चकार से संज्ञाओं का समावेश है इससे दिवधातु के शाधकतम् का दो शक्तियों से योग होता है। इससे 'अक्षैर्देवयते' में परत्वादि तृतीया और कर्मत्व होने से कर्मत्व प्रयुक्त परस्मैपद का अभाव होता है। यहाँ विप्रतिषेध शास्त्र के बल से तृतीया ही दोनों शक्तियों की बोधक है। जब अक्षों में फलाश्रयत्व युक्त कर्म की विवक्षा होगी तब अक्षान्दीव्यति भी साधु है। अक्षाणांदेविता इत्यादि में तृतीया से पर होने के कारण कर्तृकर्मणोःकृत' से षष्ठी होती है, मनसादेवः में हेतु में तृतीयान्त मनसा के साथ पचाद्यजन्त देव शब्द का समास है, दो शक्तियों के स्वीकार करने से उक्त स्थल में कर्म के लकार करने पर कर्णत्व शक्ति के अनुक्त होने से तृतीया होनी चाहिए उत्तर 'अपादानमुत्तराणि' के उदाहरण में गां दोग्धि इत्यादि में कर्म में लकार करने पर पंचमी की आपत्ति को वारण के लिये एक द्रव्य में स्थिति अनेक शक्तियों के मध्य में एक के उक्त होने पर दूसरी भी अभिहित होती है। ऐसा स्वीकार करने पर कोई दोष नहीं है। एक ही शक्ति दोनों संज्ञाओं की उपयोगिनी होती है—यह विचार उचित नही है, क्योंकि कर्मादिपदो की कर्मत्वादि शक्ति के रूप में बोध होने से उनका भेद मानना ही ठीक है। वस्तुतस्तु करणत्व शक्ति से बोध होने पर करण में तृतीया अन्यथा द्वितीया होगी।

फलप्राप्तिरिति। तस्याञ्च सत्यां प्रयोजनाभावादेव न क्रियाप्रवृत्तिरिति फलप्राप्तिशब्देन तत्पूर्वकस्त्याग उच्यते। त्यागस्य च फलप्राप्तिर्व्यङ्ग्येत्यन्यत्र विस्तरः। नायात इति। अनेन फलाप्राप्तिरेव स्फुटमुच्यते॥

फलप्राप्तिरिति। फल प्राप्त के होने पर प्रयोजन के अभाव से ही क्रिया की प्रवृत्ति नही होती है, फल प्राप्ति शब्द से फल प्राप्ति के पूर्व में होने वाला त्याग कहा जाता है, फल प्राप्ति त्याग की ही व्यंग्य है। नायात इति। इससे स्पष्ट रूप से फल की अप्राप्ति ही कही जाती है।

(१)सहयुक्ते (२।३।१९)। 'पृथग्विनानानाभिः'(२।३।३२)इतिवत्

'सहेन' इत्येव सिद्धे युक्तग्रहणं शब्दविशेषानादरेणार्थयोगे भवत्वित्यर्थमित्याह-सहार्थेनेति। अत एव क्वचित् शब्दयोगं बिनापि भवति।तदाह–विनापीति। न्यायसिद्धेऽर्थे लिङ्गमप्याह-वृद्ध इति। सहार्थः साहित्यं, तच्च स्वसमभिव्याहृतक्रियादिसमानकालिकतत्क्रियादिमत्त्वं, क्वचित्समानदेशक्रियावत्त्वम्। अत एव माषवापोत्तरं तत्रैव क्षेत्रे तिलवापे 'तिलैः सह माषान्वपति' इति भवति। यद्यपि 'पुत्रेण सहागतः' इत्यादौ आगमनक्रियाकर्तृत्वादेव पुत्रात्तृतीया सिद्धा; तथापि 'पुत्रेण सह स्थूलः' इत्यादि अस्य मुख्यमुदाहरणमिति भाष्ये स्पष्टम्।

सहयुक्ते। 'प्रथग्विनानानाभिः' की तरह सहेन से ही सिद्ध था। युक्त ग्रहण से सूचित होता है कि शब्द विशेष का आदर न करके अर्थ के योग में हो। अतएव मूल में सहार्थेन कहा है। इसलिए (अर्थपरक) कहीं शब्द के योग के बिना भी तृतीया होती है, जैसा कि कौमुदी में लिखा है। विनापीति। न्यायसिद्ध अर्थ में लिङ्ग भी कहते हैं—वृद्धइति। सह का अर्थ साहित्य है—वह साहित्य सह के पास क्रियादि के समानकालिक क्रिया वाला। जैसे 'पुत्रेण सहागतः' पिता में पिता के आगमन से साथ ही पुत्र का आगमन है। कहीं समानदेश में क्रिया वाले का भी ग्रहण होता है। जैसे 'तिलैः सह माषान्वपति' उरद के बोने के पश्चात उसी खेत में तिलों के बोने पर उक्त प्रयोग की सिद्ध होती है यद्यपि पुत्रेण सहागतः इत्यादि स्थल में आगमन क्रिया के कर्ता होने से ही पुत्र पद से तृतीया की सिद्ध है तो भी पुत्रेण सह स्थूलः इत्यादि प्रयोगो में तृतीया सिद्ध के लिये सूत्र की आवश्यकता है। और वही इसका मख्य उदाहरण है।

(१)अङ्गेन–अवयवेन। इदं सन्निधानलब्धम्। अङ्गिनः-अवयविनः। सूत्रे अङ्गशब्दोऽर्शआद्यजन्तो व्याख्यानादिति भावः। अक्ष्णाकाण इति। यद्यप्यक्ष्येव काणं तथाप्यवयवधर्मस्य समुदाये आरोपाच्छरीरे तदवच्छिन्ने च व्यवहारो निरूढ इति ध्येयम्। यद्यपि काणशब्दोऽक्षिगतविकारवाचक एव तथापि 'द्वौ विप्रौ' इतिवदक्ष्णेति प्रयोगस्य साधुत्वम्। इदृशरीत्येदृशानां साधुत्वे चेदमेव मानम्। षष्ठ्यपवादोऽयमित्याह-अक्षिसम्बन्धीति। अङ्गविकारः किमिति। अङ्गग्रहणप्रयोजनप्रश्नः। अक्षि काणमिति। प्रथमां बाधित्वाऽ (२) त्रैव स्यात्। लेशतोऽपि दर्शनसामर्थ्यहीनत्व काणत्वम्।

अङ्गेन। अङ्गेन का अर्थ अवयव है—यह सामीप्य से प्राप्त है। अङ्गिनः का अर्थ अवयवी है सूत्र में अङ्ग शब्द में अर्शादि अच् प्रत्ययान्त व्याख्यान से है अक्ष्णाकाण इति। यद्यपि नेत्र ही काना है तो भी अवयव के धर्म का समुदाय में आरोप करने से

शरीर में तथा शरीर वाले में व्यवहार रूढ है। यद्यपि काण शब्द ही नेत्रगत विकार का वाचक है तो भी द्वौ विप्रौ की तरह अक्षणा प्रयोग की सिद्ध जानना चाहिये। तात्पर्य यह है कि विप्रौ के कहने से ही द्वित्व का लाभ सिद्ध था फिर द्वौ का प्रयोग व्यवहार में होता है उसी प्रकार उक्त स्थल में जानना। इस प्रकार से उक्त प्रयोगों की सिद्ध में यह ही प्रमाण है। उक्त सूत्र षष्ठी का अपवाद है। इसलिये कहते हैं अक्षिसम्बन्धीति। अङ्गग्रहणं किमिति। अङ्ग ग्रहण के प्रयोजन का प्रश्न है। अक्षिकाणमिति। प्रथमा को बाध करके उक्त प्रयोग में तृतीया हो जाती। तात्पर्य यह है विकृताङ्ग रूप शक्यार्थ का ही ग्रहण उचित होगा। लक्ष्यार्थ अङ्गी का ठीक नहीं है। जिस नेत्र से कुछ भी न दीखता हो वही काण है।

इत्थंशब्दः प्रकारमात्रपरः। प्राप्त्यर्थाद् भुवः कर्तरि क्तः। कर्मविभक्त्यन्तेत्थंशब्देन भूतशब्दस्य समासः। लक्षणशब्दः करणसाधनः। तस्य कर्मषष्ठयन्तेनेत्थम्भूतशब्देन समास (३) इत्याह—कञ्चिदित्यादि। जटाभिरिति। यद्यपि ताभिस्तापसो ज्ञात इत्यर्थे ज्ञानक्रियायां करणत्वादिदं सिद्धं, तथापि करणत्वाविवक्षयां लक्ष्यलक्षणभावमात्रविवक्षायां तृतीयार्थमिदम। (१)इत्थम्भूतस्य यत्र लक्षणवाचकात्पृथगुपस्थितिरेव तत्रैवानेन तृतीया। तेन 'कमण्डलुपाणिं छात्रमद्राक्षीत' इत्यादौ कमण्डलुपदान्न तृतीया न चोत्पन्नायास्तृतीयायाः 'सुपो धातु' (२।४।७१) इति लुगिति वाच्यम्। कृते समासे तस्या उत्पत्त्या समासरूपप्रातिपदिकानवयवत्वादिति कैयटे स्पष्टम्। कमण्डलुः पाणौ यस्येति बहुव्रीहिः।

इत्थं भूत लक्षणे। इत्थं शब्द प्रकार (विशेषण) मात्र पर है। प्राप्ति के अर्थ में विद्यमान चुरादि भूतधातु से कर्ता में क्त प्रत्यय करने से भूत की सिद्ध है। कर्म विभक्ति वाले इत्थंशब्द से भूत शब्द का समास होता है, लक्षण में करण (ल्युट) में प्रत्यय है उसका कर्म षष्ठयन्त इत्थंभूत शब्द के साथ समास है। अतएव कहते हैं कञ्चिदित्यादि। जटाभिरिति। यद्यपि उन जटाओं से तपस्वी जाना गया। इस अर्थ में ज्ञान क्रिया में करण होने से उक्त प्रयोग की सिद्ध सम्भव है। तो भी करणत्व की अविवक्षा में केवल लक्ष्य लक्षण की विवक्षा में तृतीया करने के लिये उक्त सूत्र है। इत्थंभूत की जहाँ लक्षण वाचक से अलग उपस्थित हो वहाँ उक्त सूत्र से तृतीया होती है। उक्त अर्थ करने पर 'कमण्डलुपाणिं छात्रमद्राक्षीत' इत्यादि स्थल में कमण्डलु शब्द से तृतीया नहीं होती है। उत्पन्न तृतीया का सुपोधातु से लुक् हो जायेगा। यह कहना भी उचित नहीं है। समास के करने पर तृतीया की उत्पत्ति होने से वह समास रूप प्रातिपदिक का अवयव नहीं है। कमण्डुलपाणि में बहुव्रीहि समास है।

परे तु—कमण्डलुपाणिशब्दादत्र तृतीयापत्तिः, कमण्डलुयुक्तपाणिरू-

पस्य कमण्डलुपाणित्वस्य लक्षणत्वेन तस्यैव तद्वाचकत्वात् । तदुक्तम् 'अनुर्लक्षणे' (१।४।८४) इति सूत्रे भाष्ये 'सकृदसौ कमण्डलुपाणिश्छात्रो दृष्टस्तस्य तदेव लक्षणं भवति' इति । तदेवेत्यस्य कमण्डलुपाणित्वमेवेत्यर्थः। कमण्डलोर्लक्षणत्वे हि स एवेति वदेत् । किञ्च तन्मद्ध्यपतितन्यायेन तद्विशिष्टस्य प्रातिपदिकत्वेन तस्य तदनवयवत्वोक्तेरनौचित्येन लुको दुर्वारत्वम् । अत एव 'नरम्मन्यः' इत्यादौ इजन्तस्योत्तरपदपरत्वाय पूर्वं सुपो लुकि उत्पन्नस्यामः 'सुपो धातु' (१।४।७१)इदि लुक् अम्विधिसामर्थ्येन बारित 'इच एकाचोऽम्' (६।३।८६) इति सूत्रे भाष्ये (१) इत्याहुः ॥

यहां नागेश का मत यह है कि कमण्डलुपाणि शब्द से तृतीया हो जायेगी। क्योंकि कमण्डलु से युक्त पाणि रूप कमण्डलुपाणित्व के लक्षण होने से वही उसका वाचक है। 'अनुर्लक्षणे' सूत्र के भाष्य में कहा भी है 'सकृदसौ'–एक बार कमण्डलु पाणि छात्र के देखने से वही उसका लक्षण होता है। तदेव का अर्थ कमण्डलु पाणित्व ही करना चाहिए। कमण्डलु के लक्षण होने पर सह एव (पुल्लिङ्ग) का प्रयोग करना उचित था और तन्मद्ध्यपतितन्याय से विशिष्ट में ही प्रातिपदिक होने से वह उसका अवयव नहीं है इस कथन के अनौचित्य होने लुक् का होना सम्भव है। इसी से नरम्मन्य: इत्यादि में इजन्त को उत्तर पद परत्व मानने के लिये पहले सुप् का लुक् करने पर उत्पन्न अम् का सुपोधातु से लुक् नहीं होता है। क्योंकि लुक् करने पर अम् विधान ही व्यर्थ हो जाता–यह विषय 'इच एकाचोऽम्' सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है।

सञ्ज्ञोऽन्यतर (२।३।२२) ॥ दैवादिकस्य जनेर्न ग्रहणं तस्याकर्मकत्वात् तदाह–जानातेरिति । कर्मत्वशक्तिरेवात्र तृतीयाऽर्थः ॥

सञ्ज्ञोऽन्यतर। दिवादि गण में पठित जान का ग्रहण नहीं करना चाहिये क्योंकि वह अकर्मक है। इस बात का द्योतन करने के लिए जानातेरिति (क्रियादि) का उल्लेख किया है यहाँ तृतीया का अर्थ कर्मत्व शक्ति ही है।

हेतौ (२।३।२३) ॥ हेतुरिह कारणं न शास्त्रीयः। तस्य कर्तृसञ्ज्ञाया अपि सत्त्वेन कर्तृतृतीययैव सिद्धेः । ननु लौकिकहेतुरपि करणमित्यत आह द्रव्यादीति । आदिना गुणक्रिये । साधारणमिति । तज्जनकेऽपि वर्तते इत्यर्थः । करणं तु क्रियाजनकमेवेति भावः । वैषम्यान्तरमाह–निर्व्यापारेति । करणन्तु व्यापारवदेवेति भावः । (२) एवञ्च करणत्वशक्तेर्भिन्नैव हेतुत्वशक्तिरत्र तृतीयार्थ इति तात्पर्यम् । स्फुटप्रतिपत्तये करणे वैलक्षण्यमाह–करणत्वन्त्विवति । हेतुहेतुमद्भाव एव तृतीयार्थः । दण्डे व्यापारसत्त्वेऽपि क्रियाजनकत्वाभावान्न करणत्वम् । पुण्ये क्रियाजनकत्वेऽपि निर्व्यापारत्वान्न

तत्त्वम्। फलमपीहेति। इह–एतत्सूत्रोदाहरणे। क्वचित्फलमपि हेतुत्वेन विवक्ष्यत इत्यर्थः। तस्यापि स्वज्ञानद्वाराजनकत्वात्। एतञ्च 'प्रत्ययः' (३।१।१) इत्यादिसूत्रेषु कैयटे स्पष्टम्।

यस्य च भा (२।३।३७)। भावः क्रिया। ततः–ज्ञापकक्रियाश्रयवाचकात्। तेन गोपददुह्यमानपदयोरुभयोरपि सप्तमी सिद्धा। क्रियाश्रयः कर्ता कर्म च। तत्र 'ब्राह्मणेष्वधीयानेषु गतः' इति कर्त्रुदाहरणम्। कर्मण्याह–गोष्विति। तत्र काचित् क्रिया स्वाधारकालेनान्यां क्रियां परिच्छिनत्ति यथा प्रकृते, काचित्तु स्वाधारकालाव्यवहितपूर्वकालेन यथा गोषु धोक्ष्यमाणास्वित्यादौ, काचित्स्वाधारकालानन्तरकालेन यथा गोषु दुग्धास्वित्यादौ। ज्ञापकत्वं सप्तम्यर्थस्तस्य च भावलक्षणमित्युक्तेः क्रियायामेवान्वयः। लक्ष्यलक्षणभावः शब्दबोद्धय एवैतच्छास्त्रप्रवृत्तौ निमित्तं न तु तस्य भूयोदर्शनादिरूपमानान्तरेण ग्रहणापेक्षेति बोद्धयम्। अन्यथोदिते आदित्ये तमो नष्टमित्यादावेव स्यान्न तु प्रकृते कदाचिद्धि गोषु दुह्यमानास्वसौ गतः। इदञ्च यत्र मानान्तरेण ज्ञातस्वरूपस्यार्थस्य कालविशेषादिज्ञापनार्थं शब्दप्रयोगस्तत्रैव प्रवर्तते भाष्यस्वरसात्। 'राहूपरागे स्नायाद्' इत्यत्र राहूपरागपदेन तदाश्रयकाल उच्यते इति अधिकरणसप्तम्येव। विवाहे नान्दीमुखङ्कुर्यादित्यत्र विवाहपदेन तत्प्राक्काल उच्यते 'गवान्दोहे आगतः' इत्यत्राप्यधिकरणसप्तम्येवेत्यन्यत्र विस्तरः।

यस्य च भा। भाव क्रिया का नाम है उससे अर्थात् ज्ञापक क्रियाश्रय के वाचक से उक्त अर्थ करने से गोप तथा दुह्यमान दोनों से सप्तमी सिद्ध होती है। क्रिया का आश्रय कर्ता और कर्म दोनो ही है। कर्ता का उदाहरण ब्राह्मणेषु अधीयानेषु गतः है। कर्म का उदाहरण लिखते हैं—गोष्विति। वहाँ कोई क्रिया अपने आधार काल से अन्य क्रिया को बतलाती है। जैसे कि उदाहरण में है और कोई अपने आधार काल में अव्यवहित पूर्वकाल से जैसे गोषुधोक्ष्यमाणासु में कोई अपने आधारकाल से अनन्तर काल से भेद करती है। उदाहरण गोषु दुग्धासु है। भविष्य में पूर्वकाल तथा भूत में उत्तरकाल होगा। ज्ञापकत्व ही सप्तमी का अर्थ है उसका भाव लक्षण कहने से क्रिया में ही अन्वय होता। लक्ष्यलक्षणभाव शब्द से बोद्धय ही इस शास्त्र की प्रवृत्ति में निमित्त है। उसको 'अनेक बार देखना आदि मानान्तर ग्रहण करने की अपेक्षा नहीं है। अन्यथा उदिते (सूर्य के उदय होने पर अन्धकार नष्ट हो गया) इत्यादि में प्रवृत्ति होगी। प्रकृत उदाहरण में नहीं होगी, कभी गायों के दुहने के समय में यह गया। भाष्य के अनुभव से जहाँ मानान्तर से जाने हुये स्वरूप वाले अर्थ का विशेष काल समझाने के लिये शब्द प्रयोग होगा वहाँ इसकी प्रवृत्ति होगी। राहूपरागे स्नायात् ग्रहण में स्नान करना चाहिए। यहाँ राहूपराग पद से उसके आश्रय वाले काल का ग्रहण है। इसलिये अधिकरण में सप्तमी है। विवाहे—विवाह में नान्दीमुख श्राद्ध करना चाहिए। यहाँ विवाह पद से उसके पूर्वकाल का ग्रहण करना अर्थात् विवाह से पूर्व उक्त श्राद्ध करना चाहिये। इस श्राद्ध के करने से जनन शौच तथा मरण शौच नहीं होता है। गवां दोहे आगतः में सप्तमी अधिकरण में है।

अर्हाणाम् (का० वा०) कर्तृत्वार्हाणाम्। तद्वैपरीत्ये-अर्हाणामकर्तृत्वं अनर्हाणां च कर्तृत्वे इत्यर्थः। वाक्यतुष्टयमेतत्। कर्तृसमर्पकादकर्तृसमर्पकाच्च सप्तमीत्यर्थः। सप्तम्यां तदन्वयिक्रियावाचकाद्धातोरप्रथमासामानाधिकरण्याच्छतृशानचावेव। लक्ष्यलक्षणभावाविवक्षार्थमिदम्।

अर्हाणाम्। जो कर्ता के योग्य है। तद्वैपरीत्ये—अर्हायोग्य के कर्ता न होने पर और अयोग्य के कर्ता होने पर यहाँ चार वाक्य हैं—कर्ता के सम्पर्क से और अकर्ता के सम्पर्क से सप्तमी होती है। सप्तमी में उसके अन्वय वाली क्रिया के वाचक धातु से प्रथमान्त के साथ सामानाधिकरण्य न होने से शतृ तथा शानच् प्रत्यय ही होते हैं। यह सूत्र लक्ष्यलक्षणभाव की अविवक्षा के लिए है।

सत्स्वति । सन्तो हि तरणक्रियाकर्तृत्वार्हाः तरणक्रियाकर्तृ-सत्सम्बन्धि असत्कर्तृकमासनमिति बोधः । स्वक्रियाधिकरणकालवृत्तित्वं सम्बन्धः ।

सत्स्वति । सज्जन हीं तरणक्रिया के योग्य है । तरणक्रिया के कर्ता से सम्बन्ध वाला असज्जनों का रहना है । यहाँ स्वक्रियाधिकरण कालवृत्तित्व सम्बन्ध । स्वपद से तरण लेना अर्थात् तरण क्रिया के अधिकरण काल में असन्तों का रहना है ।

असत्स्वति । तरणक्रियाकर्तृत्वानर्हाणां तदकर्तृत्वमत्र । यद्यपि स्थितिक्रियाकर्तृत्वार्हत्वेनेदं सिद्धं तथाप्यसतां तरणक्रियानर्हत्वादि-कमपि बोधविषय इति भावः ।

असत्स्वति । जो तरण क्रिया के योग्य नहीं है उनका अकर्ता होना ही प्रकृति में है । यद्यपि स्थिति क्रिया के कर्ता के योग्य होने से यह सिद्ध था तो भी असत् पुरुषों के तरण क्रिया की अयोग्यता का बोधन भी यहाँ है ।

सत्स्वति । तरणक्रियाकर्तृत्वार्हाणां तदकर्तृत्वमत्र ।

सत्स्वति । तरणक्रिया के कर्ता की योग्यता होने पर भी उनके कर्ता का न होना हीं यहाँ है ।

असत्स्वति । तरणकर्तृत्वानर्हाणां तत्कर्तृत्वमत्र ।

असत्स्वति । तरण क्रिया के कर्ता न होने पर उनके कर्तृत्व का बोधन करना ही प्रकृति में है ।

षष्ठी चा (२।३।३८) । 'अनादरे' इति विषयसप्तमी, 'यस्य च भावेन' (२।३।३७) इत्याद्यनुवर्तते । अनादरे गम्यमाने सति यस्य क्रियया क्रियान्तरं लक्ष्यते ततः सप्तमी षष्ठी चेत्यर्थः । फलितमाह–अनादराधिक्य इति । लक्ष्यलक्षणभावः षष्ठ्यर्थः । अनादरविशिष्टं प्रव्रजनं धात्वर्थः । तत्र षष्ठी तात्पर्यग्राहिका, (१) अनादरश्च प्रत्यासत्त्या पुत्रादिविषयक एवेति भावः ।

षष्ठीचा । अनादरे में विषय सप्तमी है । यस्य च भावेन इत्यादि की अनुवृत्ति होती है । अनादर की अभिव्यक्ति होने पर जिसकी क्रिया से अन्य क्रिया का ज्ञान हो उससे सप्तमी तथा षष्ठी होती है । फलित कहते हैं । अनादराधिक्य इति । यहाँ लक्ष्यलक्षणभाव ही षष्ठी का अर्थ है । अनादर से युक्त जानना ही धातु का अर्थ है। वहाँ षष्ठी तात्पर्य की ग्राहक है । अनादर समीप होने से पुत्रादिविषयक ही ग्रहण करना ।

स्वामीश्वरा (२।३।३९) शब्दपरत्वाद् 'विरूपाणामपि' (का० वा०) इति नैकशेषः । पर्यायान्तरसङ्ग्रहापत्त्या स्वाम्यर्थ इति नोक्तम् । दीयते इति व्युत्पत्त्या दीयमानांशरूपं दायमादत्ते इति सोपसर्गादप्यादन्तादत एव निपातनात्कः गवादिकं च दीयमानेऽन्वेति ।नित्यसाकाङ्क्षत्वाद् वृत्तिः । दायादशब्दः स्वामिपर्याय इत्यन्ये । षष्ठ्यामेवेति । 'शेषे षष्ठी' इत्यनेनेति भावः ।

स्वामीश्वरा । यहाँ स्वामी तथा ईश्वर का समानार्थ होने से 'विरूपाणामपि' समानार्थानाम् एकशेष नहीं होता है । क्योंकि यहाँ दोनों शब्दपरक है अर्थात् इन शब्दों से योगविभक्ति होती । स्वाम्यर्थ कहने से अन्य पर्यायों का भी ग्रहण हो जाता इसलिये स्वाम्यर्थ नहीं कहा । दीयते इस व्युत्पत्ति से देने वाले दायभाग का जो ग्रहण हो—यहाँ आदत्ते में आद् उत्सर्ग होने से 'आतोऽनुपसर्गे कः से क प्रत्यय नहीं होना चाहिए क्योंकि वहाँ उपसर्गरहित से कर्ता है । परन्तु यहाँ निपान से क प्रत्यय होता है ।गाय आदि का दीयमान में अन्वय होता है । देवदत्तस्य गुरुकुलम् की तरह नित्यसाकांक्ष होने से समासादि वृत्ति होती है । दायादशब्द स्वामी का पर्याय है यह किसी का मत है । षष्ठ्यामेवेति । 'शेषे षष्ठी' से षष्ठी जानना ।

तात्पर्ये इति । आसेवापदस्य तत्र रूढेरिति भावः । तात्पर्यञ्च तदेकव्यापारता । आयुक्तयोगेऽधिकरणत्वविवक्षायां सप्तमीप्राप्तौ, सम्बन्धविवक्षायाम् (२) अत्र कुशलयोगे च षष्ठीप्राप्तौ वचनम् ।

तात्पर्ये इति । आसेवापद उसमें रूढ है और तात्पर्य से उसके साथ एक व्यापार का होना है । आयुक्त के योग में अधिकरण की विवक्षा में सप्तमी थी–सम्बन्धविवक्षा में आयुक्त के योग में षष्ठी की प्राप्ति होने पर उक्त वचन का निर्माण हुआ ।

यतश्च (२।३।४१) । जातिगुणक्रियासंज्ञाभिरिति । विशिष्टस्येत्यध्याहारः । तद्विशिष्टस्य यतः स्वघटितसमुदायात्स्वेतर-समुदायघटकव्यावृत्तधर्मकरणकं (३) पृथक्करणं तद्वाचकात् । षष्ठीत्यर्थः । यत इति किम् ? यस्य जात्यादिविशिष्टस्य स्वेतरव्यावृत्तधर्मवत्त्वबोधनं तत एव मा भूत् । षष्ठ्यपवादत्ववत् प्रथमापवादत्वस्यापि सम्भवात् । स्वघटितसमुदायावधिक-स्वेतरसमुदायघटकव्यावृत्तधर्मकरणकपृथक्करणरूप (१) निर्धारण-विषयत्वरूपो (२) ऽवयवावयविभावरूपश्च सम्बन्धो विभक्त्यर्थः ।

नृसमुदायावधिक— द्विजेतरनरव्यावृत्तधर्मकरणकपृथक्करणरूपनि-र्धारण-विषयो नृसमुदायावयवो द्विजः श्रेष्ठ इति बोधः । संसर्ग-घटककरणं च श्रेष्ठत्वादिरूपमें वप्रत्यासत्तेः । (३) अत एव 'न निर्धा-रणे' (२।२।१०) इति सूत्रबोधितं निर्धारणस्य (४) विभक्त्यर्थत्वं सङ्गच्छते । उद्‌भूतावयवभेदविवक्षया नृणामिति बहुवचनम् । ति-रोहितावयवभेदाविवक्षया निर्धारणविषये एकवचनं त्वसाध्विति 'कारके' (१।४।१३) इति सूत्रभाष्ये स्पष्टम् । तत्र हि निर्धारणे कारकेष्विति ब्रूयादित्युक्तम् । 'मिदचोऽन्त्यात्' (१।१।४७) इत्यादौ तु सौत्रो निर्देश इति (१) तदाशयः । द्वन्द्वः सामासिकस्य चेत्यत्र समाससमूहमद्ध्ये इत्यर्थः । समूहेऽर्थे 'अचित्त' (४।२।४७) इति ठक् ।

यतश्च । जाति, गुण, क्रिया अथवा संज्ञा से यहाँ विशिष्ट का अध्याहार है । जात्यादि विशिष्ट का जिससे अर्थात् स्वघटित समुदाय से अपने से भिन्न समु-दाय में वृत्ति लग करना धर्मकरणक पृथक् करण हो उसके वाचक से षष्ठी होती है । यहाँ निर्धारण का अर्थ इस प्रकार का है – जात्यादि विशिष्ट का स्व (अपने)से भिन्न धर्म वाला जिसमें विशेषण हो। इस प्रकार के ज्ञान का विषय करना ही है। इसका समन्वय नराणां ब्राह्मणः श्रेष्ठः में इस प्रकार से है -ब्राह्मणत्वादि वि-शिष्ट का उससे भिन्न मनुष्यादि से व्यावृत्ति श्रेष्ठत्व धर्म वाले का प्रतिपादन है । इसलिये नर शब्द से षष्ठी और सप्तमी होती है । यह यतः के अभाव में ब्राह्मण शब्द से भी षष्ठी सप्तमी होने का योग था क्योंकि जात्यादि से युक्त जिसको अपने से भिन्न धर्म वाले का बोधन होने से प्राप्त थी। षष्ठी के अपवाद की तरह प्रथमा का भी अपवाद संभव था । इसलिये वहाँ प्रथमा बाधक होगी । यह कहना भी संभव नहीं है । यहाँ विभक्ति का अर्थ इस प्रकार से जानना अपने से युक्त समुदाय को अवधि लेकर अपने से भिन्न समुदाय के मध्य वाले से व्यावृत्ति धर्म को करना रूपी पृथक् करण रूप निर्धारण में और अवयवावयविभाव सम्बन्ध है । मनुष्य के समुदाय को अवधि मानकर ब्राह्मण से इतर भिन्न धर्म करने वाला निर्धारण का विषय मनुष्य समुदाय का अवयव ब्राह्मण श्रेष्ठ है। ऐसा बोध करना यहाँ नर समुदाय अवयवी है। और द्विज अवयव है । और सामीप्य होने से श्रेष्ठत्वादि है । सम्बन्ध के मध्य में कहा है । निर्धारण विषयत्व को षष्ठ्यर्थ मानने से ही 'न निर्धारणे' से ज्ञात निर्धा-को विभक्त्यर्थ भी सिद्ध होता है । उद्‌भूत अवयव की भेद विवक्षा में नृणाम् यह बहुवचन है । तिरोहिता अवयव भेद विवक्षा से निर्धारण के विषय में एकवचन असाधु है – ऐसा 'कारके' के भाष्य में स्पष्ट है । वहाँ भाष्य में निर्धारणे कारकेषु कहना चाहिए। कहा है–मिदचोऽन्त्यादि में सौत्र निर्दे है ऐसा उनका आशय है ।

द्वन्द्वः समासिकस्य च (इस गीता के प्रयोग) में तो समास समुदाय के मध्य अर्थ है। समूह अर्थ में 'अचित्त' इत्यादि सूत्र से ठक् प्रत्यय होता है।

पञ्चमीवि (२।३।४२)। 'यतश्च निर्धारणम्' (२।३।४१) इत्यनुवर्तते विभागोऽत्र भेदः। तत्र निर्धारणे यथाकथञ्चिद्भेदस्य सत्त्वेन विभक्तग्रहणसामर्थ्यात् यत्र भेद एव न तु केनाप्युपात्तरूपेण अभेदस्तत्रैव प्रवृत्तिरित्याह-भेद एवेति। पञ्चम्यर्थो निर्धारणविषयत्वरूप एव। पाटलिपुत्रकावधिकनिर्धारणाविषय माथुरा आढ्यतरा इति बोधः। एवञ्च त्रितयोपादान एव निर्धारणप्रतीतिरिति 'पुरुषोत्तमः' इत्यादौ सम्बन्धसामान्ये षष्ठी उत्तमनिरूपितेति (२) समाससिद्धिरिति तरप्सूत्रे कैयटः।

पञ्चमीवि। इसमें यतश्च निर्धारणम् की अनुवृत्ति होती है। यहाँ विभाग का अर्थ भेद है, वहाँ निर्धारण में सब स्थलों में किसी प्रकार से भेद का रहना संभव है। फिर विभक्ति ग्रहण करने से जहाँ भेद ही हो, किसी उपात्त रूप से अभेद न हो, उस स्थल में ही प्रवृत्ति हो—इसलिये कहा है भेद एवेति। यहाँ पचम्यर्थ निर्धारण विषयत्वरूप ही है। पाटलिपुत्र (पटना) को अवधि मानकर मथुरा वाले अधिक धन वाले है। इस प्रकार तीनों के तुपादाम में ही निर्धारण की प्रतीति होती है, इसलिए पुरुषोत्तम इत्यादि में (पुरुष उत्तम) के अपादान में उक्त सूत्र से षष्ठी नहीं होतीं है, किन्तु सम्बन्ध सामान्य में षष्ठी है (उसका अर्थ उत्तम निरूपिता है।) अतएव ससास की सिद्धि होती है, यदि उक्त सूत्र से षष्ठी होती तो 'न निर्धारणे, से निषेध हो जाता।

साधुनि (२।३।४२)। निपूर्वात् 'पुण कर्मणि शुभे' इत्यत्र इगुपधलक्षणः कः। अर्चतेश्च भौवादिकाद् 'गुरोश्च हलः' (३।३।१०३) इत्यप्रत्ययः—अर्चा। चौरादिकात्तु 'ण्यासश्रन्थ' (३।३।१०७) इति युच् स्यात्। षष्ठ्यपवादोऽयम्। अप्रत्यादिभिरिति। 'लक्षणेत्थम्' (१।४।९०) इति सूत्रोपात्ताः प्रत्यादयः।

साधुनि। निपूर्वक पुण्धातु से इगुपधलक्षण क प्रत्यय होता है और भ्वादि अर्च् धातु से 'गुरोश्चहलः' से अ प्रत्यय करने पर अर्चा की सिद्धि होती है। चौरादिक अर्च से तो 'ण्यासश्रन्थ' से युच् हो जाता। यह षष्ठी का अपवाद है। अप्रत्यादिभिरिति। प्रत्यादिलक्षणेत्थ सूत्र में कहे हैं।।

नक्षत्रे च (२।३।४५) लुप्शब्देन लुप्सञ्ज्ञया लुप्तप्रत्ययार्थो लक्ष्यते इति बोध्यम्। अधिकरणे किम्? अद्य पुष्यः। (३) असत्यां तद-

नुवृत्तावन्तरङ्गत्वात्प्रातिपदिकार्थ एव स्यात् । **मूलेनेति** । 'नक्षत्रेण युक्तः कालः (४।२।३) इत्यणो 'लुबविशेषे (४।२।४) इति लुप् । नक्षत्रे किम् ? पञ्चालेषु तिष्ठन्ति । 'जनपदे लुप्' (४।२।८१) इति लुप् ।

नक्षत्रे च । लुप् शब्द से लुप्त प्रत्यय का अर्थ प्रतीत होता है । यदि अधिकरण का ग्रहण न होता तो अद्य पुष्यः में सप्तमी होने लगती । उसकी अनुवृत्ति न होने पर अन्तरंग होने से प्रातिपदिकार्थ में होती । मूलेनेति । 'नक्षत्रेण युक्तः कालः' से विहित अण् का 'लुब विशेषे' से लुप् होता है । पञ्चालेषु तिष्ठन्ति में न हो इसलिए नक्षत्र ग्रहण किया । यहाँ जनपदे लुब् से लुप् होता है ।

सप्तमीपञ्चम्यौ (२।३।७) । 'कालाध्वनोः' (२।३।५) इत्यतस्तदनुवर्त्तते । तच्च पञ्चम्या विपरिणम्यते । मध्यस्यावधिद्वयसापेक्षतया(१) द्विवचनान्तेन समासः । बोधस्तु शक्तित्वेन शक्तिद्वयस्य, न तु द्वित्वेनेति बोद्धव्यम् । ननु कर्तृरूपस्य कारकस्यैकत्वाद्भेदनिबन्धनमध्यव्यपदेशासम्भवोऽत आह – **शक्तिद्वयमध्ये याविति** । कर्तृत्वादिशक्तिरेव कारकम् । सा च क्रियाभेदेन भिन्नेति भावः । यद्यप्यवध्यवधिमतोस्साजात्यानियमान्न कालाध्वानौ कारकमध्ये सम्भवस्तथापि शक्तिशब्देन तदाधारकालादिग्रहणान्न दोषः षष्ठ्यपवादोऽयम् । स्वानन्तरकालवृत्तित्वादिकं विभक्त्यर्थः । शक्तिद्वयमध्यवर्त्तित्वन्तु (२) वस्तुसन्निमित्तम् ।

सप्तमीपञ्चम्यौ । 'कालाध्वनोः' से उसकी अनुवृत्ति होती है उसको पञ्चमी से विपरिणाम करना मध्य की दो अवधियों की अपेक्षा करता है। इसलिये कारकयो र्मध्ये इस विग्रह में द्विवचनान्त से समास करना । शक्तित्वेन से दो शक्तियों का बोध होगा । द्वित्व से नहीं होगा । कर्तृरूप कारक एक होने से भेद मानकर मध्य व्यवहार सभव नहीं हैं । इसलिये कहते है शक्तिद्वयमध्ये । कर्तृत्वादिशक्ति ही कारक है । वह क्रिया के भेद से भिन्न है । इसलिये भेद मानकर कार्य सिद्ध हुआ । यद्यपि अवधि तथा अवधिमान के एक जातीय होने का नियम है। इसलिये काल और अध्वा(मार्ग) कारक के मध्य में नही हो सकते हैं । तो भी शक्ति से शक्ति के आधारकाल के ग्रहण करने से कोई दोष नही है । यह षष्ठी का अपवाद है । अपने पश्चात् काल में वृत्तिता ही विभक्ति का अर्थ है । दो शक्तियों के मध्य में रहना वास्तविक होना चाहिये, उसके शब्दबोध में भाव की अपेक्षा नहीं है ।

अधिकशब्देनेति । कर्त्तरि क्तप्रत्ययान्ताध्यारूढशब्दार्थकाधिक-शब्दयोगे लोकशब्दात् षष्ठ्यां प्राप्तायां ज्ञापकादिमे इष्येते इत्यर्थः । 'तदस्मिन्नधिकम्' (४।२।६७) इति सूत्रे भाष्ये तु उपश्लिष्टपदाध्याहारेणोपश्लेषिकेऽधिकरणे सप्तमीत्युक्तम् । कर्मणि क्तप्रत्ययान्ताध्यारूढशब्दार्थकाधिकयोगे तु अधिको लोको हरि-णेति प्रथमैव । उपपरार्द्धे इति । 'उपोऽधिके च' (१।४।८७) इति कर्मप्रवचनीयत्वम् । ननु 'मामुद्दिश्य विनियोक्ष्यते' इत्यर्था-दत्र कर्मणि द्वितीयैवेति किङ्कर्मप्रवचनीयत्वेनेत्यत आह-अगति-त्वादिति । तिङि चेति । उदात्तवति तिङन्ते गतिर्निहन्यते इत्य-र्थः । अत्र 'तिङ्ङतिङः' [८।१।२८] इति निघातस्य 'निपातै-र्यद्यदि' (८।१।३०) इत्यादिना निषेधात् करिष्यतीति तिङन्त-स्योदात्तवत्त्वमिति सर्वेष्टसिद्धिः ।

इति विभक्त्यर्थाः ।

अधिकशब्देनेति । कर्त्ता में क्त प्रत्ययान्त अध्यारूढ शब्द के अर्थ वाले अधिक शब्द के योग में लोकशब्द से षष्ठी प्राप्त होने पर ज्ञापक से यह दोनों होती है । 'तदस्मिन्नधिकम्' सूत्र के भाष्य में तो उपश्लिष्ट पद के अध्याहार से औपश्लेषिक अधिकरण में सप्तमी कही है । कर्म में क्तान्त अध्यारूढ शब्द के अर्थ वाले अधिक के योग में तो अधिको लोको हरिणा में प्रथमा ही होगी । उपपरार्द्धेइति । 'उपोऽ-धिके च' से कर्मप्रवचनीय संज्ञा होती है । मुझको उद्देश्य करके नियुक्ति करेगा ऐसे अर्थ से कर्म में द्वितीया सिद्ध थी फिर कर्मप्रवचनीयसंज्ञा करना व्यर्थ है । इसका उत्तर करते है-अगतित्वादिति । अर्थात् कर्मप्रवचनीय संज्ञा से गति संज्ञा का बाध होता है । तिङिचेति । उदात्तस्वर वाले तिङन्त के परे गतिसंज्ञक को अनुदात्त होता है । यहाँ तिङ्ङतिङः से प्राप्त अनुदात्त का निपातैर्यद्यदि से निषेध होने पर करिष्यति तिङन्त उदात्त स्वर वाला है ,इससे सबइष्ट सिद्धि होगी ।

।। इति विभक्त्यर्थाः ।।

।। अव्ययीभावसमासप्रकरणम् ।।

समर्थः पद (२।१।१) विभिशब्दः कर्मसाधनः, शेषषष्ठ्-या समासस्तदाह-पदसम्बन्धीति । (३) पदविधिसहचरितोऽपि पदविधिशब्देन गृह्यते । अत एव सन्नन्तादेकार्थीभावः । पदविधिश्च

समाससञ्ज्ञादिः ।तस्य च न सामर्थ्यं साक्षात् विशेषणसम्भवात् अत आह-समर्थाश्रितइति । सामर्थ्यं चात्र न व्यपेक्षा । व्याख्यानात्, समासादिवृत्तिषु तस्यासम्भवाच्च । किन्त्वेकार्थीभावः । स च विशेषणभावावगाह्युपस्थितिजनकत्वम् । संसृष्टार्थं समर्थम्-इतिभाष्योक्तेः ।अत एव राजपुरुषैकदेशे राज्ञि ऋद्धस्येत्यादिविशेषणान्वयो न। देवदत्तस्य गुरुकुलम्' इत्यादौ तु गमकत्वाद्भवत्येव वृत्तिः । एवं 'राजपुरुषः' इत्यादौ विशेषणपदे सङ्ख्याऽनवगमोऽप्येकार्थीभावकृतः । सङ्ख्याविशेषप्रकारेण यत्तादर्थ्यभाने पृथगुपस्थितेस्तन्त्रत्वात् । यथा 'घटाः' इत्यादितो बहुत्वेनैव त्रिचतुरादिव्यक्तीनां भानं, न तु त्रित्वचतुष्ट्वादिना तथा वृत्तौ राजत्वादिनैकानेकव्यक्तिभानं तात्पर्यवशान्न त्वेकत्वद्वित्वादिना । एवं 'तावकीनः, यौष्माकीणः' इत्यादौ सम्बोध्यत्वेनैवेकानेकव्यक्तिभानं न त्वेकत्वबहुत्वादिना । विग्रहवाक्यीयैकवचनत्वारोपेण । शास्त्रप्रवृत्तिमात्रं न तु तद् [illegible] त्तिस भाव [illegible] धादिति मञ्जूषायां विस्तरः ।

समर्थः पद । यह विधि शब्द कर्मप्रत्ययान्त है-शेष षष्ठी होने से समास होने से अर्थ होता है -पद सम्बन्धी पद विधि के साथ रहने वाला भी पदविधि से गृहीत होता है । इसीलिये सन्नन्तादि में एकार्थीभाव है। वास्तविक में तो पदसंज्ञा प्रयोजकप्रत्ययोत्पत्ति प्रयोजक संज्ञा विधायक शास्त्रीयोद्देश्यतावच्छेदक रूपावच्छिन्न संम्पादक विधित्वादि पदविधि है । इसका समन्वय इस प्रकार से है । कृत् प्रत्यय विधायक में , तद्धित प्रत्यय विधायक में , समास संज्ञा विधायक में और सनादि प्रत्यय विधायक में है ।(प्रारम्भ के कृत्, तद्धित, समासादि तीनों में पद संज्ञा के प्रयोजक सुप् प्रत्यय सुप्तिङन्तम् से पद संज्ञा होती है ।) की उत्पत्ति की प्रयोजक प्रातिपादिक संज्ञा के करने वाला सूत्र 'कृत्तद्धितसमासाश्च' है उसका उद्देश्यता वच्छेदक कृत्व, तद्धितत्व समासत्व इनसे युक्त कृत् ,तद्धित, समास उसके सम्पादक होने से कार्य सिद्ध होता है और सनादि विधायक को पदसंज्ञा प्रयोजक तिङ् प्रत्यय की उत्पत्ति कीं प्रयोजकधातु संज्ञा उसका करने वाला सनाद्यन्ताः धातवः सूत्र के उद्देश्यतावच्छेदक सन्त्व से युक्त सन् के सम्पादक होने से सिद्ध होता है ।

समाससंज्ञादि ही पद विधि है। उसका सामर्थ्य साक्षात् विशेषण असम्भव होने से नहीं है इसीलिए समर्थाश्रितः कहा । यहाँ व्यपेक्षासामर्थ्य नहीं है-क्योंकि समासादि

वृत्ति में उसका सम्भव नहीं है । और व्यख्यान से भी उसका ग्रहण नहीं होता है किन्तु एकार्थीभाव ही लेना और वहाँ विशेष्य विशेषण मानकर जो उपस्थिति उसकी जनक होना ही है । क्योंकि भाष्य में कहा है क्योंकि 'संसृष्टार्थ (सम्बन्ध से युक्त) मिला हुआ अर्थ ही समर्थ है । संसृष्टार्थ होने से ही राजपुरुष के एक देश राजा में ऋद्ध विशेषण का अन्वय नही होता है । देवदत्तस्य गुरुकुलम् चैत्रस्यन ता इत्यादि में गमक नित्य साकांक्ष होने से समास होता है । इस प्रकार से राजपुरुष में इत्यादि में विशेषण (राज) पद में संख्या के ज्ञान का न होना भी एकार्थीभाव का ही फल है । अलग उपस्थिति होने पर ही संख्या प्रकारक बोध होना मिश्रित है । जैसे घटाः इत्यादि से बहुत्व होने से तीन–चार व्यक्तियों का भान होता है । त्रित्व अथवा चतुष्टत्व से नहीं होता है—वृत्ति में गजत्व से एक अथवा अनेक व्यक्तियों का भान तात्पर्य के द्वारा होता है । एकत्व या द्वित्व रूप से नहीं होता है इसी तरह तावकीनः यौष्माकीणः इत्यादि में सम्बोध्यत्व से ही एक अथवा अनेक व्यक्ति का भान होता है, एकत्व या बहुत्व से नहीं होता हे । विग्रह वाक्य के एक वचन के आरोप से शास्त्र की प्रवृत्ति होती है उसका बोध नहीं होता है । इसमें वृत्ति के स्वभाव का विरोध ही कारण है ।

गमकत्वादेव 'शिवस्य भगवतो भक्तः' इत्यर्थे 'शिवभागवतः' इति 'अय.शूल' (५।२।७६) इति सूत्रे भाष्ये प्रयोगः । परं तु तत्र वृत्तिरेव न तु शिवस्य भागवत इति वाक्यं साधु । तत्र भगवच्छब्दादण्, शिवपदेन भगवच्छब्दस्य समासश्च युगपदेवेति बोध्यम् । तथोपस्थितिश्च समुदायशक्तिसाध्या । एवञ्च क्लृप्त-शक्तित्यागे मानाभावात् प्रत्येकशक्तिसहकृतया समुदायशक्त्या तथोपस्थितिः । अयमेव चैकार्थीभावः । जहत्स्वार्था वृत्तिः पदानामानर्थक्यमिति तु न युक्तम् । 'महाबाहुः' 'सुपन्थाः' इत्यादावात्वाद्यनापत्तेः । (अर्थवत्त्वे) भूतपूर्वगत्याश्रयणं तु सत्यां गतावयुक्तम् । तदुक्तं वृद्धैः—

जहत्स्वार्था तु तत्रैव यत्र रूढिर्विरोधिनी । इति ।

अवयवार्थविरुद्धो यत्र समुदायार्थस्तत्रैव सेति तदर्थः । यथा गौरखर–कृष्णसर्पादौ ।

गमक होने से ही 'शिवस्य भगवतो भक्तः' इस अर्थ में 'शिवभागवतः' प्रयोग 'अयः शूल' सूत्र में भाष्यकार ने किया है परन्तु वृत्ति ही होती है । शिवस्य

भागवतः वाक्य साधु नहीं है वहाँ भगवत शब्द से अण् प्रत्यय और शिव पद से भगवत शब्द का समास एक साथ ही होता है। उस प्रकार की उपस्थिति तो समुदाय शक्ति से होती है। अर्थात् निश्चित शक्ति के त्याग में प्रमाण न होने से प्रत्येक शक्ति के सहयोग से समुदाय शक्ति के द्वारा उस प्रकार की उपस्थिति होती है। इसका नाम ही एकार्थीभाव है। पदों के अनर्थक होने से जहत्स्वार्था वृत्ति का मानना उचित नहीं है क्योंकि 'महाबाहुः' में 'आन्महतः' से आत्व और 'सुपन्थाः' में ऋकपूरबधूः से अप् नहीं होगा। क्योंकि आपके मत में महत् तथा पथिन् शब्द निरर्थक हैं। गति होने पर भूतपूर्वगत का आश्रयण करना उचित नहीं है (अर्थात् पहले महत् और पथिन् शब्द सार्थक थे)। वृद्धों ने भी कहा है कि जिस स्थान में रूढि शक्ति विरोध करने वाली होती वहाँ ही जहत्स्वार्था होती है। जहाँ अवयवार्थ से विरुद्ध समुदाय का अर्थ होता वहाँ जहत्स्वार्था होती है। जैसे गौरखरः और कृष्णसर्पः में कृष्ण सर्प काले सर्प को नहीं कहते है। किन्तु विलक्षण जाति वाले सर्प में ही रूढि है। उसी प्रकार गौरखरः में रूढि है। यहाँ विशेषण समास नहीं होता है।

परिभाषेयम्। सा च पदविधिरिति सूत्रस्वरसात्, 'समासेऽङ्गुलेः सङ्गः' (८।३।८०) इत्यादौ समासग्रहणाच्च, 'गतिर्गतौ' (८।१।७०) इति सूत्रे 'पदस्येत्यधिकारात् समर्थपरिभाषोपस्थितिः' इति कैयटस्वरसाच्च पदत्वेन सुबन्तत्वेन वा यत्र साक्षादुद्देश्यता तत्रैव प्रवर्त्तते। तेन 'अन्यारादितर' (२।३।२९) इत्यादौ नास्याः प्रवृत्तिः।

यह परिभाषा है। पदविधि सूत्र के स्वरस से और 'समासेऽङ्गुलेः सङ्गः' सूत्र में समासग्रहण से 'गतिर्गतौ' सूत्र में पदस्य के अधिकार से समर्थ परिभाषा की उपस्थिति होती है—ऐसा कैयट का भी कथन है। जहाँ पदत्व या सुबन्तत्व से साक्षात् उद्देश्यता होगी वहाँ ही इसकी प्रवृत्ति होगी। अतएव 'अन्यारादितर' इत्यादि में इसकी प्रवृत्ति नहीं होती है।

एकार्थीभावश्चालौकिकविग्रहवाक्य एव कल्प्यते। यथा शत्रादौ द्वितीयासामानाधिकरण्यं दृष्ट्वा लकारेऽपि तत्कल्पना तथा 'अन्यपदार्थे' 'समर्थः' 'चार्थे' इत्यनुवादबलादस्य तत्र कल्पनेति। तथा च शतृविधायके भाष्यम्–'लस्याप्रथमासमानाधिकरणेनार्थेनायोगादादेशानुपपत्तिस्तस्य क्वापि प्रयोगाभावात्'

इत्याशङ्क्य 'आदेशसामानाधिकरण्यं दृष्ट्वाऽनुमानाद्रन्तव्यं प्रकृतेरपि तद् भवतीति'। तत्र कैयटः-सिद्धानां शब्दानामन्वाख्यानात् 'पचन्तं देवदत्तं पश्य' इत्यादिप्रयोगदर्शनात् स्थानिनोऽपि लटः प्रक्रियार्थं विहितस्याप्रथमासामानाधिकरण्यमनुमीयत इति। अत्रानुमाने सौत्रानुवाद एवानुकूलस्तर्कः। अत्र प्रक्रियार्थं विहितस्येत्यनेनान्यस्यापि प्रक्रियार्थं कल्पितस्य लोकेऽबोधकत्वं सूचितमित्यन्यत्र विस्तरः। समर्थः किम्? पश्य कृष्णं, श्रितो राममित्यत्र कृष्णश्रितयोः परस्परसम्बन्धाभावेनैकोपस्थित्यजनकत्वेन।सामर्थ्यम्।

एकार्थीभाव की कल्पना अलौकिक विग्रहवाक्य में ही करते है। जैसे शतृ आदि प्रत्यय में द्वितीया का सामानाधिकरण्य देखकर लकार में उसकी कल्पना करते है उसी प्रकार अन्य पदार्थों में 'समर्थः' में 'चार्थे' में अनुवाद के बल से एकार्थीभाव की कल्पना होती है। शतृ प्रत्यय को करने वाले सूत्र के भाष्य में कहा है लकार का अप्रथमा सामानाधिकरण्य वाले अर्थ से योग न होने से आदेश का सम्भव नहीं है क्योंकि उसका कही प्रयोग नहीं होता। इस प्रकार की शंका कर आदेश के साथ सामानाधिकरण्य को देखकर अनुमान से जानना कि प्रकृति को भी होता है। अब यहाँ कैयट का कहना है—सिद्ध शब्दों का अन्वाख्यान होने से पचन्तं देवदत्तं पश्य इत्यादि प्रयोगों के देखने से स्थानी लट् भी प्रक्रिया के लिये होने से अप्रथमा सामानाधिकरण्य का अनुमान करना। इस अनुमान में अनुकूल तर्क और सौत्रानुवाद ही है। यहाँ प्रक्रियार्थम् से विहितस्य के कहने से अन्य का भी प्रक्रिया के लिये कल्पित का लोक में बोधकता नहीं है। समर्थ के अभाव में पश्य कृष्णं, श्रितो रामं मित्रः। यहाँ कृष्ण और श्रित का आपस में सम्बन्ध के न होने से एकार्थ की उपस्थिति जनकता के न होने से असामर्थ्य है।

सह सुपा (२।१।४)। 'सुबामन्त्रिते' (२।१।२) इत्यतः सुबिति वर्त्तते। सुबन्तसहितं सुबन्तं समासञ्ज्ञकमित्यर्थः। समस्यते इत्युक्तिस्त्वबुधानां भिन्नयोः शब्दयोरनेन संश्लेष क्रियत इति प्रतिपत्तेस्तदनुसारेण। सम्पूर्वकास्यतेश्च संश्लेषोऽर्थः। 'प्राक्कडारात्' (२।१।३) इत्यतः प्राग्ग्रहणमावर्त्तते। तेन प्राक्समाससञ्ज्ञा भवन्ति, तत्सञ्ज्ञाः सन्तोऽव्ययीभावादिसञ्ज्ञका

इत्यर्थात्तयोः समावेश इति भाष्ये स्पष्टम् । अन्यथा आकडारत्वात् पर्यायः स्यात् इति दिक् ।

अत्र सुबित्येकत्वं विवक्ष्यते । तेन महिष्या अजायाश्च क्षीरमित्यत्र सुबन्तसमुदायस्य न क्षीरशब्देन समास इति कैयटादयः ।

सह सुपा । 'सुबामन्त्रिते' से सुप् की अनुवृत्ति होती है । सुबन्त के सहित सुबन्त समास संज्ञक होता है । समस्यते (समास को प्राप्त होते हैं) यह कथन तो भिन्न शब्दों का यह संश्लेष (जोड़) करता है । इस प्रकार के ज्ञान के अनुसार है यह कथन पंडितों का नहीं है सम्पूर्वक अस् का संश्लेष अर्थ है । 'प्राक्कडारात्' से प्राक् की अनुवृत्ति होती है । इससे पहले समास संज्ञा होती है । उस संज्ञा को पाकर अव्ययीभावादि संज्ञक होते हैं इस प्रकार के अर्थ से उनका समावेश ही होता है । ऐसा भाष्य में स्पष्ट है अन्यथा आकडार से पर्याय हो जाता । यहाँ सुप् के एकत्व की विवक्षा है—इससे महिष्या अजायाश्च क्षीरम् में सुबन्त समुदाय का समास नहीं होता है ऐसा कैयटादि का मत है ।

परे तु (१) अनुवाद्यत्वादेकत्वविवक्षैव । किञ्च तद्विवक्षायामेकेनैव केनचित्सुबन्तेन किञ्चिदेकं सुबन्तं समस्यते न त्वन्यैरन्यानि । तस्मात्सुबित्यादौ जातिविवक्षा । एवञ्च यथा स्वाङ्गग्रहणेन स्वाङ्गसमुदायस्य न ग्रहणं, स्वाङ्गत्वस्य प्रत्येकं समाप्तत्वात्, एवं सुबन्तत्वादेरपि प्रत्येकं समाप्तत्वेन सुबन्तादिग्रहणेन न सुबन्तादिसमुदायस्य ग्रहणमिति नोक्तदोषः । स्पष्टञ्चेदं मतुप्सूत्रसमर्थसूत्रयोर्भाष्ये । तत्रत्यकैयटादीनां तु प्रमादः । अत एव 'विभक्तिश्च' (१।४।१०४) इति सूत्रे प्रतिप्रत्ययं विभक्तिसञ्ज्ञेति पक्षे प्रथमयोरित्यादौ विभक्तिसमुदायस्य विभक्तिग्रहणेनाग्रहणात् प्रथमयोः प्रत्ययोरेव ग्रहणं प्राप्नोतीत्युक्तं कैयटेनेत्यन्यत्र विस्तर इत्याहुः ।

यहाँ नागेश का कथन इस प्रकार से है—कि गृहं समार्ष्टि इत्यादि में उद्देश्य में होने से एकत्व की अविवक्षा है— उसी प्रकार यहाँ भी है और एकत्व की विवक्षा में भी एक ही किसी सुबन्त किसी एक सुबन्त ही समास को प्राप्त होता । अन्य से अन्यो का समास प्राप्त नहीं होता इसलिये सुप् में जाति विवक्षा है ।

जिस तरह से स्वाङ्ग के ग्रहण से स्वाङ्ग समुदाय का ग्रहण नहीं होता है (क्योंकि स्वाङ्गत्व प्रत्येक में समाप्त है) उसी प्रकार सुबन्तत्व भी प्रत्येक में समाप्त होने से सुबन्तादि के ग्रहण से सुबन्तादि समुदाय का ग्रहण नहीं होता है—इस प्रकार की व्याख्या से पूर्वोक्त दोष नहीं है यह विषय मतुप् सूत्र तथा समर्थ सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है। वहाँ कैयटादि का प्रमाद है। इसी से विभक्तिश्च सूत्र में प्रत्येक प्रत्यय में विभक्ति संज्ञा होती है इस पक्ष में प्रथमयोः इत्यादि में विभक्ति समुदाय का विभक्ति ग्रहण से ग्रहण न होने पर प्रथम प्रत्ययों का ही ग्रहण प्राप्त होता है। ऐसा कैयट ने कहा।

अनुव्यचलदिति। अनोर्व्यचलदित्यनेन वेश्च अचलदित्यनेन युगपत्समासः। अनु इति सुबन्तेन व्यचलदिति समुदायस्य समर्थत्वात्।

अनुव्यचलदिति। अनु का व्यचलत् के साथ और वि का अचलत् के साथ एक साथ समास होता है। अनुसुबन्त से व्यचलत् समुदाय का सामर्थ्य है।

सुपेति। इदं लक्षणमधिकारश्च अन्त्ये फलन्तु देवः करोति, मातुः स्मरतीत्यादौ विशेषणसमास–षष्ठीसमासयोरभावः।

सुपेति। यह लक्षण सूत्र तथा अधिकार सूत्र भी है। देवः करोति में विशेषण समास तथा मातुः स्मरति में षष्ठी समास का न होना ही अधिकार का फल है।

सुपो धा (२।४।७१)। (१) अङ्गनिमित्तस्य सुप इत्यर्थ-भ्रमवारणायाङ्गस्य सुप इति नोक्तम्। पूर्वनिपात इति। भूशब्द-स्यैवेत्यर्थः। अन्यथा विनिगमनाविरहेण प्रथमानिर्दिष्टत्वाविशे-षाद(२) नियमः स्यादिति भावः।(३) अत एव निर्देशादीदृशे विषयेऽवयवद्वारकसामर्थ्येऽप्यस्य प्रवृत्तिः। 'विस्पष्टपटुः' इत्या-दावपि विस्पष्टादीनि गुणवचनेष्विति गमकं बोध्यम्। तत्र हि विस्पष्टमित्यादि पटुत्वादिविशेषणमिति कैयटे स्पष्टम्। इवे-नेति। हरीतकीं भुङ्क्ष्व राजन्मातेव हितकारिणीम्। इत्य-साध्वेव। 'तिङ्समानाधिकरणे प्रथमा, अभिहिते प्रथमा' इति-वार्त्तिकस्वारस्येन, प्रथमायास्तत्र तत्र कारकविभक्तित्वोक्तिपर-भाष्येण च क्रियायोगे एव प्रथमायाः प्रवृत्त्या मातेति प्रथमाया

मातृसदृशीमित्यर्थेऽसाधुत्वादित्यन्यत्र विस्तरः। एतद्योगविभाग-सिद्धसमासस्य विशेषसञ्ज्ञा न सन्त्येव। तत्तदधिकारेष्वपाठात्। जीमूतस्येवेति। अत्र यथार्थत्वादिप्रयुक्तोऽव्ययीभावस्तु न। 'तत्र तस्येव' (५।१।११६) इति निर्देशात्।

सुपो धा। अङ्ग के निमित्त सुप् को ही ऐसे भ्रम का निवारण करने के लिये अङ्गस्य सुपः नहीं कहा। पूर्वनिपातइति। अर्थात् भूत शब्द का यदि भूत शब्द का पूर्व निपात स्वीकार नहीं करते तो विनिगमना के अभाव से दोनों के प्रथमा निर्दिष्ट होने से अविशेष होने से नियम नहीं होता। इसी से निर्देश से इस प्रकार के विषय में अवयवद्वारक सामर्थ्य में इसकी प्रवृत्ति होती है। विस्पष्टपटुः इत्यादि में भी विस्पष्टादीनि गुणवचनस्य के गमक होने से विस्पष्ट का पूर्व निपात होता है। वहाँ विस्पष्ट पटुत्व का विशेषण है ऐसा कैयट में स्पष्ट है। इवेनेति। हरीतकीं—हे राजन् माता की तरह हित करने वाली हर्र को खाओ यह प्रयोग असाधु है क्योंकि तिङ्समानाधिकरणे प्रथमा। अभिहिते प्रथमा। इन वार्तिकों के स्वारस्य से और प्रथमा को कारक विभक्ति कहने वाले भाष्य से क्रिया के योग में प्रथमा की प्रवृत्ति होने से माता, यह प्रथमा मातृ सदृश अर्थ में असाधु है। सह सुपा योगविभाग से सिद्ध समास की विशेषसंज्ञा नहीं है। अव्ययीभावादि क्योंकि उन अधिकारों में इसका पाठ नहीं है। जीमूतस्येवेति। यहाँ यथार्थ को मानकर अव्ययीभाव समास नहीं होता है। इसमें निर्देश 'तत्र तस्येव' है।

अव्ययी (२।४।१८)। अनव्ययमव्ययं भवतीति 'भवतेर्णस्य उपसङ्ख्यानम्' इति कर्तरि णः। महासञ्ज्ञाकरणं प्राचामनुरोधात्।

अव्ययी। अनव्यय अव्यय हो—इस विग्रह में 'भवतेर्णस्य उपसङ्ख्यानम्' से कर्ता में ण प्रत्यय होता है। प्राचीनों के अनुरोध से महासंज्ञा की है।

योगो विभज्यते इति। भाष्ये त्विदं न दृश्यते। 'अपदिशम्' इत्यादिमान्तानां स्वरादिपाठादव्ययत्वम्। 'अपदिशेन' इत्यादि तु चिन्त्यमेवेत्यन्ये।

योगो विभज्यते इति। यह विषय भाष्य में नहीं दीखता है। 'अपदिशम्' इत्यादि मान्तों का स्वरादि में पाठ होने से अव्ययसंज्ञा होती है। पक्ष में 'अपदिशेन' का प्रयोग तो सर्वथा चिन्ता का विषय है।

ननु समासगतेऽन्तर्वर्तिविभक्त्याश्रये प्रथमान्तत्वे आश्रीय-

माणे कष्टश्रितादौ श्रितस्य पूर्वनिपातापत्तिः, निर्दिष्टपदञ्च व्यर्थमत आह–समासशास्त्रे इति । समाससञ्ज्ञाविधायके शास्त्रे इत्यर्थः । न च राज्ञः कुमारीं श्रितो राजकुमारीश्रित इत्यत्र द्वितीयाया 'द्वितीयाश्रित' (२।१।२४) इति सूत्र प्रथमानिर्दिष्टत्वेन कुमारीशब्दस्य पूर्वनिपातापत्तिरिति वाच्यम् । 'अप्रधानमुपसर्जनम्' इति शास्त्रान्तरोक्तमहासञ्ज्ञाकरणेनास्य तदर्थकतया 'समासशास्त्रे प्रथमानिर्दिष्टमप्रधानत्वसमानाधिकरणोपसर्जनपदवत्' इति वाच्यार्थे निष्पन्नेऽप्रधानत्वस्य ससम्बन्धिकत्वाद् यं प्रति यदप्रधानं तं प्रति तदुपसर्जनसञ्ज्ञमित्यवगतेरदोषादिति । भाष्येणैव समाधानात् । प्रकृते च न राजनिरूपितमप्राधान्यं कुमार्या इति न तदपेक्षोऽस्य पूर्वनिपातः ।

समासगत अन्तर्वर्तिनी विभक्ति के आश्रय प्रथमान्त मानने पर कष्टश्रित इत्यादि में श्रुत के प्रथमान्त होने से पूर्व निपात होने लगेगा और निर्दिष्ट पद भी व्यर्थ हो जायेगा । इसलिये कहते हैं समासशास्त्रे इति । समास संज्ञा के करने वाले सूत्र में जो प्रथमानिर्दिष्ट हो उसका पूर्व निपात होता है । इसका अर्थ है समास संज्ञा विधायक सूत्र में । अब यहाँ शंका करते हैं कि राज्ञः कुमारीं श्रिता इस विग्रहे में निष्पन्न राजकुमारीश्रितः इस प्रयोग में 'द्वितीयाश्रित' इस सूत्र में द्वितीया के प्रथमा अन्त होने से द्वितीयान्ताकुमारी का पूर्वनिपात होना चाहिये । उत्तर अप्रधान को उपसर्जन कहते हैं यह अन्य शास्त्र में महासंज्ञा के करने से उस अर्थ के मानने से समासशास्त्र में प्रथमा निर्दिष्ट अप्रधान के साथ समानाधिकरण करने वाला ही उपसर्जन पद वाला होता है इस प्रकार के वाक्यार्थ के निष्पन्न होने पर जिसके प्रति जो अप्रधान हो वह उपसर्जन होता है इस प्रकार भाष्योक्त अर्थ के स्वीकार करने से कोई दोष नहीं है । प्रकृत में राजा को लेकर अप्राधान्य कुमारी को नहीं है इसलिये कुमारी का पूर्वनिपात नहीं होता है । तात्पर्य यह है उक्त प्रयोग में कुमारी की अपेक्षा कुमारी अप्रधान है इसलिये श्रित से पूर्व कुमारी का पूर्व निपात है ।

न चैवं पूर्वकायाद्यसिद्धिः, कायनिरूपिताप्राधान्यस्य पूर्वपदार्थेऽभावादिति वाच्यम् । समासशास्त्रस्थप्रथमानिर्दिष्टशब्दगताप्राधान्यस्याश्रयणेनादोषात् । समासशास्त्रे यं प्रति यदप्रधानं तं प्रति तदुपसर्जनमित्यर्थात् । भवति च श्रितादीन्प्रति तथा ।

सहयुक्ततृतीयान्तार्थस्य शाब्दगुणान्वयित्वाभावरूपाप्राधान्येऽपि तत्समभिव्याहृतप्रथमाद्यन्तार्थे तदधीनत्वरूपाप्राधान्यप्रतीतेः । अत एव समकक्षयोरप्येकस्य 'परेण सहागन्तव्यम्' इत्युक्ते दुःखं दृश्यते । प्रकृतेऽपि द्वितीयान्तं श्रिताद्यधीनम् । तं विना समासाघटकत्वात् । श्रितादिकन्तु तं विनापि समासान्तरे घटकमिति द्वितीयान्तस्य श्रिताद्यधीनता । एवमन्यत्राप्यूह्यम् । 'यस्य शब्दस्य समासविधौ यत्प्रथमानिर्दिष्टं तं प्रति तदुपसर्जनमिति वक्तव्यम्' इतिवार्तिकप्रत्याख्यानाय तद्भाष्यप्रवृत्तेः, भाष्येऽपि 'यं शब्दं प्रति यत्प्रथमानिर्द्दिष्टमप्रधानं तं शब्दं प्रति तत्प्रथमानिर्द्दिष्टवाच्यं पदम उपसर्जनम्' इत्यर्थस्यैवौचित्यात् । अत एव यं यदिति भिन्नलिङ्गनिर्देशः । बहुव्रीहौ त्वेकविभक्तीत्येवोपसर्जनत्वमित्यनुपदमेव स्फुटीभविष्यति अन्वर्थत्वविरोधान्नानेनेति भाष्यसिद्धान्त इति बोध्यम् । यत्त्वर्थगताप्राधान्येनान्वर्थत्वेऽपि पूर्वकायादौ न दोषो, ऽन्वर्थसञ्ज्ञा हि यत्र सोऽर्थः सम्भवति तत्र प्रवृत्तिनिमित्तापेक्षा प्रवर्त्तते, अन्यत्र तु विधानसामर्थ्यात्तन्निरपेक्षा, यथा स्वादीनां कर्मप्रवचनीयत्वमिति प्रथमानिर्देशसामर्थ्यात्पूर्वादीनां प्रवर्त्तते इति, तन्न । निर्विभक्तिकस्योच्चारणासम्भवेन तत्सामर्थ्यायोगात् । प्राथम्य दन्वितार्थकत्वाल्लघुत्वाच्च प्रथमैवोच्चारितेःयस्य वक्तुं शक्यत्वादित्यलम् ।

अप्रधान का उक्त अर्थ मानने पर पूर्वकायादि पदों की सिद्धि नहीं होगी क्योंकि पूर्व काय के प्रति अप्रधान नहीं है। इसका उत्तर करते हैं। समास विधायकशास्त्र में स्थित प्रथमा निर्दिष्ट शब्दगत अप्राधान्य को ग्रहण करने से कोई दोष नहीं है। समासशास्त्र में जिसके प्रति जो अप्रधान है उसके प्रति वह उपसर्जन है। श्रितादियों के प्रति कुमारी उपसर्जन है। सहयुक्ते से क्रिया तृतीयान्त का जो अर्थ उसका शब्द और गुण में अन्वय के अभाव रूप अप्राधान्य होने पर भी उसके समीपस्थ प्रथमान्त अर्थ में अधीन होने के कारण अप्राधान्य स्पष्ट ही प्रतीत होता है। इसीलिये एक योग्यता वाले दो पुरुषों के उपस्थित होने पर इसके साथ तुम जाना यह कहने पर उसको दुःख होता है। प्रकृत में भी द्विती-

यान्त श्रितादियों के अधीन हैं। उसके बिना समास के मध्य में आना कठिन हैं। श्रितादि तो द्वितीयान्त के बिना भी अन्य समास में प्रविष्ट हो सकते हैं। इसलिये द्वितीयान्त श्रितादि के अधीन हैं। अन्य स्थल में भी इसी प्रकार का विचार कर लेना। "यस्य शब्दस्य समासविधौ यत्प्रथमानिर्दिष्टं तं प्रति तदुपसर्जनमिति वक्तव्यम्" जिस शब्द के समास विधि में जो प्रथमान्त हो उसके प्रति उसकी उपसर्जन संज्ञा होती है यह कहना चाहिये। इस वार्तिक का प्रत्याख्यान करने के लिये उक्त भाष्य प्रवृत्त है। भाष्य में भी जिस शब्द के प्रति जो प्रथमा निर्दिष्ट अप्रधान है उस शब्द के प्रति वह प्रथमान्त पद उपसर्जन होता है, इस प्रकार का अर्थ करना ही उचित है। इसीलिये यं और यत् में भिन्न लिङ्गों का निर्देश किया है। (अर्थात् यं पुंलिंग है और यत् नपुंसकलिङ्ग है) बहुव्रीहि में तो एक विभक्ति से उपसर्जन संज्ञा होती है। यह शीघ्र ही स्पष्ट होगा। अन्यर्थ विरोध होने से इससे नहीं होगी, यह भाष्य का सिद्धान्त है। अब यहाँ शंका करते हैं अर्थगत अप्राधान्य के अन्वर्थ होने पर भी पूर्वकायादि में कोई दोष नहीं है। अन्वर्थ संज्ञा का तात्पर्य यह है जहाँ वह अर्थ सम्भव है वहाँ प्रवृत्तिनिमित्त की अपेक्षा होती है। अन्य स्थल में विधान होने के कारण से उसकी उपेक्षा नहीं है जैसे स्वादियों की कर्मप्रवचनीय संज्ञा होती है। प्रथमा निर्देश होने के कारण पूर्वादियों की उपसर्जनसंज्ञा होती है। यह उनकी शंका ठीक नहीं है। विभक्तिरहित का उच्चारण असंभव होने से वहाँ सामर्थ्य कल्पना करनी असंभव है। प्रथमा के प्रथम होने से अन्वितार्थ होगे से और लघु होने से प्रथमा का ही उच्चारण प्रथम होना चाहिये।

उपसर्जनम् (२।२।३०)। समास इत्यधिकृतं योग्यताबलेन सप्तम्या विपरिणम्यते, तदाह–समासे इति। न च राज्ञः कुमार्यौ इति परिनिष्ठितविभक्त्या समासे कुमार्यौ अपि पूर्वनिपातापत्तिरिति वाच्यम्। 'षष्ठ्यन्तयोः समासेऽर्थभेदात् प्रधानस्यापूर्वनिपातः' इति भाष्येण समाधानात्। अर्थाभेदात्–अर्थस्य प्रधानस्याभेदात्समस्यमानराजपदार्थनिरूपितसम्बन्धाभावात् अस्य (१) षष्ठयन्तस्य प्रथमानिर्दिष्टत्वाभावान्न पूर्वनिपात इति तदर्थः।

उपसर्जनम्। अधिकृत समास योग्यता के बल से सप्तम्यन्त से विपरिणमित होती है (अर्थात् उसको सप्तम्यन्त मान लिया जाये)। समासे इति। अब यहाँ शंका करते हैं 'राज्ञः कुमार्यौ' में परिनिष्ठ (षष्ठ्यन्त) से समास करने पर कुमारी का भी पूर्वनिपात हो जाना चाहिये। उत्तर दोनों षष्ठ्यन्तों के समास में

अर्थ ऐक्य होने पर कुमारी का पूर्वनिपात नहीं होता है। यह भाष्य का आशय है। अर्थ के अभेद होने से प्रधान अर्थ के अभेद होने से समास होने वाले राज-निरूपित सम्बन्ध के न होने से इस षष्ठ्यन्त को प्रथमा निर्दिष्ट के अभाव में पूर्व निपात नहीं होता है।

अयं भावः। 'षष्ठी' (२।२।८) इत्यादिसूत्रे येन सुबन्तेन समासस्तदर्थनिरूपितसम्बन्धाद्यर्थकमेव षष्ठ्याद्यन्तं गृह्यते। तदेव च तत्र प्रथमानिर्दिष्टमिति। तदुक्तं कैयटेन 'राज्ञः पुरुष-स्येत्यत्र राजापेक्षया पुरुषः प्रधानमेवेति नासौ भिद्यते राजा-पेक्षया न व्यतिरिच्यते इत्यप्रधानस्यैव पूर्वनिपात' इति। उक्त-रीत्याऽप्रधानषष्ठ्यन्तमेव तत्र प्रथमानिर्दिष्टं न तु प्रधानमिति तद्भावः। यत्तूपसर्जनसञ्ज्ञाऽन्वर्थत्वादप्रधानस्यैवेति 'उपसर्जनं पूर्वम्' (२।२।६०) इत्यत्र कैयटस्तन्नेत्युक्तमेवेत्यलम्।

अयं भावः। इसका तात्पर्य यह है कि षष्ठी इत्यादि सूत्र में जिस सुबन्त से समास हो, उसके अर्थ से सम्बन्ध रखने वाला षष्ठ्यन्त जानना। वही वहाँ पर प्रथमा निर्दिष्ट है। कैयट ने भी कहा है 'राज्ञः पुरुषस्य' में राजा की अपेक्षा पुरुष प्रधान ही है इसको कोई भेद नहीं है। राजा की अपेक्षा वह अतिरिक्त नहीं है। इसलिये अप्रधान का ही पूर्वनिपात होता है।" उक्त रीति से षष्ठ्यन्त ही अप्रधान है। वहाँ प्रथमा निर्दिष्ट है प्रधान नहीं है। जो कैयट ने भी कहा अन्वर्थ होने से उपसर्जन संज्ञा अप्रधान की होती है। उपसर्जन सूत्र में वह ठीक नहीं है।

'प्रथमानिर्दिष्टम्' (१।१।४३) इत्यतोऽनुवृत्तं 'समासे' इति तदर्थविग्रहपरमित्याह- विग्रहे इति। नियतेति। एकग्रहणादव-धारणगर्भसमासलाभ इति भावः। 'निष्कौशाम्बिः' इत्युदाह-रणम्। परिनिष्ठितविभक्त्यापि समासे 'निष्क्रान्तो' निष्कान्तेन' इत्यादिक्रमेण तस्यानियतविभक्तिकतया कौशाम्बीपदस्य तद-पेक्षया नियतविभक्तिकत्वादनेनोपसर्जनत्वेन ह्रस्वत्वम्। परि-निष्ठितविभक्त्या समासे चेदमेव ज्ञापकम्। अयं पक्षः-'तत्पुरुषे तुल्यार्थ' (६।२।२) इति सूत्रे भाष्ये। प्रथमान्तेन समास इति पक्षोऽपि 'अनेकम्' इति सूत्रे भाष्ये इति केचित्।

प्रथमानिर्दिष्टम् से समासे की अनुवृत्ति होती है, उसका अर्थ विग्रह परक है। नियतेति। एक के ग्रहण से अवधारणगर्भ समास का लाभ होता है अर्थात् एक ही थे। निष्कौशाम्बिः उदाहरण है। परिनिष्ठित विभक्ति से समास करने पर निष्क्रान्तं (द्वितीयान्त) निष्क्रान्तेन (तृतीयान्त) इत्यादि रीति से निष्क्रान्तिके अनियत विभक्ति होने के कारण उसकी अपेक्षा कौशाम्बी के नियत विभक्ति होने से उसकी उपसर्ज। संज्ञा होने से ह्रस्व होता है। परिनिष्ठ विभक्ति से समास होने में यही ज्ञापक है। तात्पर्य यह है कि कौशाम्बी पंचयश्न्त ही रहेगा। निष्क्रान्त में प्रायः अनेक विभक्ति हो सकती हैं इसलिये कौशाम्बी नियत विभक्ति है। यह पक्ष 'तत्पुरुषे तुल्यार्थ सूत्र के भाष्य में है। प्रथमान्त से समास होता है। यह पक्ष भी 'अनेकमन्यपदार्थे' सूत्र के भाष्य में है। यह किसी का कहना है।

परे तु 'अनेकम्' (२।२।२४) इति सूत्रे भाष्ये समासार्थविग्रहे प्रत्यासत्त्या समासापेक्षया नियतविभक्तिकस्यानेनोपर्सजनत्वमुक्तम्, 'राज्ञः कुमारी, राजकुमारी' इत्यत्र परिनिष्ठितविभक्त्यापि समासस्य सत्वान्न तदपेक्षया कुमार्या नियतविभक्तिकत्वमिति न तस्या उपसर्जनत्वमित्युक्तम्। चित्रगुरित्यत्र च गोपदस्यानेनोपसर्जनत्वमङ्गीकृत्यानेकग्रहणं प्रत्याख्यातम्। बहूनां समासस्तु 'तद्धितार्थ' (२।१।५१) इत्यनेनोत्तरपदे द्विगुविधानात् ज्ञापकात्सिद्ध इति चोक्तम्। एवञ्चोत्तरपदेन परिमाणिनेत्यपि प्रत्याख्यातम्। अतिप्रसङ्गस्त्वनभिधानान्न। तदुक्तम्—अनेकवचनमुपसर्जनार्थं, न वैकविभक्तित्वादिति। वार्त्तिककृताऽन्वर्थत्वानुक्तेस्तद्रीत्या प्रयोजनवार्त्तिकं, नवेति तु तत्खण्डनं, भाष्यरीत्या त्वेतदप्राप्तिरेवात्रेति बोद्ध्यम्। अन्यथा 'चित्रगुः' इत्यस्य विग्रहे द्वयोरपि नियतविभक्तिकतया किमपेक्षं गोशब्दस्य नियतविभक्तिकत्वं स्यात्। एकस्यानियतविभक्तिकत्वे हि तदपेक्षमन्यस्य तत्त्वं वाच्यम्। समासापेक्षं नियतविभक्तित्वमेव युक्तमाश्रयितुम्। अन्यथा 'सभार्यः' इत्यत्रोपसर्जनह्रस्वानापत्तिः। सहशब्दस्याव्ययतया विभक्तिमात्राभावेन, लुकाऽनुत्पत्तेरेवान्वाख्यानेन चानियतविभक्तित्वाभावात्तदपेक्षनियतविभक्तित्वस्य भार्ययेत्यत्राभावेनोपसर्जनत्वानापत्तिः। मम तु समासस्यानियतविभक्तित्वात्तदपेक्षं तत्त्वमस्त्येवेति न दोष इत्याहुः।

यहाँ नागेश कहते हैं कि अनेकम् सूत्र के भाष्य में समास के लिये विग्रह में प्रत्यासत्ति से समास की अपेक्षा नियतविभत्तिक की उपसर्जन संज्ञा इसमें कही है। राज्ञः कुमारी इस विग्रह में निष्पन्न इस राजकुमारी में परिनिष्ठित विभक्ति

से समास होने पर भी उसकी अपेक्षा कुमारी को नियत विभक्तिक न होने से इसलिये उसकी उपसर्जन संज्ञा नहीं होती है। चित्रगुः में गोपद की इससे उपसर्जन संज्ञा कर अनेक ग्रहण का प्रत्याख्यान कर दिया। अनेक पदों का समास होता है। यह तद्धितार्थ सूत्र से उत्तरपद के परे द्विगुसमास के करने से ज्ञापकद्वारा सिद्ध है। इस तरह उत्तर पद में परिमाणिनेत्यपि का प्रत्याख्यान कर दिया है। अनभिधान मानने से अतिप्रसंग भी नहीं है। कहा भी है—अनेक वचन उपसर्जन के लिये हैं, एक विभक्ति होने से नहीं हैं। वार्तिककार ने अन्वर्थत्व नहीं कहा। उन्हीं की रीति से यह प्रयोजन वार्तिक है, 'नव' इत्यादि से वार्तिक का खण्डन है। भाष्य की रीति से तो यहाँ पर प्राप्ति ही नहीं है। नहीं तो 'चित्रगुः' विग्रह में दोनों के नियतविभक्ति होने से किसकी अपेक्षा गोशब्द नियतविभक्तिक हो। अर्थात् चित्रा गावो यस्य इस विग्रह में दोनों ही प्रथमान्त हैं। एक के अनियत विभक्ति होने से उसकी अपेक्षा दूसरों को भी अनियत विभक्तिक कह सकते हैं। समास को लेकर नियत विभक्तिकत्व मानना ठीक है। नहीं तो 'सभार्यः' में भी उपसर्जन ह्रस्व का भी अभाव हो जाता। सह शब्द के अव्यय होने के कारण सम्पूर्ण विभक्तियों के अभाव में लुक से विभक्ति की अनुत्पत्ति स्वीकार करने से नियतविभक्तिक के अभाव होने से उसकी अपेक्षा भार्या में नियतविभक्तिक के अभाव होने से ह्रस्व नहीं होगा। अर्थात् उपसर्जन संज्ञा नहीं होगी। तात्पर्य यह है कि अव्यय से विभक्ति नहीं आती है। विभक्ति के अभाव में अव्ययादाप्सुपा से लुक् होना असम्भव है। उस लुक् से विभक्ति की अनुत्पत्ति ही ज्ञापन करते हैं। इसलिये सहशब्द को अनियत विभक्तिकत्व कहना संभव नहीं है। मेरे मत में तो समास के अनियत विभक्तिक होने से उसकी अपेक्षा भार्या में नियतविभक्तिकत्व होने से उपसर्जनसंज्ञा तथा ह्रस्व हो जायेगा।

गोस्त्रियो (१।२।४८)। अत्र स्त्रीशब्दः स्वर्यते। तेन स्त्र्यधिकारोक्तचातुर्थिकप्रत्ययलाभः। उपसर्जनस्येति गोस्त्रियो-विशेषणम्। 'प्रत्ययग्रहणपरिभाषया च स्त्रीशब्देन तदन्तग्रहणम्। ताभ्याञ्च प्रातिपदिकविशेषणात्तदन्तविधिरित्याह–**उपसर्जनं च इत्यादि**। 'गोकुलं' 'राजकुमारीपुत्रः' इत्यादौ तु न दोषः। महासञ्ज्ञाकरणेन येन शब्देन समासविधौ यत्प्रथमानिर्दिष्टं तस्य प्रत्येवोक्तरीत्याऽप्रधानत्वेनोपसर्जनत्वात्। प्रत्यासत्त्या तदन्ततत्समासप्रातिपदिकान्त्यस्यैव ह्रस्व इत्यदोष इति भाष्ये स्पष्टम्। तत्र ह्येवं भाष्यम्–'अप्रधानमुपसर्जनमिति सम्बन्धिशब्दावेतौ तत्र सम्बन्धादेतद्गन्तव्यं यं प्रति यदप्रधानं तस्य चेत्सोऽन्तो भव-

तीति' । यत्प्रथमानिर्दिष्टं तस्य तद्घटितसमासस्य सोऽप्रधान-शब्दोऽन्तो भवतीति तदर्थः । यद्यपि 'कुक्कुटमयूर्यौ' इति द्वन्द्वे बहुव्रीहाविव एकविभक्तीत्युपसर्जनत्वम् । द्वन्द्वः प्रथमान्तानामेवेति 'चार्थे द्वन्द्वः' (२।२।२९) इत्यत्र वक्ष्यते । 'एकविभक्ति'(१।२।४४) इत्युपसर्जनसञ्ज्ञाऽप्रधानार्थकस्यैवेति मतेऽपि उद्भूतावयवभेद-साहित्यं प्रति मयूरीपदार्थस्य तत्त्वमस्ति । सर्वत्र द्वन्द्वे साहित्यमेव विशेष्यमिति चार्थसूत्रे भाष्ये स्पष्टम्, तथापि भाष्ये 'द्वन्द्वे न' इतिवचनारम्भान्न दोषः । अत एव कुमारीमिच्छन् ब्राह्मणः कुमारीत्यत्र ह्रस्वो न। 'प्रथमानिर्दिष्टम्' (१।१।४३) इत्यादेः शास्त्रीयस्यैवात्रोपसर्जनस्य ग्रहणात् । अत एव 'गोबष्कयणी' इत्यादौ बष्कयणीशब्दस्य गुणशब्दत्वाद (१) प्रधानत्वेऽपि तदन्तस्य ह्रस्वो न एतच्च (२) 'इद्गोण्याः' (१।२।५०) इति सूत्रे भाष्ये स्पष्टम् ।

गोस्त्रियोः । यहाँ स्त्री शब्द का स्वरित होने से अधिकार है । इससे स्त्री के अधिकार में कहे गये चातुर्थिक प्रत्ययों का भी लाभ होता है । उपसर्जनस्य यह गो और स्त्री का विशेषण है । और प्रत्यय ग्रहण की परिभाषा के बल से स्त्री शब्द से तदन्तग्रहण है । गो और स्त्री प्रातिपदिक के विशेषण होने से तदन्त विधि होती है । उसका फल कहते हैं उपसर्जनं च इत्यादि । गोकुलं राजकुमारीपुत्रः में कोई दोष नहीं है । (अर्थात् गो और कुमारी का ह्रस्व नहीं होता है) । महासंज्ञा के करने से जिस शब्द से समासविधायकशास्त्र में जो प्रथमा निर्दिष्ट हो उसकी उसके प्रति ही पूर्वोक्त रीति से अप्रधान होने से उपसर्जन होता है । प्रत्यासत्ति से तदन्त भी उस समास के प्रातिपदिक का ही अन्त लेना और उसी को ह्रस्व हो । इस प्रकार के अर्थ स्वीकार करने से दोष नहीं है, यह भाष्य में स्पष्ट है । वहाँ भाष्य इस प्रकार है । अप्रधान उपसर्जन है ये दोनों शब्द सम्बन्ध वाले हैं । वहाँ सम्बन्ध से इस प्रकार जानना जिसके प्रति जो अप्रधान है उसको यदि हो तो वह अन्त होता है । जो प्रथमा निर्दिष्ट है उसका उससे युक्त समास का अपघटित वह अप्रधान शब्द अन्त होता है यह उसका अर्थ होता है । यद्यपि कुक्कुटमयूर्यौ इस द्वन्द्व समास में बहुव्रीहि की तरह एक विभक्ति होने से उपसर्जद संज्ञा है । प्रथमान्तों का ही यह द्वन्द्व होता है । यह 'चार्थे द्वन्द्वः' सूत्र में कहेंगे । एक विभक्ति से उपसर्जन संज्ञा अप्रधानार्थक की होती है । इस मत में भी उद्भूत अवयवों के भेदरूपी साहित्य में प्रति उपसर्जनत्व मयूरी को है । सर्वत्र द्वन्द्व में साहित्य ही विशेष्य रहता है । यह 'चार्थे द्वन्द्वः' सूत्र में स्पष्ट है । मयूरी साहित्य का विशेषण होने से उपसर्जन है तो भी 'द्वन्द्वे न' इस वचन के आरम्भ करने से दोष नहीं है ।

इसी से कुमारीमिच्छन् ब्राह्मणः इस विग्रह में सिद्ध कुमारी शब्द में ह्रस्व नहीं होता है। प्रथमानिर्दिष्टम् इत्यादि शास्त्रीय उपसर्जन का ही ग्रहण करना। इसीलिये गोवष्कयणी इत्यादि में बष्कयणी गौण होने से अप्रधान होने पर भी उसको ह्रस्व नहीं होता है। यह 'इद्गोण्याः' सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है। यद्यपि बष्कयणी गो शब्द के विशेषण होने से उपसर्जन है तथापि समास विधायकशास्त्र में प्रथमान्त न होने से शास्त्रीय उपसर्जन नहीं है।

(३) अतिराजकुमारीरित्यादौ स्त्रीप्रत्यये तदादिनियम-निषेधात् राजकुमारीत्यस्य स्त्रीप्रत्ययान्तत्वम् । न च तस्यात्यर्थं प्रत्युपसर्जनत्वेन कथं स्त्रीप्रत्ययान्तत्वमुपसर्जनस्त्रीप्रत्यये तदादि-नियमादिति वाच्यम् । यस्य समुदायस्य स्त्रीप्रत्ययान्तत्वमानेयं तदर्थं प्रति स्त्रीप्रत्ययस्यानुपसर्जनत्वमेवेत्यदोषात् । प्रत्यासत्त्या तादृशानुपसर्जनत्वस्यैव निषेधनिमित्तत्वात् । अस्य चाति-क्रान्तार्थं प्रत्युपसर्जनत्वेऽपि राजकुमारीत्येतदर्थं प्रत्यनुपसर्जनत्व-मेवेति दिक् ।

अतिराजकुमारी इत्यादि में स्त्री प्रत्यय में तदादि नियम के अभाव से राजकुमारी को भी स्त्री प्रत्ययान्तत्व है। उसको भी अर्थ के प्रति उपसर्जन होने से स्त्रीप्रत्ययान्तत्व कैसे है? उपसर्जन स्त्री प्रत्यय में तदादि नियम के होने से इस शंका का उत्तर करते हैं—जिस समुदाय में स्त्रीप्रत्ययान्त को लाना हो उसी अर्थ के प्रति स्त्री को अनुपसर्जन होना चाहिये ऐसे स्वीकार करने से कोई दोष नहीं है। प्रत्यासत्ति से उसी प्रकार का अनुपसर्जन ही निषेध का निमित्त है। अति-क्रान्तादि अर्थ के प्रति उपसर्जन होने पर भी राजकुमारी के प्रति अनुपसर्जन ही है।

नाव्ययीभावात् (२।४।८३) । अपञ्चम्या इत्यस्य एव विशे-षणं न लुगभावस्य । तुना व्यवच्छेदात् । अपदिशमिति । यद्यपि नपुंसकह्रस्वेनापीदं सिध्यति तथापि चित्रगुरित्यत्रार्थमावश्य-केन गोस्त्रियोरित्यनेनापीदं सिद्ध्यतीति तदुपन्यासः । दिश-शब्दस्य शरदादिषु पाठेऽपि लिङ्गविशिष्टपरिभाषयाऽत्र न टच् । समासान्तप्रकरणे लिङ्गविशिष्टपरिभाषाऽभावस्य ङ्या-प्सूत्रे भाष्ये उक्तत्वात् । टाबन्तदिशाशब्दोऽकारान्तप्रकृतिक

एवेति मते टचः प्राप्तेरेवाभावः । अमरस्वारस्यात् दिश्शब्देन विग्रहे तु न ह्रस्वः प्रयोजनम् । इत्यादाविति । आदिनैकविंशतिभारद्वाजं, सप्तगङ्गमित्यादिसङ्ग्रहः ।

नाव्ययीभावा । अपञ्चम्या अम् का ही विशेषण है लुग् भाव का नहीं है। क्योंकि सूत्र से उसका विच्छेद हो गया है । अपदिशमिति । यद्यपि 'ह्रस्वो नपुंसक' से ह्रस्व करने पर भी अपदिशम् सिद्ध हो सकता है तो भी चित्रगुः के लिये आवश्यक 'गोस्त्रियो' से भी यह सिद्ध हो सकता इसलिये इसका यहाँ उल्लेख है। दिश् शब्द का शरदादि गण में पाठ होने पर भी लिङ्गविशिष्ट परिभाषा के सहयोग से यहाँ टच् नहीं होता है, क्योंकि समासान्त प्रकरण में लिङ्गविधि परिभाषा का अभाव है। यह सब ङ्याप् सूत्र के भाष्य में कहा है । टाबन्तदिशा शब्द आकारान्त प्रकृति वाला ही है। इस मत में टच् की प्राप्ति ही नहीं है। दिश् शब्द से विग्रह करने पर तो ह्रस्व की कोई आवश्यकता नहीं है। यह अमर सूत्र के सिद्धान्त से लिखा है। इत्यादाविति । आदि पद से एकविंशति (२१ भारद्वाज) भारद्वाज सप्तगङ्ग का संग्रह करना ।

विभक्तीत्यादेरिति । विभक्तिशब्देन तदर्थो लक्ष्यते । वचनशब्दः कर्मसाधनः प्रत्येकं सम्बध्यते । विभक्त्यादयश्च श्रुतत्वादव्ययस्यैव विशेषणानि । तदाह–विभक्त्यर्थादिष्विति । अत्र सुबन्तेनेत्यस्य समर्थेनेति विशेषणम् । अत एव तदुत्तरविभक्त्यर्थान्तर्भावेणैकार्थीभावः । 'द्वितीयाश्रित' (२।१।२४) इत्यादौ समर्थेन सुबन्तेनेत्यस्य समर्थप्रकृतिकसुबन्तेनेत्यर्थः । अत एव कष्टं श्रितस्येति परिनिष्ठितविभक्त्या समासेऽप्युत्तरपदीयविभक्त्यर्थान्तर्भावेण न स अत एव कष्टंश्रितस्य धनमित्यादौ (१) षष्ठी द्वियीयान्तं समर्थमित्यर्थात्तादर्थान्तर्भावेणैकार्थीभावादुक्तार्थत्वान्न द्वितीयेत्याहुः ।

विभक्तीत्यादेरिति । विभक्ति शब्द की विभक्ति के अर्थ में लक्षणा है। कर्म प्रत्यय वाले वचन शब्द का प्रत्येक से सम्बन्ध होता है। विभक्ति आदि श्रूयमाण होने से अव्यय के विशेषण हैं। वही कहते हैं – विभक्त्यर्थादिष्विति । यहाँ पर सुबन्तेनसमर्थ का विशेषण है। इसीलिये आगे विभक्ति अर्थ का अन्तर्भाव करके एकार्थीभाव है। द्वितीयाश्रित इत्यादि में समर्थेन सुबन्तेन इसका समर्थ प्रकृतिक वाला सुबन्त ही अर्थ है। इसी से कष्टं श्रितस्य में परिनिष्ठत विभक्ति से

समास करने पर उत्तरपद की विभक्ति के अर्थ का अन्तर्भाव करने पर वह नहीं होता। अर्थात् समास नहीं होता। इसलिये कष्टं श्रितस्य धनम् में षष्ठी होती है। समर्थ द्वितीयान्त हो यह उसका अर्थ है उसके अर्थ के अन्तर्भाव करके एकार्थीभाव मानकर द्वितीया नहीं होती है। ऐसा कहते हैं।

हरि ङीति। फलविशेषेऽपि 'अन्तरङ्गानपि' इतिन्याय-प्रवृत्तिमभ्युपेत्येदम्। ङ्यध्योः समानार्थत्वध्वननाय ङ्युत्तर-मेवात्राधिशब्दप्रयोगः। वचनेति। प्रत्यासत्त्या यद्विभक्त्यर्थवाच-काव्ययेन सुबन्तस्य समासस्तद्विभक्त्यैव यत्सुबन्तं तस्य ग्रहणा-दिति भावः। तिङ्कृत्तद्धितसमासैरिति भाष्यसम्मतपरिगण-नाच्च तेनाभिहिते सप्तमीत्यपि बोध्यम्। अत एव गृहस्योपरि इत्यादौ न समासः। उपरीत्यस्याधिकरणशक्तिप्रधानत्वेऽपि येन सुबन्तेन समासस्तद्घटकविभक्त्यर्थावाचकत्वात्। अधिहरि भक्तिरित्यत्र हर्यधिकरणिका भक्तिरिति बोधः। न च 'प्रतेरुरसः सप्तमीस्थात्' (५।४।८२) इति सूत्रसम्मतसप्तम्यर्थमात्रवृत्ति-प्रतिरूपाव्यये चरितार्थस्याधेः शौण्डादिपठितत्वेन परत्वात् 'सप्तमी शौण्डैः' (२।१।४०) इत्यनेन बाधः स्यादिति वाच्यम्। आधेयप्रधानस्यैवाधेस्तत्र पाठात्। विधानसामर्थ्यादिति। एतच्च रक्षितानुसारेण। वस्तुतो मध्यार्थकसमयाशब्दयोगे द्वितीया-विधानस्य दूरार्थकाऽऽराच्छब्दयोगे पञ्चमीविधानस्य च चारि-तार्थ्यादि (१) दमयुक्तम्। समया–निकषा–ऽऽराच्छब्दा अधि-करणशक्तिप्रधाना इति समीपमात्रवाचित्वाभावान्नैतैः समासः। समीपे इति हि तेषामर्थः। अब्भक्षन्यायेन हि भक्त्यर्थसमी-पादिमात्रवृत्त्यव्ययस्यैव तेन समासात्। उपशब्दस्तु तन्मात्रवाची कृष्णसामीप्यवन्त इति बोधादिति बोध्यम्।

हरि ङीति। फल में विशेषता न होने पर भी 'अन्तरङ्गानपि' न्याय को स्वीकार करके यह लिखा है। तात्पर्य यह है कि नकार की संज्ञा कर हरि इ लिखना चाहिये था। लुक् सब का बाधक होता है इसलिये हरि ही लिखा है। ङ और अधि का समानार्थक ध्वनन करने के लिये ङ् के उत्तर ही अधि शब्द का

प्रयोग किया है वचनेति । जिस विभक्ति के अर्थ का वाचक अव्यय से सुबन्त का समास हो उस विभक्ति से जो सुबन्त हो उसी का ग्रहण करना और तिङ्, कृत्, तद्धित समास यह भाष्य के परिगणन से भी पूर्वोक्त अर्थ लेना है । उससे उक्त होने पर सप्तमी भी होती है । इसलिये गृहस्योपरि में समास नहीं होता है । ऊपर के अधिकरण शक्ति प्रधान होने पर भी जिस सुबन्त के साथ समास है, उसमें उसकी विभक्ति के अर्थ का वह वाचक नहीं हैं अर्थात् वह अधिकरण शक्ति को नहीं कहता है । अधिहरि भक्ति यहाँ पर हरि अधिकरण वाली भक्ति यह बोध है । प्रतेरुरसः सप्तमीस्थात् इस सूत्र से सम्मत सप्तम्यर्थ मात्र में रहने वाले प्रति अव्यय में चरितार्थ होने से अधि का शौण्डादि गण में पाठ होने से पर होने से 'सप्तमी शौण्डैः' से इसका बाध हो जाना चाहिये । यह कहना उचित नहीं है क्योंकि शौण्डादि गण में आधेय शक्ति प्रधान वाले अधि का ही ग्रहण है । अधिकरण शक्ति प्रधान वाले का नहीं है । विधानसामर्थ्यादिति । यह रक्षित के अनुसार है । वास्तव में मध्यार्थक समया शब्द के योग में द्वितीया करने से और दूरार्थ-काऽऽराच्छब्दयोगे' इस सूत्र से पंचमी विधान चरितार्थ होने से यह ठीक नहीं है । समया निकषा आराच्छब्द आदि शब्द अधिकरण शक्तिप्रधान होने से केवल समीप मात्र अर्थ के वाचक न होने से इनके साथ वास्तव में समास नहीं होता है । समीप ही उनका अर्थ है । अब्भक्षन्याय से विभक्ति के अर्थ समीपादि मात्र में रहने वाले अव्यय से ही समास करता है । अबभक्षन्याय का अर्थ इस प्रकार से है, जल खाता है इससे जल ही पीता है । उसी प्रकार केवल समीपादि मात्र अर्थ ही लेना। उपशब्द केवल उसी अर्थ को कहता है । कृष्ण के समीप वाले यह बोध होता है ।

सुमद्रमिति । वचनग्रहणात्समृद्ध्यादिवाचकत्वेऽव्ययीभाव । 'सुमद्राः' इत्यादौ तु सुशब्दो द्योतकः, समृद्धा मद्रा इति बोधा-दिति नायमव्ययीभावः । निपातानां वाचकत्वं द्योतकत्वञ्चेत्य-त्रैव भाष्ये स्पष्टम् । उपदेशादावुपस्य समीपवर्त्तिपदार्थबोध-कत्वेन समीपमात्रबोधकत्वाभावान्नाव्ययीभावः । व्िगतेति । ऋद्धेरभाव इति यावत् । अर्थाभावशब्देन समस्यमानपदार्था-भावस्यैव ग्रहणादत्र तेन न सिद्धिः, तद् ध्वनयन्नाह—'मक्षिका-णामभाव' इत्यादिना । अर्थाभावशब्देन उत्तरपदार्थाभावस्यैव ग्रहणं व्याख्यानात् । (२) नञा तु नायं समासः । अर्थाभाव-

शब्दे नञ उपादानेन सूत्रगृहीताव्ययेनैतत्समासाप्राप्तेः । तच्च नञ्सूत्रे उपपादयिष्यते । न चाभावेत्येव सिद्धेऽर्थग्रहणं व्यर्थम् । (१) प्रतियोगिभूतबहिर्विद्यमानार्थसमानाधिकरणाभाववाचकेनैव समासो यथा स्यादित्येतदर्थं तत्सत्त्वात् । तेनाभावार्थनिरा शशश्रृङ्गादिशब्दानामयं न । (२) प्रागभावार्थेन च तेन स न । अत एवात्ययग्रहणञ्चरितार्थम् । तदुदाहरणं 'निर्हिमं, निःशीतम्' इति वृत्त्युक्तमेव युक्तम् । अतेस्तदर्थत्वाभावाद् । 'अतिहिमम्' इत्युक्ते तदतिशयस्यैव प्रतीतेः । अत्ययशब्देऽतेः सूत्रगृहीताव्ययत्वाच्चेति दिक् ।

सुमद्रमिति । वचन ग्रहण से समृद्ध आदि के वाचक होने से अव्ययीभाव समास होता है । सुमद्राः इत्यादि में तो सुशब्द द्योतक है, समृद्ध मद्र है यह बोध होने से यह अव्ययीभाव नहीं है । निपात द्योतक तथा वाचक होते हैं । यह इसी भाष्य में स्पष्ट है । उपदेश में विद्यमान जो उप है वह समीपवर्ती पदार्थ का बोधक है और केवल समीप का बोधक न होने से अव्ययीभाव समास नहीं होता । विगतेति । ऋद्धि का अभाव यह अर्थ है । अर्थाभाव शब्द से समस्यमान समास को प्राप्त पदार्थ के अभाव को ग्रहण करने से उससे यहाँ सिद्धि नहीं हो सकती है । उसी को स्पष्ट करते हुये कहते हैं—'मक्षिकाणामभावः' । अर्थाभाव शब्द से उत्तरपदार्थ के अभाव का ही व्याख्यान से ग्रहण करना । नञ् के साथ यह समास नहीं है । अर्थाभाव शब्द में नञ् के उपादान से सूत्र में पठित अव्यय से यह नहीं होता है क्योंकि समास की अप्राप्ति है । इस बात को नञ् सूत्र में कहेंगे । अब यहाँ शंका करते हैं कि अभाव से ही कार्य सिद्ध था फिर अर्थग्रहण व्यर्थ है । प्रतियोगभूत बाहर विद्यमान जो अर्थ समानाधिकरण अभाव वाचक के साथ ही समास हो इसलिये है । इससे अभावार्थक निरा तथा शशश्रृङ्ग (खरगोश के सींङ्ग) इनके साथ समास नहीं होता है । प्रागभाव अर्थ वाले तेन के साथ भी समास नहीं होता है । इसलिये अव्यय ग्रहण भी चरितार्थ है । उसका उदाहरण निर्हिमं, निःशीतम् वृत्त्युक्त ही ठीक है । अति में उस अर्थ का अभाव है । अतिहिमम् कहने से बर्फ की अधिकता की प्रतीति होती है और अव्यय में अति के सूत्र गृहीत अव्यय के होने से भी उक्त कथन ठीक नहीं है ।

सम्प्रति न युज्यत इति । वृत्तौ भुजिक्रियान्तर्भाविणेकार्थीभावः । 'अतिनिद्रमासीत्' इत्यादौ तथाव्यवहारविषयेऽतिनिद्र-

शब्दस्य लक्षणेति बोध्यम् ।

शब्दप्रादुर्भावेत्यस्य शब्दविषयप्रकाशार्थेनाव्ययेन समास इत्यर्थः । भाष्यप्रयोगेति । 'अचः परस्मिन्' (१।१।५७) इति सूत्रेऽयं प्रयोगः । एतद्भाष्यप्रयोगादेतत्सूत्रे तत्तदर्थबोधकपदघटकतया गृहीताव्ययेन तत्तदर्थकेन नायं समासः । अत एव यथाऽसादृश्ये' (२।१।७) इति सूत्रे (३) 'सादृश्यसम्पत्तीति प्राप्नोति' इति भाष्ये उक्तम् । यथाशब्देन तु भवत्येव, उत्तरसूत्रारम्भादिति भावः ।

सम्प्रति न युज्यत इति । वृत्ति में युजिक्रिया के अन्तर्भाव से एकार्थीभाव है । अतिनिद्रमासीत् में उस प्रकार के व्यवहार के विषय में अतिनिद्र शब्द की लक्षणा है । तात्पर्य यह है कि उस प्रकार का प्रयोग वर्तमान काल में ही होता है । अतिनिद्रम् आसीत् में यह प्रयोग जो जो भूतकाल में किया है वह लाक्षणिक है ।

शब्द प्रादुर्भाव इसका शब्द विषय प्रकाशार्थक अव्यय से समास है । भाष्य प्रयोगेति । 'अचः परस्मिन्' इस सूत्र के भाष्य में यह प्रयोग है । इस भाष्य के प्रयोग से इस सूत्र में उन-उन अर्थ के बोधक पद के मध्य में गृहीत अव्यय से उन-उन अर्थ वाले अव्यय से यह समास नहीं होता है । इसीलिये 'यथाऽसादृश्ये' इस सूत्र में सादृश्यसम्पत्ति प्राप्त होता, ऐसा भाष्य में कहा है । यथाशब्द से तो समास होगा ही, क्योंकि इसमें उत्तर सूत्र का आरम्भ ही प्रमाण है । अर्थात् सम्पत्ति सादृश्य आदि में समास नहीं होगा ।

ननु नित्यसमासत्वाद्वाक्यं दुर्लभमत आह–प्रतिशब्दस्येति । इदं प्राचामनुरोधेन । वस्तुतः 'प्रतिस्थानम्' इत्यादौ षत्वाभावसम्पादनेन सा चरितार्था । तस्मादर्थमर्थं प्रति प्रत्यर्थमिति सरूपसूत्रादिस्थभाष्यप्रयोगात् यदा द्विर्वचनं तदा प्रतिशब्दस्य वीप्सावृत्तित्वाभावात्समासाप्राप्त्या वाक्यं साध्विति तत्त्वम् । वृत्तौ द्विर्वचनन्तु न, समासेन वीप्साया द्योतितत्वात् इति 'हयवरट्' सूत्रे कैयटः । प्रतिना तस्या तत्त्वादिति तत्त्वम् । शक्तिमनतिक्रम्येति । 'परावरयोगे च' (३।४।४०) इति क्त्वा । परावरत्वञ्च बोद्धम् । हरेः सादृश्यमिति । 'हरि टा सह'

इत्यलौकिकम् । वक्ष्यमाणेनेति । अत्र सूत्रालेखो वैचित्र्यार्थः । यथा सूत्रेषूत्तरत्र कृतस्य पूर्वत्रापकर्षणं वैचित्र्याय तद्वत् ।

इस समास के नित्य होने से वाक्य का होना कठिन है । इसलिये कहते हैं–प्रतिशब्दस्येति । यह प्राचीनों के अनुरोध से कहा है । वास्तव में 'प्रतिस्थानम्' में सत्त्व के अभाव करने से वह चरितार्थ है । इसलिये अर्थं अर्थं इस विग्रह में प्रति प्रत्यर्थं यह सरूप सूत्र के भाष्य में प्रयोग से जब द्वित्व होगा उस समय प्रतिशब्द की वीप्सा में वृत्ति न होने के कारण समास के अभाव में वाक्य साधु है । वृत्ति में द्विर्वचन तो नहीं है, क्योंकि समास ही वीप्सा का द्योतक है, ऐसा हयवरट् सूत्र में कैयट ने कहा है । वीप्सा प्रति से उक्त हो चुकी है यह उसका तत्त्व है । शक्तिमनतिक्रम्येति । 'परावरयोगे च' से यहाँ क्त्वा प्रत्यय है । परावरत्व बुद्धिस्थ समझना । हरेः सादृश्यमिति । हरि टा सह यह अलौकिक विग्रह है । वक्ष्यमाणेनेति । यहाँ सूत्र का न लिखना विचित्रता के लिये है । जैसे उत्तर सूत्रों में किये हुये पदों का अपकर्ष पूर्व सूत्रों में विचित्रता के लिये होता है, उसी प्रकार यहाँ भी समझना अर्थात् अग्रिम सूत्र से यहाँ साधु होता है ।

'अनुज्येष्ठं कार्यं कृतम्, अनुज्येष्ठं प्रणमति' इत्यादौ करणत्वेनान्वयात्परिनिष्ठितविभक्त्या समासमभिप्रेत्याह–ज्येष्ठस्यानुपूर्व्येणेति । आनुपूर्व्यं क्रमः । पूर्वं क्रमेणेत्यनुपूर्वमिति सूत्रगृहीताव्ययेनाप्यनुना समासः, एतस्मात्सूत्रप्रयोगात् ।

अनुज्येष्ठं कार्यं कृतम्, अनुज्येष्ठं प्रणमति इत्यादि में करण से अन्वय होने के कारण परिनिष्ठित विभक्ति से समास को स्वीकार कर कहते हैं–ज्येष्ठस्यानुपूर्व्येणेति । आनुपूर्वी का अर्थ क्रम है । पूर्व क्रम से यह अनुपूर्वम् का अर्थ है । इस सूत्र के प्रयोग से सूत्रगृहीत अव्यय अनु के साथ समास होता है ।

युगपच्छब्देन तु न समासः, सूत्रगृहीतत्वात् । उभयत्रापि स्वार्थे ष्यञ्, तद् ध्वनयन्नाह–चक्रेण युगपदिति ।

गुणभूते इति । व्याख्यानात्सादृश्येति स्वार्थे ष्यञिति भावः । सम्पत्तिसमृद्धयोः पर्यायत्वमाशङ्क्याह–ऋद्धेरिति । धनधान्यादेरित्यर्थः । अनुरूपो योग्य आत्मनः समस्यमानोत्तरपदस्य भावः प्रवृत्तिनिमित्तं क्षत्रत्वादिः सम्पत्तिरित्यर्थः । सक्षत्रमित्यस्य क्षत्रियाणां योग्यं क्षात्रमित्यर्थः ।

युगपत् शब्द के साथ तो समास नहीं होता है, इसमें सूत्रागृहीत ही कारण है। दोनों जगह स्वार्थ में ष्यञ् प्रत्यय है, उसी को प्रकट करते हैं—चक्रेण युगपदिति ।

गुणभूते इति । व्याख्यान से सादृश्य से स्वार्थ में ष्यञ् प्रत्यय है। सम्पत्ति और समृद्ध को पर्याय की आशंका कर कहते है—ऋद्धेरिति । धनधान्यादि को वृद्धि कहते हैं। अनुरूप का अर्थ आत्मा के अनुरूप समास को प्राप्त उत्तरपद का भाव प्रवृत्तिनिमित्त क्षत्रत्वादि है, उसी को सम्पत्ति कहते हैं। सक्षत्रम् इसका क्षत्रियों के योग क्षात्र अर्थात् वीरत्वादि है यह इसका अर्थ है।

तृणमपि इति । साकल्यबोधकाव्ययेन समासः । समासस्य नित्यत्वादस्वपदविग्रहो दर्शितः । तृण टा सहेत्यलौकिकम् । अपरित्यज्येति । 'परावरयोगे च' (३।४।२०) इति क्त्वा । तद्योगश्च बौद्धः । न त्वत्रेति । 'तृणेन सह भुङ्क्ते' इतिबोधोत्तरं यस्तृणानि भक्षयेत्स कथमन्यत्परित्यजेदिति प्रतीतेः सकलं भोज्यमत्तीत्यत्रैव तात्पर्यादिति भावः ।

तृणमपि इति । साकल्यबोधक अव्यय से समास है। नित्य समास होने के कारण अस्वपद विग्रह दिखलाया है। नित्य समास में विग्रह में अन्य पद तथा समास अन्य पद होता है उसी का नाम अस्वपद विग्रह है। तृण टा सह यह लौकिक विग्रह है। अपरित्यज्येति । परावरयोगे च से क्त्वा प्रत्यय है। उसका योग बौद्ध है। न त्वत्रेति । 'तृणेन सह भुङ्क्ते' तृण के साथ खाता है इस बोध के साथ जो तिनका भी खा सकता है वह और किसी चीज को कैसे छोड़ सकता है। इस ज्ञान के बाद सम्पूर्ण भोज्य को खाता है, यह उसका अर्थ है। यहाँ तृण भक्षण में तात्पर्य नहीं है किन्तु पत्तल में जो भोज्य पदार्थ है उसको खा लेता है।

अग्निग्रन्थपर्यन्तमिति । बहुव्रीहौ द्वितीयान्तं, ग्रन्थोऽन्यपदार्थः । अधीत इत्यस्य तु न समासेऽन्तर्भावो मानाभावात् । अन्त्यत्वं साहित्यञ्च सहार्थः । अन्त्याग्निग्रन्थसहितमिति बोधः । 'अग्नि टा सह' इत्यलौकिकम् न च 'तदधीते' (४।२।५९) इत्यणप्रसङ्गो, वैकल्पिकत्वात् ।

अग्निग्रन्थपर्यन्तमिति । यह बहुव्रीहि समास में द्वितीयान्त है। ग्रन्थ अन्य पदार्थ है। अधीते का समास में अन्तर्भाव नहीं है क्योंकि अन्तर्भाव होने में कोई प्रमाण नहीं है। अन्त्यत्व और साहित्य यह सह का अर्थ है। अन्त्य अग्नि में ग्रन्थ

के साथ पढ़ा है यह बोध है। 'अग्नि टा सह' यह अलौकिक विग्रह है। विकल्प होने के कारण तदधीते मे यहाँ अण् प्रत्यय नहीं होता है।

यथाऽसा (२।१।७)। असादृश्ये इति च्छेदः, तत्रैव वर्त्तमान इत्यर्थः। तथा हर इति। तथाशब्दस्य सादृश्यार्थकत्वेऽपि न समासः। सदृश इत्युक्ते नियमेन प्रतियोग्याकाङ्क्षादर्शनात्सादृश्यप्रतियोगिवाचकेनैव तद्बोधकाव्ययस्य समासात्। द्योतयतीति। सामान्यस्य भेदको यो विशेषस्तद्रूपे प्रकारे थालिति यद्विशेषवान् हरिस्तद्विशेषवदभिन्नो हर इति बोधे यत्तच्छब्दाभ्यां तयोरेकत्वावगमेऽर्थादुपमानत्वप्रतीतेरिति भावः। सूत्रेऽपि सादृश्यशब्देनोपमानत्वमेव। थाल्सूत्रे सादृश्यस्य प्रकारशब्देन ग्रहणे य सादृश्यवान्हरिस्तत्सादृश्यवान्हर इत्येव बोधः स्यान्न तु हरिसदृशो हर इति।

यथाऽसा। असादृश्येइतिच्छेदः, इसका अर्थ है – असादृश्य में विद्यमान। तथा हर इति। सादृश्य होने पर तथा शब्द से समास नहीं होता है। सदृश कहने पर नियम से प्रतियोगी की आकांक्षा होती है। सादृश्य का जो प्रतियोगी उसके वाचक के साथ उसके बोधक अव्यय से समास होया है (सादृश्य का एक प्रतियोगी होता है और दूसरा अनुयोगी, जिसका सादृश्य होता है उसका प्रतियोगी होता है और जिसमें सादृश्य होता है वह अनुयोगी होता है। जैसे चन्द्रमुख में चन्द्र का सादृश्थ मुख में है इसलिये सादृश्य का प्रतियोगी चन्द्र है और अनुयोगी मुख है।) द्योतयतीति। सामान्य का भेदक जो विशेष उसके प्रकार होने पर 'थाल्' होता है। जिस विशेषता वाला हरि शब्द है उस विशेषता वाले से अभिन्न हर है' इस प्रकार के बोध में यत् तत शब्द से उन दोनों में एकता की प्रतीति होती है अर्थात् यहाँ पर हर उपमान है सूत्र में भी सादृश्य शब्द उपमान का वाचक है। थाल् विधायक सूत्र में प्रकार शब्द से सादृश्य शब्द के ग्रहण करने पर जिस सादृश्य वाला हरि है उसी सादृश्य वाला हर है, यह बोध होता है। हरि के सदृश हर है ऐसा बोध नहीं होता है।

भाष्य नुसारिणस्तु– यथाऽसादृश्ये' (२।१।६) इत्य यथाशब्दः सुबन्तेन समस्यते, सादृश्ये द्योत्य नेत्यर्थः। यथाशक्ति, यथाबलम् इत्य द्युदाहरणम्। अत एव भाष्य 'असादृश्ये इति किमर्थं यथा देवदत्तास्तथा यज्ञदत्त.' इत्युक्तं, न तु सूत्रमेव

किमर्थमित्युक्तम् । यथार्थत्वेन तु न सिद्धिः । सूत्रगृहीताव्ययेन तेनासमासात् । अत्र चेदमपि ज्ञापकम् । न च प्रकारवचने थाला निष्पन्नस्य यथा-शब्दस्य सर्वथा सादृश्यद्योतकत्वेन सूत्रोदाहरणासम्भव इति सूत्रं व्यर्थमिति वाच्यम् । अत्र सूत्रे अव्युत्पन्नस्य वीप्सा-योग्यता-पदार्थानतिवृत्तिबोधकस्यैव ग्रहणेनादोषात् । 'यथाशक्ति' इत्युदाहरणे तदर्थक एव सः ।

भाष्यानुसारी इसकी इस प्रकार व्याख्या करते हैं 'यथासादृश्ये' सूत्रस्थ यथाशब्द सुबन्त से समास को प्राप्त करता है । सादृश्य की प्रतीति में समास नहीं होता है । यथाशक्ति यथाबलम् इत्यादि इसके उदाहरण हैं । इसीलिये भाष्य में असादृश्ये का ग्रहण किसलिये है ? जैसा देवदत्त वैसा यज्ञदत्त ऐसा कहा है, सूत्र ही किसलिये है ? ऐसा नहीं कहा है । यथा के अर्थ से सिद्धि नहीं हो सकती है । सूत्र में गृहीत अव्यय के साथ वह समास नहीं करता है, इसमें यह सूत्र ही ज्ञापक है ।

यहाँ शंका करते हैं कि—प्रकारार्थ में निष्पन्न 'थाल' से यथाशब्द को सादृश्यद्योतक होने के कारण सूत्र का उदाहरण होना संभव नहीं है । इसलिये यह सूत्र व्यर्थ है । इसका उत्तर देते हुये कहते हैं कि—इस सूत्र में अव्युपन्न वीप्सा-योग्यता-पदार्थानतिवृत्ति बोधक यथाशब्द का ग्रहण है इसलिये दोष नहीं है । यथाशक्ति उदाहरण में पदार्थानतवृत्ति अर्थ वाला ही है ।

यद्यपि-'यथाशब्द उपमानत्वं द्योतयति' इति सकलाभियुक्तोक्तेर्यद्विशेषवानित्यादिप्रागुक्तबोधोत्तरम् उपमानदेवदत्ताभिन्न उपमेयो यज्ञदत्त इति बोधः । गृहीतविशेषधर्म एव च साधारणधर्मः । लक्षणामूलकव्यञ्जनाजन्यबोधस्थले इवोभयोः शाब्दत्वं सुवचम् । अत एवोपमानोपमेययोः समानविभक्तिकत्वसिद्धिः । एवञ्च पूर्वपदार्थप्राधान्याभावेन नात्राव्ययीभावप्रसक्तिः,-तथापि प्रसिद्धत्वात्प्रकारवचनस्यैवात्र ग्रहणे तत्सामर्थ्याद् 'द्विमुनि' इत्यादाविव तदभावेऽपि समासः स्यात्,-अतोऽसादृश्ये इति सूत्रे कृतम् । तत्र कृते तु तद्भिन्नस्याव्युत्पन्नस्यैवात्र सूत्रे ग्रहणम् । न च यथाबलमित्याद्युदाहरणे प्रकारवाचिथालन्तस्यैव ग्रहणमस्तु, सादृश्यसम्पत्तीत्यनेन च समासोऽस्तु इदं सूत्रञ्च मास्तु, पूर्व-

सूत्रे यथाग्रहणञ्च मास्त्विति वाच्यम् । एतत्सूत्रारम्भसामर्थ्येन तत्र तदप्रयोगात् । तत्रार्थे साधोरन्यत्रार्थेऽसाधुत्वापत्तेश्च ।

यद्यपि 'यथाशब्द उपमान का द्योतन करता है' यह सभी विद्वानों का मत है । जिस विशेषता वाला इत्यादि पूर्व कथित बोध के बाद उपमान देवदत्त से अभिन्न उपमेय यज्ञदत्त है । ऐसा बोध होता है । गृहीत विशेष धर्म ही साधारण धर्म है । लक्षणामूलक व्यंजनाजन्य बोध में दोनों ही अर्थ शब्दजन्य होते हैं जैसे कि

"साधयन्ती सखि सुभगं, क्षणे क्षणे दूनासि मत्कृते ।
सद्भावस्नेहकरणीयसदृशं तावद्विरचितं त्वया ।।"

(मेरे लिये, मेरे पति को अनुकूल करने के लिए क्षण प्रतिक्षण खिन्न होती हो । सखी के कर्त्तव्य को तुमने स्नेह सदृश पालन किया) इस उदाहरण में 'मेरे पति के साथ रति करके तुमने शत्रुता प्रकट की है' यह अर्थ लक्ष्य है । लक्ष्य अर्थ के पश्चात् मेरा पति व्यभिचारी है, इस व्यंग्य अर्थ की प्रतीति होती है । इसलिये उपमान और उपमेय में एक ही विभक्ति होती है । इस तरह पूर्व पदार्थ के प्रधान के अभाव में अव्ययीभाव की प्राप्ति नहीं है । फिर भी प्रसिद्ध होने से यहाँ प्रकार वचन के ग्रहण करने से उसके सामर्थ्य से द्विमुनि इत्यादि की तरह पूर्वपद के प्रधान न होने पर भी समास हो जाता है । इसलिये सूत्र में असादृश्ये कहा । उक्त सूत्र में असादृश्य का ग्रहण करने से उससे भिन्न अव्युत्पन्न का ही सूत्र में ग्रहण है । अब यहाँ शंका करते हैं कि यथाबलम् इस उदाहरण में प्रकार वाची 'थाल्' प्रत्ययान्त का ही ग्रहण हो, सादृश्य सम्पत्ति से समास हो जायेगा । इस सूत्र की कोई आवश्यकता नहीं है । पूर्व सूत्र में यथाग्रहण करने की भी कोई आवश्यकता नहीं है । इस शंका का समाधान करते हुये कहते हैं—इस सूत्र के आरम्भ करने से उस स्थल में उसका प्रयोग नहीं होता है । इस अर्थ में सिद्ध करने पर अन्य अर्थों में असाधुता आ जायेगी ।

इदमेव सूत्रमव्युत्पन्नस्य तदर्थकस्य यथाशब्दस्य सत्त्वेन मानम् । तथा च भाष्ये 'असादृश्ये इत्युच्यते, तत्रेदं न सिद्ध्यति-यथाशक्ति यथाबलम् प्रकारे यस्थाल् तदन्तस्य सादृश्य एव वृत्तेः' इत्याशङ्क्य वीप्सादिवाचिनोऽत्र सूत्रे, यथाबलमित्युदाहरणे च ग्रहणमित्यर्थकोक्त्यनन्तरम् 'अथ यः प्रकारवचने थाल् तदन्तस्य ग्रहणं कस्मान्न भवति, पूर्वेण प्राप्नोति सादृश्यसम्पत्तीति' इति पूर्वपक्षिणोक्ते 'प्रतिषेधवचनसामर्थ्यान्न भविष्यति'

इत्युत्तरितम् । नानेन भाष्येण प्रकृतसूत्रे प्रकारवचनथालन्तस्य ग्रहणं शङ्क्यते इति वक्तुं युक्तम् । असादृश्ये इत्यस्य सूत्रे श्रवणात् । यद्यपि तद्विस्मरणेनायं पूर्वपक्ष इत्यपि वक्तुं शक्यम् । तथापि पूर्वेण प्राप्नोतीत्यादेरसङ्गतिः । तस्मादुदाहरणे थालन्तस्य ग्रहणं तत्र सादृश्यार्थकेन समासं कृत्वाऽन्यत्रार्थे प्रयोगे बाधकाभाव इत्यभिमानेनार्थघटितं साधुत्वमित्यजानतोऽव्युत्पन्नसत्त्वे मानञ्चापश्यतः शङ्केयमिति युक्तम् । प्रतिषेधवचनेत्यस्य प्रतिषेधयुक्तैतद्वचनसामर्थ्यादित्यर्थः । एवञ्चाव्युत्पन्नतत्सत्त्वेऽर्थघटितं साधुत्वमित्यत्र चैतदेव मानमिति भावः ।

यही सूत्र अव्युत्पन्न पूर्वोक्त अर्थ वाले यथाशब्द के ग्रहण में प्रमाण है । जैसा कि भाष्य में पूर्वपक्षी ने कहा कि असादृश्ये कहते हैं । उसके कहने से यथाशक्ति एवं यथाबलम् की सिद्धि नहीं होगी । प्रकार में जो थाल् है तदन्त यथाशब्द की सादृश्य में ही वृत्ति है, ऐसी आशंका करके इस सूत्र में वीप्सावाची और यथाबलम् में भी वीप्सावाची का ग्रहण है, ऐसे अर्थ वाली उक्त के बाद 'थाल्' प्रत्ययान्त का ग्रहण क्यों नहीं होता है, सादृश्य सम्पत्ति अर्थ में पूर्व सूत्र से प्राप्त है । इसका उत्तर देते हुये कहते हैं 'निषेध वचन के सामर्थ्य के कारण नहीं होगा, इस भाष्य से प्रकृत सूत्र में प्रकार वाची थाल् प्रत्ययान्त के ग्रहण की शंका की है । यह कहना भी उचित नहीं है । क्योंकि सूत्र में असादृश्ये का श्रवण है । यद्यपि उस विषय के विस्मरण से यह पूर्व पक्ष है, ऐसा भी कह सकते हैं तो भी पूर्व से प्राप्त होता है इत्यादि वचन की असंगति हो जायेगी । उदाहरण में थाल् प्रत्ययान्त का ग्रहण है, वहाँ सादृश्यार्थक के साथ समास करके अन्य अर्थ वाले प्रयोग में कोई बाधक नहीं है । इस अभिमान से अर्थ से युक्त साधुत्व है । इस वाक्य को न जानते हुये और अव्युत्पन्न के होने में प्रमाण को न देखते हुये यह शंका है— यह कहना ठीक है । प्रतिषेध वचन का अर्थ है प्रतिषेध युक्त इस वचन के होने से । इस प्रकार से अव्युत्पन्न उस शब्द की सत्ता में और अर्थघटित साधुत्व है । इन दोनों में यही प्रमाण है ।

यत्तु–प्रतिषेधेति प्रतीकमुपादाय 'यथार्थे यदव्ययमिति पूर्वेणैव सिद्धे समासे सादृश्यप्रतिषेधार्थत्वादस्यारम्भस्य' इति कैयटः, तन्न । सूत्रगृहीताव्ययेन तेन सूत्रेणासमासात् । नियमत्वापेक्षयैतदर्थज्ञापकत्वस्यैवोचितत्वात् । तत्र सूत्रे यथार्थशब्देन सादृश्या-

ग्रहणाच्च । अत एव तत्र सूत्रे सादृश्यग्रहणं चरितार्थम् । अत एव भगवता 'सादृश्यसम्पत्तीति प्राप्नोति' इत्युक्तम् । न च सादृश्यग्रहणं गुणभूतसादृश्यग्रहणार्थम् । लक्ष्यानुरोधेन प्रधानन्यायाप्रवृत्त्योभयत्रापि तेन सिद्धेः । यथा योग्यतायां यथार्थत्वेऽपि रूपस्य योग्यमनुरूपमित्यादौ तद्वदर्थकेनापि समासस्तद्वत् । पूर्वसूत्रे यथार्थग्रहणं तदर्थकान्याव्ययग्रहणार्थम् । एवञ्च यथाशक्तीति एतदुदाहरणमेवेति भाष्ये स्पष्टम् । वीप्सादावपि यथाशब्देन समासो भवत्येव । 'यदव्युत्पन्नं वीप्सावाचि तस्येदं ग्रहणम्' इति भाष्यात् । एवञ्च स्पष्टमेवोपक्रमोपसंहाराभ्यामस्य सूत्रस्य विधित्वं भाष्याल्लभ्यते । अत्र सूत्रे यथाशब्देन यथार्थस्य न ग्रहणं मानाभावात् । पूर्वसूत्रे तु (१) वचनग्रहणात्तथा, विभक्तिशब्देनेव (२) त्याहुः ।

जो कि—प्रतिषेधेति इस प्रतीक को लेकर 'यथा के अर्थ में जो अव्यय है वहाँ पूर्व सूत्र से ही समास सिद्ध है। इस सूत्र का निर्माण सादृश्य प्रतिषेध के लिये है'। यह कैयट का मत है परन्तु यह उचित नहीं है। वह सूत्र सूत्रगृहीत अव्यय के साथ समास नहीं करता है। नियम की अपेक्षा इस अर्थ का ज्ञापन करना ही उचित है और उस सूत्र में यथा शब्द से सादृश्य का ग्रहण भी नहीं है। इसलिये उस सूत्र में सादृश्य का ग्रहण चरितार्थ है। इसीलिये भाष्यकार ने सादृश्यसम्पत्तीति प्राप्नोति कहा। वहाँ पर सादृश्य का ग्रहण गुणीभूत सादृश्य के लिये है। यह कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि लक्ष्य के अनुरोध से प्रधानाप्रधानयोः इत्यादि न्याय की अप्रवृत्ति से प्रधान तथा अप्रधान दोनों में उसकी प्रवृत्ति होती है। जैसे योग्यता के यथार्थ होने पर भी अनुरूपम् इस लक्ष्य में (रूपस्य योग्यम्) इस विग्रह में अनुरूप इत्यादि में उस प्रकार के अर्थ वाले से भी समास जैसे होता है उसी तरह पूर्व सूत्र में यथार्थ का ग्रहण उस अर्थ वाले अन्य अव्ययों के ग्रहण के लिये है। इसी प्रकार यथाशक्ति यह भी उदाहरण है। यह भाष्य में स्पष्ट है। वीप्सा इत्यादि में भी यथाशब्द मे समास होगा ही। जो अव्युत्पन्न वीप्सा वाची है। उसका यह ग्रहण है ऐसा भाष्य में कहा। इसी प्रकार उपक्रम और उपसंहार से यह सूत्र विधायक है। यह स्पष्ट ही भाष्य से प्राप्त होता है। इस सूत्र में यथाशब्द से यथार्थ के अर्थ वालों का ग्रहण नहीं है क्योंकि उनके ग्रहण करने में कोई प्रमाण नहीं है। पूर्वसूत्र में वचनग्रहण यथा के अर्थ वालों का ग्रहण होता

है विभक्ति शब्द की तरह ।

यावदव (२।१।८) सङ्ख्यादिनेयत्तापरिच्छेदोऽवधारणम् । तद्बोधकं यावदित्यव्ययं समस्यते इत्यर्थः । अवधारणे किम् ? यावद्दत्तं तावद् भुक्तम् । कियद् भुक्तमिति नावधारयामीत्यर्थः ।

यावदव । संख्या आदि के द्वारा इतने का मान करना अवधारण है । अर्थात् संख्या या माप इत्यादि के द्वारा किसी वस्तु, स्थान आदि का परिमाप निश्चित करना । उसका बोधक यावत् अव्यय को प्राप्त होता है । जितना दिया उतना खाया । यहाँ संख्या आदि का निर्धारण नहीं है अर्थात् कितना खाया निश्चित नहीं होता ।

सुप्प्रतिना (२।१।९) । मात्राशब्दोऽल्पपर्यायः । पुनः सुब्ग्रहणमव्ययनिवृत्त्यर्थम् । अन्यथा 'दोषामन्यमहः' इत्यादौ दोषादीनां वृत्तिविषये (१) सत्त्वप्रधानतादर्शनात्तादृशाव्ययेनैव समासः स्यात् ।

सुप्प्रतिना । मात्रा शब्द अल्पवाचक है । फिर सुप् का ग्रहण अव्यय की निवृत्ति के लिये है । सुप् के अभाव में 'दोषामन्यमहः' (दिन को रात्रि समझना) इत्यादि में दोषादिकों की वृत्ति के विषय में सत्त्वप्रधानता देखने से (अर्थात् लिङ्ग और संख्या का अन्वय होने से) उसी प्रकार के अव्ययों के साथ समास होता ।

वृक्षं प्रति इति । लक्षणे प्रतिः । कर्मप्रवचनीयत्वन्तु प्रतेः 'गतिर्गतौ' (८।१।७०) इति निघाताभावयेत्याहुः ।

वृक्षं प्रति इति । लक्षण अर्थ में प्रति है । प्रति की कर्मप्रवचनीय संज्ञा तो 'गतिर्गतौ' से निघात के अभाव के लिये है अर्थात् गति संज्ञा का बाध हो जाता है ।

अक्षशाला (२।१।१०) समस्यन्ते इति शेषः । पराजय एवेति । पञ्चिका नाम द्यूतं पञ्चभिः कपर्दैर्भवति । तत्र यदि सर्वे उत्ताना अवाञ्चो वा पतन्ति, तदा पातयिता जयति, अन्यथा जीयते । विपरीतवर्त्तने कर्तृत्वेनाक्षादेस्तृतीया । वृत्तौ परे (२) स्तदर्थः । 'अक्ष ङस् परि' इत्यलौकिकम् । नित्यसमासत्वादस्वपदविग्रहः । वैपरीत्यञ्च जयापेक्षयेति भावः । अक्षेणेति । अक्षाभ्यां विपरीतं वृत्तामित्याद्यर्थे न समासो (३)

ऽनभिधानात् । अक्षत्वेनैकाक्षबोधे एवास्य साधुत्वम्, न तु तेन रूपेणानेकाक्षबोधे । एकत्वादिना बोधस्तु वृत्तौ नास्त्येवेति भाष्ये स्पष्टम् ।

अक्षशला । इसका शेष समस्यन्ते है । पराजय एवेति । (पराजय में ही होता है) पाँच कौडियों से खेला जाने वाला जुआँ पञ्चक कहलाता है। वहाँ यदि सभी पाँचों कौडियाँ चित्त या पट्ट गिरती हैं तो डालने वाला जीत जाता है अन्यथा दूसरों द्वारा जीता जाता है अर्थात् हार जाता है । विपरीत व्यवहार में कर्त्ता होने से अक्ष आदि से तृतीया होती है। वृत्ति में पर शब्द का विपरीतवर्तन अर्थ है । 'अक्ष ङस् परि' यह अलौकिक विग्रह है । नित्य समास होने के कारण यह स्वपद विग्रह है । जय की अपेक्षा पराजय ही वैपरीत्य है । अक्षेणेति । दो अक्षों से विपरीत हो गया इत्यादि अर्थ में अनभिधान न होने के कारण समास नहीं है । अक्षत्व रूप से एक अक्ष के बोधन से ही इसकी साधुता है। उस रूप से अनेकार्थबोधन में समास नहीं होता है। वृत्ति में एकत्वेन बोध तो नहीं है है, ऐसा भाष्य में स्पष्ट है ।

विभाषा (२।१।१) । यद्यपि एकार्थीभावे समासस्य, व्यपेक्षायां वाक्यस्य च सिद्धेरिदं व्यर्थम् । एकार्थीभावे एव समाससञ्ज्ञादिविकल्पस्तु (४) नेष्यते । एवं समासनिषेधसूत्राणि, 'नित्यं क्रीडा' (२।२।१७) इत्यत्र नित्यग्रहणञ्च व्यर्थम् । निषेधविषये एकार्थीभावाभावेन समासाप्राप्तेः । नित्याधिकारविषयेऽस्याभावेन वाक्याप्राप्तेश्च, तथापि लक्षणैकचक्षुष्कान् मन्दान् प्रति क्वैकार्थीभावो नित्यः, क्व पाक्षिकः, क्व नास्त्येवेत्यर्थबोधनार्थं सर्वमावश्यकम् । ध्वनितं चेदं 'समर्थानाम्' (४।१।८२) इति सूत्रे भाष्ये । लक्ष्यैकचक्षुष्कं प्रति 'समर्थः' (२।१।१) इति सूत्रे भाष्ये तत्प्रत्याख्यातम् । एवञ्च विशेषणीभूतैकार्थीभावस्य विकल्पादिबोधकानीमानि । अत एव 'पारेमध्ये' (२।१।१८) इति सूत्रे भाष्ये एकया वृत्तिर्विभाषा, परया वृत्तिविषयेऽनित्योऽपवादः' इत्युक्तम् । तत्र वृत्तिरेकार्थीभावः ।

विभाषा । यद्यपि एकार्थीभाव में समास तथा व्यपेक्षा में वाक्य के होने से विकल्प सिद्ध ही था, अतः यह सूत्र व्यर्थ है । एकार्थीभाव में समास संज्ञा का

विकल्प इष्ट नहीं है। क्योंकि संज्ञा के भाव और अभाव दोनों एक ही स्थान में नहीं होते हैं। इसी प्रकार समास के निषेध करने वाले सूत्र और 'नित्यं क्रीडाजीविकयोः में नित्य ग्रहण व्यर्थ ही है। निषेध के विषय में एकार्थीभाव के अभाव से समास की प्राप्ति नहीं है। नित्याधिकार के विषय में इसके अभाव से वाक्य की प्राप्ति भी नहीं है तो भी सूत्र के अनुसार चलने वाले सामान्य बुद्धि वालों के लिये कहाँ एकार्थीभाव नित्य है, कहाँ पाक्षिक है, और कहाँ नहीं है, इस बात का ज्ञान कराने के लिये सभी आवश्यक है। 'समर्थानाम्' सूत्र के भाष्य में यह स्पष्ट है। प्रयोगानुसार चलने वालों के लिये तो इस सूत्र की आवश्यकता नहीं है। भाष्य में इसका प्रत्याख्यान कर दिया है। विशेषण को प्राप्त ही एकार्थीभाव के विकल्प के लिये बोधक है इसीलिये पारेमध्ये षष्ठ्यावा इस सूत्र के भाष्य में एक से वृत्ति की (समास) का विकल्प और दूसरी के द्वारा समास के विषय में अनित्य है, वहाँ समास का अर्थ एकार्थीभाव है।

एतत्सार्थ्यादिति । अत्रैतत्करणात् प्राक् तदसम्बन्धेन तद्विषये एकार्थीभावस्य नित्यत्वमिति भावः । नन्वेवं 'सुप्सुपा' इत्यस्यापि नित्यतापत्तिः । एवञ्च भाष्ये, सुप्सुपेत्युदाहरणभूते 'विस्पष्टपटुः' इत्यत्र विस्पष्टं पटुरितिविग्रहदर्शनासङ्गतिरत आह-सुप्सुपेति त्विति । एतत्समासानुवादेनैवाव्ययीभावादिसञ्ज्ञाविधानेन सिद्धे पुनस्तैः समाससञ्ज्ञाविधाने तदनित्यत्वज्ञापकम् । 'उपपदमतिङ्'(२।१।१९)'कर्तृकरणेकृता'(२।१।३) 'आख्यातमाख्यातेन'(का०वा०)इत्यादावुद्देश्याप्रसिद्ध्या 'अनेकमन्यपदार्थे'(२।२।२४) इत्यादौ त्र्यादिपदघटितसमासरूपोद्देश्याप्रसिद्धया तेषु समाससञ्ज्ञाविधानस्यावश्यकत्वेनार्थाधिकारानुरोधात्सर्वत्र (१)तस्य विधेयसमर्पकत्वम् । 'प्रथमानिर्दिष्टम्'(१।१।४३) इतिसूत्रे 'समासे' इत्यस्य समासत्वव्याप्यसञ्ज्ञाविधायके लक्षणयाऽव्ययादीनामुपसर्जनत्वं साधयितुं शक्यमिति न तदर्थं समाससञ्ज्ञाविधानं चरितार्थमिति भावः । विग्रहप्रदर्शनपरोक्तभाष्यादपि तस्यानित्यत्वं बोध्यम् ।

एतत्सार्थ्यादिति । इस सूत्र के यहाँ करने से इससे पूर्व विभाषा का सम्बन्ध न होने से वहाँ एकार्थीभाव नित्य है अर्थात् इससे पूर्व के सूत्र नित्य समास करते हैं। उक्त अर्थ स्वीकार करने से इससे पूर्व समास करने वाला सुप्सुपा भी नित्य

हो जायेगा। उस के नित्य मानने पर सुप्सुपा के उदाहरण "विस्पष्टपटुः" यह विग्रह प्रदर्शन असंगत हो जायेगा। क्योंकि नित्य समास में अस्वपद विग्रह होता है। सुप्सुपेति त्विति। इस सूत्र से समास के अनुवाद से ही अव्ययीभावादि संज्ञा के करने से सिद्ध था फिर उन-उन सूत्रों से समास संज्ञा का करना उसके अनित्यत्व का बोधक है। 'उपपदमतिङ्' 'कर्तृकरणेकृता' 'आख्यातमाख्यातेन' इत्यादि सूत्रों की अप्रसिद्धि होने से तथा अनेकमन्यपदार्थे इत्यादि में तीन रूप पद वाली समास की उद्देश्य की अप्रसिद्धि होने से उन सूत्रों में समास संज्ञा करने की आवश्यकता होने से और अर्थाधिकार के अनुरोध से सब जगह उसको विधेय समझना। प्रथमानिर्दिष्टम् इस सूत्र में समासे का समासत्व से व्याप्य संज्ञा के विधायक लक्षणा से अव्यय की उपसर्जन संज्ञा सिद्ध करने के लिये संभव है। इस-लिये उनके लिये समास संज्ञा का विधान चरितार्थ नहीं कह सकते। विग्रह प्रदर्शन परक उक्त भाष्य से उसका अनित्यत्व जानना चाहिये।

लक्षणेनाभिप्रती (२।१।१४) ॥ अभिप्रती आभिमुख्यस्याग्नेर्ज्ञापकत्वसम्बन्धेनान्वयस्य च द्योतकौ। अग्निज्ञाप्यं शलभकर्त्तृकं पतनमिति बोध उदाहरणे। तथाबोधे चाग्न्यभिमुखत्वं शलभपतनस्य लोकप्रसिद्धया मनसा गृह्यते इत्याभिमुख्यद्योतकताऽभिशब्दस्य।

लक्षणेनाभिप्रती। अभि और प्रति यह दोनों अग्नि का ज्ञापकत्व सम्बन्ध से आभिमुख्य के द्योतक हैं। अग्नि से ज्ञाप्य शलभकर्ता वाला पतन यह बोध होता है। उस प्रकार के बोध होने पर अग्नि के सन्मुख शलभों का पतन लोक-प्रसिद्ध होने से मन से ग्रहण होता है। यह अभिमुख शब्द की अभिशब्द की द्योतकता है।

अग्निज्ञाप्यं शलभकर्तृकं प्रत्यासत्त्याऽग्न्यभिमुखं पतनमिति बोध इत्यन्ये। कर्मप्रवचनीयद्योत्यसम्बन्धेनान्वयाद्वाक्ये द्वितीया, तदाह-अग्निमभीति। लक्षणेनेति किम् ? स्रुघ्नं प्रतिगतः। (१) स्रुघ्नादागतस्तमेव प्रतिनिवृत्त इत्यर्थः। आभिमुख्ये किम्? वृक्षं प्रति विद्योतते' इत्यादावाभिमुख्यद्योतनाभावे समासो मा भूदिति। अस्य समासस्य वैकल्पिकत्वेन पक्षे कर्मप्रवचनीयत्वं चरितार्थम्। अभिप्रती इति किम् ? अग्नेः सम्मुखं शलभाः पतन्तीत्यर्थे सांमुख्यार्थकसंशब्देन लक्षणत्वसम्बन्धेनान्वये समासो मा भूदिति।

अग्नि से ज्ञाप्य शलभ कर्ता वाला सामीप्य से अग्नि के सम्मुख गिरना इस प्रकार का बोध वही मानते हैं। कर्मप्रवचनीय से द्योत्य सम्बन्ध से अन्वय होने से वाक्य में द्वितोया हैं, वैसा कहा है अग्निमभीति । लक्षणेन के अभाव में स्रुघ्नं प्रतिगतः में भी समास हो जाता। स्रुघ्न से आया है वहाँ पर ही लौट के चला गया। यहाँ पर द्वितीया कर्म में है क्योंकि वह प्रतिनिवृत्त धातु का कर्म है। आभिमुख्य न कहने पर 'वृक्षं प्रति विद्योतते विद्युत्' यहाँ पर आभिमुख्य द्योतन के अभाव में समास न हो। इस समास के विकल्प होने से पक्ष में कर्मप्रवचनीय संज्ञा भी चरितार्थ है। अभिप्रती के ग्रहण न करने से अग्नि के सम्मुख पतंगे गिरते हैं इस अर्थ में 'सम्' शब्द के साथ लक्षणत्व संबन्ध से अन्वय करने पर समास का न होना ही प्रयोजन है।

अनुर्य (२।१।१५)। लक्षणेनेति वर्त्तते। समयेत्यधिकरण-शक्तिप्रधानम्। यदिति सामान्ये नपुंसकं द्वितीयान्तम्। यं पदार्थं समयेत्यर्थद्योतकोऽनुः तेन लक्षणभूतेन तद्वाचकेन समस्यते इत्यर्थ-स्तदाह–यमिति। वनादेर्लक्षणत्वं समीपद्वारा। स्वसामीप्येन हि वनेनाशनिदेशो ज्ञाप्यते। लक्षणत्वन्तु वस्तुसन्निमित्तं, न तु तेन सम्बन्धेनान्वयस्तदाह–वनस्य समीपमिति।

अनुर्य। इस सूत्र में लक्षणेन की अनुवृत्ति होती। समया अधिकरण शक्ति प्रधान है। 'यत्' सामान्य में नपुंसक होने से द्वितीयान्त है। जिस पदार्थ को समया इस अर्थ का द्योतक अनुः लक्षण भूत उसके वाचक के साथ समास को प्राप्त होता है इसलिये कहते हैं यमिति। समीपद्वारा वनादि लक्षण है। सामीप्य सम्बन्ध से वन अशनिदेश को ज्ञापित करता है अर्थात् वन के पास अशनिदेश है। लक्षण वस्तु होते हुये निमित्त है लक्षण सम्बन्ध से अन्वय नहीं होता है वही कहते हैं–वनस्यसमीपमिति।

यस्य दैर्घ्यमिति। यद्दैर्घ्यसदृशदैर्घ्यमित्यर्थः। अत्रापि लक्ष-णत्वं वस्तुसदेव निमित्तं। तद् ध्वनयन्नाह–गङ्गाया अन्विति। तद्द्योत्यसम्बन्धेनान्वयाभावान्न द्वितीया। उपलक्षितेति। विशिष्टेत्यर्थः। दैर्घ्यसदृशदैर्घ्यविशिष्टत्वमनोरर्थः। तथा बोधे च गङ्गायां ज्ञापकत्वस्य गङ्गासमीपं गत इति बोधे च गङ्गायां ज्ञापकत्वस्य नियमेन मनसा बोधादन्यलभ्यत्वेन नात्र (२) तद् अनोर्द्योत्यमिति तात्पर्यम्। तेन सम्बन्धेनान्वये तु 'वनमनु'

'गङ्गामनु' इति द्वितीयैवेति बोध्यम् । 'निवेश्य गङ्गामनु तां महानदीं चमूम्' इति रामायणे प्रयोगात् । वाराणस्याः (३) स्वरूपेण ज्ञातत्वेऽप्यायामवैशिष्ट्येन ज्ञाप्यत्वं बोध्यम् ।

यस्य दैर्घ्यमिति । इसके लम्बाई के समान लम्बाई यहाँ भी लक्षण वस्तु होते हुये ही निमित्त है । उसी को ध्वनित करते हुये कहते हैं—गङ्गाया अन्विति । लक्ष्यलक्षणभाव द्योतकत्व के अभाव से अनु की कर्मप्रवचनीय संज्ञा के अभाव से गङ्गाया में द्वितीया नहीं होती है । उपलक्षितेति । उपलक्षित का अर्थ है विशिष्ट । लम्बाई के सदृश लम्बाई से युक्त यह अनु का अर्थ है । उस प्रकार के बोध में गङ्गा में ज्ञापकत्वका, गंगा के समीप-गया इस बोध में नियम से मन से बोध होने के कारण अन्य से प्राप्त होने के कारण यहाँ पर अनु द्योतक नहीं है । (जहाँ अन्य से प्राप्ति न हो वहाँ शब्द का अर्थ होता है) उस सम्बन्ध से अन्वय करने पर तो वनमनुगंगामनु के योग में द्वितीया ही होगी । 'निवेश्य गङ्गामनु तां महानदींचमूम्' यह बाल्मीकि रामायण के अनु के प्रयोग में द्वितीया दृष्टिगोचर होती है । यद्यपि असी और वरुणा नदी के मध्य को वाराणसी कहते हैं । इस प्रकार स्वरूप से ही ज्ञान होने पर भी दीर्घता के वैशिष्ट्य से ज्ञाप्यत्व जानना ।

तिष्ठद्गुप्र (२।१।१७) ॥ चेनैषां वृत्त्यन्तरे प्रवेशो न । आ तिष्ठद्गु जपेत्सन्ध्यां पश्चिमामाऽयतीगवात् ॥ इति भट्टिश्लोके तिष्ठद्, आ आयतीगवादिति भिन्ने पदे । इह–उक्तोदाहरणद्वये । तत्राद्ये शत्रादेशमात्रम् । प्रथमासामानाधिकरण्यात्तदप्राप्तिः । यद्यपि 'पचन्पुरुषः' इतिवत्सिध्यति, तथाऽप्युपायान्तरमिदम् । समासान्तश्चेति । इदमन्त्ये । चेनान्यपदार्थेऽव्ययीभाव इति बोद्ध्यम् ।

तिष्ठद्गुप्र । चकार से इनका अन्य वृत्ति में प्रवेश नहीं होता है । "गायों के आने से लेकर उनके ठहरने तक सायंकाल की सन्ध्योपासन करना चाहिये" इस भट्टि श्लोक में आतिष्ठद्गु, आ आयतीगवात् यह भिन्न–२ पद है । इन दोनों उदाहरणों में—यहाँ प्रथम उदाहरण में केवल शतृ करना है । प्रथमा के संग सामानाधिकरण्य होने से शतृ की प्राप्ति नहीं है । यद्यपि पचन्पुरुष की तरह सिद्धि हो सकती है तो भी यह दूसरा उपाय है । समासान्तश्चेति । यह दूसरे उदाहरण में आयतीगवात् में है । चकार से अन्य पदार्थ में अव्ययीभाव समास है ।

पक्षे षष्ठीति । अयं भावः–महाविभाषा नैकार्थीभावस्य विकल्प-

बोधिका, वृत्तिश्चैकार्थीभावे नित्येति येन नाप्राप्तिन्यायेनाव्ययीभावस्तत्पुरुषं बाधेत, यथैकदेशिसमासः षष्ठीतत्पुरुषम् इति (१) पक्षे तल्लाभाय पुनर्वाग्रहणमिति ।

पक्षे षष्ठीति । इसका तात्पर्य यह है—महाविभाषा एकार्थीभाव के विकल्प की बोधक नहीं है। एकार्थीभाव में वृत्ति नित्य होती है। येननाप्राप्तिन्याय से अव्ययीभाव तत्पुरुष का बाध कर देता है, जैसे एकदेश समास षष्ठी तत्पुरुष का बाध करता है, पक्ष में उसके (षष्ठी तत्पुरुष) लाभ के लिये फिर 'वा' का ग्रहण किया है।

सङ्ख्येत्यादित्रिसूत्री स्वभावात्समानाधिकरणविषया । वंश इति । एकस्वभावः सन्तानप्रबन्धो वंशः । द्वौ मुनी—पाणिनिकात्यायनौ । त्रिमुनि—भाष्यकृत् तौ च । स्वपदार्थप्राधान्य एवायं समासः । नन्वेवं 'त्रिमुनिव्याकरणम्' इति सामानाधिकरण्यानुपपत्तिरत आह विद्येति। अन्ये तु बहुव्रीहौ त्रिमुनिव्याकरणम्, अव्ययीभावे व्याकरणस्य इति, स्वरभेदश्चेष्ट एवेत्याहुः ।

संख्या इत्यादि त्रिसूत्री स्वभाव से ही समानाधिकरण विषयक है अर्थात् समान विभक्ति में ही इनकी प्रवृत्ति होती है। वंश इति । एक स्वभाव वाले सन्तान परम्परा को वंश कहते हैं। द्वौ मुनी—अर्थात् पाणिनि और कात्यायन । त्रिमुनि—भाष्यकार पतंजलि, कात्यायन और पाणिनि । अपने पदार्थ में प्रधान होने पर ही यह समास होता है। त्रिमुनिव्याकरणम् में समान विभक्ति की अनुपपत्ति है। इसलिये कहते हैं विद्येति । अन्य लोग बहुव्रीहि समास में त्रिमुनि व्याकरण बनता है और अव्ययीभाव में व्याकरणस्य त्रिमुनि इन प्रयोगों में समास भेद से स्वर भेद इष्ट ही है। अर्थात् बहुव्रीहि में पूर्व पद प्रकृति स्वर होता है। और अन्य समासों में 'समासश्च' से अन्तोदात्त होता है।

परे तु विद्यावंशो नाम गुरुशिष्यपरम्परा । न चैतस्य मुनित्रयस्य तत्त्वे मानमस्ति । 'त्रिमुनिव्याकरणस्य' इति यदीष्यते तदेदं तिष्ठद्गुप्रभृतिषु पाठात्साध्यमित्याहुः । मूलं तु वृत्त्यनुसारेण । किञ्च 'न हि त्रिपुत्रो 'त्रिपुत्रव्यपदेशं लभते' इति न्यायेन द्विमुनीति व्यवहारसङ्गतिर्बोध्या । जन्मनोदाहरति—एकविंशतीति । एकविंशतिर्भरद्वाजा वंश्या इति विग्रहः । वृत्तौ 'तृतीया-

सप्तम्योः' [२।४।८४] इतिसूत्रस्थभाष्यप्रयोगात्तत्प्रमाण्येनोपकादि [२] ष्वनयोः पाठाद् 'यञञोश्च' [२।४।६४] इति-लुगभावो बोध्यः।

नागेश कहते हैं कि विद्यावंश तो गुरुशिष्य परम्परा है। मुनित्रय में उस प्रकार के वंश होने का कोई प्रमाण नहीं है। यदि व्यकरणस्य त्रिमुनि प्रयोग इष्ट है तो तिष्ठद्गु में पाठ मानकर सिद्ध कीजिये। मूल तो वृत्ति के अनुसार है। तीन पुत्र वाला दो पुत्र वाले व्यवहार को नहीं प्राप्त करता है। इस न्याय से द्विमुनि यह व्यवहार असंगत है। जन्मवंश का उदाहरण देते हैं—एक विंशतीति। एक विंशतिः भारद्वाजा वंश्याः यह विग्रह है। वृत्ति में 'तृतीयासप्तम्योः' इस सूत्र में स्थित भाष्य के प्रयोग के प्रामाण्य से उपकादियों में इन दोनों का पाठ होने से 'यञञोश्च' यञ् प्रत्यय का लुक् नहीं होता है।

नदीभिश्च (२।१।२०) ॥ अत्र च बहुवचननिर्देशान्न सञ्ज्ञाया ग्रहणं, नापि शब्दस्वरूपस्य। शब्दसञ्ज्ञात्वाच्च। किन्तु नदीत्यर्थग्रहणम्। तेन तद्वाचके सर्वत्र प्रवृत्तिः। एतच्च सङ्ख्या-सञ्ज्ञासूत्रे भाष्ये स्पष्टम्। समाहारे चेति। तत्रैवेत्यर्थः। एवञ्च तदविवक्षायां 'पूर्वकालैक' २।१।४९) इति समासे 'एकनदीतरः' सिद्धिः। अन्यथा समानाधिकरणतत्पुरुषं बाधित्वाऽव्ययीभावे नपुंसकह्रस्वापत्तिः। 'अच् प्रत्यन्वव' (५।४।७५) इतियोगविभाग-सिद्धोऽभियुक्तोक्तः।

गोदावर्याश्च नद्याश्च सङ्ख्याया उत्तरे यदि।

इत्यच् तु न। योगविभागस्येष्टसिद्ध्यर्थत्वाद् भाष्यकृता तदनुक्तेश्चेति भावः।

नदीभिश्च। यहाँ बहुवचन होने से नदी संज्ञा का और स्वरूप का ग्रहण नहीं है। और शब्द संज्ञा होने से भी उन दोनों का ग्रहण नहीं है। किन्तु नदी से अर्थग्रहण करना। नदी के वाचक सभी शब्दों में उसकी प्रवृत्ति होती है। यह संख्या संज्ञा सूत्र के भाष्य में स्पष्ट है। समाहारेचेति। समाहार में ही यह अर्थ है। इस प्रकार समाहार की अविवक्षा में पूर्वकाल से समास करने पर एकनदीतरा भी सिद्ध होता है। अन्यथा उससे समास न करने पर समानाधिकरण तत्पुरुष को बाधकर अव्ययीभाव समास करने पर नपुंसक होने से ह्रस्व होने लगता। 'अच् प्रत्यन्वव'—इस योग विभाग से सिद्ध अभियुक्तों से

कहा—गोदावरी इत्यादि में अच् नहीं होता है। योग विभाग इष्ट सिद्धि के लिये होता है और भाष्यकार ने कहा भी नहीं है।

अन्यपदा (२।१।२१) ॥ सङ्ख्येति निवृत्तम् । नदीग्रहणमनुवर्त्तते । सञ्ज्ञाऽनवगमादिति । सञ्ज्ञेति कर्मण्यङ् । तेन सञ्ज्ञिनो देशविशेषस्यानवगमादित्यर्थः । नित्यसमास इति । तत्सदृश इत्यर्थः । तत्सादृश्यञ्च समाससमानार्थकवाक्याभावेन । समासघटकपदानां विग्रहस्त्वस्त्येव । महाविभाषाया असम्बन्धे मानाभावात् । अत एव 'द्वितीयतृतीय' (२।२।३) इति सूत्रेऽन्यतरस्यांग्रहणेनोत्सर्गापवादयोर्महाविभाषाविषयत्वेऽपवादाभावे उत्सर्गाप्रवृत्तिरित्यर्थे ज्ञापिते 'उन्मत्तगङ्गम्' इत्युदाहृतम् । अव्ययीभावेन मुक्ते बहुव्रीहिर्न' इति चोक्तं भाष्ये । अस्य नित्यत्वे तेन मुक्ते इत्यसङ्गतिः स्पष्टैव । एवमन्यत्रापि बोद्धव्यम् ।

अन्यपदा । संख्या की निवृत्ति हो गयी और नदी ग्रहण की अनुवृत्ति होती है। सञ्ज्ञाऽनवगमादिति । संज्ञा शब्द से कर्म में अङ् प्रत्यय है। उससे संज्ञा वाले देश विदेश के अज्ञान से यह अर्थ है। नित्य समास इति । उसके समान यह अर्थ है। समास समानार्थक वाक्य का न होना ही उनका सादृश्य है। समास के मध्यवर्ती पदों का विग्रह तो है ही। महाविभाषा के असम्बन्ध में कोई प्रमाण नहीं है। इसीलिये 'द्वितीय, तृतीय' अन्यतरस्याम् के ग्रहण करने से उत्सर्ग तथा अपवाद दोनों के महाविभाषा विषय होने पर अपवाद के अभाव में उत्सर्ग की अप्रवृत्ति होती है। इस अर्थ के ज्ञापन करने से उन्मत्तगङ्गम् यह उदाहरण दिया। अव्ययीभाव से मुक्त होने पर बहुव्रीहि नहीं होता है ऐसा भाष्य में कहा है। इसके नित्य होने पर उसके अभाव में यह उसकी सरलता या असंगति हो जाती है। अन्य स्थल में उसी प्रकार करना चाहिये।

समासान्ताः [५।४।६८] ॥ अत्र समासपदं यत्सम्बन्धयलौकिकविग्रहवाक्यपरम्, एवमव्ययीभावादिपदान्यपि तत्पराणि । अत एव 'बहुकुमारीकः' इत्यादौ ह्रस्वो न । 'गोस्त्रियोः' (१।२।४८) इत्यत्र भाष्ये स्पष्टमेतत्, अन्तः' (६।२।६२) इति सूत्रे भाष्ये च । एवञ्चालौकिकविग्रहवाक्ये समासञ्ज्ञासमकालमेव समासान्ता इति सिद्धान्तः । न च पूर्वं समासान्ते तत्सन्नियोग-

शिष्टाद्युदात्तत्वे तदेकवाक्यतापन्ने पूर्वस्य निघाते च कृते पूर्वपदस्योदात्तस्वरितयोगित्वाभावेन पूर्वपदप्रकृतिस्वराप्रवृत्तौ टचश्चित्त्वं व्यर्थमिति वाच्यम् । तत्सामर्थ्येन समासान्तविधौ 'आद्युदात्तश्च' (३।१।३) इत्यस्यासम्बन्धज्ञापनात् । तेन समृद्धा पूर्यस्य समृद्धपुरो राजेत्यादौ पूर्वपदप्रकृतिस्वरसिद्धिः । 'द्वित्रिभ्याम्' इति सूत्रस्थं समासे कृते समासान्ता इत्येतत्परं भाष्यमेकदेश्युक्तिः, उक्तभाष्यद्वयविरोधादित्यन्यत्र प्रपञ्चितम् । अन्तशब्दश्चरमावयववाची । स च समुदायावयवः । अत एव 'उपशरदम्' इत्यत्र 'नाव्ययीभावात्' (२।४।८३) इत्यम् 'अव्ययानाम्' (का० वा०) इति टिलोपाभावश्च सिद्धः । पूर्वभागस्याव्ययीभावत्वाभावेनानव्ययत्वात् ।

समासान्ता । यहाँ समास पद से सम्बन्ध रखने वाले अलौकिक विग्रह वाक्य को कहता है। अव्ययीभावात् पद भी एतदर्थक भी है। इसीलिये बहुकुमारीक को ह्रस्व नहीं होता है। गोस्त्रियो के भाष्य में यह स्पष्ट है। अतः इस सूत्र के भाष्य में भी स्पष्ट है। इस प्रकार अलौकिक विग्रह वाक्य में समास संज्ञा के साथ ही समासान्त प्रत्यय होते हैं। अब यहाँ शंका करते हैं—प्रथम समासान्त करने पर और उसके संयोग वाले आदि उदात्तत्व करने पर उससे एकवाक्यता को प्राप्त और पूर्व को निघात (अनुदात्त) करने पर पूर्व पद में उदात्त और स्वरित के योग के अभाव में पूर्व पद प्रकृतिस्वर की प्रवृत्ति न होने से टच् का चित्व व्यर्थ हो जायेगा, यह कहना उचित नहीं है। टच् के चित्व होने से समासान्त विधि में आद्युदात्तश्च की प्रवृत्ति नहीं होती है। जिससे कि सम्बन्ध के अभाव से ही समृद्धापूर्वस्य इस विग्रह में निष्पन्न समृद्धपुराः में पूर्व पद प्रकृति स्वर की सिद्धि होती है। द्वित्रिभ्याम् सूत्रस्थ समास करने पर समासान्त होते हैं। यह भाष्य एक देशी की उक्ति है क्योंकि पूर्वोक्त दो भाष्यों का विरोध ही इसमें कारण है। ऐसा कहा है। अतः शब्द अन्त्य अवयव को कहता है। वह समुदाय का अवयव है। इसी से उपशरदम् में नाव्ययीभावात् से अम् और अव्ययानाम् से टि लोप का अभाव भी सिद्ध होता है। पूर्व भाग में (अर्थात् उपशरद में) अव्ययीभाव के अभाव से अनव्यय होने के कारण टि लोप नहीं होता है।

यत्तु कैयटेन 'गोस्त्रियोः' (१।२।४८) इति सूत्रे समासपदस्य समासार्थविग्रहवाक्यस्थोत्तारलक्षणोत्तरपदावयवत्वमुक्तम् ।

तथा सरूपसूत्रे उक्तम्--'उत्तरपदावयवत्वमित्यपि भाष्यकारस्य मतम्' इति, तन्न । फलाभावात् । द्विपुरी' इत्यादौ स्त्रीत्वस्य लोकतः सिद्धेः लिङ्गमशिष्यं लोकाश्रयत्वाल्लिङ्गस्य' इति भाष्येण लिङ्गप्रकरणस्य नियमार्थत्वाभावबोधनात् । अत एव 'परवल्लिङ्गम्' (२।४।२६) इति सूत्रसत्त्वेऽपि 'द्विनावम्' 'अर्द्धखारम्' इत्यादौ नपुंसकत्वसिद्धिः । पञ्चराजम्' इत्यादावपि तत्प्रवृत्त्यापत्तौ 'अकारान्तोत्तरपद' इत्यत्रोत्तरपदग्रहणस्य व्यर्थत्वापत्तिश्च ।

कैयट गोस्त्रियोः इस सूत्र में समास पद की समास के लिये विग्रह वाक्य में स्थित उत्तरपद में लक्षणा करके उत्तरपद का अवयव समासान्त को स्वीकार किया है तथा स्वरूप सूत्र में भी कहा है 'समासान्त उत्तरपद का अवयव होता है यह भाष्यकार का मत है' यह उनका कथन ठीक नहीं है । उत्तरपद के अवयव मानने में कोई फल नहीं है । द्विपुरी त्रिपुरी में पुरी में स्त्रीत्व लोक से ही सिद्ध है । लिङ्गमशिष्यं इत्यादि लोकाधीन होने से लिङ्ग का विचार करना उचित नहीं है इस भाष्य से लिङ्गप्रकरण नियमार्थक नहीं है इससे 'परवल्लिङ्गम्' सूत्र के रहने पर भी द्विनावम् अर्द्धखारम् इत्यादि स्थल में नपुंसकलिङ्ग की सिद्धि होती है । (अन्यथा नौ और खारी के स्त्रीलिङ्ग होने से स्त्रीलिङ्ग होना उचित था ।) पञ्चराजम् में भी उसकी प्रवृत्ति होने से और 'अकारान्तोत्तरपद' इस सूत्र में व्यर्थ हो जाता ।

'अन्तः' (६।२।९२) इत्यादिसूत्रस्थभाष्यविरुद्धं चोत्तरपदावयवत्वम् । एवं हि तत्र भाष्यम्-'समासस्यान्तोदात्तत्वमुत्तरपदस्य वा' इति विकल्पे आद्ये 'इदम्प्रथमकाः' इत्यादौ कपोऽन्तोदात्तत्वापत्तिमुक्त्वाऽन्त्ये 'अनृचः' इत्यत्रान्तोदात्तत्वासिद्धिरित्युक्त्वा उभयोरपि प्रकरणेन लक्ष्यानुसारात्क्वचिदुत्तरपदान्तस्य क्वचित्समासान्तस्योदात्तत्वम् इति ।

उत्तरपद का अवयव मानना अन्तस्थ सूत्र के भाष्य के विरुद्ध है । वही भाष्य इस प्रकार है—'अन्तोदात्त समास को होता है अथवा उत्तरपद को होता है । ऐसे विकल्प में प्रथम पक्ष में इदम्प्रथमकाः इत्यादि में 'कप्' के लिये अन्तोदात्त हो जायेगा । इस प्रकार की आपत्ति को कहकर द्वितीय पक्ष में 'अनृचः' में अन्तोदात्तत्व की सिद्ध नहीं होगी । यह कहकर दोनों की ही प्रकरण से लक्ष्य के

अनुसार कहीं–कहीं उत्तरपद के अन्त को और कहीं समास के अन्त को उदात्त होता है ।

सरूपसूत्रस्थभाष्यं तदनाश्रयणेऽपि योजयितुं शक्यम् । तथाहि–कृतद्वन्द्वानां विभक्तौ परत एकशेष इति पक्षे 'ऋक् च ऋक् च ऋचौ असारूप्यादेकशेषो न प्राप्नोति' इति भाष्यम् । समासान्तानां समासावयवत्वेऽपि तत्प्राग्भागस्य विभक्तिपरत्वा-भावस्तद्विशिष्टस्य तु न सरूपत्वमिति तद्भावः । न च तस्या-नर्थक्येन तदनुक्त्या भाष्यस्य न्यूनता । द्वन्द्वावयवानामर्थवता-मेवैकशेष इत्यर्थे मानाभावात् । विशिष्टरूपोपादानाभावेन तत्परिभाषाया इहाप्रवृत्तेः । भाष्यान्तरं तु तादृशं नोपलभ्यत एवेति (१) दिक् ।

सरूप सूत्र में स्थित जो भाष्य है उसके अस्वीकार करने पर भी लगा सकते हैं । जैसा कि कहा है द्वन्द्व करने पर विभक्ति से परे एक शेष होता है । इस पक्ष में 'ऋक् च ऋक् च, ऋचौ' सारूप्य के अभाव में एकशेष की प्राप्ति नहीं होती है । समासान्तों को समास के अवयव मानने पर भी उसके पूर्व भाग से विभक्ति परे नहीं है । विभक्ति विशिष्ट में सारूप्य नहीं है—यह उसका भाव है । उसके अनर्थक होने से, उसके न कहने से भाष्य की न्यूनता है यह कहना ठीक नहीं है क्योंकि अर्थ वाले द्वन्द्व के अवयवों का ही एक शेष होता है । ऐसे अर्थ में कोई प्रमाण नहीं है । विशिष्ट रूप में उपादान के अभाव में है । अन्य भाष्य उस प्रकार का नहीं होता है ।

स च समासान्तो 'बहु जस् गोमत् जस्' इत्यवस्थायामलौ-किके वाक्ये सुपः परस्तादेव । ततः पूर्वत्वे तु वाच्यार्थविरोधः । न हि सुब्रहितं समासार्थं किन्तु तद्विशिष्टमेव । न च विशिष्ट-मेव सुबन्तत्वाभावेन सुब्रन्तासहित इतिसिद्धान्तविरोधः । तेषा-मर्थाभावेन 'परिपूर्णं पदम्' इति तन्मूलभूतन्यायस्यात्र विषया-भावात् । अत एव 'पुंयोगात्' (४।१।४८) इति सूत्रेऽत्यन्त-स्वार्थिकानां सुबुत्पत्तेः पूर्वमेवोत्पत्तिर्भाष्ये उक्ता ।

वह समासान्त 'बहु जस् गोमत् जस्' इस अवस्था में लौकिक वाक्य में

सुप् से परे होता है। सुप् से पूर्व मानने पर तो वाच्यार्थ से विरोध होगा। क्योंकि सुप् से रहित समासार्थ नहीं है किन्तु सुप् विशिष्ट ही समासार्थ है। विशिष्ट में सुबन्त के अभाव होने से सुबन्त से तद्धि की उत्पत्ति होती है। यह सिद्धान्त से विरोध हो जायेगा यह कहना ठीक नहीं क्योंकि उनके अर्थ के अभाव से 'परि-पूर्ण पदम्' इस न्याय का यहाँ विषय नहीं है। इसीलिये पुंयोगात् सूत्र में अन्यन्त स्वार्थिकों की सुप् की उत्पत्ति से पूर्व में ही उत्पत्ति होती है।

किञ्च समासान्तप्रकरणे 'ङ्याप्प्रातिपदिकात्' (४।१।१) इत्यस्याप्यसम्बन्धः। तस्यामवस्थायां वाक्यस्याप्रातिपदिकत्वात्। तत्र कबुत्पत्तिकाले एव तत्पूर्वभागस्य समाससञ्ज्ञा, विरोधा-भावात्। समासान्तस्य च तद्वाक्यावयवत्वेन तद्ग्रहणेन ग्रहणात् 'बहुकुमारीक' इत्यादावुपसर्जनस्त्रीप्रत्ययान्तप्रातिपदिकाभावान्न ह्रस्वः। कब् ह्रस्वादन्तरङ्गतरः। तादर्थ्यात्ताच्छब्द्यम्। 'येषां पदानां समासो, न तावत्तेषामन्यद्भवति कपं तावत्प्रतीक्षते' इति भाष्येण स्पष्टं तथाऽभिधानात्। तत्राद्यस्य 'तावत्' कपः प्रथम-मित्यर्थः। अन्यत् समासञ्ज्ञारूपं कपा स्वभवनाय कपं पश्य-तीत्यर्थः। पूर्वं स्वप्रवृत्तौ हि तदर्थकवाक्याभावेन कप्शास्त्र-वैयर्थ्यभिया तद्भवनकालप्रतीक्षा। अन्यथा तदनपेक्षत्वेन कप्प्र-तीक्षोक्तिरत्यन्तासङ्गता स्यात्। अत एव 'प्रत्ययस्थात्' (७।३।४४) इति सूत्रभाष्योदाहृते 'बहुचर्मिका' इत्यादावापः सुपः परत्वाभावादित्वसिद्धिरिति दिक्।

और समासान्त प्रकरण में 'ङ्याप्प्रातिपदिकात्' इसका भी सम्बन्ध नहीं है। उस अवस्था में वाक्य प्रातिपदिक नहीं है वहाँ कप् की उत्पत्ति के समय में उसके पूर्वभाग की समास संज्ञा है। क्योंकि इसमें विरोध का न होना ही कारण है। समासान्त को समास के वाक्य में अवयव होने के कारण उसके ग्रहण से उसका ग्रहण होने से बहुकुमारी प्रयोग में उपसर्जन स्त्रीप्रत्ययान्त प्रातिपदिक के अभाव से ईकार को ह्रस्व नहीं होता है। कप् से पूर्व ह्रस्व का होना भी संभव नहीं है क्योंकि ह्रस्व से कप् अन्तरंगतर है। तादर्थ्य होने से लक्षणा से ताच्छब्द का प्रयोग है। जिन पदों का समास होता है उस समय उनको अन्य कुछ नहीं होता है। केवल कप् की प्रतीक्षा करती है। इस प्रकार भाष्य में स्पष्ट ही कहा है। पहले तावत् का कप् से पूर्व यह अर्थ है दूसरा समास संज्ञा रूप कप् के साथ अपने होने

के लिये कप् की प्रतीक्षा करता है। पूर्व में अपनी प्रवृत्ति में उसके अर्थ वाले वाक्य के अभाव से कप् शास्त्र के व्यर्थ होने के भय से कप् के होने के काल की प्रतीक्षा करता है। कप् के होने की प्रतीक्षा न करने से कप् की प्रतीक्षा करता है यह उक्ति असंगत हो जाती। इसी से प्रत्ययस्थात् इत्यादि सूत्र के भाष्य में उदाहरण के रूप में दिये गये बहुचर्मिका इत्यादि प्रयोग में आप् के सुप् से परे न होने से इत्व की सिद्धि होती है।

अथाव्ययीभावेऽसाधारणसमासान्तानाह–अव्ययीभावे (६।३।८१)। अव्ययीभावे उत्तरपदतया वर्त्तमानं यच्छरदादिप्रकृतिकसुबन्तं तदन्ताट्टच्। स च समासार्थविग्रहवाक्यस्यान्तावयव इत्यर्थः। 'राजाहः' (५।४।९१) इत्यतष्टजनुवर्त्तते। अन्नन्तादव्ययीभावादित्यादि तु फलितार्थपरतया कथञ्चिन्नेयम्। अत्र गणे ये झयन्तास्तेषां 'झयः' (५।४।१११) इति विकल्पे प्राप्ते नित्यार्थः पाठ इति केचित्। प्रत्यक्षमिति। 'लक्षणेनाभि'(२।१।२४) इति समासः। परोक्षमिति। इन्द्रियाजन्यज्ञानम्। विषये त्वर्शआद्यजन्तः प्रयोगः। नन्वत्राव्ययीभावाप्राप्तिरत आह–सामर्थ्यादिति।

परस्यौकारेति। परशब्दस्य ओकारान्तादेश इत्यर्थः। एङ् इति पूर्वरूपत्वम्। परस्योकारेति पाठे परस्याक्षिशब्दस्यादेरुकार इत्यार्थः। आद् गुणः।

अर्श आद्यचीति। धर्मपराद्दिति भावः। अत्र गणसूत्रे परग्रहणं प्रक्षिप्तमिति 'परोक्षे लिट्' (३।२।११५) इतिसूत्रस्थभाष्यकैयटस्वरसः। तत्र हि समासान्तोऽपि निपातनात्साधितः।

अव्ययीभाव में असाधारण समासान्त को कहते है–अव्ययीभावे। अव्ययीभाव में उत्तर पद में विद्यमान जो शरदादि प्रकृति वाले सुबन्त ऐसे सुबन्तान्तों से टच् होता है। वह समासान्त विग्रह वाक्य का अन्त अवयव होता है। 'राजाहः' इत्यादि से यहाँ टच् की अनुवृत्ति होती है। अन्नन्त अव्ययीभाव से (समासान्त) होते हैं। यह फलितार्थ है (वाच्यार्थ नहीं है) इसलिये किसी प्रकार से उसको सिद्ध करना। जो झयन्त शब्द है उनको 'झयः' से विकल्प से टच् प्राप्त था। इस गण में नित्य टच् करने के लिये उनका पाठ है। यह किसी का मत है। प्रत्यक्षमिति। लक्षणेनाभि सूत्र से समास है। परोक्षमिति। इन्द्रिय से न होने वाला ज्ञान। अर्शाद्यचु से अच् करके विषय में उसका प्रयोग है। यहाँ अव्ययीभाव को

अप्राप्ति है। यह शब्द करके कहते हैं–सामर्थ्यादिति।

परस्यौकारेति। परशब्द को ओकारान्तादेश हो जाता है। एङ् से पूर्व रूप हो जाता है। पर को ऊकार होता है इस पाठ में पर अक्ष शब्द को ऊकार होता है। आद् गुणः से गुण होता है।

अर्श आद्यचीति। धर्मपरक होने से इस गण सूत्र में पर का ग्रहण प्रक्षिप्त है अर्थात् नहीं है परोक्षे लिटि सूत्र के भाष्य और कैयट का यह मत है वहाँ समासान्त प्रत्यय भी निपातन से सिद्ध किया है।

पूजार्थमिति। वेति वक्तव्ये तत्पूजार्थमपीत्यर्थः। अन्यतरस्याङ्ग्रहणस्य तु स्वरितत्वं नास्त्येव। अत एव 'नदीपौर्णमासी' (५।४।११०) इति सूत्रं नदीशब्देन विशेषाणामग्रहणे शरदादिषु विपाट्शब्दपाठस्य ज्ञापकत्वमुक्तं सङ्ख्यासञ्ज्ञासूत्रे भाष्ये नदीत्यादेर्वैकल्पिकत्वे नित्यत्वाय पाठस्यावश्यकतया ज्ञापकत्वासङ्गतिः स्पष्टैव। तत्र झयन्तपाठस्तु प्रपञ्चार्थः। तत्र नदीसञ्ज्ञकस्य न ग्रहणं, पौर्णमास्यादिग्रहणात्। न च 'अशब्दसञ्ज्ञा इति निषेधात्स्वरूपस्यापि ग्रहणं न स्यादिति वाच्यम्। लक्ष्यानुसारेण सामर्थ्येन च तस्यात्र त्यागात्। अत एव तत्सूत्रं भाष्ये प्रत्याख्यातमिति प्रामाणिकाः।

इत्यव्ययीभावः।

पूजार्थमिति। गिरेश्च वा कहना था फिर सेनक का ग्रहण पूजा के लिये हैं। और अपि से विकल्प के लिये है। अन्यतरस्याम् ग्रहण में तो स्वरितत्व नहीं है। इसलिये उसकी अनुवृत्त यहाँ नहीं हो सकती थी इसीलिये नदीपौर्णमासी सूत्र में नदी शब्द से विशेषों का ग्रहण नहीं होता है इसमें शरदादि गण में विपाट्शब्द का पाठ ही व्यापक है। यह संख्या संज्ञा सूत्र के भाष्य में कहा है। नदी आदि के वैकल्पिक होने से नित्य टच् करने के लिये पाठ की आवश्यकता होने से ज्ञापक देना सर्वथा असंगत था। वहाँ झयन्त पाठ प्रपञ्च के लिये हैं। वहाँ पौर्णमासी आदि के ग्रहण से नदी संज्ञा वालों का ग्रहण नहीं है। स्वं रूपम् सूत्र में अशब्द संज्ञा के निषेध करने से स्वरूप का भी ग्रहण संभव नहीं है। यह कहना उचित नहीं है क्योंकि प्रयोगानुसार और सामर्थ्य से यहाँ उसका त्याग कर दिया है। और उस सूत्र का भाष्य में प्रत्याख्यान भी है इस सूत्र का भाष्य में प्रमाण भी है।

॥ इत्यव्ययीभावः ॥